सूर्योदय : 6:07
सूर्यास्त : 5:34
अधिकतम तापमान : 31.0
न्यूनतम : 18.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-172 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 01 दिसम्बर 2023
15 जमादिउल अव्वल, 1445 हिजरी

# हिन्दी दैनिक अवधनामा

www.avadhnama.com



## पीएम मोदी ने 51 हजार युवाओं को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र बांटे

# नई ऊंचाई पर पहुंची अर्थव्यवस्था

- भारत में विकास दर बहुत सकारात्मक
- सरकारी विभागों-संगठनों में मिलेगी नौकरी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री रोजगार मेले के तहत सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त भर्तियों को 51,000 से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि देश में लाखों युवाओं को भारत सरकार द्वारा नौकरी देने का अभियान लगातार जारी है। आज 50 हजार से ज्यादा युवाओं को सरकारी नौकरी के लिए नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि ये नियुक्ति पत्र आपके परिश्रम और प्रतिभा का नतीजा है। मैं आपको और आपके परिवार को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के कर्मचारी के तौर पर आप सभी को बड़े दायित्वों को निभाना है। मोदी ने कहा कि आप जिस भी पद पर रहें, जिस भी क्षेत्र में काम करें, आपकी सर्वोच्च प्राथमिकता, देशवासियों की जीवन जीने में आसानी ही होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे संविधान के मुख्य वास्तुकार, बाबासाहेब अम्बेडकर ने एक ऐसे राष्ट्र का सपना देखा था जो सभी को सामाजिक न्याय और अवसर की समानता प्रदान करे। दुर्भाग्य से, स्वतंत्रता के बाद लंबे समय तक समानता के सिद्धांत की अनदेखी की गई। 2014 से पहले समाज का एक विशेष वर्ग कुछ मूलभूत सुविधाओं से वंचित था। 2014 में जब हमें देश ने सेवा करने का मौका दिया, सरकार चलाने की जिम्मेदारी दी, तो सबसे पहले हमने वंचितों को वरीयता मंत्र को लेकर आगे बढ़ना आरंभ किया। सरकार खुद चलकर उन लोगों तक पहुंची, जिन्हें कभी योजनाओं का लाभ नहीं मिला। जिन्हें दशकों तक सरकार की तरफ से कोई सुविधा नहीं मिली थी, हम उनका जीवन बदलने का प्रयास कर रहे हैं। एक अध्ययन के मुताबिक, 5 वर्षों में देश के 13 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी से बाहर आए हैं। इससे पता चलता है कि सरकार की योजनाओं का गरीब तक पहुंचना कितना बड़ा परिवर्तन लाता है।

### पीएम मोदी ने दी बधाई

यह रोजगार मेला देश भर के 37 स्थानों पर आयोजित किया गया। बता दें कि इस पहल का समर्थन करने वाले केन्द्र सरकार के विभागों के साथ-साथ राज्य सरकारों/केन्द्र-शासित प्रदेशों में भर्तियां की जा रही हैं। पीएम मोदी युवाओं को नियुक्ति पत्र देते हुए उन्हें शुभकामनाएं भी दी।

# सर्वे रिपोर्ट सौंपने के लिए मिला एएसआई को 10 दिन का समय

- कोर्ट से मांगे थे तीन सप्ताह
- समय बढ़ाने का अनुरोध किया था



**वाराणसी।** वाराणसी की एक जिला अदालत ने गुरुवार को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को ज्ञानवापी मस्जिद पर अपनी रिपोर्ट जमा करने के लिए 10 दिन का और समय दिया। एएसआई ने मस्जिद सर्वेक्षण पर अपनी रिपोर्ट सौंपने के लिए तीन सप्ताह का और समय मांगा है। यह तीसरी बार था जब एएसआई ने ज्ञानवापी मामले में अपनी रिपोर्ट अदालत में पेश करने के लिए समय बढ़ाने का अनुरोध किया था। हिंदू पक्ष के वकील मदन मोहन यादव के अनुसार, जिला न्यायाधीश एके विश्वेश ने रिपोर्ट सौंपने के लिए तीन अतिरिक्त सप्ताह की मांग करने वाली एएसआई की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद है कि एएसआई समय पर काम पूरा करेगा और अधिक समय नहीं मांगेगा। यादव ने कहा, अदालत ने मामले में सुनवाई की अगली तारीख 11 दिसंबर तय की है। अदालत मंगलवार को दायर एएसआई की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें ज्ञानवापी मस्जिद परिसर की सर्वेक्षण रिपोर्ट जमा करने के लिए तीन सप्ताह का समय और मांगा गया था, जिसमें कहा गया था कि विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा उत्पन्न जानकारी को आत्मसात करने के लिए और अधिक समय की आवश्यकता है। उल्लेखनीय है कि जिला अदालत ने गत 21 जुलाई को एएसआई को ज्ञानवापी परिसर का सर्वेक्षण कर चार अगस्त तक रिपोर्ट पेश करने को कहा था और 24 जुलाई को सर्वेक्षण शुरू होने के बाद, पहले उच्चतम न्यायालय और फिर इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश से तीन अगस्त तक काम रुका रहा।

### सारा दबाव सीएमओ का था: पिनाराई

**नई दिल्ली।** केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने दावा किया है कि मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन की दबाव रणनीति के कारण नवंबर 2021 में गोपीनाथ रवींद्रन को कन्नूर विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में फिर से नियुक्त किया गया। यह दावा सुप्रीम कोर्ट द्वारा रवींद्रन की पुन~नियुक्ति को रद्द करने के बाद आया है। उन्होंने कहा कि यह शिक्षा मंत्री नहीं हैं जो मेरे कार्यालय आये थे। एक ओएसडी और एक शख्स जिसने खुद को सीएम का कानूनी सलाहकार बताया। वे चांसलर के रूप में शिक्षा मंत्री का एक पत्र लेकर आए जिसमें प्रस्ताव किया गया था कि उन्हें महाधिवक्ता की राय के साथ विधिवत हस्ताक्षरित नियुक्त किया जाना चाहिए। आरिफ ने आगे बताया कि मैंने कहा कि आप मुझसे जो करने को कह रहे हैं वह गैरकानूनी है। मैंने सीएम को पत्र लिखा कि उन्होंने मुझसे जो करवाया वह गैरकानूनी है। मैंने उनसे कहा कि मैं चांसलर पद पर बने रहना नहीं चाहता क्योंकि सीएम मुझसे फिर कुछ गैरकानूनी करने के लिए कहेंगे।

# जो दिखता है वो बिकता है: योगी

## लखनऊ इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसियेशन की एमएसएमई उद्यमी महासम्मेलन को सीएम ने किया संबोधित

- युवाओं को ट्रेनिंग दीजिए, एक साल का मानदेय हम देंगे
- एमएसएमई स्टार्टअप उद्यमियों ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया



> आज का समय स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का है। दुनिया हमारी तरफ देख रही है। ये समय आपका यानी उद्यमियों का है। नोएडा को बसने में 36 साल लग गए। अब झांसी के पास नया औद्योगिक शहर बना रहे हैं। हमारे पास 38 हजार एकड़ लेन है। झांसी में एयरपोर्ट शुरू होने जा रहा है। यूपी के किसी भी शहर में बेहिचक निवेश कीजिए। आपकी सुरक्षा और निवेश संबंधी मदद हम करेंगे। मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि हर तरह का सहयोग करेंगे। इसके साथ आपसे कहूंगा कि हमारे साथ मिलकर सहयोग कीजिए।
>
> **योगी आदित्यनाथ, सीएम**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में आयोजित उद्यमियों के महासम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्हें निवेश के लिए आमंत्रित किया और कहा कि सरकार उद्यमियों को हरसंभव मदद करेगी।

उन्होंने उद्यमियों से कहा कि नये युवाओं को प्रशिक्षित कीजिए एक वर्ष का मानदेय सरकार देगी। उन्होंने कहा कि पिछले नौ वर्षों में यूपी ने इंफ्रास्ट्रक्चर, गरीब कल्याण योजनाएं और विकास के दम पर दुनिया भर में नाम कमाया है। अगले चार साल में भारत दुनिया की तीन शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं में से एक होगा। उद्योग जगत के योगदान के बिना ये संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि, जो दिखता है वो बिकता है इसी के तहत काम करने की जरूरत है। आपका प्रोडक्ट तो अच्छा होना ही चाहिये पैकेजिंग भी अच्छी होनी चाहिए। केंद्र सरकार और हम मिलकर उद्मियों के विकास के लिए काम कर रहे हैं। यूपी की एक जिला एक उत्पाद योजना देश भर में अपनाई जा रही है। आत्मनिर्भर भारत की सबसे बड़ी ताकत लोकल फॉर वोकल है। एमएसएमई ही (एक जिला एक उत्पाद) ओडीओपी है। उन्होंने कहा कि हमारी प्रतिस्पर्धा किससे है इसे देखकर क्वालिटी को बेहतर बनाना होगा। जो दिखता है, वही बिकता है इसलिए पैकेजिंग पर खास ध्यान दें। यही सबसे पहले आकृष्ट करती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पैकेजिंग संस्थान खुल रहा है। इंस्पेक्टर राज को खत्म करने के लिए ही निवेश मित्र और निवेश सारथी पोर्टल लांच किए गए। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में सुधार हुआ है। निवेश मित्र पोर्टल देश का सबसे बड़ा पोर्टल है। निवेश सारथी के जरिए एमओयू फाइनल किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्यमियों को चक्कर न लगाना पड़े इसके लिए लगातार काम हो रहे हैं। बीते वर्षों में उत्तर प्रदेश ने रिफॉर्म, परफॉर्म और लॉ एंड ऑर्डर पर काम किया है। प्रदेश में चालीस लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। ग्रेटर नोएडा इंटरनेशनल ट्रेड शो में 500 विदेशी ग्राहक आए।

# यूपी का मौसम: पांच मिमी बारिश से छह डिग्री गिरा दिन का पारा

- आलू, मटर और गेहूं की फसल पर मंडराया खतरा
- अवध के कई जिलों में बारिश व बूंदाबांदी ने बढ़ाई सर्दी



**लखनऊ।** बादल-बारिश और हवा बढ़ती सर्दी का अहसास करा रही है। बुधवार को देर रात शुरु हुई कभी तेज तो कभी धीमी बरसात का सिलसिला बृहस्पतिवार को दोपहर 12 बजे तक जारी रहा। इस बीच हवा चलती रही, कोहरा भी छाया रहा।

ये सभी परिस्थितियां ठंड के अनुकूल रहीं, इसके कारण तापमान में 6 डिग्री के करीब गिरावट आई। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, शुक्रवार से ही ठंड और बढ़ेगी। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र में 5 मिमी के करीब बरसात रिकार्ड हुई। हवा की गति बहुत तेज नहीं थी, लेकिन सामान्य से थोड़ी तेज जरूर रही। कोहरा भी छाया रहा और सुबह से शाम तक बादलों ने डेरा डाले रखा। दिन में 11 बजे के आसपास धूप की झलक दिखी जरूर पर चंद सेकेंड के लिए ही। आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र में दिन का तापमान 22.1 डिग्री रहा, जो एक दिन पहले के 27.8 के मुकाबले 5.7 डिग्री कम रहा। रात के पारे में एक डिग्री की बढ़ोतरी रही, ये 15 डिग्री की अपेक्षा 16.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

# दो राज्यों में कांग्रेस की जीत का अनुमान

- मध्य प्रदेश में कांग्रेस को बढ़त
- केसीआर का ढह सकता है किला
- मिजोरम में जेडपीएम बन सकती है सबसे बड़ी पार्टी




**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, मिजोरम और तेलंगाना विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद गुरुवार शाम को एग्जिट पोल के नतीजे आ गए हैं।

एग्जिट पोल में तमाम राजनीतिक अनुमानों से जुदा बेहद कांटे के मुकाबले नजर आ रहे हैं। ज्यादातर एजेंसियों के एग्जिट पोल के अनुमान के मुताबिक, सभी सियासी गणित को फेल करते हुए मध्यप्रदेश में कांग्रेस को पीछे छोड़ते हुए भाजपा प्रचंड बहुमत से सत्ता में लौट रही है। वहीं राजस्थान में रिवाज बदलने और बरकरार रहने को लेकर अभी भी असमंजस है। वहां लगातार सत्ता बदलती रही है। हालांकि, एग्जिट पोल में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सत्ता की होड़ से अभी बाहर नहीं हैं। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस लगातार दूसरी बार जीत हासिल करती नजर आ रही है तो तेलंगाना में बीआरएस से सत्ता छीनती नजर आ रही है। वहीं मिजोरम में किसी भी पार्टी को पूर्ण बहुमत मिलता नजर नहीं आ रहा है। मिजोरम में चुनाव बाद गठबंधन के सहारे ही नई सरकार का गठन होगा। मध्यप्रदेश में सभी 230 विधानसभा सीटों पर 17 नवंबर को चुनाव हुआ था। अलग-अलग एजेंसियों की ओर से जारी एग्जिट पोल में मध्यप्रदेश में भाजपा राजनीतिक सर्वेक्षणों के विपरीत प्रचंड बहुमत के साथ लौटती नजर आ रही है और कांग्रेस को यहां बड़ा झटका लगने का अनुमान लगाया जा रहा है। राजस्थान में कुल 200 विधानसभा सीटों में से 199 सीटों पर 25 नवंबर को चुनाव हुआ था। राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 को लेकर अलग-अलग एजेंसियों की ओर से जारी एग्जिट पोल में बेहद कड़े मुकाबले की ओर इशारा किया जा रहा है। कुछ एजेंसी भाजपा की सरकार बना रही है तो कुछ कांग्रेस की। यह इसलिए रोचक है क्योंकि राजस्थान में रिवाज सरकार बदलने का रहा है। आकलन में भाजपा के लिए सबसे सुरक्षित राजस्थान को ही माना जा रहा था, लेकिन पोल के अनुमान चौंका रहे हैं। राजस्थान में अगर रिवाज बरकरार नहीं रहता है तो कई नेताओं पर सवाल खड़े हो सकते हैं। बता दें कि एक विधानसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी की मौत हो जाने के कारण चुनाव स्थगित कर दिया गया।

### दो फर्मों पर राज्य कर का छापा

**लखनऊ।** पान मसाला और तंबाकू का कारोबार करने वाली दो ट्रेडिंग फर्मों पर राज्यकर विभाग की विशेष अनुसंधान इकाई ने छापा मारकर करोड़ों की अनियमितताएं पकड़ीं। जांच के दौरान कर चोरी का खुलासा होने पर 1.23 करोड़ रुपये जमा कराए गए। राज्य कर आयुक्त ने पूरे प्रदेश में पान मसाला और तंबाकू बनाने वाली फर्मों पर जांच के निर्देश दिए हैं। पान मसाला में कर चोरी का खुलासा अमर उजाला ने किया था, जिसके आधार पर जांच के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में अपर आयुक्त ग्रेड-1 जोन प्रथम डीपी सिंह ने पान मसाले की दो फर्मों द्वारा दाखिल किए जा रहे विवरणों का परीक्षण विभागीय आईटी टूल व पोर्टल डाटा से किया। फर्म के जीएसटीआर-टूए, टूबी और ई वे बिल इनवर्ड की जांच से पता चला कि फर्म ने इनवर्ड रॉ मैटेरियल, सुपाड़ी और पैकिंग मैटेरियल की तुलना में उत्पादन को कम करके प्रदर्शित किया है।

# नोएडा से दिल्ली जाना होगा और आसान

- बॉटेनिकल गार्डन से एक और नए रूट पर चलेगी मेट्रो, बनेंगे आठ स्टेशन
- 2254 करोड़ 35 लाख रुपये प्रोजेक्ट की लागत
- मेट्रो विस्तार के लिए डीपीआर तैयार




**नोएडा।** नोएडा मेट्रो रेल कारपोरेशन (एनएमआरसी) ने एक्वा लाइन मेट्रो की विस्तार परियोजना की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार ली है। डीपीआर नोएडा और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को भेज दी गई है। एक्वा लाइन का विस्तार बॉटेनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन से नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे के साथ-साथ सेक्टर-142 तक किया जाएगा।

**एलिवेटेड होंगे सभी मेट्रो स्टेशन**

11.56 किलोमीटर लंबे ट्रैक पर आठ मेट्रो स्टेशन बनाए जाएंगे। सभी मेट्रो स्टेशन एलिवेटेड होंगे। बॉटेनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन एक्वा लाइन के साथ ही ब्लू लाइन को मजेंटा लाइन का इंटरचेंज बनेगा, जबकि आठ स्टेशन के बाद एक्वा लाइन मेट्रो के वर्तमान ट्रैक पर सेक्टर-142 के पास जुड़ेगा। परियोजना की लागत 2254 करोड़ 35 लाख रुपये है। एनएमआरसी प्रबंधक निदेशक डॉ. लोकेश एम ने बताया कि एक्वा लाइन के विस्तार से न सिर्फ नोएडा और ग्रेटर नोएडा बेहतर तरीके से आपस में जुड़ेंगे, बल्कि इन दोनों शहरों और दिल्ली व हरियाणा के बीच भी आवागमन और बेहतर होगा। एनएमआरसी का एक्वा लाइन नेटवर्क सीधे तौर पर डीएमआरसी के ब्लू लाइन और मजेंटा लाइन नेटवर्क से जुड़ेगा। इस मेट्रो लाइन के संचालन के बाद नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे के आसपास के दर्जनों आवासीय सेक्टरों के साथ यहां आइटी कंपनियों में कार्य करने वाले लोगों के लिए नोएडा-दिल्ली के बीच का आवागमन बेहतर हो जाएगा। एनएमआरसी की तरफ से परियोजना की डीपीआर तैयार कर नोएडा और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को स्वीकृति के लिए भेज दी है। परियोजना की डीपीआर को एनएमआरसी की अगली बोर्ड बैठक में रखा जाएगा। इसके बाद इसे प्रदेश और केंद्र सरकार के पास स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। अब तक एक्वा लाइन का विस्तार नोएडा से ग्रेटर नोएडा वेस्ट की तरफ होना माना जा रहा था, लेकिन नई परियोजना के अनुसार, अब एक्वा लाइन का विस्तार ग्रेटर नोएडा वेस्ट के बजाय नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे की तरफ से होगा।

# हम सत्ता भाव से नहीं, सेवा भाव से काम करने वाले हैं

- जन औषधि केंद्रों की परियोजना का पीएम मोदी ने शुभारंभ किया



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में जन औषधि केंद्रों की संख्या 10,000 से 25,000 तक बढ़ाने की परियोजना का शुभारंभ किया। इस दौरान मोदी ने कहा कि अच्छी दवाई और सस्ती दवाई ये बहुत बड़ी सेवा है। जितने लोग मुझे सुन रहे हैं, उनसे मेरा आग्रह है कि जनऔषधि केंद्र के बारे में लोगों को बताइए। दवाइयों पर जो खर्च पहले 12-13 हजार का होता था, वह जनऔषधि केंद्र की वजह से सिर्फ 2-3 हजार हो रहा है यानी 10 हजार रुपये आपकी जेब में बच रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जब ड्रोन चलाने के लिए प्रशिक्षण देने की शुरुआत की गई तो इस योजना को लेकर बहुत से लोगों ने संदेह जताए थे। रमन अम्मा जी जैसी महिलाओं ने साबित कर दिया कि ड्रोन कृषि में तकनीक के दायरे से आगे बढ़कर महिला सशक्तिकरण का भी एक प्रतीक बनकर उभरेगा। आप सभी पूरे देश के लिए एक प्रेरणा हैं। विकसित भारत की इस संकल्प यात्रा में आप जैसी महिलाओं की भागीदारी बहुत ही अहम है। मैं जो ये संकल्प यात्रा लेकर निकला हूं, इसके पीछे मेरा मकसद यही है कि जिनको सरकार की योजनाओं का लाभ मिला है, उनके अनुभव जानना है और जिनको नहीं मिला उन्हें 5 साल में उन योजनाओं का लाभ देना है।

**विधानसभा सत्र**

## यूपी विधानसभा में श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद सहित पांच विधेयक पास

# मुख्यमंत्री होंगे तीर्थ विकास परिषद के अध्यक्ष

- पर्यटन मंत्री होंगे उपाध्यक्ष
- विपक्ष बोला, तीर्थ विकास परिषदों में स्थानीय सांसद व विधायकों को भी बनाया जाए सदस्य



**लखनऊ।** विधानसभा में गुरुवार को सरकार ने श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद सहित पांच विधेयक पास करा लिए। इनमें श्री शुक तीर्थ विकास परिषद, श्री देवीपाटन धाम तीर्थ विकास परिषद, उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (चतुर्थ संशोधन) विधेयक 2023 व उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक शामिल है। तीनों ही तीर्थ विकास परिषद में अध्यक्ष मुख्यमंत्री होंगे।

विपक्ष ने तीर्थ विकास परिषदों में स्थानीय सांसद व विधायकों को सदस्य के रूप में शामिल करने की मांग की। विपक्ष ने तीनों ही तीर्थ परिषदों में कई संशोधन भी पेश किए लेकिन सरकार ने बगैर किसी संशोधन के यह विधेयक पास करा लिए। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि सरकार अयोध्या की सांस्कृतिक और स्थापत्य संबंधी विरासत को संरक्षित करने के लिए श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद का गठन करने जा रही है।

तीर्थ विकास परिषद एक निगमित निकाय होगी। इसके अध्यक्ष मुख्यमंत्री होंगे, पर्यटन मंत्री इसके उपाध्यक्ष होंगे। परिषद के कार्यपालक उपाध्यक्ष की नियुक्ति प्रदेश सरकार करेगी। इसके सदस्य व सह-संयोजक प्रमुख सचिव पर्यटन होंगे। आवास एवं नगर नियोजन, वित्त, संस्कृति, धर्मार्थ कार्य, नगर विकास, परिवहन, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन व लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव सदस्य होंगे। आयुक्त अयोध्या मंडल, डीएम अयोध्या, मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी, अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष व नगर आयुक्त इसके पदेन सदस्य होंगे। अयोध्या क्षेत्र की विरासत का ज्ञान रखने वाले पांच लोगों को सरकार सदस्य के रूप में नामित करेगी। 10 करोड़ रुपये या इससे अधिक का दान देने वाले दानदाता को भी परिषद का सदस्य बनाया जा सकेगा। इसमें एक नियोजन तथा विकास समिति भी गठित की जाएगी। परिषद का मुख्यालय अयोध्या में होगा।

### शाहजहांपुर का वरुण अर्जुन निजी क्षेत्र का होगा 37वां विश्वविद्यालय

विधान सभा में गुरुवार को उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (चतुर्थ संशोधन) विधेयक 2023 भी पास हो गया। इसे सरकार ने गुरुवार को ही पेश भी किया था। इसके तहत शाहजहांपुर में वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय गठित होगा। यह निजी क्षेत्र का 37वां विश्वविद्यालय होगा। सपा सदस्य अतुल प्रधान ने कहा कि सरकार निजीकरण को बढ़ावा दे रही है। इससे गरीब छात्र शिक्षा से वंचित रह जाएंगे। उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्यक्ष ने कहा कि निजी विश्वविद्यालयों के खुलने से प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी।

### तीन सरकारी विश्वविद्यालय खुलने का रास्ता साफ

विधानसभा में उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक भी पारित हो गया। इसे भी सरकार ने गुरुवार को ही सदन में रखा था। इसके तहत तीन और विश्वविद्यालयों के गठन का रास्ता साफ हो गया। इनमें मां पाटेश्वरी देवी राज्य विश्वविद्यालय बलरामपुर, मां विंध्यवासिनी राज्य विश्वविद्यालय मीरजापुर व उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय मुरादाबाद शामिल हैं।

## देशी तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना फरधान पुलिस द्वारा 01 नफर अभियुक्त को 01 अदद देशी तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ रौसा तालाब के पास बह्दग्राम रौसा थाना फरधान से गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बंध मे थाना फरधान पर मु0अ0सं0 548/2023 धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया। अभियुक्त पूर्व में भी गोवध एवं गैंगस्टर एक्ट में जेल जा चुका है। अभियुक्त को न्यायालय पेशी हेतु भेजा जा रहा है।

## 1 नफर अपहृता को सकुशल बरामद करभियुक्त को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना मितौली पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 538/23 धारा 363/366/376 भादवि व 3/4 पॉक्सो एक्ट से संबंधित 1 नफर अपहृता को सकुशल बरामद करके अभियुक्त आरिफ पुत्र यूनुस अली निवासी ग्राम व थाना मितौली जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# केंद्रीय मंत्री ने दी लाभार्थियों को सौगातें, खिले चेहरे



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** नोडल अफसर बीडीओ आलोक वर्मा की अगुवाई में विकसित भारत संकल्प यात्रा ब्लॉक सदर के ग्राम निपनियां पहुंची, जहा भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से पीएम नरेंद्र मोदी से वर्चुअली बातचीत कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग हुई, जिसमें केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने डीसीबी अध्यक्ष विनीत मनार, प्रभारी डीएम अनिल कुमार सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों संग देखा, सुना। इस वर्चुअल कार्यक्रम में पीएम नरेंद्र मोदी ने पीएम जन औषधि केंद्रों की संख्या 10000 से बढ़ाकर 25000 करने के लिए भी एक कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम के दौरान पीएम ने महिला किसान ड्रोन केंद्र का भी शुभारंभ किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने कहा कि देश पीएम के नेतृत्व में 2047 तक विकसित भारत बनाने को लेकर चल पड़ा है। देश को आगे बढ़ाने का संकल्प ले। कामों को पूरी क्षमता और ईमानदारी से परिणाम देते हुए करें। इससे पूरी दुनिया में भारत की जय जयकार होगी। संकल्प यात्रा का मकसद यह है कि जिनको सरकार की योजनाओं का लाभ मिला है, उनके अनुभव जानना है और जिनको नहीं मिला उन्हें पांच साल में उन योजनाओं का लाभ देना है। इसलिए देश के हर गांव में मोदी के विकास की गारंटी की गाड़ी पहुंचने वाली है। आज विकसित भारत संकल्प यात्रा के 15 दिन पूरे हो रहे हैं। सरकार ने इस गाड़ी का नाम रखा था विकास रथ, लेकिन इन 15 दिनों में लोगों ने इसका नाम बदल कर मोदी की गारंटी वाली गाड़ी रख दिया है। ये जानकर अच्छा लगा कि आपको मोदी पर इतना विश्वास है।

### ड्रोन उड़ाकर दीदी बनेंगी लखपति, महिला एसएचजी को दिए जाएंगे ड्रोन : टेनी

केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र टेनी ने कहा कि महिलाओं के नेतृत्व में विकास सुनिश्चित करना पीएम का निरंतर प्रयास रहा है और इस दिशा में एक और कदम उठाते हुए पीएम ने 'पीएम महिला किसान ड्रोन केंद्र' की शुरुआत की है। यह केंद्र महिला एसएचजी को ड्रोन प्रदान करेगा ताकि वे इस तकनीक का उपयोग आजीविका सहायता के लिए कर सकें। इस योजना के तहत अगले तीन वर्षों के दौरान महिला स्वयं सहायता समूहों को 15,000 ड्रोन उपलब्ध कराए जाएंगे और साथ ही महिलाओं को ड्रोन उड़ाने और उपयोग करने के लिए जरूरी प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इस ड्रोन का इस्तेमाल खेती के काम में खासकर कीटनाशक व खाद के छिड़काव के लिए किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में प्रभारी डीएम/सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताते हुए कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक लाभार्थी तक पहुंचे, जिसे साकार करने में यह यात्रा एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने केंद्रीय मंत्री समेत ग्रामीणों का आभार ज्ञापित किया।

### केंद्रीय मंत्री ने किया स्टालों का अवलोकन, आईईसी वैन बनी आकर्षण का केंद्र

ग्राम निपानिया में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ने अफसर एवं अन्य जनप्रतिनिधियों संग आयोजित कार्यक्रम में केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित विभिन्न विभागों द्वारा लगाए स्टालो का अवलोकन किया। स्टालो पर मौजूद कार्मिकों से जरूरी जानकारी लेकर उत्साह, मनोबल बढ़ाया। निर्देश दिए कि स्टालों के जरिए न केवल योजनाओं की जानकारी दी जाए बल्कि उन्हें योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित भी किया जाए। केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को दर्शाने वाली तस्वीरों से सुसज्जित सूचना, संचार, शिक्षा का संगम बना आईईसी रथ उपस्थित जनमानस के आकर्षण का केंद्र बनी और पीएम के कटऑउट संग सेल्फी खिंचाने की होड़ लगी रही।

### इनकी रही मौजूदगी

डीसीबी अध्यक्ष विनीत मनार, सांसद प्रतिनिधि अरविंद संजय, जितेंद्र त्रिपाठी, अंबरीश सिंह, डीसी विपिन चौधरी, पीडी एसएन चौरसिया, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी, डीपीआरओ सौम्यशील, बीएसए प्रवीण तिवारी, डीबीडब्ल्यूओ अभय सागर, जिला कृषि अधिकारी अरविंद चौधरी, बीडीओ सदर आलोक वर्मा, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विश्वनाथ, डीपीओ संजय निगम, भारत प्रसाद, सीवीओ, एलडीएम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे

### केंद्रीय मंत्री ने दी लाभार्थियों को योजना की सौगातें, खिले चेहरे

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री ने ग्राम प्रधान द्वारा चिन्हित 10 निराश्रित असहाय व्यक्तियों को कंबल वितरित किए। उन्होंने पीएम आवास योजना के लाभार्थी बिट्टू देवी, शालिनी, लक्ष्मी देवी, रयातुन निशा को आवास की चाबी एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के आठ लाभार्थियों को शौचालय की स्वीकृत पत्र, आयुष्मान भारत योजना के 10 लाभार्थियों को गोल्डन कार्ड प्रदान किए। कार्यक्रम में पांच गर्भवती एवं धात्री महिलाओं की गोद भराई और पांच शिशुओं का अन्नप्राशन संस्कार कराया। उन्होंने सैम श्रेणी के चार अतिकुपोषित शिशु पुलकित, साजिया, दिव्या और महक को सुपोषण किट और तीन टीवी रोगियों को पोषण किट भी प्रदान की।

## रसोई गैस सिलेण्डर के दाम 450 रूपये करने की मांग कांग्रेसियों ने प्रदर्शन कर राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

**सहारनपुर।** रसोई गैस सिलेण्डर के दाम 450 रूपये किए जाने की मांग को लेकर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के आह्वान पर जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन किया और राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। प्रदर्शन के दौरान उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव अशोक सैनी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र व राज्य सरकार पूरी तरह भ्रष्टाचार में सराबोर है तथा गरीबों व मध्यम वर्ग के लोगों को मंहगाई की मार से बेहाल बनाने में लगी हुयी है। प्रदेश सचिव राहत खलील, जिलाध्यक्ष चौधरी मुजफ्फर अली व महानगर अध्यक्ष वरुण शर्मा ने भाजपा की केंद्र सरकार को जुमलाजीवी बताया। उन्होंने कहा कि चुनावी मंचों से विभिन्न राज्यों की जनता से 450 व रू 500 के सिलेंडर का वायदा करने वाले पीएम मोदी यह भूल जाते हैं कि वे दिल्ली से जनहित में एक फैसला लेकर पूरे देश की जनता को 450 और 500 का सिलेंडर दे सकते हैं और इसके लिए उन्हें चुनावी मंचों से झूठे वायदे करने की जरूरत नहीं। चौधरी मुजफ्फर ने कहा कि दरअसल केंद्र सरकार जनता को राहत नहीं देना चाहती, इसीलिए पीएम मोदी चुनावी मंचों से झूठे वायदे करके लोगों को झूठे सपने दिखाते है और जनहित का शब्द उनके शब्दकोश में नहीं है।

### किसानों पर दंडात्मक कार्रवाई के विरोध में प्रदर्शनप

**सहारनपुर।** किसानों की फसल के अवशेष पत्ती व पुराली को जलाने पर सरकार द्वारा की जा रही दंडात्मक कार्रवाई के विरोध में आज भारतीय किसान संघ से जुड़े किसानों ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया और कार्रवाई को रोके जाने की मांग की।

जिला मुख्यालय पर प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हएु प्रदेश संयोजक गन्ना श्यामवीर त्यागी ने कहा कि किसानों को अनावश्यक रूप से सरकार प्रताड़ित कर रही है। फसल के अवशेष पत्ती, पराली जलाने पर उन पर मुकदमें दर्ज किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि किसान कुल ऑक्सीजन का 96 प्रतिशत उत्पाद करता है, जो केवल 4 प्रतिशत कार्बन डाई ऑक्साईड उत्सर्जन करता है, जबकि शेष 35 प्रतिशत उद्योग कार्य एवं अन्य स्त्रोत कार्बन उत्सर्जन कर रहे है। 96 प्रतिशत कार्बन पैदा करते है, ऐसे में किसानों के खिलाफ कार्रवाई किए जाना पूरी तरह अनुचित है। भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष राहुल त्यागी ने बताया कि गन्ना पेराई सत्र चालू हुए 2 माह बीत चुके है, लेकिन अभी तक भी गन्ना मूल्य घोषित नहीं किया गया है। उन्होंने मांग की कि 400 रूपये प्रति कुन्तल गन्ना मूल्य घोषित किया जाये। जिला मन्त्री विक्रम सिंह पुंडीर ने कहा कि सरकारी नलकूप एवं नहरों की मुफ्त सिंचाई की तर्ज पर किसानों के निजी नलकूपों के बिलों से मुक्त किया जाये। इस दौरान मुनेश त्यागी, नीरज त्यागी, गौतम, अंग्रेज चीमा, मैनपाल सैनी, सुखदेव काम्बोज, अरुण चौधरी, मोहित चौधरी, रजनीश त्यागी, अमरीश, इन्तखा आदि उपस्थित रहे।

## अंबेडकर पार्क की जमीन से अवैध कब्जा हटवाया गया: मिशन जय भीम



*अवधनामा संवाददाता*

**मोहम्मदी-खीरी।** तहसील मोहम्मदी के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिचपरी के मंजरा स्थित अंबेडकर पार्क की जमीन से अवैध कब्जा हटवाया गया बताते चलें की ग्राम पंचायत बिचपरी में अंबेडकर पार्क की जमीन को जबरन जोत कर उसी गांव के ही निवासी ने उसमें फसल बो दी थी। गांव के लोगों को जब अवैध कब्जे की सूचना हुई तो कुछ लोगों ने उससे पूछा तो वह आग बबूला हो गया और कहने लगा जो कुछ करना हो कर लो जाकर। उसके बाद गांव के लोगो ने यह सूचना मिशन जय भीम सामाजिक संगठन के जिला अध्यक्ष सुशील कुमार कनौजिया को दी। उन्होंने तत्काल घटना स्तर पर पहुंचकर देखा और क्षेत्रीय लेखपाल ध्रुव कुमार राही व उपजिलाधिकारी मोहम्मदी को लिखित सूचना से अवगत कराया। उप जिलाधिकारी ने तत्काल प्रभाव से क्षेत्रीय लेखपाल को अंबेडकर पार्क की जमीन से अवैध कब्जा हटवाने के लिए कहा। दूसरे दिन क्षेत्रीय लेखपाल ध्रुव कुमार राही मय पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर अंबेडकर पार्क की जमीन से अवैध कब्जा हटवाया व पंचशील ध्वज की अंबेडकर पार्क की जमीन पर स्थापना की । मिशन जय भीम सामाजिक संगठन के सदस्यों व ग्राम वासियों ने उप जिला अधिकारी मोहम्मदी पुलिस फोर्स व क्षेत्रीय लेखपाल की भुरी भुरी प्रशंसा की।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर के दौरान योजनाओं का हुआ प्रचार प्रसार

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** योजनाओं के संतृप्तीकरण के लिये आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से आमजन में जागरुकता बढ़ाये जाने के उद्देश्य से 15 नवम्बर से 26 जनवरी 2024 तक संचालित होने वाले विकसित भारत संकल्प यात्रा अन्तर्गत गुरुवार को ब्लॉक बांकेगंज की ग्राम पंचायत जलालपुर और बक्खारी, ब्लॉक पसगवॉ की ग्राम पंचायत सुनौआ और कोटरा, ब्लॉक पलिया की ग्राम पंचायत घोला और पटिहन, मोहम्मदी की ग्राम पंचायत बिझौली सहसपुर और रायपुर कला, ब्लॉक ईसानगर की ग्राम पंचायत समरदाहरी और बेहटा, ब्लॉक लखीमपुर की ग्राम पंचायत फरधान, ब्लाक निघासन की ग्राम पंचायत खैरीगढ़ और शीतलापुर में शिविर का आयोजन कर बड़ी संख्या में आये हुए ग्रामवासियों को लाभान्वित किया गया।खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, उज्ज्वला योजना का प्रचार-प्रसार, पंजीकरण एवं आधार सीडिंग, ग्राम्य विकास विभाग द्वारा समृद्धि दिवस आजीविका, आजीविका मेला, संसाधन मेला, उत्पाद प्रदर्शनी, व्यापार/उद्यम विचार प्रतियोगिता, सरकारी योजनाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम, प्रशिक्षण कार्यक्रम डिजीटल विपणन, वित्तीय साक्षरता, ई-कामर्स, पीएम आवास योजना (ग्रामीण), जिला अग्रणी बैंक द्वारा जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम मुद्रा लोन एवं अन्य वित्तीय समावेशन योजनाओं में अभ्यर्थियों का पंजीकरण, स्टैण्डअप/स्टार्टअप तथा कृषि विभाग द्वारा कार्यशाला एवं प्रदर्शनी, सरकारी योजनाएं, नवीनतम तकनीकी, पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, पी.एम. प्रणाम योजना, नैनो फर्टिलाइज़र के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ लाभार्थियों को लाभान्वित भी किया गया। शिविर के दौरान चिकित्सा एवं स्वासथ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य मेला, आयुष्मान कार्ड का पंजीकरण/जागरूकता, ए.एन.सी. क्लीनिक, टीकाकरण, एनसीडी स्क्रीनिंग, पिकल सेल एनीमिया की जांच व उपचार, क्षय रोग स्क्रीनिंग, प्रधानमंत्री जन औषधि के सम्बन्ध में जागरूकता कार्यक्रम के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले स्थानीय कलाकारों व छात्र-छात्राओं को सम्मानित व पुरस्कृत किया गया तथा माई भारत स्वयंसेवकों का पंजीकरण भी किया गया। शिविर के अन्त में मौजूद लोगों को भारत संकल्प की शपथ भी दिलायी गयी।

### आज इन गांव में दस्तक देगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

ब्लॉक बांकेगंज की ग्राम पंचायत बघौड़ा और शिवपुर साड़ा, ब्लॉक पसगवॉ की ग्राम पंचायत सेण्डा और सोनोरा, ब्लॉक पलिया की ग्राम पंचायत बसन्तापुर कलां और बसन्तापुर खुर्द, मोहम्मदी की ग्राम पंचायत मियांपुर और शाहपुर राज, ब्लॉक ईसानगर की ग्राम पंचायत मटरिया और सिरसी, ब्लॉक लखीमपुर की ग्राम पंचायत रजागंज और बेलबूडी, ब्लाक निघासन की ग्राम पंचायत मांझा और भेडौरी, ब्लॉक धौरहरा की ग्राम पंचायत जुगनूपुर और शाहपुर, ब्लॉक नकहा कि ग्राम पंचायत चफंदी और शीतलापुर, ब्लॉक रमियाबेहड़ की ग्राम पंचायत तेलियार और चंदैयापुर।

## विकास से दुनिया में उत्तर प्रदेश की नई छवि उभरी: महापौर

# काशीराम कॉलोनी से हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** महानगर में विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत आज दिल्ली रोड स्थित काशीराम



कॉलोनी से की गयी। महापौर डॉ.अजय कुमार, पूर्व सांसद राघव लखनपाल शर्मा व भाजपा महानगर अध्यक्ष पुनीत त्यागी ने आई सी वैन से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लाइव भाषण सुनकर शुरुआत की। जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चंद्र ने भी क्षेत्र के लोगों को सम्बोधित किया।

महापौर डॉ. अजय कुमार ने काशीराम कॉलोनी में विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत करते हुए लोगों से आह्वान किया कि वे केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि जहां पीएम स्वनिधि योजना से लाखों लोग अपना रोजगार विकसित कर आर्थिक व सामाजिक रुप से समृद्ध हुए हैं वहीं प्रदेश सरकार की योजनाओं से उत्तर प्रदेश विकास की दौड़ में पहले नंबर पर आ गया है और देश ही नहीं पूरी दुनिया में उत्तर प्रदेश की एक नई छवि उभरी है।

पूर्व सांसद राघव लखनपाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित हो रहा है। पीएम आवास योजना में देश के करोड़ों लोगों को अपना घर मिला है और अब हस्तशिल्पियों के लिए पीएम विश्वकर्मा योजना शुरु की गयी है। केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं से देश के करोड़ों लोगों का जीवन स्तर सुधरा है। जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चंद्र ने लोगों से सरकार की योजनाओं विशेषकर आयुष्मान कार्ड योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने डूडा अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे सरकार की योजनाओं से लोगों को अवगत करायें और पात्र लोगों को प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना का लाभ दिलाए। भाजपा महानगर अध्यक्ष पुनीत त्यागी ने भी सम्बोधित किया। इससे पूर्व अपर नगरायुक्त राजेश यादव ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य जन-जन तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाना और उनके लाभ के प्रति लोगों को जागरुक करना है। उन्होंने बताया कि आई सी वैन, वीडियो विजुअल, पम्फलेट आदि के माध्यम से जन सुविधाओं व सरकारी योजनाओं का लाभ सबसे कमजोर लोगों तक पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से अभियान शुरु किया गया है, जो 26 जनवरी 2024 तक चलेगा। कार्यक्रम में सहायक नगरायुक्त अशोक प्रिय गौतम, पीओ डूडा वेद प्रकाश, मुख्य सफाई निरीक्षक इंद्रपाल, पार्षद सुधीर पंवार के अलावा क्षेत्र के चरणसिंह, विपुल पंवार, पंकज कुमार, विजय शर्मा, कांता शर्मा व पूनम आदि मौजूद रहे।

### नवविवाहिता ने फांसी लगा की आत्महत्या

**सहारनपुर।** थाना नागल क्षेत्रान्तर्गत एक पुलिसकर्मी की पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतरा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक युवती के पिता की तहरीर पर पुलिस ने दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। थाना बड़गांव के गांव सिमोना जमालपुर के रहने वाले वीरेंद्र ने थाना नागल पर दी तहरीर में बताया कि उसकी पुत्री नेहा (25) की शादी 9 दिसंबर 2022 को थाना नागल के कपासा विपिन के साथ हिंदू रीति रिवाज के साथ हुई थी। आरोप है कि विपिन के पिता, भाई और बहन शादी से खुश नही थे। लगातार दहेज की मांग करते रहते थे। पुलिस के अनुसार, शादी से पहले विपिन बिजनौर में कांस्टेबल के पद पर तैनात था। नेहा देहरादून में स्टाफनर्स की जॉब करती थी

# रोजगार मेले में 191 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** प्रदेश में युवाओं को रोजगार स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर भारत अभियान तथा हर हाथ को काम के तहत सविता प्राइवेट आईटीआई अहमदपुर किलौली (विधानसभा हरचन्दपुर) रायबरेली में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विजय बहादुर सिंह सेंगर ,जिला सेवायोजन अधिकारी द्वारा किया गया। उन्होंने अभ्यर्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यहां मिल रहा छोटा सा अवसर आपके जीवन को नया आयाम दे सकता है। नियोजकों से संवाद करें, सेवा शर्तों के बारे में पता करें। उसी नियोजक के यहां सेवा का चयन करें, जिससे आपके सपने साकार हो सकें। कंपनी प्रतिनिधियों द्वारा अपनी कंपनी की सेवा शर्तों के बारे में जानकारी दी गयी। साथ-साथ एमसीसी वाईपी रामेन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा रोजगार मेले में एनसीएस पोर्टल पर निःशुल्क पंजीयन तथा कैरियर मार्गदर्शन दिया गया। मेले में विभिन्न कम्पनियों द्वारा साक्षात्कार की प्रक्रिया पूर्ण की गयी। विभिन्न पदों हेतु पीपल ट्री ऑनलाइन, ब्राइट फ्यूचर ऑर्गेनिक हर्बल, शिवशक्ति बायोटेक्नोलॉजी, जीफोरएस सिक्योर सॉल्यूशन इण्डिया प्रालि, पुखराज हेल्थ केयर प्रा0लि0, डॉन बोस्को टेक स्किलिंग इंडिया (रॉयल इनफील्ड) आदि कम्पनियों द्वारा कुल 191 अभ्यर्थियों को प्राथमिक रूप से चयनित किया गया एवं कुछ कम्पनियों के चयन परिणाम अपेक्षित है। इस कार्यक्रम की संक्षिप्त रूपरेखा आलोक मिश्र सहायक जिला सेवायोजन अधिकारी ने रखी एवं सर्वेश कुमार राय करियर काउंसलिंग प्रभारी जिला सेवायोजन कार्यालय ने सभी कंपनियों एवं रोजगार के बारे में विस्तृत रूप से बताया। सविता प्राइवेट आई0टी0आई0 अहमदपुर किलौली के प्रधानाचार्य आदित्य शर्मा, भैरव नाथ सिंह (प्रबंधक), अन्य अनुदेशकों व सहायकों का रोजगार मेले को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा। जिला सेवायोजन कार्यालय, रायबरेली के रामगुलाम भारतीय, धीरेन्द्र सिंह, रामेन्द्र कुमार पाण्डेय एवं विजय कुमार द्वारा मेले के आयोजन में सहयोग प्रदान किया गया है।

### जिलाधिकारी ने की सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन में की। बैठक के दौरान उन्होंने सड़क निर्माण और मरम्मत कार्यों में अब तक हुई प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि सड़कों की समय-समय पर मरम्मत की जाए क्योंकि यह लोगों की सुरक्षा से जुड़ा होता है। साथ ही उन्होंने कहा कि सड़कों पर बने अवैध कटो को बंद कर दिया जाए और सड़कों पर बने गड्ढे को भरकर उन्हें समतल किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि आवागमन को दुरुस्त रखने के लिए सड़कों पर से अतिक्रमण को भी हटाया जाए। जिन भी जगहों पर लोगों ने सड़कों पर अतिक्रमण कर रखा है उनके खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई की जाए। बैठक में नगर मजिस्ट्रेट प्रकाश चंद्र, ईओ नगर पालिका पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ पीडब्ल्यूडी के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## उद्यमी महासम्मेलन में आईआईए के जनपद से 20 उद्यमी होंगे शामिल

**सहारनपुर।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन द्वारा एमएसएमई उद्यमी महासम्मेलन-2023 के आयोजित होने वाले कार्यक्रम में जनपद के आईआईए का 20 सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल भागेदारी करेगा और अपने सुझाव भी रखेगा। लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 9वां इंडिया फूड़ एक्सपो-2023 का आयोजन 1 से 3 दिसंबर 2023 को आईआईए भवन, विभूति खंड, लखनऊ में किया जा रहा है। एमएसएमई उद्यमी महासम्मेलन-2023 का उद्घाटन योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा एवं 9वां इंडिया फूड़ एक्सपो-2023 का उद्घाटन नन्द गोपाल गुप्ता (नंदी), मंत्री औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन एन.आर.आई. तथा निवेश प्रोत्साहन विभाग उत्तर प्रदेश सरकार, लखनऊ द्वारा किया जाएगा। एमएसएमई उद्यमी महासम्मेलन-2023 व 9वां इंडिया फूड़ एक्सपो-2023 में जनपद सहारनपुर सें आईआईए सहारनपुर चैप्टर से 20 उद्यमी सदस्यों का एक प्रतिनिधिमण्डल जा रहा हैं।

### उत्तर प्रदेश में ÷जल ज्ञान यात्रा÷ का शुभारंभ किया गया

**गाजियाबाद।** राज्य सरकार की अनूठी पहल पर देश में पहली बार भावी पीढ़ी को जल जीवन मिशन की परियोजनाओं का सहभागी बनाने के लिए उत्तर प्रदेश में ÷जल ज्ञान यात्रा÷ का शुभारंभ किया गया है। गुरुवार को इसी कड़ी में गाजियाबाद में होने जा रही जल ज्ञान यात्रा में सरकारी स्कूलों के बच्चों को पेयजल परियोजनाओं का भ्रमण कराया जाएगा। बच्चों को जल जांच की प्रक्रिया दिखाने के साथ ही भूजल उपचार और अन्य संबंधित मुद्दों की जानकारी दी जाएगी। स्कूली बच्चों को जल निगम गाजियाबाद प्रयोगशाला ले जाया जाएगा और वहां पर जल नमूनों की जांच करके दिखाई गईं। सुबह 12:30 से 1:30 बजे- स्कूली बच्चों को पट्?टी वाटर सप्लाई स्कीम भोजपुर में ग्रामीणों तक पहुंचाई जा रही पेयजल सप्लाई की प्रक्रिया दिखाई जाएगी। पेयजल की महत्ता, उपलब्धता पर जानकारी दी गईं।

# गरीब परिवारों को गर्म कपड़े व कंबल वितरित

## निर्धन परिवारों की मदद में आगे आई सामाजिक संस्था बाटे गर्म कपड़े और कम्बल अंकित शुक्ला

*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** गरीब निर्धन परिवारों को ठंड से बचाने के लिए सामाजिक संस्था राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद आगे आकर कम्बल व गर्म कपड़े वितरित का काम शुरू कर दिया बढ़ती ठंडी को देखते हुए गांव एवं शहर के विभिन्न जगह पर जरूरत मंद परिवार को चिन्हित कर पांच सौ से ज्यादा गरीबों को कंबल एवं कपड़े बांटे गए समाज हित के लिए बनाई गई इस संस्था की ओर से गरीब पुरुषों को कपड़े एवं गरीब महिलाओं को कंबल बांटे गए संस्था अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने बताया कि शीतलहर और सर्द हवाओं से कड़कती ठंड की वजह से सड़क किनारे सोने वाले लोग खुद को इससे बचाते हुए नज़र आए ऐसे में संस्था की ये टीम अपनी गाड़ी में राहत सामग्री और कंबल लेकर ठंड से बचाते हुए इन बेघर लोगों को दिखें शहर के आस पास लोगों के बीच पहुंचकर कंबल वितरण किया ठंड से



कंपकंपा रहे लोगों को जब रात में अचानक कंबल मिला तो ये लोग कंबल पाकर खुश हो गये और इन युवाओं की संस्था को धन्यवाद करते हुए भावुक हो गए लाभार्थी ने शीतलहर की इस रात दिन में उनका हाल चाल देखने आए और कंबल देकर मदद करने पर वे लोग थोड़ी देर के लिए भावुक हो गए सर्दी में पचास दर्जन से अधिक कंबल वितरण किया गया उन्होंने कहा कि भीषण ठंड को देखते हुए कंबल वितरण निरंतर जारी रहेगा देर रात कंबल वितरण होता देख लोगों ने कहा कि कम्बल वितरण कर सर्दी से ठिठुरते गरीब असहाय के चेहरे पर मुस्कान ला दी संस्था अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने बताया कि हमारी टीम छोटी हैं और हम सब अपनी कमाई के पैसे से मिलकर ये काम करते है हम सब इस समाज से बहुत कुछ लेते है और हमारा ये फर्ज है कि हमें जितना मिला है उसका कुछ अंश इस समाज को जरूर लौटाएं साथ ही इनकी टीम ने खुले आसमान के नीचे रात गुजारते गरीबों को यह एहसास दिलाया कि समाज मे मानवता खत्म नहीं हुई है संस्था अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने बताया कड़ाके की सर्दी में एक क्षण बिना गर्म कपड़ों के बिताना नामुमकिन सा है ऐसे में संस्था की मुहिम ओढ़ा दो जिंदगी अभियान के तहत लगातार जरूरतमंदों को गर्म कपड़े एवं कंबल वितरण कर रही है विभिन्न जगहों पर सैकड़ो ऐसे बच्चे है जिनको पढ़ाई का अटूट जज्बा है पर सर्द थपेड़े इस जज्बों को हर वर्ष तोड़ देते है सर्द के मौसम में गरीब बच्चे पढ़ाई करने नहीं आते उन्होंने बच्चों और शिक्षा के प्रति अपनी जिम्मेदारी जताई जो समय समय पर बच्चों के भविष्य और विकास के लिए प्रायत्नरत रहती है उन सैकड़ो बच्चों को गर्म कपड़े वितरित किया इस अवसर पर अंकित शुक्ला ने इस सर्दी में बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए एवं ठंड से बचाव के सम्बंध में बच्चों को हेल्थ टिप्स दिया संस्था अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने कहा कि शिक्षा की ज्योति को प्राप्त करने में सर्द थपेड़े हौसला न तोड़े, यह हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है उन्होंने कहा कि जनसेवा एक सोच नही संकल्प है वह संकल्प जो आपने खुद से किया हो इस ठण्ड में गर्म कपड़े पाकर बच्चों के चेहरे पर जो खुशियां है वह उनके हौसले एवं प्रतिभा निश्चित रूप बढ़ाएगा।

## सीडीओ की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु की बैठक संपन्न

*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु की बैठक विकास भवन स्थित महात्मा गांधी सभागार में की गई। जिसमें उद्यमियों ने बिजली, पानी, सड़क, सुरक्षा व अतिक्रमण आदि समस्याओं से मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि उद्यमियों की समस्याओ को गंभीरता से लिया जाए और उसका त्वरित समाधान किया जाए। उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र को निर्देश दिया कि उद्यमियों की समस्याओं पर विचार करते समय संबंधित विभाग से परामर्श अवश्य कर लिया जाए।

औद्योगिक क्षेत्र अमावा और सुल्तानपुर रोड में सड़क की मरम्मत एवं साफ-सफाई के संबंध में मुख्य विकास अधिकारी ने नगर पालिका और उपायुक्त उद्योग को निर्देश देते हुए कहा कि जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान किया जाए। औद्योगिक क्षेत्र सलोन में लगभग 11000 के0वी0 के विद्युत लाइन के निर्माण के संबंध में उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत खंड को निर्देशित किया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि निवेश मित्र पोर्टल पर जो भी ऑनलाइन आवेदन आते हैं उन पर ध्यान रखा जाए, इसमें किसी प्रकार की त्रुटि नहीं होनी चाहिए।

मुख्य विकास अधिकारी ने खरीफ वर्ष के बकाया भुगतान के लिए जिला खाद्यान्न विपणन अधिकारी को निर्देश दिये कि तत्काल नियमानुसार कार्यवाही की जाए। बैठक में नगर मजिस्ट्रेट प्रकाश चंद्र के अतिरिक्त विभागों के अधिकारीगण और उद्यमी उपस्थित रहे।

## एलपीएस के कलरव में सांस्कृतिक मूल्यों की धारा



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** लखनऊ पब्लिक स्कूल, सेक्टर-9, वृन्दावन योजना शाखा ने सांस्कृतिक मूल्यों व भक्ति रस से ओतप्रोत, अपना वार्षिकोत्सव कलरव, गोमती नगर शाखा के प्रेक्षागृह में मनाया। मुख्य अतिथि के रूप में रामपुर खास की विधायिका आराधना मिश्रा 'मोना', विशिष्ट अतिथि, समाज सेवी डॉ जिया राम वर्मा, उप्र. समाज कल्याण विभाग के पूर्व संयुक्त निदेशक जितेन्द्र सिंह, संस्थापक महाप्रबंधक डॉ. एस. पी. सिंह, पूर्व एम. एल. सी.कान्ति सिंह, प्रबंध निदेशक सुशील कुमार, निदेशक मण्डल नेहा सिंह, गरिमा सिंह, प्रधानाचार्या डॉ.रुपाली पटेल, अनीता चौधरी, विजय सचदेवा, सरिता चौधरी, अभिभावक, बच्चें व वरिष्ठ मीडिया कर्मी की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर दो छात्रों- नील नंदन और किशन तिवारी को कलाम आफ द ईअर अवार्ड दिया गया।

## कम्बल वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**गौरीगंज (अमेठी) अवधनामा संवाददाता।** बढ़ती हुई ठंड के प्रकोप को देखते हुए



जिला प्रशासन के निर्देश पर एसडीएम अभिनव कन्नौजिया के निर्देश पर कम्बल वितरण का कार्यक्रम विकास खंड के भनियापुर में आयोजित हुआ। जिसमें ग्राम प्रधान अमरनाथ सिंह ने ग्राम सभा के दर्जनों निर्बल व बुजुर्ग महिला तथा पुरुषों को कम्बल वितरित किया। कार्यक्रम में लेखपाल राकेश गुप्ता अंकिता लल्लन पाठक राजेश पाण्डेय शिवनाथ विश्वकर्मा लवकुश कोरी पवन कोरी आदि मौजूद रहे।

## दो बाईकों की सीधी टक्कर में दो घायल, एक गंभीर

**रामकोला, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** रामकोला थाना क्षेत्र के लहवारी मोड़ पर गुरुवार की देर रात पौने न बजे दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई जिसमें दोनों बाइक चालक घायल हो गए। एक बाइक चालक गन्ना लदी ट्राला के नीचे दब कर गंभीर रूप से घायल हो गया। तो दूसरा बाईक चालक फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार लहरी मोड़ पर रामकोला त्रिवेणी चीनी मिल की गन्ना लदी ट्राला गोबरही की तरफ से आ रहा था। कि उसी दौरान मोड़ पर ही दो बाईक आपस में टकरा गया जिसमे एक बाईक चालक टेकुआटार बड़वा छापर निवासी धर्मेंद्र राजभर पुत्र गोगा राजभर को हल्की चोटे आई मौका देखते हुए धर्मेंद्र राजभर फरार हो गया। तो वहीं दूसरा बाईक चालक कप्तानगंज निवासी राजकुमार गन्ना लदा ट्राला के नीचे आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसको स्थानीय लोगो की मदद से एंबुलेंस द्वारा रामकोला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। जहां राजकुमार की हालत चिंताजनक बनीं हुई है। मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने बाईकों को कब्जे में लेते हुए। गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्राला को भी स्थानीय लोगों के साथ पुलिस साइड में कराती हुई ट्रैक्टर की चाभी कब्जे में ले ली और कार्यवाही में जुटी हुई है।

## चोरों ने घर का ताला तोड़ लाखों के जेवरात किए पार

**कायमगंज फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** घर के लोग शादी समारोह में गए हुए थे। तभी खाली पड़े मकान को चोरों ने ताला तोड़कर हजारो रुपए के जेवरात व नकदी पार कर ले गए हैं। कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के गांव कटरा रहमत खा के परिवार के लोग रिश्तेदारी में शादी समारोह में गए हुए थे। बीती रात बेखौफ चोरों ने ताले तोड़कर हजारों की नगदी व जेवरात पार कर ले गए हैं। चोरी की जानकारी होने पर मोहल्ले में हड़कंप मच गया है कोतवाली क्षेत्र के गांव कटरा रहमत खा निवासी अफसर खा पुत्र सरफुददीन ने पुलिस को तहरीर दी है कि चोर ताला तोड़कर झुमकी तोडिया दो अगरठी कानो की बाली घर में ताला लगा था शबीना पत्नी अफसर खा ने बताया कि वह अपने मायके गऊखाने भाई की शादी का समारोह मे गई थी। सुबह नौ बजे जब अरमान घर आया तो उसने देखा कि कमरे का ताला टूटा पड़ा है जब अंदर जाकर देखा तो ताले ही नहीं घर के अंदर रखा सामान सारा गायब था।

## छत से गिरे युवक की इलाज के दौरान मौत

**अमृतपुर फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** थाना क्षेत्र के ग्राम हरसिंहपुर गहलवार निवासी जगतपाल पुत्र रामपाल (50) मंगलवार को शाम के समय छत पर टहल रहे थे। टहलते समय बंदर ने उन्हें दौड़ा लिया। बहुत तेजी से जीना उतरते समय पैर फिसल जाने से जगतपाल नीचे गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें इलाज के लिए फर्रुखाबाद लेकर गए जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जगतपाल अपने पीछे पत्नी उर्मिला पुत्र कुलदीप व संदीप को छोड़ गए। पत्नी उर्मिला का रो रो कर बुरा हाल है।

## देख-रेख में एफएलसी का कार्य करें

**मैनपुरी अवधनामा संवाददाता।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम जी मिश्र ने राष्ट्रीय, राज्यीय राजनैतिक दलों के अध्यक्ष, सचिव, मान्यता प्राप्त दलों के पदाधिकारियों से कहा है कि आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु जनपद के वेयरहाउस में उपलब्ध इलैक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन एवं वीवीपैट की एफ.एल.सी. कराये जाने हेतु दि. 01 दिसम्बर से 20 दिसम्बर तक प्रतिदिन अवकाश दिवसों सहित प्रातः 09 बजे से सायं 07 बजे तक का कार्यक्रम नियत किया गया है। उन्होने बताया कि दि. 01 दिसम्बर से दि. 20 दिसम्बर तक प्रातः 09 बजे से सायं 07 बजे तक तहसील सदर में स्थित ई.वी.एम., वी.वी.पैट वेयर हाउस में प्रतिदिन अवकाश के दिनों सहित एफ.एल.सी. कार्य में उपस्थित रहकर अपनी देख-रेख में एफ.एल.सी. का कार्य कराना है, एफ.एल.सी. हॉल में प्रवेश हेतु अद्योहस्ताक्षरी द्वारा पास निर्गत किया जायेगा। उन्होने बताया कि एफ.एल.सी. के लिए नियुक्ति प्रतिनिधि की सूची, नाम, पदनाम, पार्टी का नाम, मो.न. एवं 02 पासपोर्ट साइज फोटो सहित प्रत्येक दशा में जिला निर्वाचन कार्यालय में तत्काल उपलब्ध करायें ताकि एफ.एल.सी. हॉल में प्रवेश हेतु पास निर्गत किये जा सकें।

## मतदाता जागरूकता रैली को दिखाई झंडी

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** मतदाता जागरूकता पंजीकरण अभियान रैली एन सी सी तथा स्काउट गाइड छात्रों के अलावा अन्य विद्यालयों के लगभग 1500 बच्चों ने प्रतिभाग किया द्य रैली को सीडीओ महोदय अरविंद कुमार मिश्र और एडीएम सुभाष चंद्र प्रजापति ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर नगर मजिस्ट्रेट सतीश चंद्र ने भी प्रतिभाग किया तथा सभी अधिकारियों ने साथ-साथ रैली में पैदल चलकर अंत में महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फतेहगढ़ के प्रांगण में सभी को सी डी ओ अरविंद कुमार मिश्र ने मतदाता शपथ दिलाई द्य इस कार्यक्रम में लगभग 10 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग करते हुए मतदाता जागरूकता पंजीकरण अभियान रैली को भव्यता प्रदान की तथा फतेहगढ़ नगर की गलियों में विद्यार्थियों ने अधिकारियों के साथ मतदाता जागरूकता पंजीकरण अभियान की अलख जगाई।

## भूमाफिया सहित 7 पर दर्ज अवैध कब्जा करने का केस

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** गीडा थाना क्षेत्र के हरैया में अधिवक्ता की भूमि पर अवैध कब्जा कर रहे एक भूमाफिया सहित सात पर अवैध कब्जा करने तथा जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से जावेद अहमद पुत्र स्व जमील अहमद निवासी हरैया जो दिवानी न्यायालय में अधिवक्ता है। पट्टीदारो से भूमि को लेकर न्यायालय में मुकदमा विचाराधीन है। इस पर स्थगन आदेश भी है। पट्टीदार एक भूमाफिया और पुलिस को मिलाकर विवादित भूमि को बेचने के लिए दबाव बना रहे थे। भूमाफिया पर गुंडा एक्ट की करवाई की हो चुकी है। मंगलवार को भूमाफिया अपने सहयोगियों के साथ विवादित भूमि पर ईट, गिट्टी, बालू गिराकर अवैध कब्जा कर रहे थे और 5 लाख रुपए की मांग कर रहा था। विरोध किया तो वह जान मारने की धमकी देने लगा था। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने जुल्फिकार अली, सईद अहमद, नसरुद्दीन, वसी अहमद, जुबैर खान, निवासी हरैया रणजीत कुमार निवासी जवाहर चक, रवि यादव निवासी बहरामपुर के खिलाफ अवैध कब्जा करने,गाली गलौज,जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

## पीएसी जवान के घर से चोरो ने नकदी और गहने चुराये

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा थाना क्षेत्र के कसरवल निवासी दुर्गेश कुमार यादव पुत्र स्व राम मूरत यादव जो 10वी वाहिनी पीएसी बाराबंकी में तैनात है। मंगलवार को पत्नी की तबीयत खराब होने पर डाक्टर को दिखाने गोरखपुर गई हुई थी। रात्रि में भाई के आवास गोरखपुर में रूक गई। बुधवार को घर वापस लौटी तो देखा कमरे का ताला टूटा हुआ है। अंदर गई तो बाक्स और आलमारी के लांकर टूटा हुआ। उसमे रखा 40 हजार नकद,गले का हार, मंगलसूत्र, दो अंगूठी, कंठी माला, कान की सुई धागा, नेकलिस चोरी हो गई थी। घटना की जानकारी पत्नी ने फोन से दी विभाग से अवकाश लेकर घर पहुंचा। और अज्ञात चोरो के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराया। इस संदर्भ में एसओ ईत्यानंद पांडेय ने कहा की पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात चोरो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# यूपी के प्रति धारणा बदलने को लेने पड़े कठोर निर्णयः मुख्यमंत्री

**अवधनामा संवाददाता**



- सीएम ने किया 800 करोड़ रुपये की निजी निवेश परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश के प्रति देश और दुनिया के लोगों में घर कर गई नकारात्मक धारणा को बदलने के लिए कठोर निर्णय लेने पड़े। गंभीर प्रयास के साथ कई रिफॉर्म करने पड़े। बिना थके और बिना डिगे किए गए कार्यों से यूपी के प्रति धारणा तो बदली ही, आज देश-दुनिया का हर बड़ा उद्यमी उत्तर प्रदेश में निवेश करने का आकांक्षी है।

सीएम योगी गुरुवार को वर्तमान प्रगति को संजोने और सुनहरे भविष्य की संभावनाओं को आकार देने के उद्देश्य से आयोजित गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) के 34वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। भव्य और विविधतापूर्ण समारोह के दौरान मुख्यमंत्री ने गीडा में निजी क्षेत्र की 800 करोड़ रुपये की निवेश परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया। 500 करोड़ रुपये के निवेश को धरातल पर उतारने के लिए नए भूखंडों का आवंटन पत्र सौंपा।

150 करोड़ रुपये के अवस्थापना विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास किया। नए व्यावसायिक क्षेत्र के रूप में विकसित होने वाली कालेसर परियोजना के पहले चरण और ऑनलाइन सेवाओं वाले गीडा सेवा पोर्टल को लांच किया। गोरखपुर में पहली बार आयोजित चार दिवसीय गोरखपुर ट्रेड शो का उद्घाटन किया और देश तथा इस अंचल के प्रमुख उद्यमियों के साथ बैठक कर लाभकारी निवेश के मंत्र दिए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के समक्ष गीडा में स्किल डेवलपमेंट सेंटर खोलने के लिए नाइलिट से तथा प्लास्टिक पार्क में यूनिट्स को कच्चा माल उपलब्ध कराने के लिए गैस ऑथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (गेल) से एमओयू का आदान-प्रदान भी हुआ। इस अवसर पर सीएम योगी ने कहा कि सरकार द्वारा किए गए कार्यों से प्रदेश की छवि अच्छी हुई तो फरवरी में हुए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में देश-दुनिया से हर बड़ा उद्यमी पहुंचा। प्रदेश में 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव को लेकर एमओयू हुए। ये एमओयू धरातल पर उतरेंगे तो 1.10 करोड़ लोगों को नौकरी और रोजगार की गारंटी है, इसलिए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में मिले प्रस्तावों पर तेजी से काम किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 10 वर्ष पहले गोरखपुर में निवेश होना एक सपना था यहां गैंगवार, अराजकता के चलते लोग भयभीत रहते थे। यहां उद्यमी की पूंजी के साथ उसके जान पर भी खतरा रहता था। गोरखपुर के नाम से ही सिर्फ प्रदेश ही नहीं, देश-दुनिया के लोग घबराते थे।

## तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर शोहरतगढ़ बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने किया धरना



**अवधनामा संवाददाता**

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ बार एसोसिएशन ने तहसील परिसर में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर धरना प्रदर्शन किया। बार एसोसिएशन ने अपने ज्ञापन में तहसील परिसर में लूट खसोट बंद करने की मांग के साथ, शोहरतगढ़ तहसीलदार द्वारा धन उगाही करने एवम ट्रांसफर की मांग, तहसीलदार एवम नायब तहसीलदार द्वारा गैर विवादित फाइलों की महीनो तक कंप्यूटर फीडिंग न करने एवम पैसा लेकर कंप्यूटर फीडिंग करने का भी आरोप ज्ञापन में लगाया गया है। इसके अलावा ज्ञापन में शासन के आदेश के बावजूद तहसील शोहरतगढ़ में प्राइवेट मुंशी रखकर काम कराने पर भी विरोध दर्ज कराया गया है। तहसील परिसर में खतौनी निकालने की दर से अधिक लेने का भी आरोप ज्ञापन में लगाया गया है।इसके अलावा एसडीएम शोहरतगढ़ द्वारा धारा 24 की 500 से ऊपर की फाइल ऑनलाइन नही करने पर भी आक्रोश व्यक्त किया गया।बार एसोसिएशन द्वारा दिए गए ज्ञापन में तहसीलदार शोहरतगढ़ द्वारा गैर विवादित फाइल में रुपए लेकर निस्तारण करने की बात की गई।इसके अलावा शोहरतगढ बार एसोसिएशन महामंत्री अशोक कुमार शुक्ला के साथ पचपेड़वा थाने के थानाध्यक्ष अवधेश राज सिंह द्वारा किए गया दुर्व्यवहार पर ज्ञापन देने पर कोई कार्यवाही नहीं करने पर आक्रोश व्यक्त किया गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, कमिश्नर बस्ती, जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर एवम एसडीएम शोहरतगढ़ को संबोधित ज्ञापन में उक्त भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्यवाही करते हुए मांगो को जल्द पूरा किए जाने की मांग की है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 दिसंबर को



**अवधनामा संवाददाता**

**उरई (जालौन)।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 09 दिसम्बर 2023 को आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता सुनिश्चित किये जाने हेतु सचिव, अपर जिला जज, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महेन्द्र कुमार रावत द्वारा आज जनपद न्यायाधीश श्री लल्लू सिंह के कुशल-मार्गदर्शन में पारिवारिक न्यायालय, मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण तथा समस्त उपजिला मजिस्ट्रेट अधिकारियों के साथ कई समन्वय बैठकें सम्पन्न की गयी। प्रधान न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह गौतम ने कहा कि जो दम्पति, पक्षकार कुटुम्ब न्यायालय में चल रहे विवादों में समझौता चाहते है, वे आगामी 09 दिसंबर 2023 के आयोजन से पहले भीं अपने अधिवक्ता के माध्यम से अथवा स्वयं समझौता पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं और उन्होंने अधिवक्ताओं, मीडियेटर्स से यह भी अपील की है कि वह अपने-अपने वादकारियों को सुलह हेतु प्रेरित करें, जिससे आगामी 09 दिसंबर 2023 को आयोजित राष्ट्रीय लोकअदालत में अधिक से अधिक वैवाहिक/पारिवारिक मामलों का निस्तारण हो सके।

## प्रदेश सरकार के अनुपूरक बजट पर मिलीजुली प्रतिक्रिया

**अवधनामा संवाददाता**



**अमेठी।** उप्र सरकार का अनुपूरक बजट आया है। जिसमे तमाम लोक लुभावने वादे किए गए हैं बजट को लेकर जिले में मिली जुली प्रतिक्रिया है। बजट में किसानों का भी ध्यान रखा गया है तो 60 वर्ष के ऊपर की महिलाओं के लिए रोडवेज बसों में यात्रा निःशुल्क की गई है। शिक्षा सहित अन्य क्षेत्रों के लिए बजट में कुछ न कुछ शामिल किया गया है।

योगी सरकार के इस बजट को अलग-अलग नजरों से देखते हुए जनपदवासियों ने प्रतिक्रिया व्यक्त की है। भाजपा नेत्री रश्मि सिंह ने इस बजट को लोक हितकारी बताया है उन्होंने कहा है कि इस बजट में सभी वर्ग का ख्याल रखा गया है। बुजुर्ग महिलाओं को रोडवेज बसों में निःशुल्क यात्रा का प्रावधान करके सरकार ने बहुत ही सराहनीय कार्य किया है निःशुल्क यात्रा से उन्हें तीर्थाटन का अवसर भी सुलभ होगा। किसान चंद्रिका प्रसाद मौर्य ने कहा कि सरकार को निःशुल्क सिंचाई की जगह किसानों के लिए विकास के मार्ग को प्रसस्त करने चाहिए। जनता को निश्शुल्क का आदी बनाना प्रदेश के लिए हित में नहीं है। इन्हे रोजगार के अवसर मुहैया कराया जाय जिससे विकास का मार्ग प्रशस्त हो।

व्यापारी सुनील त्रिपाठी ने कहा कि इस बजट में उन्हें कुछ खास नजर नहीं आ रहा है बुजुर्ग महिलाएं अकेले यात्रा करने में समर्थ नहीं हो पाती हैं उनको अपने साथ किसी न किसी सहायक की जरूरत होती है लिहाजा उनके साथ एक सहायक भी निःशुल्क यात्रा का हकदार होना चाहिए। सरकार को इसका भी ध्यान रखना चाहिए था। अधिवक्ता धर्मेंद्र नाथ शुक्ल ने कहा है कि बजट पूरी तरह खोखला है कुछ लुभाने वादे किए गए हैं जो लोकसभा चुनाव को देखते हुए नजर आ रहे हैं। रिटायर्ड प्रोफेसर डॉक्टर अर्जुन पांडेय ने कहा है कि उत्तर प्रदेश सरकार के अनुपूरक बजट में बुनियादी ढांचे को दरकिनार किया गया है लघु एवं कुटीर उद्योग पर ध्यान नहीं दिया गया है।

यह बजट पूरी तरह लोकसभा चुनाव को देखते हुए तैयार किया गया है। समाजसेवी साधना त्रिपाठी ने कहा कि सरकार ने अपने अनुपूरक बजट में किसानों के लिए बिजली मुफ्त कर सराहनीय कार्य किया है बुजुर्ग महिलाओं को रोडवेज बसों में निःशुल्क यात्रा का प्रावधान भी स्वागत योग्य है किंतु बुजुर्ग महिलाएं अकेले यात्रा करने में समर्थ नहीं हो पाती है सरकार को इसका भी ध्यान रखना चाहिए था। इसके अतिरिक्त छात्राओं और शिक्षित बेरोजगार महिलाओं को रोडवेज बसों में निश्शुल्क यात्रा का प्रावधान होना चाहिए था। इस पर सरकार गंभीरता से विचार करे। इसी प्रकार जनपद वासियों ने सरकार के अनुपूरक बजट पर अपनी मिली जुली प्रतिक्रिया व्यक्त की है। गुरुवार को जिले के चट्टी चौराहों पर बजट को लेकर चर्चा आम रही।

## मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए

**अवधनामा संवाददाता**



- ऑपरेशन कायाकल्प से असंतृप्त विद्यालयों का खंड शिक्षाधिकारी प्रतिमाह निरीक्षण कर विद्यालयों को सभी बिंदुओं से संतृप्त करायेंः डीएम

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति, मध्यान्ह भोजन टास्क फोर्स की मासिक समीक्षा के दौरान ऑपरेशन कायाकल्प के तहत विभिन्न बिंदुओं में विद्यालय संतृप्त न पाए जाने पर खंड शिक्षाधिकारी मैनपुरी, बरनाहल, किशनी, खंड विकास अधिकारी बरनाहल, मानक के अनुसार विद्यालय का निरीक्षण न करने पर खंड शिक्षाधिकारी करहल को चेतावनी जारी करने, निरंतर अनुपस्थित, अवकाश पर रहने वाले शिक्षकों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने, थर्ड पार्टी असिसमेंट के दौरान खंड शिक्षाधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश देते हुये कहा कि खंड शिक्षाधिकारी अपने-अपने खंड विकास अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर 15 दिसम्बर तक विद्यालयों को समस्त 19 बिन्दुओं से संतृप्त कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने ऑपरेशन कायाकल्प की विकास खंडवार, विद्यालयवार समीक्षा करने पर पाया कि सबसे खराब स्थिति विकासखंड बरनाहल, नगर क्षेत्र मैनपुरी की है, यहां अधिकांश बिंदुओं में विद्यालय असंतृप्त हैं। उन्होंने जानकारी करने पर पाया कि बालक शौचालय में विकासखंड किशनी के 11, बरनाहल के 03, बालिका शौचालय में विकासखंड बरनाहल का 01, किशनी के 02, दिव्यांग शौचालय में विकासखंड कुरावली के 102, मैनपुरी, किशनी के 91-91, बेवर के 85, विद्युतीकरण में करहल के 23, मैनपुरी के 05, बालक यूरिनल में घिरोर के 24, कुरावली के 31, मैनपुरी के 39, बरनाहल के 44, सुल्तानगंज के 75, बेवर के 46, जागीर के 29, करहल के 11, बालिका यूरिनल में घिरोर के 21, कुरावली के 16, मैनपुरी के 78, बरनाहल के 45, सुल्तानगंज के 67, बेवर के 40, जागीर के 21, करहल के 08, किशनी के 40 विद्यालय असंतृप्त है। श्री सिंह ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि 15 दिसंबर तक जनपद के सभी प्राथमिक, उच्च प्राथमिक विद्यालय बालक-बालिका यूरिनल, शौचालय के बिंदुओं से प्रत्येक दशा में संतृप्त किए जाएं, खंड शिक्षाधिकारी, खंड विकास अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर 15 दिसंबर तक विकासखंड घिरोर, जागीर, करहल के 95 प्रतिशत, बरनाहल, नगर क्षेत्र के 93 प्रतिशत शेष विकास खंडों के विद्यालयों को 94 प्रतिशत तक संतृप्त करना सुनिश्चित करें यदि 15 दिसंबर तक विद्यालय बालक-बालिका यूरिनल, शौचालय, दिव्यांग शौचालय में असंतृप्त पाए गए तो संबंधित खंड शिक्षाधिकारियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही होगी।

उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग के अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर विद्यालयों की कमियों को दूर करायें, विद्यालयों में मूल-भूत सुविधाओं की उपलब्धता को सुनिश्चित करते हुए शैक्षिक वातावरण सुधारने की दिशा में कार्य करें।

## बहुद्देशीय हब के लिए दूसरी किस्त 12.41 करोड़ जारी

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** रजवटिया में बनने वाले बहुद्देशीय हब को लेकर भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया अंतिम दौर में है। इसके लिए करीब 480 किसानों की भूमि चिह्नित की गई थी। इसमें से 300 से अधिक किसानों की भूमि अधिग्रहित कर ली गई है। करीब 35 करोड़ रुपये का भुगतान हो गया है। शासन ने दूसरी किस्त 12 करोड़ 41 लाख रुपये जारी कर दिया है। इस धनराशि को मार्च तक खर्च करने का निर्देश मिला है। धनराशि मिलने के बाद पीडब्ल्यूडी ने अधिग्रहण का काम तेज कर दिया है।

शासन ने 4966 करोड़ रुपये की लागत से रजवटिया में 72 एकड़ क्षेत्रफल में बहुद्देशीय हब बनाने की योजना तैयार की। इसमें 45 एकड़ भूमि किसानों से अधिग्रहित की जानी है। बाकी सरकारी भूमि है। किसानों की भूमि अधिग्रहण के लिए करीब 50 करोड़ रुपये खर्च होने हैं। पहली किस्त 12 करोड़ 41 लाख रुपये की रकम दो महीने पहले शासन ने भेजी थी। इस धनराशि के मिलते ही पीडब्ल्यूडी की तरफ से किसानों से भूमि की रजिस्ट्री कार्य शुरू करा दिया गया। 480 किसानों में से 300 से अधिक किसानों से विभाग ने जमीन रजिस्ट्री करा ली है। शेष किसानों से भूमि रजिस्ट्री कार्य तेजी से चल रहा है। इसमें से किसानों को मुआवजा दिया जा रहा है। जिन

> रजवटिया गांव में प्रस्तावित बहुद्देशीय के लिए शासन की तरफ से दूसरी किस्त की धनराशि जारी हो गई है। यह धनराशि जिन किसानों से जमीन ली गई है, उनको दिया जाएगा। धन प्राप्त होते ही विभागीय कार्रवाई तेज कर दी गई है।
>
> **मृत्युंजय कुमार झा, एक्सईएन, पीडब्ल्यूडी**

- 300 से अधिक किसानों की भूमि हो चुकी है अधिग्रहित
- 72 एकड़ क्षेत्रफल में बनकर तैयार होगा बहुद्देशीय हब

किसानों से जमीनें ली गई हैं, उन्हें उनका मुआवजा देने के लिए सरकार की तरफ से दूसरी किस्त के रूप में 1241.62 लाख रुपये जारी कर दी गई है। इस धनराशि को मार्च के पहले खर्च करना है। **बहुद्देशीय हब में इसका होगा निर्माण-** इस बहुद्देशीय हब में स्टेडियम, खेल का मैदान, स्कूल, कालेज, मल्टी परपज सीड स्टोर, होटल, आवास, पार्किंग, बस स्टैंड आदि का निर्माण प्रस्तावित है। **बहुद्देशीय हब बनने से होगा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास-** रजवटिया गांव में बहुद्देशीय हब बनने से आस-पास गांव के लोगों में काफी उत्साह है। गांव के लोगों का कहना है कि इसके निर्माण से क्षेत्र के विकास के साथ रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। इससे सीधे क्षेत्र के युवाओं को लाभ मिलेगा।

## टीबी उन्मूलन का लिया संकल्प

**अवधनामा संवाददाता**



**गोरखपुर।** जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक जिला विकास अधिकारी राज मणि वर्मा की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में बुधवार को देर शाम तक चली। बैठक के दौरान जिले में चल रहे विभिन्न अभियानों को सफल बनाने का निर्देश दिया गया। जिला विकास अधिकारी ने जिले में आई विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं से अधिकाधिक लाभार्थियों को जोड़ने के लिए कहा।

बैठक में पुरूष नसबंदी पखवाड़ा, पल्स पोलियो अभियान, पीएमएमवीवाई अभियान और तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम खासतौर पर चर्चा के केंद्र रहे। सबसे अहम मुद्दा टीबी उन्मूलन के लिए चलाए जा रहे सक्रिय क्षय रोगी खोजी (एसीएफ) अभियान का रहा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशुतोष कुमार दूबे ने सभी संबंधित अधिकारियों से कहा कि अभियान के दौरान कोई भी संभावित क्षय रोगी जांच व इलाज से वंचित न रह पाए। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ गणेश यादव ने बैठक शुरू होते ही अभियान के बारे में चर्चा शुरू की तो मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने वर्ष 2025 तक देश से टीबी उन्मूलन का लक्ष्य रखा है। इसमें जिले का योगदान भी अहम है। यह तभी संभव हो पाएगा जब कि अभियान के साथ साथ ओपीडी में आने वाले कुल मरीजों में से कम से कम पांच फीसदी मरीजों की टीबी जांच कराई जाए । अगर कोई भी टीबी मरीज जांच और इलाज से वंचित रहता है तो वह एक वर्ष में दस से पंद्रह लोगों को संक्रमित कर सकता है । अभियान के दौरान लगाई गई टीम की गतिविधियों की सभी अधीक्षक और प्रभारी चिकित्सा अधिकारी नियमित समीक्षा करें। आशा, एएनएम और सीएचओ की मदद से अधिकाधिक टीबी रोगियों की जांच की जाए । यह अभियान पांच दिसम्बर तक चलेगा और इस दौरान जिले की 20 फीसदी आबादी की टीबी स्क्रीनिंग सुनिश्चित होनी चाहिए। पुरूष नसबंदी पखवाड़े के संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि प्रत्येक ब्लॉक में कम से कम दो पुरूष नसबंदी अवश्य हो। समुदाय में संदेश दिया जाए कि पुरूष नसबंदी सरल और सुरक्षित है। इसका कोई प्रतिकूल असर नहीं होता है। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के तहत प्रत्येक आशा कार्यकर्ता कम से कम दो लाभार्थियों का पंजीकरण कराएं। योजना के तहत पहली बार पात्र गर्भवती को दो किस्तों में 5000 रुपये, जबकि दूसरी गर्भावस्था के दौरान बेटी पैदा होने पर एक किस्त में 6000 रुपये खाते में देने का प्रावधान है। आगामी 10 दिसम्बर से प्रस्तावित पल्स पोलियो अभियान का माइक्रोप्लान भी तैयार करने को कहा गया और साथ ही नियमित टीकाकरण के प्रति उदासीन परिवारों को प्रेरित कर टीकाकरण का निर्देश दिया गया।

**लखनऊ नगर निगम**

त्रिलोक नाथ मार्ग, लालबाग, लखनऊ-226001 (उ0प्र0)

फोन: 0522-2612639, फैक्स: 0522-2622440 ई-मेल- nnlko@up.nic.in

Website: https://etender.up.nic.in

ई-निविदा सू0सं0: 15672/पी0/उद्यान दिनांक : 30.11.2023

**ई-निविदा प्रणाली के अन्तर्गत निविदा सूचना**

ई-निविदा प्रणाली के अन्तर्गत लखनऊ नगर निगम द्वारा निम्न कार्य हेतु दिनांक 09/12/2023 को ई-निविदायें, ई-निविदा पोर्टल https://etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती है, पोर्टल https://etender.up.nic.in पर निविदा के साथ जमानत धनराशि एवं निविदा प्रपत्र की धनराशि आर0टी0जी0एस0 / एन0ई0एफ0टी0/इण्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल https://induscollect.indusind.com/pay/index.php पर लॉगिन करके जमा किया जायेगा। ई-निविदा दिनांक 15/12/2023 को अपराह्न 3:00 बजे तक ई-निविदा पोर्टल पर प्राप्त की जायेगी जिन्हें उसी दिन अपराह्न 4:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। किसी भी ई-निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। अन्य समस्त नियम / शर्तें तथा कार्य का नाम, आगणन धनराशि, निविदा प्रपत्र की धनराशि एवं जमानत धनराशि तथा निविदा प्रपत्र की सूचनायें पोर्टल https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

अधीक्षक उद्यान
नगर निगम लखनऊ

# सांसद खेल प्रतियोगिता का समापन, खिलाड़ी पुरस्कृत

## खेल से शारीरिक तथा मानसिक विकास होता है: विकास सिंह

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** दो दिवसीय सांसद खेल प्रतियोगिता का गुरूवार को समापन किया गया है। पूरा बाजार के पुरसाएं रामलीला मैदान में आयोजित प्रतियोगिता में कबड्डी संघ के प्रदेश अध्यक्ष विकास सिंह व एसपी ग्रामीण



अतुल कुमार सोनकर ने विजेता खिलाडियों को पुरूस्कार वितरित किया। इस दौरान विकास सिंह ने कहा खेल से शारीरिक तथा मानसिक विकास होता है। व्यक्ति के अंदर टीम भावना विकसित होती है। इस तरह के आयोजनों से प्रतिभाओं को मंच मिलता है। अंतिम दिन खो-खो वॉलीबॉल, रस्साकसी, 200मी., 400 मी, 800 मी, 1500मी, की दौड की प्रतियोगिताएं हुई। समापन के अवसर पर बड़ी संख्या में दर्शकों की मौजूदगी रही। दर्शकों द्वारा लगातार खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन का प्रयास किया जा रहा था। वॉलीबाल प्रतियोगिता में 12 टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबला रसड़ा तथा सरायरासी की टीम के बीच हुआ। जिसमें रसड़ा की टीम विजयी रही। कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल सरायरासी तथा ग्रामोदय इण्टर कालेज के मध्य हुआ। जिसमें सरायरासी विजयी हुई। खो-खो प्रतियोगिता बालिका में गायत्री सर्वोदय को हरा कर पूरा बाजार ने जीत दर्ज की। खो-खो बालक वर्ग में ग्रामोदय इण्टर कालेज ने यश विद्या मंदिर की टीम को पराजित किया। 200 मी. दौड़ प्रतियोगिता में निर्भर सिंह सरायरासी प्रथम, अविनाश वर्मा ग्रामोदय इंटर कालेज द्वितीय, हर्षित सिंह सरायरासी तृतीय, 400 मी दौड में अंकुर सिंह, सरायरासी प्रथम, अभिषेक वर्मा महेशपुर द्वितीय, बादल रसूलाबाद तीसरे स्थान पर रहे। 800 मी में सुन्दरम् सिंह सरायरासी प्रथम, अशोक निषाद कछौली द्वितीय, विकास वीरवा तृतीय तथा 1500 मी. में अंकुर सिंह सरायरासी प्रथम, उत्कर्ष सरायरासी द्वितीय, अभिषेक वर्मा महेश पुर तृतीय स्थान पर रहे। इस दौरान दिव्य प्रकाश तिवारी, अवधेश पाण्डेय बादल, सतीश सिंह पिण्टू,अरूण तिवारी, उग्रसेन सिंह, चन्द्रभान त्रिपाठी, गोकरन द्विवेदी, योगेश मिश्र, सतीश चन्द्र पाण्डेय, अनुराग त्रिपाठी, डब्लू सिंह, रामजीत निषाद, रामप्रीत वर्मा, शोभाराम वर्मा, नंद कुमार सिंह, मुन्ना सिंह, विश्वनाथ सिंह, अनूप दूबे आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# महिलाओं की तरह पुरुषों को भी बनना होगा सशक्त: कुलाधिपति

**अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय 25वां दीक्षंत समारोह समारोह के साथ मनाया गया। राज्यपाल के कार्यक्रम स्थल पर पहुते ही एनसीसी कैडेटों ने उन्हें गार्ड ऑफ़ ऑनर उसके बाद शैक्षणिक परियात्रा एग्री बिजनेस मैनेजमेंट के प्रेक्षागृह पहुंची जल भरो कार्यक्रम के



साथ समारोह का शुभारंभ हुआ। छात्राओं ने विश्वविद्यालय का कुलगीत प्रस्तुत कर सभी का स्वागत किया। 25 वें दीक्षांत समारोह के अवसर पर कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने कहा कि डिजीलॉकर पर डिग्रियां अपलोड होने से कोई धोखाधड़ी नहीं हो सकेगी। कहा की पहले के समय में लोग पैसा देकर डिग्री बनवा लेते थे लेकिन आज के आधुनिक समय में ऐसा संभव नहीं है। छात्र-छात्राओं अब कभी भी अपनी डिग्री डिजी लॉकर से हासिल कर सकते हैं। उन्होंने पदक व उपाधि पाने वाले छात्रों को बधाई दी। विश्वविद्यालय के नैक मूल्यांकन में प्रतिभाग पर उन्होंने कहा कि++ ग्रेड आने से विश्वविद्यालय को जो सहायता मिलती है उसकी कल्पना किसी नहीं किया होगा। उन्होंने कहा की नैक मूल्यांकन के दौरान पूरे विवि परिवार को मिलकर अपने कार्यों को सामने रखना होगा। कुलाधिपति ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में नंबर एक का दर्जा पाने के लिए कड़ी मेहनत करने की जरूरत है। स्वर्ण पदक पाने वालों में से 46 प्रतिशत महिलाएं हैं जो महिला सशक्तीकरण का उदाहरण हैं।

# राज्यपाल ने साड़ी केंद्र का किया गया उद्घाटन

*अवधनामा संवाददाता*

अयोध्या। तुलसी नगर पूरे हुसैन खान अयोध्या में साड़ी केंद्र का उद्घाटन महामहिम राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल उत्तर प्रदेश द्वारा किया गया कार्यक्रम प्रभारी राजीव कुमार वर्मा द्वारा अवगत कराया गया कि साड़ी केंद्र गरीब एवं निचले तबके की महिलाओं के लिए साड़ी केंद्र खोला गया है जिसमें महिलाएं साड़ी केंद्र से मात्र ?20 में तीन दिन के लिए नई साड़ी ले सकती हैं और वैवाहिक कार्यक्रम व अन्य समारोह में पहन सकती हैं जो महिलाएं सक्षम नहीं हैं वह महिलाएं यहां से साड़ी ले सकती हैं साड़ी केंद्र प्रभारी श्रीमती रश्मि वर्मा ने बताया कि महामहिम राज्यपाल महोदय के दिशा निर्देशानुसार साड़ी केंद्र गौ ऋषि सेवा ओमप्रकाश जी राष्ट्र सेवा संस्थान के माध्यम से संचालित किया जा रहा है महा महिमा राजपाल महोदय ने अपने संबोधन में केंद्र प्रभारी रश्मि वर्मा की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने समाज में निचले तबके की महिलाओं के लिए यह कार्य करके बहुत ही सराहनीय कार्य किया है उन्होंने कहा कि हर महिला की इच्छा होती है कि वह अच्छी से अच्छी साड़ी पहने और समारोह में भाग ले सकती है। इस तरह के साड़ी केंद्र गांव स्तर पर भी खुलना चाहिए राज्यपाल महोदय द्वारा यह भी कहा गया कि श्रीमती रश्मि



का यह प्रयास सराहनीय है इस अवसर पर गौ ऋषि सेवा संस्थान के प्रमुख राघवेंद्र मिश्रा द्वारा भी बताया गया कि उत्तर प्रदेश में चार साड़ी केंद्र और भी चल रहे हैं साड़ी केंद्र प्रभारी प्रदेश नरेंद्र बहादुर सिंह द्वारा बताया गया कि इस तरह का प्रयास निरंतर जारी रहेगा इस अवसर पर महामहिम राज्यपाल द्वारा चार महिलाओं को निशुल्क साड़ी वितरित की गई जिसमें जिसमें श्रीमती संयोगिता यादव श्रीमती विमलेश श्रीमती अंजू गुप्ता एवं श्रीमती पूनम त्रिपाठी निशु साड़ी प्राप्त करता रही साड़ी केंद्र की प्रभारी श्रीमती रश्मि द्वारा 15 अन्य महिलाओं को साड़ी वितरित की गई कार्यक्रम में शिवम अखिलेश श्रीवास्तव अखंड प्रताप सिंह रणजीत सिंह आदित्य प्रताप सिंह राजेश सिंह कुलदीप कुमार सागर त्रिपाठी दीनदयाल पंकज कुमार रवि कुमार राहुल दीपक यादव प्रमोद सिंह दीनानाथ संतोष इंजीनियर अरुणेश कुमार रजनीश अमृत कुमार शाश्वत अभिनव वर्मा तथा महिलाओं में संगीता प्रियदर्शी अर्चना आशा सिंह रुचि सिंह पूनम रेनू मधु संगीता मौजूद आदि।

# प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लाभार्थियों से किया

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के शुभारम्भ पर विकास खण्ड निन्दूरा के ग्राम चकिया में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि



के रूप मे सांसद उपेन्द्र सिंह रावत उपस्थित रहें। कार्यक्रम में विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थी भाई-बहनों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद किया। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने महिलाओं के नेतृत्व में विकास सुनिश्चित करने की दिशा में ड्रोन दीदी योजना की सौगात देने के साथ ही देश भर में सबको सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने के पुण्य उद्देश्य हेतु संचालित जन औषधि केंद्रों की संख्या 10,000 से बढ़ाकर 25,000 करने के कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत- प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र भी वितरित हुए। सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने विकसित भारत के निर्माण में अपना बहुमूल्य योगदान देने जा रहीं इन सौगातों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# धर्मनगरी अयोध्या में 2 दिसम्बर से 17वां फ़िल्म महोत्सव का आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

अयोध्या।अयोध्या फिल्म फेस्टिवल के 17वें संस्करण के लिए तैयारियां अंतिम चरण में हैं। अयोध्या फिल्म फेस्टिवल आगामी 2-3 दिसंबर 2023 को गुरू नानक कालेज, उसरू में आयोजित किया जा रहा है। यह फिल्म फेस्टिवल पूरे विश्व में निरतंर अपनी खास पहचान बना रहा है लिहाजा देश-विदेश से फिल्मकार इसमें शामिल होने अयोध्या खिंचे चले आते हैं। इस बार भी देश-दुनिया की तमाम वैश्विक सिनेमा हस्तियां इस समारोह में शामिल हो रही हैं।अयोध्या फिल्म फेस्टिवल के संस्थापक और दस्तावेजी फिल्म निर्माता डॉ. शाह आलम राना ने बताया कि इस वर्ष ऑस्ट्रेलिया के चर्चित अभिनेता-एंकर चार्ल्स थॉमसन, म्यूजिक डायरेक्टर राहुल बी सेठ, फिल्म अभिनेता डेविड ब्राउन, ईरानी फिल्म कला निर्देशक सना नोरोजबेगी, फिल्म अभिनेता ऋषि भूटानी, राज्य सूचना आयुक्त किरण बाला चौधरी, फिल्म निर्देशक मीर सरवर, फेस्टिवल ज्यूरी चेयरमैन और डायरेक्टर प्रोफेसर मोहन दास, श्री विश्वनाथ फिल्मनाथ फिल्म्स के



द्धश्वह्वठ्ठस्रद्बठ्ठद्द चेयरमैन त्रिलोकी नाथ वर्मा, स्वतंत्रता संग्राम 1857 के महानायक रज्जब अली के वंशज शेख जावेद नियाज अहमद, एरीगेशन एंड वाटर रिसोर्स डिपार्टमेंट उत्तर प्रदेश के विशेष सचिव आईएएस डॉ. हीरा लाल, गुरूनानक एजुकेशनल सोसाइटी के सेक्रेट्री प्रीतपाल सिंह पाली, लाइन प्रोड्यूसर अरुण सिंह डिक्की, कास्ट्यूम डिजाइनर खुशी क्षत्रिय आदि अतिथि के रूप में शामिल होंगे।अयोध्या फिल्म फेस्टिवल में चयनित भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्में, लघु फिल्में, वृत्तचित्र, संगीत वीडियो और वेब श्रृंखला की स्क्रीनिंग होगी। इसके साथ फिल्म निर्माण से जुड़े अतिथियों के साथ चर्चा सत्र का आयोजन किया जाएगा। ज्यूरी द्वारा चयनित फिल्मों से जुड़े प्रवीण हिंगोनिया, विवेक गेरा, आदित्य वर्मा, पवन केके नागपाल, निरनिमेश दुबे, फबिन थोमस, नीपन धुलिया, मुकेश कुमार, बृजेश टांगी, शोएब अहमद शाव्ल, लवलेश खनेजा, मनीश तिवारी, मुदित सिंघल, पवन पोकुरी, मानसी दाधीच माहुर, रुद्र प्रताप ओझा, लव पाठक, विवेक शर्मा, शुभांक चौबे आदि भी फिल्म समारोह का हिस्सा बनेंगे। दो दिवसीय अयोध्या फिल्म फेस्टिवल का विधिवत उद्घाटन समारोह 2 दिसंबर को 11 बजे दिन में शुरू होगा। अयोध्या फिल्म फेस्टिवल के ज्यूरी चैयरमैन और डायरेक्टर प्रोफेसर डॉ. मोहन दास ने बताया कि 17वें संस्करण के लिए पूरे विश्व से इस वर्ष विभिन्न श्रेणियों में कुल 286 फिल्में प्राप्त हुई थीं। जिसमें प्रमुख रूप से भारत, चीन, संयुक्त राज्य अमेरिका, ताइवान, ऑस्ट्रेलिया, इटली, कनाडा, यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त अरब अमीरात, स्विट्जरलैंड, स्वीडन, श्रीलंका, स्पेन, रोमानिया, पुर्तगाल, तुर्की, नॉर्वे, नेपाल, लीबिया, इजराइल, ब्राजील आदि देश शामिल हैं।

# सेवानिवृत्त होने पर 4 कर्मियों को दी गई विदाई

**बाराबंकी।** रिजर्व पुलिस लाइन्स बाराबंकी में अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले 04 कर्मियों की अधिवर्षता आयु पूर्ण होने पर विदाई दी गई। पुलिस सेवा से 03 उप निरीक्षक नागरिक पुलिस व 01 उर्दू अनुवादक



सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन्स बाराबंकी स्थित सभागार में विदाई समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा सेवानिवृत्त हुए उ0नि0 नागरिक पुलिस राजा राम, उ0नि0 नागरिक पुलिस राधेश्याम गुप्ता, उ0नि0 नागरिक पुलिस विजय बहादुर सिंह व उर्दू अनुवादक मुती अहमद को फूलमाला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर ससम्मान विदाई दी गयी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। उक्त विदाई कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी लाइन्स श्री आलोक कुमार पाठक व प्रतिसार निरीक्षक सुभाष चंद्र मिश्र व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।

# जागरूकता रैली व शपथ के साथ समाप्त हुआ यातायात माह

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** यातायात नियमों के प्रति जागरूकता फैलाता यातायात माह पहले से तय प्रक्रिया के साथ सम्पन्न हो गया। गुरुवार को एसपी ने



जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाई वहीं नियमों के पालन की शपथ भी दिलाई। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने पुलिस लाइन परिसर से निकलीं जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाई। यह रैली शहर के विभिन्न मार्गों से होते व यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए पुनः पुलिस लाइन पहुंच कर समाप्त हुई। इससे पूर्व एसपी ने सभी को नियम पालन की शपथ भी दिलाई। शपथ के साथ ही यातायात माह का समापन भी हो गया। यातायात माह महज औपचारिक ही रहा। शहर बिगड़ैल यातायात व्यवस्था की वजह से पहले ही कराह रहा है। न कोई पालन करता है और न ही किसी को नियमो की फिक्र ही है। सीसीटीवी कैमरे लगे हर प्रमुख तिराहो चौराहों पर यातायात सिपाही भी खड़े किए गए पर कोई निर्धारित नियम कायदे न होने की वजह से व्यवस्था हवा में ही है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटका मिला निजी चिकित्सक का शव

**सूरतगंज, बाराबंकी।** संदिग्ध परिस्थितियों में एक निजी चिकित्सक का शव नीम के पेड़ में फंदे से झूलता हुआ मिला। वहीं मृतक के भाई ने हत्या कर शव लटकाएं जाने की आशंका जताई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जबकि घटनास्थल पहुंची पुलिस,विधि विज्ञान प्रयोगशाला के टीम ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। रामनगर थाना के कंदरवल कला निवासी फूल चंद पुत्र नान्हू राम (56) पेशे से झोलाछाप चिकित्सक है और घर से कुछ दूरी पर क्लीनिक संचालित करता है। गुरुवार की सुबह उनका शव क्लीनिक के निकट एक नीम के पेड़ से लटकता हुआ मिला। वहीं सूचना पर पहुंचे मृतक के भाई सीताराम ने हत्या कर शव पेड़ पर लटकाएं जाने का आरोप लगाया है। सीताराम ने बताया कि करीब रात साढ़े तीन बजे फूलचंद के मोबाइल पर किसी का फोन आया था। उसके बाद फूलचंद किसी के उपचार हेतु क्लीनिक गए थे। उसी के कुछ देर में आलू के खेत में सिंचाई के लिए इंजन लेकर उधर की ओर से गुजरे,तो डाक्टर उन्हें टार्च के रोशनी में दवाएं दे रहे थे। आशंका है कि उन्हीं लोगों ने हत्या करके शव को फंदे से लटका दिया है। क्योंकि मृतक यहां पर अकेले रहते थे। पत्नी मीरादेवी का निधन हो चुका है।मृतक का एक बेटा है जो बाराबंकी में रहकर डिफेंस की तैयारी के साथ पढ़ाई करता है। सूचना के बाद कपिल देव भी गांव पहुंचा है। वहीं सूचना के बाद मौके पर पहुंचे सुढियामऊ चौकी प्रभारी राममूर्ति कनोजिया ने शव को पीएम के लिए भेजा है। इस संबंध प्रभारी निरीक्षक रत्नेश पांडेय ने बताया कि परिजन ने हत्या की आशंका जताई है। साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं।

# फांसी के फंदे से लटका मिला झोलाछाप डॉक्टर का शव, घर मे कोहराम

**रामनगर बाराबंकी।** थाना क्षेत्र में एक अधेड़ व्यक्ति का शव उसके घर से कुछ दूर पेड़ से बने फंदे से लटकता मिला। मौके को देखते हुए घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है। फोरेंसिक टीम व डॉग स्क्वायड भी मौके पर पहुंचा और जांच की। मृतक झोलाछाप डॉक्टर था। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम कन्दरवल निवासी फूल चंद वर्मा (55) पुत्र स्व. नान्हू राम गांव में ही अपनी क्लीनिक चलाते हैं। वह बिना डिग्री के डॉक्टर हैं। वहीं उनका इकलौता पुत्र कपिल बाराबंकी के लखपेड़ाबाग में रहकर डिफेंस की तैयारी कर रहा है। गुरुवार की सुबह रानी गंज सुढ़ियामऊ सम्पर्क मार्ग पर उसके घर से 300 मीटर दूरी पर नीम के पेड़ से बंधे रेशम की रस्सी के सहारे उसका शव लटका मिला। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि शरीर के पीछे मिट्टी लगी है, वही चश्मा टूटा हुआ था।

# घरेलू गैस के दाम घटाने की मांग को लेकर प्रदर्शन, राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** भाजपा सरकार की कथनी और करनी में अन्तर है, वर्तमान में सम्पन्न हुए राजस्थान, छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनावों में जीत के बाद 450/500 रूपये में घरेलू गैस सिलेण्डर देने के वादा करने वाली भाजपा उत्तर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार होने के बावजूद 950 रूपये घरेलू गैस सिलेण्डर दे रही हैं। अन्य प्रदेशो में कम दामों में घरेलू गैस सिलेण्डर देने का वादा करने वाली भाजपा पहले उत्तर प्रदेश की आवाम को 450-500 रूपये में प्रति घरेलू गैस सिलेण्डर उपलब्ध करायें। उक्त उद्गार जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मो. मोहसिन ने आज जिला कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी के माध्यम से प्रदेश की राज्यपाल को 450-500 रूपये में प्रदेश की आवाम को गैस सिलेण्डर उपलब्ध कराये जाने के सरकार को निर्देश देने के सम्बन्ध में ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को कांग्रेसजनो के साथ प्रेषित करने के पूर्व व्यक्त किये। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि देश के गैर प्रान्तों में विधानसभा के चुनावों में



भाजपा वहा की आवाम को सत्ता में आने पर 450-500 रूपये में प्रति सिलेण्डर देने का वादा कर रही हैं जबकि जहां-जहां इनकी सरकारे हैं वहां गैस सिलेण्डर महंगे दामों पर मिल रहा है, उसी में हमारा प्रान्त उत्तर प्रदेश भी हैं जहां भाजपा की डबल इंजन की सरकार होते हुए ही भी प्रान्त के नागरिक महंगे दामों पर गैस सिलेण्डर खरीदने को मजबूर है यह भाजपा का कैसा दोहरा चरित्र हैं। हम पुरजोर मांग करते है कि गैर प्रान्तों में घरेलू गैस सिलेण्डर 450-500 देने का वादा करने वाली भाजपा को प्रदेश की राज्यपाल निर्देशित करे कि आवाम को 450-500 रूपये प्रति घरेलू गैस सिलेण्डर उपलब्ध करावें जिससे प्रदेशवासियों को अपना परिवार चलाने में राहत महसूस हो।

ज्ञापन प्रेषित करने वालो में मुख्य रूप से कांग्रेस अध्यक्ष मो. मोहसिन, नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा फोटोवाला, प्रवक्ता सरजू शर्मा, मो. इजहार सिद्दीकी, रमनलाल द्विवेदी, वीरेन्द्र प्रताप यादव, रामहरख रावत, रामकुमार लोधी, शिव बहादुर वर्मा, अजीत वर्मा, मुइनुद्दीन अंसारी आदि कांग्रेसजन थें।

# अंतिम व्यक्ति सरकारी योजनाओं का लाभार्थी होगा: पंकज चौधरी



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने बृहस्पतिवार को फरेंदा विधान सभा के परसिया बुजुर्ग गांव में भारत संकल्प यात्रा को रवाना किया। कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 नवंबर को झारखंड के सुदूर आदिवासी क्षेत्र खूंटी से इसकी शुरुआत की थी। इस यात्रा का मकसद सरकारी योजनाओ के पात्र लाभार्थियों की खोज करना है जो अभी तक इससे वंचित रहे हैं। केन्द्रीय मंत्री ने यात्रा का मकसद बताते हुए कहा कि जब तक राष्ट्र का अंतिम व्यक्ति सरकारी योजनाओं के लाभ से लाभ लाभान्वित नहीं होगा, तब तक भारत को विकसित राष्ट्र नहीं बनाया जा सकता। इसी मकसद को पूरा करने के लिए यह यात्रा शुरू की गई है। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के 10000 वें जन औषधि केंद्र का लोकार्पण करने के साथ ही देश के अलग-अलग राज्यों से लाभार्थियों से वर्चुअल बातचीत की। जिसे स्क्रीन के माध्यम से उपस्थित जनसमुदाय को दिखाया गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जात-पात की बात करने वालों को सबक सिखाते हुए कहा कि उनके लिए देश में केवल चार ही जाति हैं जो महिला, युवा, गरीब और किसान हैं। प्रधानमंत्री कार्यक्रम में वर्चुअल जुड़े थे। केन्द्रीय मंत्री ने विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियो को प्रमाण पत्र वितरित किए। इस अवसर पर सीडीओ संतोष कुमार राय, पूर्व बिधायक शिवेन्द्र सिंह चौधरी, पूर्व बिधायक बजरंग बहादुर सिंह, राजेश जायसवाल, विवेकानंद पाण्डेय, डब्बू सिंह, बीडीओ अर्जुन चौधरी उपस्थित रहे।

# एमआरएफ सेंटर के निर्माण पर ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन



*अवधनामा संवाददाता*

**बृजमनगंज (महराजगंज)।** नगर पंचायत बृजमनगंज में कूड़ा निस्तारण के लिए एमआरएफ सेंटर का निर्माण शुरू हुआ था। वार्ड नंबर 10 के ग्रामीणों ने बृहस्पतिवार को सेंटर के विरोध में प्रदर्शन कर अपने गांव की जमीन पर हो रहे निर्माण को रोकने की अपील की। नगर पंचायत बृजमनगंज में प्रस्तावित एमआरएफ सेन्टर (मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) के खिलाफ वार्ड नंबर 10 के दर्जनों लोगों एकत्र होकर नारेबाजी कर विरोध शुरू कर दिया। ग्रामीणों का आरोप था कि एमआरएफ के निर्माण के बाद गांव में गंदगी का अंबार लग जाएगा। उन्हें काफी परेशानी होगी। गांव में हर समय गंदगी का साम्राज्य बना रहेगा। एमएफआर बनने से गांव का वायु वातावरण दूषित हो जाएगा। दुर्गंध के चलते विभिन्न प्रकार की बीमारियां जन्म लेगी। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि वह किसी भी कीमत पर एमआरएफ का निर्माण नहीं होने देंगे। प्रदर्शन कर ग्रामीणों ने अन्य जगह एमआरएफ सेन्टर का निर्माण करने और उस स्थान पर विवाह घर की निर्माण करने की मांग की। ईओ ने सुरभि मिश्रा ने बताया के इस समस्या के बारे में उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। इस प्रदर्शन के दौरान बृजेश कुमार सहानी, रामसमुझ, सुनील, बीरबल यादव, उदयभान, लालमन, बेनी, राजकुमार, उषा, पुष्पा, अनिल, सुनीता, लक्ष्मी, पूनम आदि लोग मौजूद थे।

# पराली अब किसानों की समस्या नही बल्कि बनेगा फायदे का सौदा

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जिलाधिकारी अनुनय झा की पहल पर 3 जिलास्तरीय अधिकारियों की टीम ने दिल्ली में पैकेजिंग ग्रेड के कागज और पेपर बोर्ड के उत्पादन



के लिए चावल के भूसे का उपयोग और मोल्डेड टेबलवेयर उत्पादों के लिए चावल के भूसे के गूदे का उपयोग÷ पर आयोजित पहले विचार-मंथन सत्र में प्रतिभाग किया और विभिन्न संस्थानों और क्षेत्रों से आए विशेषज्ञों के साथ जनपद में पराली व अन्य कृषि अपशिष्टों के उपयोग की संभावनाओं पर चर्चा। सीपीपीआरआई और सीएसआईआर द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित विचार मंथन सत्र में डॉ. एस.के. गोयल, मुख्य वैज्ञानिक एवं प्रमुख, सीएसआईआर-नीरी दिल्ली जोनल सेंटर, डॉ. एम.के. गुप्ता, निदेशक सीपीपीआरआई, सहारनपुर, डॉ. नितिन एंडले, प्रधान वैज्ञानिक, सीपीपीआरआई, डॉ. जे.एस. कामयोत्रा पूर्व सदस्य सचिव, सीपीसीबी, डॉ सुनील गुलिया वरिष्ठ वैज्ञानिक सीपीपीआरआइ सहित विभिन्न विशेषज्ञों के साथ जनपद में चावल व पराली उत्पादन, भूसा सहित बांस और केले के उत्पादन एवं पैकेजिंग ग्रेड के पेपर और मोल्टेड टेबलवेयर में इनके कच्चे माल के रूप में पर्याप्त उपलब्धता पर चर्चा की, जिसमे जिले की ओर से जिला कृषि अधिकारी, सहायक आयुक्त उद्योग और जिला युवा कल्याण अधिकारी ने प्रतिभाग किया।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम ग्राम पंचायत मलगहिया में हुआ सम्पन्न

**बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन बढ़नी ब्लॉक के ग्राम पंचायत महादेव खुर्द के टोला मिश्रौलिया में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व जिला पंचायत




अध्यक्ष श्रीमती साधना चौधरी ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से छूटे हुए लोगों को योजनाओं से लाभान्वित किया जाय यदि कोई भी व्यक्ति पात्र है और अभी तक वह योजनाओं से वंचित रह गया हो तो उसे सभी योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। बीडीओ बढ़नी धनंजय सिंह ने उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री द्वारा चलाया गया विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में निवास कर रहे अति पिछड़े वंचित व्यक्तियों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से जोड़ा जाए और लाभान्वित किया जाए। देश के विभिन्न क्षेत्रों में निवास करने वाली अति पिछड़ी आबादी है जिनको सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में जानकारी नहीं हो पाती है और लाभ से वंचित रह जाते हैं। कहा कि इस विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से सरकार की योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान ग्राम पंचायत सचिव अनूप रावत, कृषि विभाग से रामसेवक यादव, प्रधान हरीराम, प्रतिनिधि साहिल खान, स्वास्थ्यकर्मी रोजगार सेवक राम दयाल यादव, आंगनबाड़ी कार्यकत्री आशा सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# स्काउटिंग बच्चों को बनाता है आत्मनिर्भर

## ए.एच.एग्री. इंटर कालेज दुधारा में स्काउट/गाइड प्रशिक्षण का समापन

**अवधनामा संवाददाता**

**संतकबीरनगर।** बृहस्पतिवार को सेमरियावां विकास खण्ड के ए.एच.एग्री.इंटर कालेज उजियार दुधारा में तीन दिवसीय स्काउट/गाइड प्रशिक्षण शिविर का कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक संदीप चौधरी, पूर्व विधायक दिग्विजय नारायण उर्फ जय चौबे, जिला पंचायत अध्यक्ष बलराम यादव मौजूद रहे।

सेमरियावां ब्लाक क्षेत्र के गांव दुधारा स्थित ए.एच. एग्री. इन्टर कालेज उजियार में बृहस्पतिवार को तीन दिवसीय स्काउट/ गाइड प्रशिक्षण शिविर का समापन हो गया। इस दौरान मुख्य अतिथि सपा नेता तथा पूर्व विधायक दिग्विजय नारायण उर्फ जय चौबे मौजूद रहे। उन्होंने स्काउट/गाइड कैम्प का निरीक्षण किया। बच्चों द्वारा बनाये भोजन के स्वाद व निर्माण की विधि को भी जाना। बच्चों के प्रयास व उत्साह की जमकर सराहना की। इस दौरान



शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्काउट/ गाइड बच्चों के जीवन में अनुशासन लाता है। बच्चों को आत्म निर्भर बनाने के लिए स्काउटिंग सिखाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि स्काउट/ गाइड से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है। इससे विपरीत परिस्थितियों में साहस के साथ आपसी सहयोग से सफलता की भावना का विकास होता है। अनुशासन राष्ट्र प्रेम की भावना बढ़ती है। राबर्ट इस्टीफन्सन स्मिथ बेडेन पावेल ने स्काउट की स्थापना युद्ध तथा अन्य मुश्किल हालात में आम जनमानस की मदद करने के लिए किया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य मुनीर आलम खां व संचालन उ.प्र. माध्यमिक शिक्षक संघ के मण्डलीय मंत्री संजय द्विवेदी तथा कमरे आलम सिद्दीकी ने किया। प्रशिक्षक जिला संगठन आयुक्त रमेश यादव व विकास कुमार ने स्काउट/गाइड प्रार्थना, झंडा गीत, स्काउट चिन्ह, झंडा गांठ, ध्रुव गांठ, कुर्सी गाँठ, सीढ़ी गांठ, स्काउट प्रतिज्ञा, स्काउट नियम आदि की जानकारी दी। सभी प्रशिक्षुओं को स्काउट/गाइड की प्रतिज्ञा व नियम को याद करवाया। रोवरिंग के उद्देश्य की भी जानकारी दी गयी। इसके पूर्व प्रबन्धक व प्रधानाचार्य ने संयुक्त शिक्षा निदेशक को स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। विद्यालय की छात्रा मनीषा की टीम ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। स्काउट की कलर पार्टी ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इस दौरान उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष मार्कण्डेय सिंह, अनिरुद्ध तिवारी, जिला गाइड कमिश्नर निशा यादव, स्काउट कमिश्नर राकेश सिंह, शैलेन्द्र सिंह, राजधारी पाल, फिरोज अहमद, सुनील कुमार विंद, मुजीबुल्लाह, शमशेर अहमद, हाजी वसी अहमद खां, हाजी शैदा हुसेन, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मुहम्मद अहमद, अब्दुल कलाम, प्रबंधक कमर आलम, जिला स्काउट आयुक्त रमेश यादव, शिवम, स्काउट मास्टर, राजेश्वरी गाइड कैप्टेन, मुनीर आलम, मु. इस्तियाक अंसारी, संजय द्विवेदी, फसीहुद्दीन, कमरे आलम, जुबैर अहमद, मोहम्मद शाहिद, अब्दुस्सलाम, ओबैदुल्लाह, मोहम्मद यूनुस, मु.परवेज़ अख्तर, ओजैर अहमद, जुनैद अहमद, सबीह अहमद, असादुल्लाह, रफी अहमद अंसारी, नसीम अहमद आदि मौजूद रहे।

## 24वीं जोनल अन्तर्जनपदीय पुलिस क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन के निर्देशानुसार विगत 27 से 30 नवम्बर तक पुलिस लाइन में आयोजित 24वीं जोनल अन्तर्जनपदीय पुलिस क्रिकेट प्रतियोगिता गुरुवार को पुलिस लाइन्स के क्रिकेट ग्राउण्ड पर सम्पन्न हुआ। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल व पुलिस अधीक्षक के द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में गोरखपुर जोन की कुल 10 टीमों ने भाग लिया। जनपद श्रावस्ती की टीम किन्ही कारणवश प्रतिभाग नही कर सकी। क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच जनपद महराजगंज व जनपद बहराइच की टीम के बीच खेला गया। महराजगंज पुलिस बहराइच पुलिस को 29 रन से हराकर प्रतियोगिता की विजेता रही। इस दौरान अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक महराजगंज ने कहा कि खेल के माध्यम से तन और मन दोनों ही स्वस्थ रहता है। इसलिए पुलिस कर्मियों को अधिक से अधिक खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करना चाहिए, जिससे वे शारीरिक व मानसिक दोनों ही तरह से स्वस्थ रहे। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया तत्पश्चात प्रतियोगिता समापन की घोषणा की गयी। इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# बीडीओ व एडीओ पंचायत ने सरकार की योजनाओं की ग्रामवासियों को दी जानकारी

### खुनियांव ब्लाक के धौरहरा मय प्रसादी में पहुंचे बीडीओ एंव एडीओ पंचायत



**अवधनामा संवाददाता**

**इटवा सिद्धार्थनगर।** सोमवार को योजनाओं के संतृप्तिकरण के लिए आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के अंतर्गत खुनियांव ब्लाक के धौरहरा मय प्रसादी में में बीडीओ राकेश शुक्ला एवं एडीओ पंचायत विकास चौधरी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित होकर ग्रामवासियों को केंद्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। तथा प्रधानमंत्री का लाइव कार्यक्रम देखा गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के अंतर्गत मेरी कहानी, मेरी जुबानी के क्रम में लाभार्थियों ने योजना से मिले लाभ से अपने जीवन में आए परिवर्तन एवं उन्नति का अनुभव सभी से साझा किया गया। बीडीओ राकेश शुक्ला ने भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न प्रकार की योजनाओ के बारे में लोगो को जानकारी दी। एडीओ पंचायत विकास चौधरी ने कहा कि आप लोग अपने आस पास के लोगो को जागरूक करे। इस दौरान आईएसबी जगनारायण चौधरी, सचिव हरेंद्र नाथ पांडे, सचिव यशवंत यादव, सचिव सईदुल्ला, बोरिंग टेक्नीशियन पंकज चौधरी, खंड प्रेरक सदानंद, कृषि विभाग, हेल्थ डिपार्मेंट, पशुपालन विभाग, एनआरएलएम से अजय अभिषेक सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आपराधिक तत्वों को पकड़ने में मिली सफलता



**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जिला पुलिस प्रमुख के सख्त निर्देशों के अनुपालन में सक्रिय हुई पुलिस को अपराधिक तत्वों, बदमाशों की धड़पकड़ में काफी सफलता मिल रही है। गुरुवार की बीती ठंड रात्रि में अकबरपुर कोतवाली और स्वाट टीम के सदस्यों को उस समय एक बड़ी कामयाबी मिली, जब इसने अवैध असलहा तस्कर गिरोह का पर्दाफाश किया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस द्वारा की गई दबिश छापामारी के दौरान अवैध असलहों, कारतूस से भरी महंगी जीप थार पकड़ में आई। पुलिस द्वारा किए गए दावे में पकड़े गए तीन असलहा तस्करों दो जौनपुर व एक सुल्तानपुर का निवासी बताया गया है। एसपी अजीत कुमार सिन्हा ने पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता में बताया कि अहम सुराग मिलने के बाद अकबरपुर कोतवाली पुलिस टीम व स्वाट टीम की संयुक्त पुलिस ने गुरुवार को भोर में साढ़े तीन बजे सूडारी घाट पुलिया के पास दबिश दी। उसमें अवैध रूप से असलहा बनाकर अपराधियों को सप्लाई की जाती थी। मौके पर मौजूद तीन आरोपियों धीरेंद्र प्रताप सिंह निवासी गैरवा थाना सरपतहा, जिला जौनपुर, विक्रांत सिंह निवासी भूसौड़ी, थाना सरपतहा जिला जौनपुर और विकास सिंह निवासी भेलारा , थाना अखण्ड नगर,जिला सुल्तानपुर को गिरफ्तार कर लिया गया।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम अंतर्गत योजनाओं के बारे में दी जानकारी

**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** योजनाओं के संतृप्तिकरण के लिए आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को विकास क्षेत्र बर्डपुर के ग्राम भगवानपुर में जिलाधिकारी पवन अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित होकर ग्रामवासियों को केंद्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी तथा प्रधानमंत्री का लाइव कार्यक्रम देखा गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के अंतर्गत मेरी कहानी, मेरी जुबानी के क्रम में लाभार्थियों ने योजना से मिले लाभ से अपने जीवन में आए परिवर्तन एवं उन्नति का अनुभव सभी से साझा किया गया।



**मेरी कहानी, मेरी जुबानी के क्रम में लाभार्थियों ने योजना के अनुभवों को सभी से किया साझा**

जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न प्रकार की योजनाओ के बारे में लोगो को जानकारी दी। जिलाधिकारी ने कहा कि आप लोग अपने आस पास के लोगो को जागरूक करे। ग्रामवासियो द्वारा मा.प्रधानमंत्री जी व मा.मुख्यमंत्री जी के प्रति धन्यवाद व आभार व्यक्त किया। इस दौरान विभिन्न विभागो प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, बाल विकास एवं पुष्टाहार, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, चिकित्सा स्वास्थ्य आयुष्मान भारत, पशुपालन विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, कृषि विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग, भारतीय स्टेट बैंक तथा अन्य विभागो द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम सम्पन्न

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन बढ़नी ब्लॉक के ग्राम पंचायत भावपुर उर्फ गुलरी में आयोजित किया गया। इस दौरान बीडीओ बढ़नी धनंजय सिंह ने उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री द्वारा चलाया गया विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में निवास कर रहे अति पिछड़े वंचित व्यक्तियों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से जोड़ा जाए और लाभान्वित किया जाए। देश के विभिन्न क्षेत्रों में निवास करने वाली अति पिछड़ी आबादी हैं जिनको सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में जानकारी नहीं हो पाती है और लाभ से वंचित रह जाते हैं प्रधान प्रतिनिधि महेश कुमार यादव ने कहा कि इस विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से सरकार की योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है, इस दौरान ग्राम पंचायत सचिव अवधेश यादव, कृषि विभाग से रामसेवक यादव, एनम रीना, स्वास्थ्यकर्मी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री आशा, हैंड मास्टर सुरेन्द्र सिंह,नरेश कुमार, पुरवासी,जाबीहुल्ला, दिवाकर गौतम, तुलसी राम, अकबर अहमद सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## कर्मचारियों के अच्छे कार्यो को कभी नही जा सकता भुलाया: नायब तहसीलदार



**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** कर्मचारियों द्वारा किये गए अच्छे कार्यो को कभी भुलाया नही जा सकता। उक्त बातें नायब तहसीलदार सदर विजय कुमार श्रीवास्तव ने कही। वह गुरुवार को तहसील नौगढ़ के सभागार में सेवानिवृत्त लेखपाल नरेन्द्र श्रीवास्तव के सम्मान में आयोजित विदाई समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को अच्छे से अच्छा कार्य करना चाहिए। सेवानिवृत्त होने के अवसर पर साथियों ने लेखपाल नरेन्द्र श्रीवास्तव को माल्यर्पण कर, अंगवस्त्र, दैनिक उपयोगी समान, धार्मिक पुस्तक भेट कर सम्मानित किया। नायब तहसीलदार विजय कुमार की अध्यक्षता एवं रामकरन गुप्ता के संचालन में आयोजित विदाई समारोह को रामकरन गुप्ता, सुधीर श्रीवास्तव, अनूप यादव, राजस्व निरीक्षक शीतल द्विवेद, विजय प्रकाश गुप्ता, गिरीश चन्द्र मिश्र, मथुरा प्रसाद, लेखपाल विनय पाण्डेय, सुधीर भारद्वाज, शिव शंकर आदि ने संबोधित किया। समारोह में अब्दुल गफ्फार, सचिन्द्र श्रीवास्तव, अम्बरीश, श्रवण शुक्ला, देवेन्द्र त्रिपाठी, राम सिंह, बिन्दुसार, ज्ञान प्रकाश द्विवेदी, रमेश गुप्ता, अमित, शशांक, सोनू शुक्ला, स्वेता कार्तिक आदि उपस्थित रहे।

# दिव्यांग बच्चों की तहसील स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**

**उसका बाजार।** दिव्यांग बच्चों की तहसील स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन बृहस्पतिवार को पूर्व माध्यमिक विद्यालय के मैदान में हुआ। बीईओ महेंद्र कुमार ने सरस्वती प्रतिमा पर दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। दिव्यांग छात्रा गुड़िया, नुजहत खातून, काजल, वंदना, स्मिता ने अपनी मेंटर चित्ररेखा मिश्रा, सुषमा पांडेय के इशारे पर फिर भी दिल है हिंदुस्तानी गाने पर प्रस्तुति कर बता दिया कि उनके हौसले के आगे दिव्यांगता कोई चुनौती नही है। वहीं खेल प्रतियोगिताओं में भी बच्चों ने अपना दमखम दिखाया।

बालिका वर्ग के जलेबी कूद में नौगढ़ की गुड़िया प्रथम, उसका की नुजहत खातून द्वितीय, लोटन की काजल तृतीय रही। बालक वर्ग में उसका के अंकित, अतुल, शिवा क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय रहे। ट्राई साइकिल दौड़ में उसका के



गौतम, तीजू प्रथम, द्वितीय और लोटन के रामदयाल तृतीय रहे। कुर्सी दौड़ में अंकित प्रथम, संदेश द्वितीय रहे। बालिका वर्ग में वंदना प्रथम और स्मिता द्वितीय रही।

रस्साकसी में कृष्णा की टीम ने नौगढ़ के कान्हा की टीम को दो एक के अंतर से हराया। सौ मीटर दौड़ में उसका के हरिराम, कृष्णा और कान्हा प्रथम, द्वितीय और तृतीय रहे। जबकि बालिका वर्ग में उसका की वंदना प्रथम, नौगढ़ की स्मिता और वंदना द्वितीय व तृतीय रही। बीईओ महेंद्र कुमार ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को बिना भेदभाव के अवसर मे समानता देनी चाहिए। इससे इनकी प्रतिभा, रुचि व योग्यता परखने में मदद मिलती है। प्रतियोगिता के अंत में समन्वयक अमित शुक्ला, हरिशंकर सिंह ने बच्चों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर रूपेश सिंह, अभय श्रीवास्तव, दिनेश मिश्र, गुलाब चंद, संतोष सिंह, सुभाष जायसवाल, प्रद्युमन सिंह, अखिलेश मिश्रा, प्रदीप सिंह, राकेश चौधरी, अजय भारती, खुर्शीद, राघवेंद्र प्रताप, सतीश चंद्र आदि मौजूद रहे।

## अली अब्बास जाफ़री ने लविवि से फ़ारसी विषय में की पीएचडी

**अवधनामा संवाददाता**

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** नगर के मोहल्ला जाफराबाद निवासी वरिष्ठ शिया धर्मगुरु मौलाना मेहंदी हसन वाइज के पुत्र अली अब्बास जाफरी को लखनऊ विश्वविद्यालय ने फारसी विषय में पीएचडी की उपाधि



प्रदान की है। अली अब्बास जाफ़री ने फिल्म और ड्रामा लेखन के संदर्भ में हुसैन पनाही के कार्यो की आलोचनात्मक समीक्षा विषय पर शोध किया है। परीक्षक बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, फारसी विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर मोहम्मद अकील थे। अली अब्बास जाफ़री ने अपना शोध पत्र फ़ारसी विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. आरिफ़ अय्यूबी की निगरानी में पूरा किया। साक्षात्कार के दौरान फारसी विभाग के अध्यक्ष डॉ. सैयद गुलाम नबी अहमद,विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. उमर कमालुद्दीन, डॉ. शबीब अनवर अल्वी, प्रो. अब्बास रजा नय्यर, प्रो. फाजिल अहसन हाशमी और डॉ. जान निसार आलम और परीक्षकों ने विषय के बारे में बात की। ज्ञात हो कि ईरानी कलाकार हुसैन पनाही के बारे में भारत में इस तरह का यह पहला लेख है। हुसैन पनाही ईरान के प्रसिद्ध कलाकार हैं जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सफलता के परचम लहराये हैं। महज़ 48 वर्ष के जीवन में हुसैन पनाही ने अनेक कला एवं कलात्मक कृतियों का सृजन कर अपने व्यक्तिगत विचारों एवं विचारों को आधुनिक शैली में प्रस्तुत किया है। जिसे साहित्य जगत कभी नहीं भूल सकता हुसैन पनाही के व्यक्तित्व और साहित्यिक सेवाओं पर एक किताब जल्द ही जारी की जाएगी। अली अब्बास जाफ़री ने अपने माता-पिता,अभिभावकों, शिक्षकों और दोस्तों को धन्यवाद दिया।

## अधिशासी अधिकारी की उपस्थिति में हुआ मतदाता पंजीकरण शिविर का आयोजन

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** शासन के निर्देश के क्रम में निर्वाचक नामावलियों में युवा मतदाताओं एवं महिला मतदाताओं की



कमी को पूरा करने के उद्देश्य से विधानसभा क्षेत्र में अवस्थित महाविद्यालय में शिविर लगाते हुए महिला मतदाताओं एवं युवा मतदाताओं को अधिक से अधिक पंजीकरण करने हेतु दिए गए निर्देश के क्रम में बुधवार को राजकीय कन्या महाविद्यालय, चौखड़ा में अधिशासी अधिकारी महेश प्रताप श्रीवास्तव की उपस्थिति में मतदाता पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की छात्र/छात्राएं अधिक संख्या में उपलब्ध रहें। अधिशासी अधिकारी महेश प्रताप श्रीवास्तव द्वारा सभी छात्रों को पंजीकरण कराने के लिए जागरूक किया गया जिससे आने वाले समय में छात्र अपने भविष्य का प्रतिनिधित्व कर सकें। शिविर में 28 छात्र/छात्राओं का पंजीकरण किया गया और जो छात्र डॉक्यूमेंट नही लाए थे उन्हें फॉर्म आवंटित कर अपने बीएलओ को उपलब्ध कराने के लिए कहा गया। महाविद्यालय के तरफ से प्रो. अजय कुमार और लेखपाल आशीष चौरसिया द्वारा सभी छात्रों को मतदान के संबंध में विशेष रूप से जागरूक किया गया। इस शिविर में लिपिक हसन ताकीब रिजवी, महंथ मिश्रा, अर्पित द्विवेदी, बीएलओ कृष्ण किशोर, ओम प्रकाश चौधरी, सुनीता देवी, जय प्रकाश आदि महाविद्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## प्रचार-प्रसार किया गया

**बस्ती।** विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम पंचायत सचिवालय मड़वानगर, विकास खण्ड बस्ती सदर बस्ती में एलईडी वैन के माध्यम से भारत सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया, जिसमें मा. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लाइव प्रसारण के माध्यम से उनका उद्बोधन सुना गया। प्रधानमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से ड्रोन दीदी, 10 हजार प्रधानमंत्री जनऔषधि केन्द्र का शुभारम्भ किया।

इस अवसर पर उन्होने कहा कि ड्रोन दीदी का संचालन स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किया जायेंगा, जिससे इनके आय में वृद्धि होगी। इसके लिए आने वाले समय में इनको प्रशिक्षण भी दिया जायेंगा, जिससे इसका संचालन कुशलतापूर्वक कर सके। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री जनऔषधि केन्द्र के माध्मय से गरीब परिवारों को सस्ती दवाये मिलेंगी। इससे बीमारी के बचाव के साथ-साथ पैसों की भी बचत होगी। उन्होने कहा कि इस केन्द्र पर लगभग 80 प्रतिशत सस्ते दर पर दवाये मिलेंगी।

## सीडीओ की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण पर्यावरणीय एवं गंगा समिति की बैठक




**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** सामाजिक वानिकी वन प्रभाग के तत्वावधान में गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की अध्यक्षता एवं डीएफओ पुष्प कुमार के0 की उपस्थिति में जिला वृक्षारोपण, जिला पर्यावरणीय समिति एवं जिला गंगा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि वृक्षारोपड़ कराये गये पेड़ों को बचाने हेतु ट्री-गार्ड लगवायें तथा जियो टैगिंग कराये जिससे पेड़ों को सुरक्षित रखा जाये। नदियों में गंदा पानी न जाने पाये। प्रदूषण कन्ट्रोल बोर्ड द्वारा नदियों के जल की गुणवत्ता की जांच कराने का निर्देश दिया गया। सीडीओ ने कृषि विभाग द्वारा बंधा व नदी के बीच के क्षेत्र में जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए गोष्ठी के माध्यम से लोगो को जागरूक करने का निर्देश संबधित अधिकारी को दिया। डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने हेतु अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत को निर्देश दिया। बैठक के अंत में डीएफओ ने समस्त उपस्थित अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। बैठक में अपर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा डीके चौधरी, डीसीमनरेगा रविशंकर पाण्डेय, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा जीवनलाल, उपायुक्त उद्योग दयाशंकर सरोज, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई निर्माण खण्ड आर.के.सिंह, ड्रेनेज खण्ड आरके नेहरा, समस्त नगर पालिका परिषद /नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी, क्षेत्रीय वन अधिकारी गण समेत अन्य संबधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# मोहम्मद अनीस को उत्तर प्रदेश कांग्रेस का सचिव बनाये जाने पर बढ़ा मान: अमित वर्मा

**अवधनामा संवाददाता**

**अम्बेडकरनगर।** आम जनता और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच सदैव अपने संघर्ष और संगठन के प्रति निष्ठा से समर्पित मो अनीश खान के उप्र कांग्रेस सचिव बनाये जाने पर जनपद अम्बेडकर नगर का मान प्रदेश में बढ़ा है जिला कांग्रेस अध्यक्ष अमित कुमार वर्मा कांग्रेस कार्यालय पर नवनियुक्त प्रदेश सचिव मो अनीश खान के सम्मान में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे उन्होंने कहा कि सुल्तानपुर प्रभारी रहते हुये मो अनीश खान को उनकी कार्यप्रणाली और परिश्रम का पुरस्कार कांग्रेस नेतृत्व ने दिया। जिला कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी डा विजय शंकर तिवारी ने बताया कि उप्र कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय की कमेटी में प्रदेश सचिव नियुक्त हुए मो अनीश खान के सम्मान में आज जिला कांग्रेस मुख्यालय पर जिलाध्यक्ष अमित कुमार वर्मा की अध्यक्षता और जिला



युवा कांग्रेस अध्यक्ष विशाल वर्मा के संचालन में स्वागत समारोह आयोजित किया गया जिसमें समस्त कांग्रेसजनों ने तीसरी बार प्रदेश सचिव बने मो अनीश खान को फूल माला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया। उप्र कांग्रेस के सचिव मो अनीश खान अपने स्वागत से अभिभूत हो भावुकतापूर्ण शब्दों में समस्त कांग्रेसजनों का आभार जताते हुए कहा कि उनकी हर सांस अंतिम क्षण तक कांग्रेस और जनहित के लिए समर्पित है जहाँ आम जनता और किसी साथी का पसीना बहेगा मैं अपना खून पसीना बहा दूंगा और उनका हक दिलाऊंगा एआईसीसी सदस्य और पूर्व जिलाध्यक्ष सै मेराजुद्दीन किछौछवी तथा पूर्व जिलाध्यक्ष राम कुमार पाल ने कहा कि मो अनीश खान जमीनी नेता हैं उनका काम सुल्तानपुर में जमीन पर दिख रहा है वह जनता के दिलों में हैं। उप्र कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कृष्ण कुमार पांडेय कक्कू, उप्र कांग्रेस के पूर्व सचिव अमित जायसवाल, उप्र कांग्रेस सोशल मीडिया महासचिव संजय तिवारी ने कहा कि मो अनीश खान ने अपना पूरा जीवन कांग्रेस की नीतियों और जनहित में संघर्ष को समर्पित कर दिया है।

## 'चूहों' ने बचाई जिंदगियां

शब्दों के अभिधा रूप में मत जाइए। भगवान गणेश के वाहन भी 'मूषक' हैं। उनकी शारीरिक बनावट और क्षमता प्रतीकात्मक है। इसी संदर्भ में सोचिए कि सुरंग के भीतर कठोर मलबे को उन्होंने चूहों की तरह कुतर-कुतर कर रास्ता बना दिया। नतीजतन सुरंग में 17 दिनों से फंसे मजदूरों को 'नई जिंदगी' मिली। यकीनन 'चूहा होल खनिक' उन मजदूरों और उनके परिवारों के लिए 'देवदूत' बनकर आए। शायद नियति यही तय होगी। अलबत्ता 'राष्ट्रीय हरित अभिकरण' सरीखे पर्यावरण के रखवालों ने इन चूहों के खनन पर पाबंदी लगा रखी है। अंतरराष्ट्रीय स्तर की अत्याधुनिक मशीन का इस्तेमाल किया गया। वह बार-बार टूटती रही। अंततः उसके टुकड़े ही मलबे में फंस गए। नाकामी का एहसास गहराने लगा था, लेकिन सामने 41 जिंदगियों का सवाल था। पचासियों ख्याति प्राप्त वैज्ञानिकों और इंजीनियरों ने कई योजनाएं बनाई। उन दिशाओं में भी खुदाई शुरू की गई। पहाड़ के ऊपर से भी ड्रिलिंग की गई और करीब 45 मीटर का रास्ता भी सामने खुलने लगा। सवाल, चिंताएं और सरोकार 41 मजदूरों की जिंदगियों और परिवारों से जुड़े थे। सुरंग बनाने की तकनीक और उनकी उपयोगिता तथा उनसे जुड़े जोखिम भी थे। यदि उत्तराखंड का यह हादसा, भगवान ऐसा क्यों करते, त्रासदियों में बदल जाता, तो भारत के विकास और प्रौद्योगिकी की साख पर थू-थू की जाती। मानवाधिकार के सवाल भी किए जाते और राजनीतिक विरोध के साथ-साथ जन-आंदोलन भी शक्ल अख्तियार करने लगते। पहाड़ों को तोडने, चीरने-फाडने और नतीजतन भू-स्खलन और बाढ़ जैसे प्रलयों को लेकर भी सवाल उठाए जाते। भारत की प्रतिष्ठा कई कोणों से दांव पर थी। हालांकि ये सवाल आज भी जिंदा हैं, क्योंकि खासकर सुरंग जैसी परियोजनाओं की सुरक्षा को लेकर हमारी सरकारें और व्यवस्थाएं गंभीर नहीं हैं। हालांकि कई बेहद मजबूत सुरंगें भी हमारे देश में हैं। उनके नीचे से रेलगाडियां गुजरती हैं। राजमार्ग खुलते हैं। सेनाएं गुजरती हैं। बहरहाल उस अनिश्चित माहौल में 12 'मानवीय चूहों' की मदद ली गई। बुनियादी रूप से ये 'रैट होल माइनर्स' भी मजदूर हैं और बहुत गरीब परिवारों से आते हैं।

वे बेशकीमती खनिजों की खदानों के खौफनाक माहौल में कुतर-कुतर काम करते हैं और देश के संसाधनों को 'वैभव' प्रदान करते हैं, लेकिन खनन माफिया उन जोखिमों का मेहनताना भी बहुत कम देता है। यहां भी शोषण जारी रहता है, जबकि 'चूहा-खनन' करते हुए कई हादसे भी हुए हैं। खनिकों को जान गंवानी पड़ी है, लेकिन उनके मुआवजे भी 'ऊंट के मुंह में जीरा' समान रहे हैं। पाबंदी के बावजूद यह 'चूहा-बल' पूर्वोत्तर राज्यों में अक्सर काम करता है। इसके अलावा अफ्रीका, दक्षिण अमरीका, एशिया के कई देशों और ऑस्ट्रेलिया सरीखे देश में भी सक्रिय काम कर रहे हैं। वे कोयला खदानों में भी कुतर-कुतर कर कोयला जैसा ईंधन निकालते हैं। उनके लिए पर्याप्त कायदे-कानून और श्रम-नियम भारत में भी नहीं हैं। बहरहाल हम सिलक्यारा सुरंग प्रकरण में एनडीआरएफ, राज्य आपदा प्रबंधन, सेना, रेलवे, ओएनजीसी, आईटीबीपी, तीन देशों के 10 विदेशी विशेषज्ञों आदि के मूल्यवान प्रयासों को कमतर नहीं आंक रहे हैं। बेशक इतना बड़ा और पेचीदा ऑपरेशन एक सामूहिक प्रयास ही था, लेकिन 'चूहा खनिकों' के प्रयास जिंदगी निश्चित करने वाले साबित हुए। मजदूर स्वस्थ और प्रसन्न हैं। फिलहाल वे डॉक्टरों की निगरानी में रहेंगे, ताकि शरीर के भीतर होने वाली विसंगतियों को पकड़ा जा सके और उनका उचित इलाज किया जा सके। करीब 400 घंटों के बाद 41 मजदूरों ने खुला आसमान देखा है, ठंडी हवा के झोंके महसूस किए हैं, तालियां बजाकर उनका स्वागत करने वाले चेहरों को देखा है। यह सकारात्मक कदम है कि मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने सभी मजदूरों को 1-1 लाख रुपए की मदद दी है। मौजूदा सुरंग समेत कई परियोजनाओं में 'एस्केप रूट' नहीं बनाए जाते। सुरंगों की निरंतर समीक्षा नहीं की जा रही है। इस पर गौर हो।

## एड्स न फैले ऐसे उपाय अपनाएं



सुरेश सिंह बैस

संपूर्ण विश्व में 1 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है! इसका उददेश्य पूरे विश्व के लोगों को एकजुट होकर इस बीमारी का मुकाबला करना है। इस बारे में बात करें। इसे फैलने से और एडस से पीडित व्यक्ति की देखभाल करें। भारत में एड्स जैसी जानलेवा बीमारी ने एक समय बच्चों को भी अपनी गिरफ्त में ले लिया था। इस पर डॉ. कृपा शंकर तिवारी की पुस्तक एड्स और समाज में इस खतरे की ओर लोगों का ध्यान खींचा है। पुस्तक के अनुसार भारत में एड्स का पहला मामला 1986 में सामने आया और तबसे लगभग सत्तर लाख लोग एच. आई. वी. संक्रमण की चपेट में आ गये है। पुस्तक के अनुसार कचरा बीनने वाले बच्चे, मजदूर (बाल), असंगठित छोटे उद्योगों में काम करने वाले बच्चे, रेलवे प्लेटफार्मों, बस अड्डों एवं सिनेमा हालों के इर्दगिर्ट जमा होने वाले कम उम्र के बच्चे यौन अत्याचार के शिकार होते है। यौन शोषण करने वाले अधिकतर लोग या तो समलैंगिक होते हैं या किसी न किसी नशे की लत के शिकार होते हैं। पुस्तक में कहा गया है कि भारतीय परिस्थिति में एड्स का इलाज करा पाना व्यवहारिक नहीं है। जिसका मुख्य कारण - स्वास्थ्य के प्रति अपेक्षित गंभीरता न होना एवं निर्धनता। इसलिये इस बात की तत्काल आवश्यकता है कि एड्स संक्रमित बच्चों और उनके अभिभावकों की समस्याओं के लिये निदान केन्द्र खोले जायें। वहीं अच्छे स्वास्थ्य का वातावरण बनाने हेतु व व्यापक पैमाने पर कदम उठाये जायें, यह भी उतना ही आवश्यक होगा कि सरकार के साथ हम गंभीर होना होगा, एवं आम जन को ही एड्स निदान का सार्थक प्रयास करना पड़ेगा। तभी तो एड्स जड़ मूल से समाप्त हो सकेगा अन्यथा नहीं! एड्स महानगरीय सभ्यता की देन है। इसके निदान के लिए भी समुचित इलाज खोज लिया गया है। किंतु आज विश्व अधुनातन परिवेश में सिकुड़कर एक गांव हो गया है। अतः देहातों तक इसका खतरा पहुँच चुका है। फिलहाल तो एड्स की उचित जानकारी रखना ही एकमात्र बचाव है। अतः इससे बचने के क्या उपाय हैं, इसकी जानकारी रखना अत्यंत आवश्यक है। आधुनिक विश्व में परमाणु बम से ज्यादा खतरा एड्स से हैं। संयम के अलावा वैज्ञानिक साधनो के उपयोग से ही इससे बचा जा सकता है। साथ ही अपने जीवन ऊर्जा का उपयोग सृजनात्मक दिशा में करने से निश्चय ही एड्स ही नहीं बल्कि इस प्रकार की सभी बीमारियों से बचा जा सकता है। एड्स का पूरा नाम एक्वायर्ड एम्युनों डिफिसिवेंसी सिड्रोम है। इस बीमारी में मनुष्य की बीमारियों से लड़ने की प्रतिरोधक क्षमता बहुत कम हो जाती है। फलतः होता यह है कि मनुष्य छोटी से छोटी बीमारी में भी मौत के मुंह में चले जाता है। धीरे-धीरे मनुष्य को एकसाथ कई बीमारी जकड़ लेती है ।मनुष्य के रक्त में श्वेत रुधिर कणिकायें होती हैं जो कि मनुष्य को बीमारियों से बचाती है परंतु इस बीमारी में यह श्वेत रक्त कणिकायें एकदम कम हो जाती है।एड्स एक अति सूक्ष्म वायरस द्वारा होता है, यह वायरस एक मनुष्य से दूसरे मनुष्य में, नशा करने वालों में, क्योंकि के एक के बाद नशे की सुई लेते हैं, वेश्याओं में, एक से अधिक लोगों से शारीरिक संबंध रखने वालों में, समलैंगिकों में, वहीं बार-बार खून लेने व देने वालों में भी एड्स के जीवाणु फैल सकते हैं। साथ ही एड्स से पीड़ित महिला के पैदा होने वाले बच्चे में भी वह फैलता है। एड्स के जीवाणु शरीर के बाहर 15-20 मिनट में ही मर जाते हैं। इसलिये इंजेक्शन, सुई को बीस मिनट तक उबालना चाहिये जिससे संक्रमण की संभावना बिलकुल ही समाप्त हो जाती है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

पहली बैठक 'वॉयस ऑफ द ग्लोबल साउथ समिट' ने बहुपक्षवाद की एक नई शुरुआत की। इस बैठक के दो संस्करण आयोजित हुए। भारत अंतर्राष्ट्रीय विमर्श में ग्लोबल साउथ के देशों की चिंताओं को मुख्यधारा में लाने में सफल रहा। इससे एक ऐसे युग की शुरुआत हुई है, जहां विकासशील देशों को ग्लोबल नरैटिव की दिशा तय करने का उचित अवसर प्राप्त होगा। समावेशिता की वजह से ही जी-20 में भारत के घरेलू दृष्टिकोण का भी प्रभाव दिखा। इस आयोजन ने लोक अध्यक्षता का स्वरूप ले लिया, जोकि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र होने की दृष्टि से बिल्कुल सही था।

# एक उज्जवल भविष्य की ओर : भारत की जी-20 अध्यक्षता



नरेन्द्र मोदी

भारत द्वारा जी-20 की अध्यक्षता ग्रहण करने के आज 365 दिन पूरे हो गए हैं। यह 'वसुधैव कुटुंबकम', 'One Earth, One Family, One Future' की भावना को प्रतिबिंबित करने, इसके लिए पुनः प्रतिबद्ध होने और इसे जीवंत बनाने का क्षण है। जब पिछले वर्ष भारत को यह जिम्मेदारी मिली थी, तब विश्व विभिन्न चुनौतियों से जूझ रहा था कोविड-19 महामारी से उबरने का प्रयास, बढ़ते जलवायु खतरे, वित्तीय अस्थिरता और विकासशील देशों में ऋण संकट, जैसी चुनौतियां दुनिया के सामने थीं। इसके अलावा, कमजोर होता मल्टीलैटरलइज्म यानी बहुपक्षवाद इन चुनौतियों को और गंभीर बना रहा था। बढ़ते हुए संघर्ष और प्रतिस्पर्धा के बीच, विभिन्न देशों में परस्पर सहयोग की भावना में कमी आई और इसका प्रभाव वैश्विक प्रगति पर पड़ा।

जी-20 का अध्यक्ष बनने के बाद, भारत ने दुनिया के सामने जीडीपी-केंद्रित सोच से आगे बढ़कर मानव-केंद्रित प्रगति का विजन प्रस्तुत किया। भारत ने दुनिया को यह याद दिलाने प्रयास किया कि कौन सी चीजें हमें जोड़ती हैं। हमारा फोकस इस बात पर नहीं था कि कौन सी चीजें हमें विभाजित करती हैं। अंततः भारत के इन प्रयासों का परिणाम आया, वैश्विक संवाद आगे बढ़ा और कुछ देशों के सीमित हितों के ऊपर कई देशों की आकांक्षाओं को महत्व दिया गया। जैसा कि हम जानते हैं, इसके लिए बहुपक्षवाद में मूलभूत सुधार की आवश्यकता थी।

समावेशी, महत्वाकांक्षी, कार्रवाई-उन्मुख और निर्णायक - ये चार शब्द जी-20 के अध्यक्ष के रूप में भारत के दृष्टिकोण को परिभाषित करते हैं। नई दिल्ली लीडर्स डिक्लेरेशन (एनडीएलडी), जिसे सभी जी-20 सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अपनाया गया है, इन सिद्धांतों पर कार्य करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। समावेश की भावना हमारी अध्यक्षता के केंद्र में रही है। जी-20 के स्थायी सदस्य के रूप में अफ्रीकी संघ (एयू) को शामिल करने से 55 अफ्रीकी देशों को इस समूह में जगह मिली है, जिससे इसका विस्तार वैश्विक आबादी के 80 प्रतिशत तक पहुंच गया है। इस सक्रिय कदम से वैश्विक चुनौतियों और अवसरों पर जी-20 में विस्तार से बातचीत को बढ़ावा मिला है।

भारत द्वारा अपनी तरह की पहली बैठक 'वॉयस ऑफ द ग्लोबल साउथ समिट' ने बहुपक्षवाद की एक नई शुरुआत की। इस बैठक के दो संस्करण आयोजित हुए। भारत अंतर्राष्ट्रीय विमर्श में ग्लोबल साउथ के देशों की चिंताओं को मुख्यधारा में लाने में सफल रहा। इससे एक ऐसे युग की शुरुआत हुई है, जहां विकासशील देशों को ग्लोबल नरैटिव की दिशा तय करने का उचित अवसर प्राप्त होगा। समावेशिता की वजह से ही जी-20 में भारत के घरेलू दृष्टिकोण का भी प्रभाव दिखा। इस आयोजन ने लोक अध्यक्षता का स्वरूप ले लिया, जोकि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र होने की दृष्टि से बिल्कुल सही था।




जनभागीदारी कार्यक्रमों के माध्यम से, जी-20 1.4 बिलियन नागरिकों तक पहुंचा और इस प्रक्रिया में सभी राज्यों एवं केन्द्र-शासित प्रदेशों (यूटी) को भागीदार के रूप में शामिल किया गया। भारत ने यह सुनिश्चित किया कि मुख्य विषयों पर अंतर्राष्ट्रीय समुदाय का ध्यान जी-20 के दायित्वों के अनुरूप विकास के व्यापक लक्ष्यों की ओर हो। 2030 के एजेंडे को ध्यान में रखते हुए भारत ने, सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) में तेजी लाने के लिए जी-20 का 2023 एक्शन प्लान पेश किया। इसके लिए भारत ने स्वास्थ्य, शिक्षा, लैंगिक समानता, पर्यावरणीय स्थिरता सहित परस्पर जुड़े मुद्दों पर एक व्यापक एक्शन ओरिएंटेड दृष्टिकोण अपनाया।

इस प्रगति को संचालित करने वाला एक प्रमुख क्षेत्र मजबूत डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) है। इस मामले में आधार, यूपीआई और डिजिलॉकर जैसे डिजिटल इनोवेशन के क्रांतिकारी प्रभाव को प्रत्यक्ष रूप से अनुभव करने वाले भारत ने निर्णायक सिफारिशें दीं। जी-20 के माध्यम से, हमने डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर रिपॉजिटरी को सफलतापूर्वक पूरा किया जोकि वैश्विक तकनीकी सहयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रगति है। कुल 16 देशों के 50 से अधिक डीपीआई को शामिल करने वाली यह रिपॉजिटरी, समावेशी विकास की शक्ति का लाभ उठाने के लिए ग्लोबल साउथ को डीपीआई का निर्माण करने, उसे अपनाने और व्यापक बनाने में मदद करेगी। One Earth की भावना के तहत, हमने तात्कालिक, स्थायी और न्यायसंगत बदलाव लाने के महत्वाकांक्षी एवं समावेशी लक्ष्य पेश किए। घोषणा का 'ग्रीन डेवलपमेंट पैक्ट' एक व्यापक रोडमैप की रूपरेखा तैयार करके भुखमरी से निपटने और पृथ्वी की रक्षा के बीच चुनाव करने की चुनौतियों का समाधान करता है। इस रोडमैप में रोजगार एवं इकोसिस्टम एक-दूसरे के पूरक हैं, उपभोग जलवायु परिवर्तन के प्रति सचेत है और उत्पादन पृथ्वी के अनुकूल है। साथ ही, जी-20 घोषणा में 2030 तक रीन्यूबल एनर्जी की वैश्विक क्षमता को तीन गुना करने का महत्वाकांक्षी आह्वान किया गया है। ग्लोबल बायोफ्यूल्स अलायंस की स्थापना और ग्रीन हाइड्रोजन को अपनाने की दिशा में एक ठोस प्रयास के साथ एक स्वच्छ एवं हरित दुनिया बनाने संबंधी जी-20 की महत्वाकांक्षाएं निर्विवाद हैं। यह हमेशा से भारत का मूल्य रहा है और सतत विकास के लिए जीवनशैली (LiFE) के माध्यम से, दुनिया हमारी सदियों पुरानी परंपराओं से लाभान्वित हो सकती है। इसके अलावा घोषणापत्र में जलवायु न्याय और समानता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया है, जिसके लिए ग्लोबल नॉर्थ से पर्याप्त वित्तीय और तकनीकी सहायता देने का अनुरोध किया गया है। पहली बार विकास के वित्तपोषण से जुड़ी कुल राशि में भारी बढ़ोतरी की जरूरत को स्वीकार किया गया जो अरबों डॉलर से बढ़कर खरबों डॉलर हो गई है। जी-20 ने यह माना कि विकासशील देशों को वर्ष 2030 तक अपने 'राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी)' को पूरा करने के लिए 5.9 ट्रिलियन डॉलर की आवश्यकता है।

इतने ज्यादा संसाधन की आवश्यकता को देखते हुए जी-20 ने बेहतर, ज्यादा विशाल और अधिक प्रभावकारी मल्टीलैटरल डेवलपमेंट बैंक के महत्व पर विशेष जोर दिया। इसके साथ-साथ भारत संयुक्त राष्ट्र में सुधारों को लागू करने, विशेष रूप से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद जैसे प्रमुख संस्थानों के पुनर्गठन में अग्रणी भूमिका निभा रहा है, जिससे और भी अधिक न्यायसंगत वैश्विक व्यवस्था सुनिश्चित होगी। नई दिल्ली घोषणापत्र में महिला-पुरुष समानता को केंद्र में रखा गया, जिसकी परिणति अगले वर्ष महिलाओं के सशक्तिकरण पर एक विशेष वर्किंग ग्रुप के गठन के रूप में होगी। भारत का महिला आरक्षण विधेयक 2023, जिसमें भारत की लोकसभा और राज्य विधानसभा की एक तिहाई सीटों को महिलाओं के लिए आरक्षित किया गया है, महिलाओं के नेतृत्व में विकास के प्रति हमारी वचनबद्धता का प्रतीक है। नई दिल्ली घोषणापत्र इन प्रमुख प्राथमिकताओं में सहयोग सुनिश्चित करने की एक नई भावना का प्रतीक है, जो नीतिगत स्पष्टता, विश्वसनीय व्यापार, और महत्वाकांक्षी जलवायु कार्रवाई पर केंद्रित है।

# खालिस्तान समर्थकों की हताशा से उपजी अभद्रता

अपने राजनीतिक स्वार्थों के लिये कनाड़ा, अमेरिका, ब्रिटेन और आस्ट्रेलिया में कुछ खालिस्तान समर्थकों को संरक्षण मिलना, एक चिनगारी को आग बनाने एवं दुनिया में अशांति, हिंसा एवं आतंक के लिये उर्वरा भूमि तैयार करना है। कनाडा में प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रुडो की लोकप्रियता महंगाई और बेरोजगारी तथा लड़खड़ाती अर्थव्यवस्था के चलते घट चुकी है और वह जैसे-तैसे अपना पद बचाने के लिए जुगाड़ में लगे हैं और इसके लिये खालिस्तान समर्थकों की अलगाववादी गतिविधियों को बल दे रहे हैं।



ललित गर्ग

अमेरिका के न्यूयार्क में लांग आइलैंड क्षेत्र में गुरुपर्व के मौके पर गुरुद्वारे में माथा टेकने गए भारतीय राजदूत तरणजीत सिंह संधू से खालिस्तान समर्थकों की धक्का-मुक्की और शर्मनाक व्यवहार न केवल निन्दनीय है बल्कि सिख धर्म की पवित्र, मर्यादामय एवं शांतिप्रिय परम्परा को धुंधलाने का कुत्सित प्रयास है। सिखधर्म के संस्थापक, मानवीय मूल्यों के प्रेरक एवं राष्ट्रीयता के सुदृढ़ आधार महान धर्मगुरु के जन्मोत्सव-गुरुपर्व जैसे पवित्र एवं पावन अवसर पर ऐसी हरकत करने वाले सच्चे सिख कैसे हो सकते हैं? ऐसे खालिस्तान समर्थकों ने आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के लिए राजदूत संधू को जिम्मेदार ठहराते हुए उनके विरुद्ध नारेबाजी-धक्कामुक्की करना एवं अपने गुरुद्वारे की चौखट पर माथा टेकने आये इस विशिष्ट अतिथि एवं साधर्मिक पर हत्या की साजिश का आरोप लगाना हर दृष्टिकोण से तीव्र भर्त्सनापूर्ण है। कनाड़ा एवं अमेरिका में बढ़ रही हिन्दू विरोधी घटनाएं के पीछे छिपी दोनों देशों की मंशा एवं नियत की अनदेखी करना भारी भूल होगा क्योंकि इससे भारतीय संदर्भों में नई जटिलताएं खड़ी हो सकती है और इसका असर द्विपक्षीय संबंधों पर भी पड़ेगा।

जिस तरह दुनिया में मुस्लिम आतंकवाद चिन्ता का विषय है, ठीक उसी तरह खालिस्तानी आतंकवाद भी भारत सहित दुनिया के लिये एक बड़ा संकट बन रहा है। अपने राजनीतिक स्वार्थों के लिये कनाड़ा, अमेरिका, ब्रिटेन और आस्ट्रेलिया में कुछ खालिस्तान समर्थकों को संरक्षण मिलना, एक चिनगारी को आग बनाने एवं दुनिया में अशांति, हिंसा एवं आतंक के लिये उर्वरा भूमि तैयार करना है। कनाडा में प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की लोकप्रियता महंगाई और बेरोजगारी तथा लड़खड़ाती अर्थव्यवस्था के चलते घट चुकी है और वह जैसे-तैसे अपना पद बचाने के लिए जुगाड़ में लगे हैं और इसके लिये खालिस्तान समर्थकों की अलगाववादी गतिविधियों को बल दे रहे हैं या इन गतिविधियों से इतने अनजान हो जाते हैं कि वे चाहे-अनचाहे उनकी राह आसान कर देते हैं। कनाडा में खालिस्तानी तत्व लगातार हिन्दू मंदिरों के बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं और गुरपतवंत सिंह पन्नू ने तो यह धमकी भी दी है कि कनाडा से हिन्दुओं को निकाला जाना चाहिए। पन्नू ने हाल ही में एयर इंडिया के विमानों को निशाना बनाने की धमकी दी थी और वह लगातार भारत के विरुद्ध जहर उगल रहा है। प्रधानमंत्री ट्रूडो का इन साजिशों एवं धमकियों को नजरअंदाज करने का कारण उनका खालिस्तान समर्थकों से समझौता होना बताया जाता है। इसी के चलते जस्टिन ट्रूडो एक के बाद एक गलतियां कर रहे हैं, जिसके चलते कनाडा में किसी दूसरे देश की तुलना में ज्यादा ड्रग तस्कर, आतंकी और गैंगस्टर मौजूद हैं। यह वही खालिस्तानी हैं जिन्होंने भारत के




कनिष्क विमान को उड़ा दिया था, जिसमें 300 से ज्यादा कनाडाई नागरिक मारे गए थे। वहां खालिस्तान समर्थक अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं। क्या कनाड़ा अपनी धरती पर आतंकवाद को पोषण देकर बिन बुलाये एक गंभीर समस्या को नहीं न्यौत रहा है?

कनाड़ा की ही भांति अमेरिका भी खालिस्तानी आतंक को पनपा रहा है। यही कारण है कि अमेरिका ने तो भारत को यहां तक कह दिया था कि वह आतंकवादी निज्जर की हत्या की जांच में कनाडा को सहयोग करेगा। हैरानी इस बात की है कि जिस अमेरिका ने ओसामा बिन लादेन की तलाश में अफगानिस्तान की तेरा बोरा पहाड़ियों की खाक छानी और अंततः पाकिस्तान में घुसकर लादेन को मारा था, जिस अमेरिका ने अफगानिस्तान में छिपे बैठे अल जवाहरी को ड्रोन मिसाइल से मार गिया और जिस अमेरिका ने इराक में घुसकर सद्दाम हुसैन को ढूंढकर फांसी पर चढ़ाया था उसे आतंकी निज्जर की हत्या और पन्नू पर हमले की साजिश की इतनी चिंता क्यों है? जबकि अमेरिका एक तरफ भारत से व्यापारिक और रणनीतिक साझेदारी बढ़ा रहा है। दूसरी तरफ वह खालिस्तानी आतंकवाद के मामले में दोगली चाल चल रहा है। अगर भारत और कनाडा के बीच तनाव बढ़ा तो अमेरिका की कूटनीतिक प्राथमिकताओं के चलते वह कनाड़ा का साथ देगा। इसका कारण कनाडा अमेरिका का सबसे बड़ा कारोबारी साझेदार एवं उनके पारम्परिक रिश्ते हैं। ट्रुडो ने खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत की भूमिका को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं, अमेरिका ने ही इस मामले में उन्हें खुफिया जानकारी उपलब्ध कराई थी। अमेरिका ने अपने देश की भूमि पर पन्नू की हत्या की साजिश को न केवल नाकाम किया बल्कि इस साजिश में भारत के शामिल होने का आरोप लगाया है। इसके बाद अमेरिका की भूमिका को लेकर सवाल उठ खड़े हुए हैं। अमेरिका एवं कनाड़ा की खालिस्तान समर्थकों को लेकर भूमिका संदेह एवं शंकाग्रस्त ही रही है। पिछले कुछ समय से कनाडा, अमेरिका, ब्रिटेन और आस्ट्रेलिया में कुछ खालिस्तान समर्थकों ने जिस तरह की हरकतें करनी शुरू कर दी हैं, उससे यही लगता है कि भारत में मनमानी करने में मिली हताशा को अब वे दूसरे देशों में अभिव्यक्त कर रहे हैं। लेकिन सरकार देश के साथ विदेश की धरती पर बढ़ रही खालिस्तान समर्थकों की घटनाओं को लेकर सतर्क एवं सावधान है। विशेषतः आतंकवादी पन्नू पर उसकी नजर है, क्योंकि वह अमेरिका में रहकर पंजाब में खालिस्तानी अलगाववादी मुहिम चला रहा है। भारत ने उसे आतंकवादी घोषित कर रखा है और उस पर एक दर्जन से ज्यादा केस दर्ज हैं। वह कथित खालिस्तान की स्थापना को लेकर डींगे हांकता एवं षड़यंत्र रचता रहता है। एक आतंकी इतना प्रभावशाली हो चुका है जो कनाडा में रह रहे भारतीय समुदाय को धर्म के आधार पर विभाजित करने के साथ भारत की एकता और अखण्डता को खंडित करने की कोशिश कर रहा है। सिख समुदाय के लोग भी शांति चाहते हैं और अपने धर्म की आदर्श परम्पराओं को घूमिल होने से बचाने की कोशिश करते हैं। यही कारण है कि उन्होंने लांग आइलैंड गुरुद्वारे में उत्पाद मचाने की कोशिश करने वाले खालिस्तान समर्थकों को गुरुद्वारे से बाहर निकाल दिया। सिख समुदाय के लोगों ने यह साबित किया कि अवांछित हरकत करने वाले लोगों को सिख-प्रतिनिधि चेहरे के तौर पर नहीं देखा जा सकता। गिनती के कुछ लोग अगर खालिस्तान समर्थन के नाम पर मनमानी करने की उन्मादी कोशिश कर रहे हैं तो वे कामयाब नहीं होंगे। गुरुद्वारे के भीतर ही सिख समुदाय के लोगों ने राजदूत का जोरदार स्वागत करके खालिस्तान समर्थकों के मजसूबों पर पानी फैर दिया। वहां मौजूद राजदूत ने स्पष्ट किया कि भारत सरकार विदेश में बसे भारतीयों और सिख समुदाय के साथ करीबी रिश्ता कभी नहीं टूटने देगा। जाहिर है, अलगाववाद के झांसे में ज्यादातर सिख नहीं आ रहे हैं और उनकी प्राथमिकताओं में भारत की एकता, अमनचैन एवं सिखधर्म की मजबूत मर्यादाएं एवं शालीन परम्पराएं ही है।

# कुपोषित बच्चों से कैसे बनेगा स्वस्थ समाज?

2011 की जनगणना के आंकड़ों के अनुसार बिहार में 0 से 18 साल के बच्चों की कुल संख्या करीब 5.97 करोड़ है। इनमें मुजफ्फरपुर जिले में अनुमानतः 10.62 लाख बच्चे हैं, जिनमें करीब 4.5 लाख बच्चे कुपोषित बताए जाते हैं। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे की रिपोर्ट के अनुसार, जिले में 42.7 फीसदी बच्चे कुपोषित हैं। यह स्थिति तब है, जब जिले के हर प्रखंड के लगभग सभी पंचायतों में करीब 3981 आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन हो रहा है। इसके अलावा सदर अस्पताल में 20 बेड का पोषण पुनर्वास केंद्र भी चल रहा है। लेकिन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों की उदासीनता के कारण एनआरसी में बच्चे नहीं आ पाते हैं।



रिंकू कुमारी

लखींद्र सहनी दूसरे के खेतों में मजदूरी करते हैं। पत्नी के अलावा उनकी छह बेटियां और चार बेटे हैं। सबसे बड़ी बेटी की कम उम्र में ही शादी हो गयी और सबसे छोटी पांच साल से कम उम्र की है। सबसे बड़ा बेटा किशोरावस्था में ही दूसरे प्रदेश में कमाने चला गया, बाकी बेटियां बकरियां चराती हैं। इनमें से किसी का भी स्कूल-कॉलेजों से कभी नाता नहीं रहा है। निकट के आंगनबाड़ी केंद्र भी कोई बच्चे पढ़ने नहीं जाते हैं। घर में एक आदमी कमाने वाला और 8-10 सदस्य खाने वाले हैं। ऐसे में भला इन बच्चों को भरपेट भोजन कैसे मिलता होगा? दूध-दही, फल-सब्ज़ी की बात करना तो दूर की कौड़ी है। गांव में कभी कोई टीकाकरण करने वाली टीम आ गयी तो, पोलियो आदि की खुराक मिल गयी, नहीं तो बीसीजी आदि टीके के बारे में भी इन बच्चों के माता-पिता को पता ही नहीं है।

कमोबेश यही हाल हरिंद्र सहनी के परिवार समेत हुस्सेपुर जोड़ाकान्ही गांव के कई परिवारों की है। गरीबी, मुफलिसी, बेरोजगारी, अशिक्षा, कुपोषण जैसी गंभीर समस्याओं में जकड़ा यह गांव बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के साहेबगंज प्रखंड में स्थित है। ये गांव तो एक बानगी है। कुछ इसी तरह के हालात मड़वन, मुशहरी, औराई, कटरा, बंदरा समेत जिला के अन्य प्रखंडों के मुसहर टोली, दलित टोला, मल्लाह टोली आदि में देखे जा सकते हैं। बिहार के अन्य जिले भी इन समस्याओं से अछूते नहीं हैं। कमोबेश, अधिकतर जिलों में ऐसे निर्धन परिवार मिल जाएंगे, जहां की आबादी काफी जद्दोजहद के साथ गुजर-बसर कर रही है। जिनके पास दवा तक के पैसे नहीं होते हैं। जिनके पास प्रतिदिन सब्ज़ी खरीदने के भी पैसे नहीं होते हैं वे भला क्या स्वस्थ रहेंगे और पौष्टिक आहार लेंगे?



कहा जाता है कि स्वस्थ नागरिक के बिना स्वस्थ समाज की कल्पना बेमानी है। कोई भी मुल्क तभी प्रगति के पथ पर अग्रसर होता है, जब उस देश का आम आदमी स्वस्थ व सेहतमंद हो और इसके लिए पहली शर्त है कि उस देश के हर बच्चे को भर पेट भोजन के साथ-साथ जरूरी पोषक तत्व मिलता हो। लेकिन सच्चाई यह है कि हमारा देश आज भी कुपोषण की समस्या से उबर नहीं पाया है। आंगनबाड़ी केंद्र, पोषण पुनर्वास केंद्र, मिड-डे मील जैसी योजनाओं, कार्यक्रमों के बावजूद हमारा ग्रामीण भारत कुपोषण के कलंक को सालों से ढो रहा है। कुपोषण के मामले में बिहार का प्रदर्शन कुछ राज्यों की तरह ही बहुत खराब है। कुछ साल पहले विख्यात समाजशास्त्री व सोशल एक्टिविस्ट ज्यां द्रेज ने कहा था कि बिहार में 40 फीसदी से अधिक लड़कियों की शादी कम उम्र में हो जाती है। टीकाकरण के मामले में राज्य में जरूर कुछ सुधार दिख रहा है, लेकिन अभी भी 12 फीसदी ऐसे बच्चे हैं, जिन्हें कोई टीका नहीं लगा है।

यूनिसेफ, बिहार के मुताबिक, 2011 की जनगणना के आंकड़ों के अनुसार बिहार में 0 से 18 साल के बच्चों की कुल संख्या करीब 5.97 करोड़ है। इनमें मुजफ्फरपुर जिले में अनुमानतः 10.62 लाख बच्चे हैं, जिनमें करीब 4.5 लाख बच्चे कुपोषित बताए जाते हैं। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे की रिपोर्ट के अनुसार, जिले में 42.7 फीसदी बच्चे कुपोषित हैं। यह स्थिति तब है, जब जिले के हर प्रखंड के लगभग सभी पंचायतों में करीब 3981 आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन हो रहा है। इसके अलावा सदर अस्पताल में 20 बेड का पोषण पुनर्वास केंद्र भी चल रहा है। लेकिन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों की उदासीनता के कारण एनआरसी में बच्चे नहीं आ पाते हैं। कुपोषण के लक्ष्य को हासिल करने के उद्देश्य से जिले में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत चार साल पहले मोबाइल टीम का गठन भी किया गया था, ताकि प्रखंड स्तर पर अति कुपोषित व कुपोषित बच्चों को चिह्नित किया जा सके। हर साल विभिन्न योजनाओं के मद में लाखों रुपए खर्च हो रहे हैं, लेकिन कुपोषण है कि जाने का नाम ही नहीं ले रहा है। तमाम सरकारी व गैर सरकारी प्रयासों के बावजूद 2015-16 की तुलना में 2020-21 में सिर्फ पांच प्रतिशत की ही कमी दर्ज की गयी है।

पारू प्रखंड की आंगनबाड़ी सेविका संजू देवी का कहना है कि पिछले डेढ़ महीने से राज्य की आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका मानदेय बढ़ोतरी को लेकर हड़ताल पर हैं। जब हम लोग ही पोषित नहीं हो पाएंगे, तो समर्पण के साथ कैसे काम कर पाएंगे? संजू बताती हैं कि कुपोषण से लड़ने में आंगनबाड़ी केंद्रों की बड़ी भूमिका है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता की कमी, गरीबी आदि के कारण इसे हरा पाना मुश्किल हो रहा है। कम उम्र में शादी या फिर पौष्टिक आहार की कमी के कारण रक्त अल्पता से जूझ रही माताओं के गर्भ में पल रहे बच्चे कितने पोषित होंगे? जबकि जन्म के बाद उसे भरपेट भोजन के लिए भी जूझना बाकी है। उधर, सदर अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ उमेश चंद्र शर्मा का कहना है कि राज्य सरकार, स्वास्थ्य विभाग, यूनिसेफ, महिला एवं बाल विकास विभाग, पोषण पुनर्वास केंद्र समेत अन्य स्टेक होल्डर कुपोषण की समस्या को लेकर गंभीर हैं और हम निरंतर इस दिशा में यथोचित प्रयास कर रहे हैं।

यूएनडीपी द्वारा प्रकाशित 'मानव विकास सूचकांक, 2021 में भारत का स्थान 132वां है, जो पड़ोसी मुल्कों से भी नीचे है। इसके साथ ही वैश्विक भुखमरी सूचकांक 2021 में भारत का स्थान 116 देशों में 101वां है, जो 2020 में 90वां था। यह गिरावट इंगित करता है कि अपने देश में खाद्यान्न की पर्याप्त उपलब्धता के बावजूद वितरण के स्तर पर व्याप्त भ्रष्टाचार एवं सक्षम तंत्र की लुंज पुंज स्थिति के कारण सभी नागरिकों को भरपेट भोजन भी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। जिसे दूर करने के लिए ज़मीनी स्तर पर मज़बूत तंत्र बनाने की ज़रूरत है ताकि पोषित बच्चों से स्वस्थ समाज और सशक्त देश का निर्माण संभव हो सके। (चरखा फीचर)

# देश को बांटने वाले विकास के विरोधी : मुख्यमंत्री

## 2014 से पहले चेहरा देखकर बनाई जाती थीं योजनाएं, लाभार्थियों से किया सीधा संवाद

**लखनऊ।** विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साढ़े 9 वर्षों में अपने महत्वपूर्ण निर्णयों, दूरदर्शी सोच एवं योजनाओं से देश भर में जो माहौल बनाया है, वह किसी भारतीय से छिपा नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस संकल्प में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएं काफी सहायक बनी हैं, जिसका भव्य रूप आज हम सभी को देखने को मिल रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आने वाले कुछ वर्षों में विकसित भारत की संकल्पना को स्थापित करेगी। इसमें हम सब का भी योगदान जरूरी है। इसी उद्देश्य से 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस पर विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया गया।

ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के आगमन पर गुरुवार को निशातगंज



स्थित वाल्मीकि नगर में कहीं। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये देश के विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद किया। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक, प्रमाण पत्र, आवास की चाबी एवं आयुष्मान कार्ड वितरित कर सीधा संवाद भी किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश 1947 में आजाद हुआ था। उसके बाद कई सरकारें बनीं। इन्होंने

**■ विकास के एजेंडे को पीछे धकेलने वालों से रहें सावधान**

काम भी किया होगा और देश का पैसा भी खर्च किया होगा लेकिन दुनिया में वर्ष 2014 से पहले भारत की छवि एवं यहां के लोगों के बारे में क्या धारणा थी, लेकिन दुनिया में आज क्या छवि है, यह हम सब देख रहे हैं। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को दर्शाता है। वर्ष 2014 से पहले देश में चेहरा देखकर योजनाएं बनाई जाती थीं। उसमें भी जमकर बंदरबांट का खेल होता था। उनके एजेंडे में गरीब, सामान्य नागरिक, महिलाएं और नौजवान शामिल नहीं होते थे। आज देश में गरीबों और जरूरतमंदों को प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, गरीबों के घर में निशुल्क शौचालय, जनधन अकाउंट योजना, आयुष्मान भारत योजना, पीएम सम्मान निधि और पीएम स्वनिधि जैसी तमाम लोककल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। यह योजनाएं पहले क्यों नहीं चलायी गई, जबकि देश भी वही है और सरकार के आय के स्त्रोत भी वही हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा साढ़े 9 वर्षों में देश में 12 करोड़ परिवारों को फ्री शौचालय, 4 करोड़ परिवारों को आवास, आयुष्मान भारत के तहत 50 करोड़ लोगों को स्वास्थ्य बीमा की सुविधा दी गयी। इसमें अकेले उत्तर प्रदेश में 55 लाख से अधिक परिवारों को आवास, 3 करोड़ परिवारों को शौचालय, 10 करोड़ लोगों का आयुष्मान भारत कार्ड का लाभ दिया गया। इसके अलावा मुख्यमंत्री राहत कोष और विधायक निधि के जरिये विधायक अपने-अपने क्षेत्र के लोगों को इलाज के लिए पैसे उपब्लध करा रहे हैं। कोरोना काल से देश में निरंतर 80 करोड़ लोगों को फ्री में राशन की सुविधा दी जा रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार आपके बारे में सोच रही है तो आपकी भी जिम्मेदारी बनती है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पंच प्रण के संकल्प को पूरा करने में अपना भरपूर सहयोग दें। उन्होंने कहा कि कुछ लोग देश का विकास नहीं चाहते हैं। वह परिवारवाद, जातिवाद, मत और मजहब के आधार पर समाज को बांटने का कुत्सित प्रयास कर विकास के एजेंडे को पीछे धकेलना चाहते हैं। इससे हम सभी को बाहर आना होगा तभी गरीब के चेहरे पर उसके सपनों की खुशहाली लाई जा सकेगी। उन्होंने कहा कि आजादी के 100 साल पूरे होने पर वर्ष 2047 में देश आजादी का शताब्दी महोत्सव मना रहा होगा तो उस समय भारत वसुधैव कुटुंबकम के भाव के साथ दुनिया को अपने साथ लेकर चलने के संकल्प के साथ आगे बढ़ना होगा।

# शहीद पथ पर एफसीआई कर्मी को तेज रफ्तार वाहन ने रौंदा

**लखनऊ।** शादी से घर लौट रहे एफसीआई कर्मी को अज्ञात वाहन ने पीजीआई इलाके में बुधवार देर रात टक्कर मार दी। हादसे में उनकी मौत हो गई। वहीं मड़ियांव इलाके में सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। फिलहाल उसकी पहचान नहीं हो सकी है।

आलमबाग के आजादनगर इलाके में गोंडा एफसीआई में कार्यरत अनुभव (28) रहते थे। बुधवार की रात वो एक मित्र की शादी में शामिल होने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान गए हुए थे। वहां से वापस लौटते समय रात 1:30 बजे पीजीआई उतरेठिया के पास शहीद पथ पर उनकी स्कूटी में किसी तेज रफ्तार वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। मौके पर पहुंची पुलिस उनको अपेक्स ट्रामा सेंटर लेकर पहुंची जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके पास से मिले सामान की मदद से पुलिस ने उनकी पहचान कर खबर परिजनों को दी। छानबीन के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम आगरा में अग्निवीर भर्ती रैली

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सेना भर्ती कार्यालय आगरा द्वारा अग्निवीर सेना भर्ती रैली 04 दिसम्बर से 16 दिसम्बर तक एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम, सदर बाजार, आगरा कैन्ट में आयोजित की जा रही है। इस रैली में अप्रैल के महीने में आयोजित ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम (सीईई ) पास कराने वाले उम्मीदवार भाग लेंगे जिसमें लगभग 13000 उम्मीदवारों को शोर्टलिस्ट किया गया है। यह भर्ती अग्निवीर जीडी, अग्निवीर लिपिक, अग्निवीर तकनीकी तथा अग्निवीर ट्रेड्समैन (8 वीं एवं 10 वीं पास ) की रिक्तियों के लिए की जा रही है ।

इस रैली में उत्तर प्रदेश के बारह जिलों के उम्मीदवार के भाग लेंगे । आगरा, अलीगढ़, एटा, इटावा, झाँसी, ललितपुर, फिरोजाबाद, मथुरा, मैनपुरी, हाथरस, जालौन और कासगंज जिलों के सभी उम्मीदवारों के लिए एडमिट

**■ उम्मीदवारों को यह भी सलाह दी जाती है की वे सतर्क रहें**

कार्ड जारी कर दिए गए हैं। उम्मीदवार सुबह 01 बजे एकलव्य स्टेडियम, सदर बाजार आगरा कैन्ट में रिपोर्ट करेंगे । इच्छुक उम्मीदवारों को रैली अधिसूचना और प्रवेश पत्र में सूचित सभी दस्तावेजों की मूल प्रति कलित कराने की सलाह दी जाती है। रैली से संबंधित किसी भी समस्या का सामना होने पर उम्मीदवारों को बाद में असस्पष्टता से बचने के लिए सेना भर्ती कार्यालय, आगरा से इसे स्पष्ट करना चाहिए। उम्मीदवारों को यह भी सलाह दी जाती है की वे सतर्क रहें और दलालों के शिकार न बनें या किसी अनुचित साधन का सहारा न लें , क्योंकि सेना में चयन पूरी तरह से निष्पक्ष और पारदर्शी होता है, जिसका उद्देश्य सशत्र बलों के लिए सर्वश्रेष्ठ उम्मीदवार का चयन करना है।

# चोर दरवाजे बिजली दर बढ़ोतरी की साजिश

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** टैरिफ कानून के तहत आज अंतिम दिन 30 नवंबर को बिजली कंपनियों ने शाम 5 बजे के बाद दाखिल किया अपना वार्षिक राजस्व आवश्यकता बिजली कंपनियों की तरफ से दाखिल कर दिया गया है सभी बिजली कंपनियों का कुल एआरआर लगभग 1 लाख 1000 करोड के करीब है आरडीसएस योजना में दाखिल 13.06 प्रतिसत लाइन हानियों के आधार पर प्रस्ताव दाखिल किया गया है वही लगभग 1 लाख 45000 मिलियन यूनिट बिजली की आवश्यकता बताते हुए उसकी कुल लागत लगभग 80000 करोड से 85000 करोड के बीच में आंकी गई है वहीं इसके पहले वर्ष 2023-24 में लगभग 92547 करोड का वार्षिक राज्य आवश्यकता दाखिल की गई थी। देर रात वार्षिक राजस्व आवश्यकता को दाखिल कर जिस प्रकार से तैयारी

**■ उपभोक्ता परिषद पूरी तरह सजक कानून की परिध में होगी लडाई**

है उसके आधार पर यह कहना बिल्कुल सही होगा की वित्तीय वर्ष 2024 -25 में बिजली कंपनियां लगभग 11000 से 12000 करोड के बीच मे गैप के आधार पर चोर दरवाजे विद्युत नियामक आयोग से बिजली दरों में बढोतरी की साजिश करेंगे भले ही बिजली कंपनियां बिजली दर का प्रस्ताव नहीं दाखिल की है लेकिन अगर 11000 करोड के ऊपर का गैप दाखिल कर आयोग से निर्णय लेने की बात कर रही है तो एक तरीके से यह बात सिद्ध हो रही है कि बिजली कंपनियां चोर दरवाजे भारी बिजली दर बढोतरी चाहती है वहीं दूसरी ओर प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं का बिजली कंपनियों पर लगभग 33122 करोड रूपया सर प्लस निकल रहा है।

# कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती : पूर्व मेजर मोहम्मद अली शाह

## शिया कालेज में पूर्व मेजर, अभिनेता एवं मोटीवेशनल स्पीकर मोहम्मद अली शाह ने छात्र-छात्राओं से साझा किए देश सेवा व अभिनय से जुड़े अनुभव

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** शिया महाविद्यालय परिसर में इंडियन काउंसिल ऑफ सोशल साइंस रिसर्च (आई.सी.एस.एस.आर.) एवं शिया महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में अमृतकाल विमर्ष व्याख्यान श्रंखला के अंतर्गत ''सशक्त भारतः डिफेंस पॉलिसीज'' के ऊपर व्याख्यान का आयोजन (के-हाल) में हुआ।

मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व मेजर, अभिनेता एवं मोटीवेशनल स्पीकर, मोहम्मद अली शाह उपस्थित रहे, जिनका स्वागत शिया कॉलेज मजलिस-ए-उलेमा के सेक्रेटरी मौलाना डॉ0 यासूब अब्बास एवं प्राचार्य प्रो0 एस.एस.आर. बाक़री ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। डायरेक्टर सेल्फ-फाइनेंस डॉ0 एम.एम. अबु तैय्यब ने स्मृति चिन्ह व शॉल पहनाकर मुख्य वक्ता को सम्मानित किया एवं उनका आभार





व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो0 बी.बी. श्रीवास्तव ने किया। मुख्य वक्ता ने अपने सम्बोधन की शुरूआत प्रसिद्ध कविता ''कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती, लहरों से डरकर नौका कभी पार नहीं होती'' से की। उन्होंने कहा कि एक फौजी सैकड़ों की भीड़ में भी अलग दिखाई देता है। अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने बताया कि जब वो आर्मी में जाने की तैयारी कर रहे थे, तो वह बार-बार असफल हुए, हर एक चरण के अंत तक असफलता हाथ लगती गई, लेकिन मैंने कभी हार नहीं मानी और एक दिन थल सेना में चयनित हो गया। देश सेवा के साथ ही महामहिम राष्ट्रपति के साथ 'मार्च पास्ट' करने व फिल्म अभिनेता तक के अनुभवों को साझा किया। सेना में रहने के दौरान विपरीत हालातों का सामना करते हुए, देश सेवा की। भारत के राज्य मणिपुर, भारत के आखिरी पोस्ट व अन्य राज्यों की पोस्टों के बारे में छात्र-छात्राओं को बड़ी उत्सुकता से बताया कि भारत-पाकिस्तान सीमा की आखिरी पोस्ट, जहॉ से दुश्मन मात्र 30 मीटर की दूरी पर होता था, जहाँ इतनी ठण्ड और गर्मी होने के साथ-साथ जंगली जानवरों व अन्य प्रकार की चुनौतियों का सामना करते हुए सीमा की सुरक्षा की।

उन्होंने बताया कि जिन राज्यों में उनकी तैनाती होती थी, वो वहॉ के लोगों की भाषा सीखने का प्रयास करते थे और उनसे उन्हीं की भाषा में बात करते थे, जिससे वहॉ के लोगों में प्रसन्नता होती थी। उन्हें कई राज्यों की अच्छी भाषा बोलनी आती है, कई राज्यों की भाषा की जानकारी होने के फलस्वरूप लोगों से संवाद स्थापित किया जिससे देश की सीमाओं को और मजबूती मिली। भारत देश की राष्ट्रीय व अन्तराष्ट्रीय सुरक्षा नीति अन्य देशों की अपेक्षा बहुत अच्छी है। उन्होंने आगे बताया कि मेरे द्वारा सिने जगत में भी अभिनय किया गया है। और मेरी सबसे प्रसिद्ध फिल्म बजरंगी भाईजान, हैदर, एजेंट विनोद है, जिनको दर्शकों द्वारा बहुत पसंद किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज के अध्यक्ष प्रो अजीज़ हैदर, बोर्ड के वरिष्ठ सदस्य, प्रो एस.एस.एच. तक़वी, विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो0 जमाल हैदर जैदी, विधि संकायाध्यक्ष डॉ एस. सादिक हुसैन आब्दी, प्रो एम.के. शुक्ला सहित महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी तथा भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें। दक हुसैन आब्दी, प्रो एम.के. शुक्ला सहित महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी तथा भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

# जगत का राग छोड़ना सरल : आचार्य

## काकोरी जैन मंदिर के मांगलिक भवन का भव्य शिलान्यास समारोह

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** भगवान पार्श्वनाथ धाम ट्रस्ट व सकल दिगम्बर जैन समाज की ओर से श्री पार्श्वनाथ धाम मन्दिर काकोरी में क्षमामूर्ति आचार्य 108 विशद सागर महाराज के सानिध्य में मांगलिक भवन का भव्य शिलान्यास समारोह गुरुवार को सम्पन्न हुआ।

संयोजक विशाल जैन ने बताया कि मन्दिर में प्रातः 8 बजे याग मंडल विधान शुरू हुआ। 11 बजे शोभा यात्रा उसके बाद 12 बजे शिलान्यास हुआ। मांगलिक भवन का शिलान्यास श्रीमती साधना जैन, श्रेणिक जैन, निहारिका जैन ने किया। इसी क्रम में गोमतीनगर निवासी स्व. सुधीर कुमार जैन की स्मृति में निर्मित आहार कक्ष का लोकार्पण हुआ। शांतिधारा हेमंत जैन दिल्ली स्वदेश जैन दिल्ली, शास्त्र भेंट मोनू जैन गोमती नगर, अभिषे जैन, नितिन जैन, उदय कागजी याहिया



गंज, महाराज को अर्घ्य समर्पण जैन समाज शाहबाद मोहम्मदपुर दिल्ली, विशेष शांतिधारा धर्मवीर जैन, आशु जैन अनिल जैन, संजय जैन इंदिरानगर। दोपहर का शास्त्र भेट डा अतुल जैन इन्दिरानगर, संदीप जैन गोमती नगर, पाद प्रक्षालन डॉ नीरज जैन, धर्मवीर जैन इंदिरा नगर एवं संदीप जैन गोमती नगर ने किया। पूजन कार्य पंडित विकर्ष शास्त्री व आशीष जैन के संगीत निर्देशन में पूजन किया।

प्रवचन में आचार्य श्री विशद सागर महाराज ने कहा कि संसार में वही जीव वंदनीय, पूजनीय हैं, जिन्होंने देह से ममत्व छोड़ दिया। घर, देश और संसार से मोह छोड़ना सरल है। जगत का राग छोड़ना सरल है, लेकिन देह का राग छोड़ना बहुत कठिन है। देह के ममत्व में जीव डूबा रहता है। इसे सजाने संवारने में व्यस्त रहता है। बालक से किशोर, युवा, अधेड़ और बुजुर्ग होने तक देह के महत्व में डूबा रहता है।

# चार दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय गणित ओलम्पियाड में शुरू



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम (द्वितीय कैम्पस) द्वारा आयोजित चार दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय गणित ओलम्पियाड 'मैथलेटिक्स-2023' का भव्य उद्घाटन आज सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में पधारे डा. एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. जय प्रकाश पाण्डेय ने दीप प्रज्जवलित कर समारोह का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर सी.एम.एस. छात्रों ने देश-विदेश से पधारे प्रतिभागी छात्रो व शिक्षकों के सम्मान में शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रमों की इन्द्रधनुषी छटा प्रदर्शित कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। चार दिवसीय 'मैथलेटिक्स-2023' का आयोजन 30 नवम्बर से 3 दिसम्बर 2023 तक सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में किया जा रहा है, जिसमें नेपाल, श्रीलंका, बांग्लादेश एवं देश के विभिन्न प्रान्तों से पधारे लगभग 500 छात्र प्रतिभाग कर रहे हैं।

# विशाल मार्च निकालकर 'चरित्र निर्माण' का सीएमएस छात्रों ने जगाया अलख

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के हजारों छात्रों ने आज विशाल 'चरित्र निर्माण मार्च' निकालकर भावी पीढ़ी के चरित्र निर्माण की पुरजोर आवाज बुलन्द की और संदेश दिया कि चारित्रिक व नैतिक उत्थान के बगैर आदर्श समाज की परिकल्पना साकार नहीं हो सकती है। सी.एम.एस. संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी व डा. भारती गाँधी एवं सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट प्रो. गीता गाँधी किंगडन की अगुवाई में सी.एम.एस. छात्रों का यह विशाल मार्च गोमती नगर स्थित मकदूमपुर पुलिस स्टेशन से प्रारम्भ हुआ एवं सी.एम.एस. गोमती नगर (द्वितीय कैम्पस) ऑडिटोरियम पहुँचकर एक विशाल सभा में परिवर्तित हो गया, जहाँ विद्यालय के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया



**■ सीएमएस के मेधावियों का हुआ भव्य सम्मान**

गया। सी.एम.एस. छात्रों का चरित्र निर्माण मार्च सी.एम.एस. गोमती नगर (द्वितीय कैम्पस) ऑडिटोरियम पहुँचकर 'मेधावी छात्र सम्मान समारोह' में परिवर्तित हो गया, जहाँ विद्यालय के आई.एस.सी (कक्षा-12) के मेधावी छात्रों को पुरष्कृत कर सम्मानित किया गया। समारोह की खास बात रही कि छात्रों के साथ ही उनके माता-पिता व टीचर-गार्जियन को भी सम्मानित किया गया। इस भव्य समारोह में आई.एस.सी. (कक्षा-12) की द्वितीय इण्टर-कैम्पस तुलनात्मक परीक्षा में 93.73 प्रतिशत अंक अर्जित कर टॉपर रही सी.एम.एस. महानगर कैम्पस की छात्रा सरिया खान को विशेष रूप से सम्मानित किया गया एवं उनकी माताजी को फलों व फूलों से तौलकर एवं पिताजी को शाल भेंटकर सम्मानित किया गया।

# अब शुगर के मरीज भी जमकर खा सकेंगे चावल

अवधनामा संवाददाता

**वाराणसी।** शुगर के मरीजों के लिए राहत भरी खबर है। उनको जल्द ही पूरी तरह से शुगर फ्री चावल मिलने वाला है, जो उनके सेहत को भी फायदा मिलेगा। अंतरराष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान (आईआरआरआई, इरी) के वैज्ञानिकों ने अल्ट्रा-लो जीआई इंडेक्स (ग्लाइसेमिक इंडेक्स) वाले चावल की किस्में तैयार की हैं। अक्तूबर में मनीला में आयोजित अंतरराष्ट्रीय चावल कांग्रेस में 150 से अधिक देशों के वैज्ञानिक, प्रोफेसर व शोध छात्रों की मौजूदगी में इन किस्मों को फिलीपींस के राष्ट्रपति ने लांच किया था।

इरी और दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्र (आईआरआरआई-सार्क) के वैज्ञानिक शुगर-फ्री चावल की किस्मों को विकसित करने में लगे हैं। इसी कड़ी में उन्होंने भारत के सांभा मंसूरी चावल पर तकनीक का प्रयोग किया। इसमें सबसे कम जीआई इंडेक्स मिले

**■ चावल की कई किस्में होंगी शुगर फ्री, सेहत के लिए फायदेमंद**

हैं। आईआरआरआई-सार्क के निदेशक डॉ. सुधांशु सिंह ने बताया कि मनीला में इरी के मुख्यालय में पिछले माह आयोजित कांग्रेस में सांभा मंसूरी पर किए गए शोध को फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डीनांड मार्कोस जूनियर ने लांच किया था।

इरी के अंतरिम महानिदेशक डॉ. अजय कोहली ने बताया कि अल्ट्रा-लो जीआई इंडेक्स की एक उन्नत किस्म जो सांभा मंसूरी और आईआर 36 एई के पार-प्रजनन के ज़रिये विकसित की गई हैं। इरी द्वारा अब तक किए गए शोध में लो जीआई इंडेक्स वाला चावल सांभा मसूरी पाया गया है। यह विश्व की पहली किस्म है, जिसमें जीआई इंडेक्स अन्य प्रजातियों की अपेक्षा सबसे कम (44) है। इस चावल को मधुमेह के मरीजों के लिए काफी लाभ होगा।

# टीएमयू में जगाई युवा मतदाता जागरूकता की अलख

## चुनाव आयोग की जिला आइकॉन ऋतु नारंग बोलीं, युवा समझें वोट का महत्व

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद की ड्राइंग एंड पेंटिंग सोसायटी और जिला प्रशासन, मुरादाबाद के सहयोग से स्पेशल समरी रिवीजन -2024 के तहत नथिंग लाइक वोटिंग, आई वोट फॉर स्योर पर हुई पोस्टर प्रतियोगिता में बीटेक के हर्ष पाण्डेय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बीएससी एनिमेशन के स्टुडेंट्स अर्नव चाहल ने दूसरा और बीटेक की सौम्या जैन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लोगो प्रतियोगिता में बीएफए की अदिति अग्रवाल अव्वल रही। इस मौके पर जिलाधिकारी, मुरादाबाद श्री मानवेन्द्र सिंह, बतौर मुख्य अतिथि, सीडीओ/स्वीप नोडल, मुरादाबाद श्री सुमित यादव बतौर विशिष्ट अतिथि, टीएमयू के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन, डीन स्टुडेंट्स वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह, स्वीप की डिस्ट्रिक्ट आइकॉन एवम्



योग गुरू श्रीमती ऋतु नारंग आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। पोस्टर एंड लोगो प्रतियोगिता में सीसीएसआईटी और फाइन आर्ट्स के कुल 109 स्टुडेंट्स ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि डीएम श्री मानवेन्द्र सिंह ने सभी स्टुडेंट्स को मतदाता की शपथ दिलाई और विजेता स्टुडेंट्स को ट्राफी देकर पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में भारतीय निर्वाचन आयोग के सिस्टेमेटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्ट्रोरल पार्टीशिपेसन- स्वीप, टीएमयू की एनएसएस इकाई, टीएमयू स्टुडेंट्स सोयायटी आदि की भी महत्वूर्ण भागीदारी रही। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में श्री वैभव झा, श्री प्रदीप सैनी, मिस श्रेया शर्मा, मिस शालिनी आदि शामिल रहे।

जिलाधिकारी श्री मानवेन्द्र सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा, जो स्टुडेंट्स 18 साल का हो चुके हैं या 5 जनवरी, 2024 तक हो जाएंगे, उन सबको मतदाता के रूप में पंजीकृत होना चाहिए। उन्होंने स्टुडेंट्स को फॉर्म छह को कैसे भरने, ऑनलाइन मतदाता के रूप में अपने आप को पंजीकृत करने की प्रक्रिया पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा, टीएमयू का लक्ष्य है कि जो भी स्टुडेंट्स 5 जनवरी, 2024 तक 18 साल की आयु पूरी कर लेंगे, वे भारत सरकार की मतदाता सूची में अपने को पंजीकृत करें। उन्होंने कहा, 18 साल के छात्र-छात्रा को मतदाता के रूप में पंजीकृत कराना हमारा लक्ष्य है। स्वीप की डिस्ट्रिक्ट आइकॉन एवम् योग गुरू श्रीमती ऋतु नारंग ने कहा, युवा अपने वोट का महत्व समझें। अब युवा जागरुक हो रहा है और वह अधिकारों का हितों का संरक्षण करना चाहता है। अतः वह अपने आप को मतदाता के रूप में पंजीकृत करे और सरकार या देश में अपना योगदान सुनिश्चित करें। संचालन कार्यक्रम कॉर्डिनेटर प्रो. एमपी सिंह और डॉ. माधव शर्मा ने किया।

# ऋषि साहित्य छात्र-छात्राओं को नैतिक शिक्षा देता है : उमानंद



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत ''इरम डिग्री कालेज, सी-ब्लाक, इन्दिरा नगर लखनऊ'' के पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 400वाँ ऋषि वांड़्मय की स्थापना कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उपरोक्त साहित्य गायत्री परिवार की सक्रीय कार्यकत्री श्रीमती निर्मला गुप्ता अपने प्रिय जीवनसाथी स्व. वी.के. गुप्ता की स्मृति में भेंट किया तथा सभी छात्र-छात्राओं एवं संकाय सदस्यों को भी उन्होंने अखण्ड ज्योति पत्रिका भेंट की।

इस अवसर पर वाड्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि ''ऋषि साहित्य नैतिक शिक्षा प्रदान करता है'' श्री वी.के श्रीवास्तव ने, संस्थान के प्रबन्धक ख्वाजा सैय्यद बज़्मी यूनुस ने भी अपने विचार रखे तथा विभागाध्याक्ष डॉ. आयशा अब्बासी विभागाध्यक्ष की ने धन्यवाद ज्ञापन व्यक्त किया।

# श्री राम ने तोड़ा धनुष, राम बारात आज

- बिलग्राम के कण कण मे रमेगे राम,निकलेगी ऐतिहासिक बारात
- कमेटी ने बैठक कर तैयारियों को दिया अंन्तिम रुप
- बाबा मंशानाथ इण्टर कालेज से उठेगी रामबारात
- श्रीराम ने तोड़ा शिव का धनुष, आज विवाह
- लक्ष्मण और परशुराम में हुआ जमकर



- सुबह दस बजे कमेटी व कार्यकर्ता पहुचेगे मंशानाथ इण्टर कालेज
- बरेली, लखनऊ से आएगे झांकी के कलाकार,निकलेगी 20 झांकियां
- जमीन पर भी चलेगी रामसेना, तीन बैन्डो के बीच होगा कम्पटीशन,दोनो की बेमिसाल तैयारियां
- साम को 6 बजे उठेगी बारात
- पूरे कस्बे का भ्रमण करते हुए रात का 1 बजे होगा समापन
- राम रथ पर सवार होगे श्रीराम, लक्ष्मण, भरत शत्रुघन व गुरुजी

अवधनामा संवाददाता

**हरदोई बिलग्राम।** संवाददाता सैफ अली जाफरी कस्बे के बीजीआर कालेज मैदान पर रामलीला का मंचन किया जा रहा है। रामलीला मे खास कार्यक्रम राम बारात जिसका सभी को बेसब्री से इंतजार था । कमेटी ने बैठक कर तैयारियों को अन्तिम रुप दे दिया।

रामलीला के 7 वें दिन धनुष यज्ञ का मंचन किया गया। इससे पहले भगवान राम, लक्ष्मण के साथ असुरों का संहार करने के लिए वशिष्टि ऋषि के आश्रम में गये थे। वहीं पर खबर मिली कि राजा जनक ने गुरू वशिष्टि की आज्ञा पाकर भगवान राम ने धनुष को उठाकर तोड़ दिया। धनुष टूटते ही आकाश में बिजली कड़कने लगी। इसके बाद सीता के विवाह के लिए श्रीराम को वर के रूप में राजा जनक ने स्वीकृत दे दी।

### आज ऐतिहासिक राम बारात में जुटेगी भीड़

**बिलग्राम।** कस्बे की परम्परा के अनुसार आज बाबा मंशानाथ इंटर कॉलेज के प्रांगण से विशाल ऐतिहासिक बारात निकलेगी। जिसमें रामरथ और झांकियां आकर्षण का केंद्र होंगी। तीन बैंडबाजे और वाहनों से सजी लाइटिंग के साथ शाम 6 बजे ऐतिहासिक बारात पूरे नगर का भ्रमण करेगी। बारात की तैयारियों पूरी कर ली गयी हैं। सुरक्षा व्यवस्था चौकस रहेगी, अराजक तत्वों पर पुलिस की विशेष निगाहें रहेंगी। इसके लिए हुई बैठक में प्रबन्धक नीरज सिंह, रामसेवक यादव, अध्यक्ष प्रदीप यादव, संयोजक धर्मेन्द्र यादव, उपाध्यक्ष विजय गुप्ता, बबलू गुप्ता,प्रेम प्रकास श्रीवास्तव,मंचन प्रमुख परमाई लाल यादव, हरनाम कुशवाहा,अमित विश्वास, लालाराम राजपूत, मनोज यादव, अरविंद मौर्य,राजीव कुमार, सह संयोजक अजय राज, शैलेंद्र राठौर, शिवम यादव, शिवम कटियार, सहित कई लोग बैठक में शामिल हुए।

# कांग्रेस पार्टी ने डीएम को दिया ज्ञापन

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** कांग्रेस पार्टी इटावा द्वारा गुरुवार को महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया गया। ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेसियों ने महामहिम राजपाल का ध्यान विदित दोनों भाजपा द्वारा अभी वर्तमान में संपन्न हुए राजस्थान एवं छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में अपने जुमलों का पिटारा खोलते हुए राजस्थान एवं छत्तीसगढ़ में क्रमशः450 एवं 500 में गैस सिलेंडर देने का वादा किया है परंतु जिन राज्यों में भाजपा की सरकार है वहां घरेलू गैस सिलेंडर अभी भी बड़े हुए दामों में मिल रहे हैं जिससे आम लोगों को अपना घर चलाने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। महामहिम जी उत्तर प्रदेश में इनकी डबल इंजन की सरकार होते हुए भी आम जनमानस को महंगे दामों पर घरेलू गैस सिलेंडर खरीदना पड़ रहा है जहां चुनाव है वहां उनके द्वारा सस्ते दामों में गैस सिलेंडर देने की घोषणा एवं जहां उनकी सरकार है वहां महंगे दामों पर घरेलू गैस सिलेंडर न मिलना इनके दौहरे चरित्र को उजागर करता है। महामहिम जी हम कांग्रेस जन मांग करते हैं कि जिस प्रकार अन्य राज्यों में इनके द्वारा 450 रुपए में घरेलू गैस सिलेंडर देने का वादा किया जा रहा है उसी प्रकार उत्तर प्रदेश में भी आम जनमानस को 450 रुपए प्रति घरेलू गैस सिलेंडर देने के लिए इन्हें आदेशित करने की कृपा करें। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष मलखान सिंह यादव शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे, कोमल सिंह कुशवाहा, संजय दोहरे, करन सिंह राजपूत, सुरेंद्र प्रताप सिंह, रामजीवन कुशवाहा, सुनीता कुशवाहा, सरवर अली, विष्णुकांत मिश्रा, अजीत सिंह, सोजिब रिजवी, आसिफ जादरान, सचिन संखवार, आनंद कुमार, रीना यादव, बीनू वर्मा, नितिन यादव, अंसार अहमद, मोहम्मद सोहेल, मोहसिन, गुलजार, जीशान मोहन, रिंकी शाक्य, वैभव यादव आदि लोगों उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के लिए एनएबीएल के लाभ

अवधनामा ब्यूरो

- ग्राहकों के विश्वास और संतुष्टि के कारण व्यवसाय में वृद्धि संभावित
- घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में उत्पादों की पहचान और अधिक पहुंच।
- उत्पादों का पुनःपरीक्षण कम होने से समय और धन की बचत
- प्रयोगशाला संचालन और फीडबैक का बेहतर नियंत्रण।
- सटीक रूप से अंशांकित परीक्षण से वास्तविक रिपोर्ट का आश्वासन



**इटावा।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक की समावेशी सोच के तहत गुरुवार को जनपद के प्रतिष्ठित के.के.कॉलेज में विश्वविद्यालय प्लेसमेंट सेल व के.के.कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में भव्य रोजगार मेले का आयोजन हुआ। इस रोजगार मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंध समिति के अध्यक्ष विजय शंकर वर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में मंत्री ओंकार नाथ वर्मा, विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट प्रभारी डॉ.प्रभात द्विवेदी, उप प्रभारी डॉ.प्रशांत त्रिवेदी, राजकीय महिला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.श्यामपाल सिंह उपस्थित रहे। इस मेले में देश की कई प्रतिष्ठित कंपनियों जैसे अमेज़न, पेटीएम, लार्सन एंड टूबरो फाइनेंस , बजाज कैपिटल, शेयर खान आदि ने पंजीकृत अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि

रोजगार मेले में प्रतिभाग कर रहे विधार्थियो का नौकरी के लिए चयन निष्पक्ष, पारदर्शितापूर्ण व ईमानदारी से होगा। उन्होंने कहा जो चयनित होंगे उनको मेरी ओर से बधाई, लेकिन जिनका चयन नही होता है उनको भी निराश होने की जरूरत नहीं है। उन्हें धीरज के साथ सफलता के लिए संघर्ष की जरूरत है, सफलता निश्चित ही मिलेगी। जीवन में कुछ बनना है तो हमेशा गुरू, माता, पिता का सम्मान करना होगा। हमारे देश में टेलेंट की कोई कमी नहीं है केवल सही दिशा में प्रयास की जरूरत है। के.के. कालेज के प्राचार्य प्रो.महेंद्र सिंह ने कहा कि इटावा जनपद में छत्रपति शाहू जी महाराज विश्विद्यालय एवम के. के. कालेज के संयुक्त तत्वाधान में पहली बार इतने वृहद स्तर पर रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। इस मेले में अच्छे अच्छे आफर लेकर देश की प्रतिष्ठित कंपनिया आई हुई है, जिनमे काफी पद रिक्त है। ये हम लोगो के लिए हर्ष का विषय है कि हमारे महाविद्यालय एवम जनपद के अन्य महाविद्यालय को ये सुअवसर प्राप्त होने जा रहा है। आगे भी हम लोग छात्र छात्राओं के हितार्थ ऐसे आयोजन करते रहेंगे।

विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट प्रभारी डॉ. प्रभात द्विवेदी ने कहा कि विनयशीलता ही विद्वान होने की पहचान है। विद्या से विनय, विनय से अर्थ व अर्थ से ही व्यक्ति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करता है। उन्होंने छात्र छात्राओं को शुभकामनायें देते हुए कहा या तो सफलता मिलेगी या अनुभव मिलेगा। विद्यार्थी इस अवसर का भरपूर लाभ उठायें। डॉ.श्यामपाल सिंह ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनायें देते हुए कहा कि के. के.कॉलेज द्वारा यह प्रशांसनीय प्रयास किया गया है। आप कोई भी कार्य कठिन परिश्रम व रणनीति के साथ करेंगे तो सफलता निश्चित मिलेगी। विश्वविद्यालय प्लेसमेंट सेल के उप प्रभारी डॉ प्रशांत त्रिवेदी ने कम्युनिकेशन स्किल व सकारात्मक नजरिये को अपनाने हेतु जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. शिवराज सिंह यादव ने किया। एनसीसी के कैडेट्स ने सभी अतिथियों का बैज लगाकर अभिनंदन किया। साथ ही कालेज के शिक्षको द्वारा मुख्य अतिथि संजय कुमार वर्मा सहित अन्य अतिथियों का मालों, बुके एवम प्रतीक चिन्ह द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती की मूर्ति पर माल्यार्पण एवम दीप प्रज्वलन कर किया गया। साक्षात्कार में सम्मिलित होने वाले 1100 छात्र छात्राओं में से 417का अंतिम चयन व 597 को अगले चरण के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया। धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय के प्लेसमेंट प्रभारी प्रो.रामशंकर द्वारा किया गया। विश्वविद्यालय की प्लेसमेंट सेल से अभिषेक राठौर, सुनील द्विवेदी, सुअपराजिता, सुधीर व मयंक ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रो ओमकुमारी, प्रो.उदयवीर सिंह, प्रो. सुनील सिंह सेंगर, डॉ.अनिल यादव, डॉ.सुशील वर्मा, डॉ.सुजीत कुमार, प्रो. पदमा त्रिपाठी, प्रो.मनोज गुप्ता, डॉ.सुरभि सिंह, प्रो.साज़िया अख्तर, डॉ.सनोज कुमार, डॉ.अनिल त्रिपाठी, प्रो.राजवीर सिंह, डॉ.अनुपम कुमार, डॉ.मिथिलेश सिंह, डॉ.हिमाशु कुमार, डॉ.सुभाष सिंह, डॉ. अंकुर वर्मा, डॉ.प्रदीप कुमार, कौशलेन्द्र यादव, संदीप, मधुसूदन सिंह, पवन वर्मा, अखिलेश वर्मा, श्रीमती रतन कुमारी, संदीप वर्मा, राजेश बाबू, अवनिन्द्र मोहन, आशीष पटेल, तरुण वर्मा, आलोक पटेल, ब्रजेन्द्र सिंह वर्मा, लोकेश वर्मा, शालू वर्मा आदि मौजूद रहे। उक्त जानकारी प्रो.महेंद्र सिंह प्राचार्य ने दी।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में हुई जिला शिक्षा परियोजना समिति की बैठक




**हरदोई।** विकास भवन स्थित स्वर्ण जयंती सभागार में मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी की अध्यक्षता में जिला शिक्षा परियोजना समिति की बैठक हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि मिशन कायाकल्प के अंतर्गत शेष मानकों के संतृप्तीकरण के लिए गंभीरता से प्रयास किये जायें। निपुण विद्यालय के लिए लक्ष्य के अनुरूप कार्ययोजना बनाकर कार्य किया जाए। बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति वाले विद्यालयों के शिक्षकों को सम्मानित किया जाए। विद्यालयों में अच्छी उपस्थिति व अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रोत्साहित किया जाए। बच्चों की दैनिक उपस्थित की पोर्टल पर सूचना ससमय पोर्टल पर अपलोड कराना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि खण्ड शिक्षा अधिकारी शिक्षा में सुधार के लिए अपने सुझाव भी दिया करें ताकि शिक्षा के स्तर में अधिक सुधार के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा सके। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों पर हॉट कुक्ड मील की निर्बाध व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा अधिकारी विजय प्रताप सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### किशन रसिया एण्ड पार्टी द्वारा गीत संगीत के माध्यम से मतदाताओं को किया गया जागरूक



**हरदोई।** 30 नवम्बर से 9 दिसंबर 2023 तक चलने वाले विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत आज उपजिलाधिकारी सदर तहसील के निर्देशन में तहसील के प्रांगण में किशन रसिया एण्ड पार्टी द्वारा गीत संगीत के माध्यम से लोगों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने व हटवाने के संबंध में जागरूक किया गया। लोगों को फॉर्म 6, 7 व 8 के बारे में बताया गया। उपजिलाधिकारी स्वाती शुक्ला ने बताया कि जो लोग 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं, वे फॉर्म 6 भरकर मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जुड़वाए। किसी भी प्रकार के संशोधन या वर्तमान मतदाताओं के पता परिवर्तन की स्थिति में फॉर्म 8 भरा जाएगा। नाम हटाने के लिए फॉर्म 8 भरा जाएगा। आवेदन ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों ही तरीके से दिए जा सकते हैं। इस कार्य को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए बीएलओ की तैनाती की गयी है। इस अवसर पर तहसीलदार सदर विनीत कुमार सिंह, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार, सदर तहसील के अन्य संबंधित अधिकारी व बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे।

# सहायक श्रमायुक्त के नेतृत्व में बाल श्रम उन्मूलन अभियान चला

अवधनामा संवाददाता

- पांच बाल श्रमिक चिन्हित का रेस्क्यू किए गए

**मथुरा।** शासन के निर्देश पर जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में सहायक श्रमायुक्त एम एल पाल के नेतृत्व में आज सौंख अड्डा एवं भैंस भगोरा क्षेत्र में बाल श्रम उन्मूलन अभियान चलाया गया। अभियान में विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में अग्रवाल ढाबा एण्ड रेस्टोरेंट, विजय बुक हाउस तथा रतनचंद एण्ड संस पैट्रोल पम्प पर काम करते हुए पांच नाबालिक बच्चे पाए गए, जिनमें से चार की उम्र प्रथम दृश्य 14 साल से कम पाते हुए उन बच्चों को रेस्क्यू कर टीम ने अपने संरक्षण में लिया तथा उनकी आयु परीक्षण हेतु अग्रिम कार्रवाई की गई। टीम में प्रमुख रूप से अध्यक्ष बाल कल्याण समिति राजेश दीक्षित, नायब तहसीलदार अनमोल गर्ग, श्रम प्रवर्तन अधिकारी एस पी पांडेय, प्रभारी एएचटीयू कर्मवीर सिंह, बाल संरक्षण अधिकारी नरेंद्र परिहार, कांस्टेबल योगेश एवं महिला कांस्टेबल प्रियंका एवं नेहा उपस्थिति रही। सहायक श्रमायुक्त द्वारा बताया गया कि सम्बन्धित नियोजकों के बाल एवं किशोर अधिनियम 1986 के अंतर्गत वैधानिक कार्रवाई अपनाई जाएगी। उनके द्वारा यह भी अपील की गई है कि जनपद में व्यापारी बंधु किसी भी 18 वर्ष की आयु के बाल श्रमिक के बाल श्रमिको से कार्य न करायें अन्यथा की दशा में शासन के निर्देश पर चलाये जा रहे विशेष अभियान में कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### जिलाधिकारी ने किया डाइट का औचक निरीक्षण

**मथुरा।** जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान मथुरा डाइट का औचक निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने पठन-पाठन को देखा साथ ही विद्यालय के छात्र छात्राओं के संग संवाद भी किया और उनसे शिक्षा संबंधी तथा भविष्य निर्माण संबंधी प्रश्न भी किए गए।

जिलाधिकारी से वार्तालाप करके सभी छात्र छात्राएं बहुत ही जिलाधिकारी महोदय से अत्यंत ही सहजता के साथ संवाद किया। विद्यालय में अनुशासन व्यवस्था तथा छात्र छात्राओं के अध्यापन सुचारू रूप से कराने के लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य तथा मौजूद प्रोफेसरों की प्रशंसा की। जिलाधिकारी ने जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि साफ सफाई की जाए और रख रखाव में सुधार किया जाए।

# शोध पद्धति शास्त्र के तहत तृतीय कार्यशाला आयोजित

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** किशोरी रमण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मथुरा के संस्कृति सभागार में ÷शोध पद्धति शास्त्र÷ विषय पर आयोजित कार्यशाला के तृतीय दिवस पर पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय,मथुरा के पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राकेश गोयल मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। इन्होंने अपने संभाषण में उपस्थित प्राध्यापको एवं विद्यार्थियों को शोध में ÷प्लैगरिज्म÷ अर्थात साहित्य चोरी तथा डाटा कलेक्शन (तथ्य संग्रहण) के विषय में महत्वपूर्ण तथ्यों से अवगत करवाया।

इस कार्यशाला के मुख्य संरक्षक महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर (डा.) प्रवीण कुमार अग्रवाल ने कहा कि महाविद्यालय में आयोजित की गई कार्यशाला में विद्यार्थियों एवं प्राध्यापको को शोध पद्धति से पुनःपरिचित कराने का प्रयास किया गया है एवं ऐसी कार्यशालाओ को महाविद्यालय में पुनः आयोजित किए जाने का सतत प्रयास किया जाता रहेगा।

कार्यक्रम का संचालन वाणिज्य विभाग के प्रो. अनिल सक्सेना ने किया। उन्होंने महाविद्यालय के विद्यार्थियों से अहवाहन किया कि वे महाविद्यालय के आधिकारिक चैनल को सब्सक्राइब करें जिससे उन्हें शोध के विषय में नित्य नई जानकारियां प्राप्त हो सके।

प्रोफेसर (डॉ.) राजेश अग्रवाल एवं डॉ. अशोक कौशिक ने कार्यशाला के मीडिया प्रचार की जिम्मेदारी का निर्वहन किया। इस कार्यक्रम की अन्य व्यवस्थाएं प्रो. कामना पंड्या, प्रो. देवेंद्र कुमार, डॉ नवीन अग्रवाल, श्री अशोक पुष्कर, डॉ प्रभात वर्मा, डॉ. प्रवीण ओझा, डॉ. अश्विनी कुमार, डॉ. धीरज कुमार, श्री अनिल कुमार, श्री अरविंद कुमार चौरसिया, श्री अरुणेश कुमार ओझा, श्री हिमांशु तिवारी, डॉ. नरेंद्र सिंह,ने संभाली। कार्यक्रम में महाविद्यालय के कई अन्य वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. शशि किरण, प्रो. शालिनी सक्सेना, डॉ. मुकेश अग्रवाल, प्रो. यदुराज सिंह यादव, प्रो. संजीव कुमार श्रीवास्तव, प्रो. अमर कुमार, डॉ. राजेश गौतम, प्रो. विमलेश, प्रो. सुलेखा जादौन, प्रो. चिंतामणि देवी, प्रो. निशा राठौर, डॉ. उमेश शर्मा, डॉ प्रमोद पाल सिंह, डॉ दिव्या द्विवेदी, डॉ. राजेश सारस्वत, डॉ. आलोक श्रीवास्तव, डॉ. अजय उपाध्याय, डॉ. रामदत्त मिश्रा, डॉ विजय नारायण, डॉ. ममता रानी कौशिक, डॉ वंदना चौहान तथा डॉ दीप्ति सिंह ने भी सराहना की। कार्यशाला के समापन पर सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को कार्यशाला प्रतिभाग के प्रमाण- पत्र प्रदान किए गए।

# विलक्षण प्रतिभा दानघाटी मन्दिर की जहां कोई भाई हेतु राज त्याग देता है

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष गौर गोपाल मुखिया के दूरदर्शी पिता स्वश श्री सालिगराम मुखिया द्वारा अपनी दूरदर्शिता के चलते गुधेनियाँ समाज को लेकर कभी कोई कविता लिखी गई थी जिसमें स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया था कि ठोक नारायण यहां सदा चले ईर्षा द्वेष करनी जो आज हुबहू साबित हो रही है। विदित हो कि गोवर्धन गुधेनियाँ समाज के अग्रणी पूर्वज सकता बाबा के चार पुत्र उधौ माधौ मुरली और नारायण हुए थे और सकता बाबा की विरासत दानघाटी मन्दिर के सेवादार बने थे जिनकी संतान चार थोकों में तब्दील हो गई थी और मन्दिर सेवायतों में उपरोक्त चारो थोकदारों में से योगदान अनुसार ऊधो थोक के आठ सदस्य माधो थोक के तीन सदस्य मुरली नारायण के पांच पांच सदस्य कुल मिलाकर इक्कीस सदस्यीय समिति उपरोक्त दानघाटी मन्दिर की प्रबन्ध व्यवस्था हेतु तीन वर्ष के लिए चुने जाने हेतु मंदिर के विधान अनुसार निर्धारित है और अगर किसी विशेष परिस्थिति में समिति में एक राय नहीं बन पाती है तो मंदिर समिति के ऊपर साधारण सभा जो भी निर्णय पारित करेगी वो हर हाल में मंदिर के विधान अनुसार प्रत्येक व्यक्ति को सहर्ष स्वीकार करना पड़ेगा लेकिन श्री सालिगराम मुखिया जी द्वारा दूरदर्शिता के चलते उनकी कविता में उल्लेखित पंक्तियां याद दिलाते हुए नारायण थोक दारों द्वारा सामूहिक रूप से अपने अपने उल्लू सीधे किए और सर्व प्रथम श्रेणी में दानघाटी मन्दिर में विनाशक की भूमिका अदा कर उक्त पांकियों को सार्थक करना प्रारंभ कर दिया गया और फिर समाज को मिलने वाली सुविधाओं को जीवंत कराने के नाम पर नारायण थोक से एक राशन डीलर निकल कर बाहर आए और सत्ता सुख प्राप्त करने हेतु सेवायतों को मूर्ख बनाते हुए राशन डीलर से गोवर्धन नगर पंचायत अध्यक्ष पद की सत्ता हथिया ली गई और बेचारा समाज आज भी इसी उम्मीद में भ्रम पाल बैठा है कि चेयरमैन पति द्वारा सामूहिक रूप से समाज कल्याण के लिए आज भी तत्पर हैं जबकि चेयरमैन पति द्वारा अपना विकास करना एक मात्र लक्ष्य था जो पूरा कर लिया गया है और अब समाज जाए भाड़ में और मुंह जोरी करने हेतू कुछ टट्टू रख छोड़े है जो उद्धव से ज्ञानी बन व्हाटसेप विश्व विद्यालय समूहों पर चेयरमैन पति की पैरवी करते रहते हैं तो उधर टेलीफोन एक्सचेंज के समीप नगर पंचायत गोवर्धन की सरकारी जमीनों पर कब्जा करा रहे हैं तो दूसरी तरफ युद्ध स्तर पर निर्माण कार्य शुरू करा दिए गए हैं जबकि उक्त नगर पंचायत गोवर्धन की सरकारी जमीनों जिनके खसरा नंबर 719,720,721 हैं पर पूर्व में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष खेमचंद शर्मा द्वारा बिना भलाई बुराई को महत्व दिए गए पहल करते हुए सरकारी जमीनों को बचाया था और तत्कालीन अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत गोवर्धन आलोक कुमार द्वारा सामूहिक रूप से इक्कीस लोगों के विरूद्ध थाना गोर्वधन में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी जिसमें विवेचना उपरांत पुलिस द्वारा आरोप पत्र दाखिल किया गया था जो न्यायालय में आज भी लंबित है लेकिन वर्तमान चेयरमैन पति द्वारा उक्त सरकारी जमीनों पर निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया है। वहीं गुधेनियाँ समाज इस बात के इंतजार में खड़े हो कर उम्मीद लगाए बैठा है कि चेयरमैन पति द्वारा सामूहिक रूप से समाज कल्याण हेतू योजनाओ को जीवंत कराएगा और अपना अस्तित्व भूल गया है कि आखिरकार गुधेनियाँ समाज ऋषि विश्वामित्र की संतान हैं जहां परंपरा रही है कि भाई हेतू भाई द्वारा राज त्याग दिया गया था और श्रष्टि के रचेता ब्रह्मा से नाराज होकर नवीन श्रष्टि का निर्माण कर दिया गया था और राजा त्रिशंकु को इंद्रासन जैसा वैभव प्रदान कर इतिहास रच डाला गया था।

### गुजरात से शादी समारोह में आई दो बहनें गायब

**मथुरा।** थाना जैंत क्षेत्र के गांव छटीकरा में शादी समारोह में आई दो बहने गायब हो गई। पीड़ित पिता ने थाना जैंत पर गुमशुदगी दर्ज कराई है। पुलिस युवतियों की खोजबीन के जुट गई है। दोनों युवतियां गुजरात से मथुरा अपने परिचितों के पास अपने परिवार सहित शादी समारोह में आई थी। शादी स्थल छटीकरा के आनंदा वैली मैरिज होम में शादी होनी थी। सोमवार को आनंदा वैली से अचानक दोनों बहने गायब हो गई। युवतियों के पिता सीताराम निवासी नीलकंठ महादेव मन्दिर, श्री शंकराचार्य मठ घनेरा गुजरात निवासी ने अपनी पुत्री खुशबू (21 वर्ष) व संध्या (18 वर्ष) की सोमवार शाम को अपनी दोनों बेटियों के गायब होने की थाना जैंत पर तहरीर दी।

# होटल नुमा आश्रम, नगर निगम के टैक्स पर चिकचिक

अवधनामा संवाददाता

- मठ, आश्रमों पर लगाये गये नगर निगम के टैक्स की होगी समीक्षा
- मुख्यमंत्री ने मथुरा दौरे के दौरान लिया था संतों की इस शिकायत पर संज्ञान

**मथुरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मथुरा आगमन से पहले दौरे की तैयारियों की समीक्षा के लिए आये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संत महंतों ने मुख्यमंत्री से शिकायत की थी कि मठ, आश्रमों और मंदिरों पर नगर निगम की ओर से अत्यधिक टैक्स लगाया गया है, इस टैक्स को अदा करने में वह असमर्थ हैं। इसके बाद नगर निगम हरकत में आ गया है। अब इस टैक्स की समीक्षा की जाएगी। नगर निगम मथुरा वृन्दावन द्वारा वर्तमान में कर अधिरोपण कर नोटिस निर्गत करने की कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में वृन्दावन के प्रमुख संतों, महंतों द्वारा आश्रमों पर अत्याधिक कर लगाये जाने के सम्बन्ध में अपनी आपत्ति नगर आयुक्त के समक्ष प्रस्तुत की गई। इसी को दृष्टिगत रखते हुए गुरुवार को वृन्दावन के प्रमुख संतों के साथ नगर आयुक्त शशांक चौधरी द्वारा वृन्दावन जोनल कार्यालय में एक बैठक रखी गई। जिसमें उपस्थित संतों द्वारा कहां गया कि आश्रमों को व्यावसायिक श्रेणी में लेकर कर लगाया जा रहा है, जो कि गलत है। सन्त महन्तों ने नगर आयुक्त से कहाकि गौशाला, मंदिर, संत निवासों को कर से मुक्त रखा जाये। साथ ही अपने अपने आश्रम सहित अन्य आश्रमों पर भी न्यूनतम कर अधिरोपित करने की मांग की गई है। जिस पर नगर आयुक्त द्वारा संतों को आश्वस्त किया गया कि एक माह के अन्दर करारोपण से सम्बंधित समस्त आपत्तियों का निस्तारण किया जायेगा। साथ ही ऐसे आश्रम जिनमें होटल, गेस्ट हाउस आदि में व्यावसायिक गतिविधियां पायी जाएंगी उनका अलग से चिन्हांकन कर अनावासीय कर अधिरोपित किया जाएगा। बैठक के दौरान महंत फूलडोल दास महाराज, महंत हरिशंकर दास नागा जी महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी रूपेंद्र प्रकाश महाराज, स्वामी चित्रप्रकाशा नन्द महाराज, स्वामी सुरेशानन्द परमहंस, महंत लाडली शरण दास जी महाराज, महामण्डलेश्वर नवल गिरी महाराज, महंत रामस्वरूप ब्रह्मचारी महाराज, महंत किशोरी शरण दास महाराज, महंत गंगादास महाराज, अपर नगर आयुक्त क्रांति शेखर सिंह, अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार, संयुक्त नगर आयुक्त मयंक यादव, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी शिवकुमार गौतम, राजस्व निरीक्षक मुकेश सिंह, कार्यालय प्रभारी श्रीगोपाल वशिष्ठ, लिपिक कर विभाग विपिन बल्लभ आदि उपस्थित रहे।

# सैंफई पीजीआई में मरीजों को एनएबीएल उच्च गुणवत्तापूर्ण जांच रिपोर्ट मिलेगी

वहाज अली निहाल

- कुलपति डॉ.प्रो.प्रभात कुमार ने लैब की गुणवत्ता के लिए कार्य करने वाले पूरी टीम को दी बधाई
- मरीज के इलाज में गुणात्मक सुधार में सहायक होगी एनएबीएल रिपोर्ट-डॉ.एसपी सिंह(चिकित्सा अधीक्षक)

**इटावा, सैफई।** इटावा और आसपास के सभी जिलों में रहने वाले लोगों के लिए एक बहुत ही अच्छी खबर सामने आई है सैंफई पीजीआई में अब राष्ट्रीय परीक्षण और अंशशोधन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएल) द्वारा सर्टिफाइड लैब रिपोर्ट मरीजों को मिलेगी जो की उच्च गुणवत्ता की मानी जाती है। जिसमें मरीज के इलाज में भी गुणात्मक सुधार होगा यह जानकारी उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के चिकित्सा अधीक्षक डॉ एसपी सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि इस तरह की गुणवत्तापूर्ण जांच रिपोर्ट बहुत ही चुनिंदा अस्पतालों में प्रदान की जाती है उसी क्रम में अब सैंफई पीजीआई भी शामिल हो गया है। इस उपलब्धि के लिए कुलपति डॉ प्रो.प्रभात कुमार ने लैब की गुणवत्ता के लिए कार्य करने वाले पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस विशेष उपलब्धि के लिए डॉ एसपी सिंह , डॉ पिंकी पांडेय, डॉ कल्वे जवाद डॉ रूपक अग्रवाल, डॉ संजय कुमार कनौजिया, डॉ अजय गुप्ता, समस्त लैब टेक्नीशियन, रेजिडेंस डॉक्टर व स्टाफ की कड़ी मेहनत का नतीजा है जो एनएबीएल सर्टिफाइड लैब रिपोर्ट अब हमारे यहां उपलब्ध कराई जाएगी जो कि विश्वविद्यालय के लिए एक गर्व की बात है। लैब निदेशक डॉ रूपक अग्रवाल ने कहा कि हमारे पीजीआई में इस लैब में होने वाली सभी जांच नियत समय पर और उत्कृष्ट मापदंडों के आधार पर प्रदान की जाएगी। लैब प्रभारी डॉ संजय कुमार कनौजिया ने कहा कि अब सभी जांच क्रिटिकल वैल्यू के आधार पर चिकित्सकों को सूचित की जाएगी और जिससे मरीजों के इलाज में किसी प्रकार का विलंब ना हो लैब प्रभारी बायोकेमेस्ट्री डॉ अजय कुमार गुप्ता ने बताया कि अब सभी जांचों में गलतियों की संभावना न के बराबर रह जाएगी। विभाग अध्यक्ष (पैथोलॉजी) डॉ पिंकी पांडे व विभागअध्यक्ष बायोकेमेस्ट्री डॉ कल्वे जवाद ने इस उपलब्धि के लिए कुलपति जी, प्रति कुलपति जी, कुल सचिव जी व चिकित्सा अधीक्षक का आभार व्यक्त किया वह एनएबीएल के लिए कार्य कर रही पूरी टीम की प्रशंसा भी की।

# सीरीज जीतने पर टीम इंडिया की नजरें, युवा गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

शुक्रवार को रायपुर में भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया के बीच चौथा टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेला जाएगहा। वहीं इस मैच में ग्लेन मैक्सवेल की गैर मौजूदगी का फायदा उठाते हुए भारत के युवा गेंदबाज डैथ ओवरों में बेहतर प्रदर्शन की कोशिश करेंगे।

भारतीय टीम आस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार को यहां चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में उतरेगी तो ग्लेन मैक्सवेल की गैर मौजूदगी का फायदा उठाते हुए युवा गेंदबाज डैथ ओवरों में बेहतर प्रदर्शन की कोशिश करेंगे। तीसरे मैच में भारत के दूसरे दर्जे के गेंदबाज आखिरी दो ओवरों में 43 रन बनाने से भी आस्ट्रेलिया को रोक नहीं सके।

आस्ट्रेलिया ने 223 रन का विशाल लक्ष्य हासिल करके मैच जीता। प्रसिद्ध कृष्णा ने चार ओवरों में 68 और आखिरी ओवर में 21 रन दे डाले। दीपक चाहर की टीम में वापसी हुई है और वह नयी गेंद से उपयोगी साबित हो सकते हैं। वहीं एक मैच के ब्रेक के बाद डैथ ओवरों के विशेषज्ञ मुकेश कुमार भी टीम में लौटे हैं। प्रसिद्ध और आवेश खान के पास विविधता और नयेपन का अभाव दिखा। दोनों ने 130 या 140 की रफ्तार से गेंदबाजी की लेकिन गेंद की लैंग्थ में विविधता नहीं ला सके जिससे बल्लेबाज के लिये उसे भांपना आसान हो गया।






इसके अलावा दोनों प्रभावी यॉर्कर डालने में भी नाकाम रहे। बल्लेबाजी में श्रेयस अय्यर की वापसी के मायने हैं कि तिलक वर्मा को बाहर रहना पड़ सकता है चूंकि यशस्वी जायसवाल, रूतुराज गायकवाड़, ईशान किशन, कप्तान सूर्यकुमार यादव और फिनिशर रिंकू सिंह का चयन तो तय है। भारतीय टीम मैक्सवेल की कमी का फायदा उठाने की कोशिश करेगी जिन्होंने अपने दम पर आस्ट्रेलिया को तीसरा मैच जिताया था। उन्होंने 48 गेंद में 104 रन की नाबाद पारी खेली थी। स्टीव स्मिथ और एडम जम्पा भी स्वदेश लौट चुके हैं चूंकि वे विश्व कप टीम में भी थे और भारत में प्रवास काफी लंबा हो गया था।

क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने टी20 विश्व कप से पहले कार्यभार प्रबंधन और फिटनेस को ध्यान में रखते हुए अपने कई शीर्ष खिलाड़ियों को इस श्रृंखला से फारिग कर दिया है। अब भारतीय गेंदबाजों के सामने टिम डेविड, जोश फिलीप और बेन मैकडरमोट की चुनौती होगी जो पिछले पांच छह सप्ताह में सीमित ओवरों के क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। इनके अलावा विश्व कप फाइनल में यादगार पारी खेलने वाले ट्रेविस हेड और अनुभवी कप्तान मैथ्यू वेड भी टीम में हैं।

गुवाहाटी की तरह यहां भी ओस की भूमिका अहम होगी और टॉस जीतने वाला कप्तान लक्ष्य का पीछा करना चाहेगा। इससे पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम को दूसरी पारी में गीली गेंद से जूझना होगा। भारत के युवा बल्लेबाजों यशस्वी, ईशान किशन, रिंकू सिंह, तिलक वर्मा और खुद कप्तान सूर्यकुमार यादव ने जरूरत के समय अच्छी पारियां खेली हैं। रूतुराज गायकवाड़ ने तीसरे मैच में 57 गेंद में 123 रन बनाये।

***टीमें***

भारत : सूर्यकुमार यादव (कप्तान), रुतुराज गायकवाड़, इशान किशन, यशस्वी जयसवाल, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा, वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, शिवम दुबे, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, आवेश खान, मुकेश कुमार।

ऑस्ट्रेलिया : मैथ्यू वेड (कप्तान), आरोन हार्डी, जेसन बेहरेनडोर्फ, सीन एबट, टिम डेविड, नाथन एलिस, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस, तनवीर संघा, मैट शॉर्ट,जोश फिलीप, केन रिचर्डसन, बेन ड्वारशुइस, क्रिस ग्रीन, बेन मैकडरमोट।

# वालेंशिया में पांच देशों के हॉकी टूर्नामेंट में भारत की कप्तानी संभालेंगे हरमनप्रीत

हरमनप्रीत सिंह 15 से 22 दिसंबर तक स्पेन के वालेंशिया में होने वाले पांच देशों के टूर्नामेंट में भारत की 24 सदस्यीय टीम की अगुवाई करेंगे। टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों को शामिल किया गया है।

अनुभवी ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह 15 से 22 दिसंबर तक स्पेन के वालेंशिया में होने वाले पांच देशों के टूर्नामेंट में भारत की 24 सदस्यीय टीम की अगुवाई करेंगे। टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। सुमित और अमित रोहिदास उपकप्तान होंगे। यह टूर्नामेंट 2023 . 24 हॉकी प्रो लीग सत्र की तैयारी के लिये अहम होगा। इसमें भारत का सामना स्पेन, जर्मनी, फ्रांस और बेल्जियम से होगा।

गोलकीपिंग में पी आर श्रीजेश और कृशन बी पाठक के साथ सूरज करकेरा भी होंगे। डिफेंस की कमान हरमनप्रीत, जरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, रोहिदास, वरूण कुमार, सुमित



, संजय और नीलम संजीप सेस के हाथ में होगी। मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा कि इस टूर्नामेंट से युवाओं को दुनिया की शीर्ष टीमों के खिलाफ खेलने का दबाव अनुभव करने का मौका मिलेगा।

उन्होंने एक विज्ञप्ति में कहा हमारे पास युवा और अनुभवी खिलाड़ियों सहित संतुलित टीम है। टूर्नामेंट में हमें विभिन्न चीजें आजमाने का मौका मिलेगा। इसके साथ ही युवा खिलाड़ियों को दुनिया की श्रेष्ठ टीमों के खिलाफ खेलने का दबाव अनुभव करने का मौका भी मिलेगा।' उन्होंने कहा पेरिस ओलंपिक 2024 से पहले अगले चार महीने काफी अहम हैं और हमें कदम दर कदम आगे बढना होगा।

# टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए युगांडा ने क्वालिफाई कर रचा इतिहास, जिम्बाब्वे टीम हुई बाहर

टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए सभी 20 टीमें तय हो चुकी हैं। इसी कड़ी में युगांडा की टीम ने इतिहास रचते हुए वेस्टइंडीज और यूएसए में खेले जाने वाले टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए क्वालिफाई करने वाली अफ्रीका क्षेत्र की दूसरी टीम है।

टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए सभी 20 टीमें तय हो चुकी हैं। इसी कड़ी में युगांडा की टीम ने इतिहास रचते हुए वेस्टइंडीज और यूएसए में खेले जाने वाले टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए क्वालिफाई करने वाली अफ्रीका क्षेत्र की दूसरी टीम है। दूसरी ओर, जिम्बाब्वे टीम इस लिस्ट से बाहर हो गई है। वो लगातार दूसरी बार वर्ल्ड कप में जगह बनाने से चूक गई है।

जिम्बाब्वे को टी20 वर्ल्ड कप में जगह बनाने की किसी भी उम्मीद के लिए युगांडा पर रवांडा की जीत के लिए प्रार्थना करनी पड़ी। युगांडा ने टूर्नामेंट के अपने आखिरी गेम में रवांडा को केवल 65 रनों पर ढेर कर दिया और केवल 8.1 ओवर में नौ विकेट शेष रहते लक्ष्य हासिल कर 6 मैचों में प्रतियोगिता की अपनी पांचवीं जीत दर्ज की है।






जिम्बाब्वे को टी20 वर्ल्ड कप में जगह बनाने के लिए युगांडा पर रवांडा की जीत की जरूरत थी। लेकिन युगांडा ने टूर्नामेंट के अपने अंतिम मैच में रवांडा को केवल 65 रनों पर ढेर कर दिया और केवल 8.1 ओवर में 9 विकेट शेष रहते लक्ष्य हासिल कर 6 मैचों में प्रतियोगिता की अपनी पांचवीं जीत हासिल की।

टी20 वर्ल्ड कप के लिए लाइन-अप की अब पुष्टि हो गई है। जिसमें वेस्टइंडीज और संयुक्त राज्य अमेरिका मेजबान होने के कारण क्वालिफाई कर रहे हैं। जबकि टी20 वर्ल्ड कप 2022 की टॉप 8 टीमों ने भी टूर्नामेंट में जगह बनाई है। अफगानिस्तान और बांग्लादेश ने टी20 रैंकिंग के आधार पर क्वालिफाई किया। वेस्टइंडीज, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, आयरलैंड, स्कॉटलैंड, पापुआ न्यू गिनी, कनाडा, नेपाल, ओमान, नामीबिया, युगांडा।

# मुझे रविंद्र जडेजा से ईर्ष्या होती है आर अश्विन ने किया खुलासा, जानें क्या कहा?

हाल ही में स्पोर्टस्टार पर बातचीत करते हुए अश्विन ने कहा कि, विराट कोहली आज दुनिया के सबसे सेब्रल क्रिकेटर हैं। हालांकि, मुझे जिस क्रिकेटर से सबसे ज्यादा ईर्ष्या होती है, वह हैं रविंद्र जडेजा।

भारतीय टीम स्टार ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा अगर टीम इंडिया के साथ खेलते हैं तो उनकी मौजूदगी से टीम को मजबूती मिलती है। बल्लेबाजी और गेंदबाजी के अलावा फील्डिंग में भी सर जडेजा जैसा कारनामा दूसरे खिलाड़ी कम ही कर पाते हैं। हाल ही में अनुभवी स्पिनर रवि अश्विन ने जडेजा को लेकर खुलासा किया है कि उन्हें रविंद्र जडेजा से ईर्ष्या क्यों है?

दोनों स्पिनरों को आखिरी बार एक साथ वर्ल्ड कप की लीग स्टेज में हुए भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया मुकाबले में देखा गया था। हाल ही में स्पोर्टस्टार पर बातचीत करते हुए अश्विन ने कहा कि, विराट कोहली आज दुनिया के सबसे सेब्रल क्रिकेटर हैं। हालांकि, मुझे जिस क्रिकेटर से सबसे ज्यादा ईर्ष्या होती है, वह हैं रविंद्र जडेजा।





वहीं अश्विन ने कहा कि, जडेजा की यात्रा और मेरी यात्रा काफी विपरीत है। जडेजा दिनोंदिन एक ही जगह पर गेंद डाल सकते हैं, मैदान पर काफी एथलेटिक हो सकते हैं। बल्ले से बेहद सरल हो सकते हैं और ज्यादातर दिनों मिलियम डॉलर कमा सकते हैं। मैं ऐसा करने का जोखिम नहीं उठा सकता हूं। अमूमन अश्विन अपने मन की बात कहने में हिचकिचाते हैं। वह ये बात जडेजा से नहीं बोल पा रहे थे। उन्होंने इस बात का भी खुलासा किया है कि अक्सर दोनों स्पिनरों में बेहतर होने को लेकर खींचतान रहती है।

# छोटे कपड़े पहनना छोड़ देंगी उर्फी जावेद? एक्ट्रेस बताया आखिर क्यों पहनने लगी है सूट-सलवार

टीवी एक्ट्रेस और मॉडल उर्फी जावेद के वीडियोज और फोटोज अक्सर सोशल मीडिया पर वायरल होते रहते हैं। उर्फी जावेद को वीडियोज और फोटोज पर लोग कमेंट भी खूब करते हैं। अब उर्फी जावेद एक बार फिर कैमरे में कैद हुई हैं और उनके फोटोज और वीडियोज सामने आए हैं।

टीवी एक्ट्रेस और मॉडल उर्फी जावेद के वीडियोज और फोटोज अक्सर सोशल मीडिया पर वायरल होते रहते हैं। उर्फी जावेद को वीडियोज और फोटोज पर लोग कमेंट भी खूब करते हैं। अब उर्फी जावेद एक बार फिर कैमरे में कैद हुई हैं और उनके फोटोज और वीडियोज सामने आए हैं। उर्फी जावेद की ड्रेस ने लोगों का एक बार फिर ध्यान खींचा है।

टी-सीरीज़ के मालिक भूषण कुमार को बड़ी राहत देते हुए मुंबई की एक मजिस्ट्रेट अदालत ने मुंबई पुलिस द्वारा दायर बी समरी रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया है, जिसके द्वारा वे उनके खिलाफ बलात्कार और धोखाधड़ी के लिए दर्ज एफआईआर को बंद करने की मांग कर रहे थे। अंधेरी मजिस्ट्रेट अदालत ने 9 नवंबर, 2023 को रिपोर्ट स्वीकार कर ली, जिससे कुमार के खिलाफ एफआईआर समाप्त हो गई है। विशेष रूप से, बी समरी रिपोर्ट तब दायर की जाती है जब पुलिस मामले को दुर्भावनापूर्ण रूप से झूठा करार देती है या जब जांच के बाद आरोपी के खिलाफ कोई सबूत या प्रथम दृष्टया मामला नहीं होता है।



अभिनेता और टेलीविजन होस्ट कपिल शर्मा अपने हालिया इंडिगो उड़ान अनुभव से खुश नहीं थे। कॉमेडियन ने एयरलाइन के प्रति अपनी निराशा व्यक्त करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया, जिसमें काफी देरी और एक आश्चर्यजनक बहाना बताया गया कि पायलट ट्रैफिक में फंस गया था। उन्होंने देरी से प्रस्थान पर अपना असंतोष व्यक्त किया और एयरलाइन की विश्वसनीयता के बारे में चिंता व्यक्त की। कपिल शर्मा ने एक्स, जिसे पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था, पर लिखा, प्रिय इंडिगो, पहले आपने हमें 50 मिनट तक बस में इंतजार कराया और अब आपकी टीम कह रही है कि पायलट ट्रैफिक में फंस गया है। क्या? वास्तव में? हमें बस से उड़ान भरनी थी। रात के 8 बजे हैं और 9ऱ20 बज चुके हैं। फिर भी, कॉकपिट में कोई पायलट नहीं है। क्या आपको लगता है कि ये 180 यात्री फिर से इंडिगो में उड़ान भरेंगे? कभी नहीं सइंडिगो 6ई 5149 सबेशर्म। कपिल शर्मा ने इंडिगो के एक वरिष्ठ अधिकारी से बात करने की मांग कर रहे यात्रियों के एयरलाइन ग्राउंड स्टाफ के साथ बहस के दृश्य भी साझा किए।

# रितीक सावंत को मिली गिरतारी से अंतरिम राहत

अदालत ने पुलिस को सात दिसंबर तक सावंत के खिलाफ कोई भी कार्रवाई नहीं करने को कहा है। दुर्रानी की शिकायत पर उपनगरीय अंबोली पुलिस ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 67ए के तहत सावंत के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मुंबई की एक अदालत ने बुधवार को बॉलीवुड अभिनेत्री और मॉडल राखी सावंत को उनके अलग हुए पति की ओर से दायर मामले में सात दिसंबर तक गिरफ्तारी से अंतरिम राहत दे दी। राखी सावंत के पति आदिल दुर्रानी ने दोनों के निजी वीडियो कथित तौर पर लीक करने को लेकर राखी के खिलाफ मामला दर्ज कराया था।

राखी के पति आदिल दुर्रानी द्वारा उनकी अग्रिम जमानत याचिका में हस्तक्षेप करने की मांग के बाद डिंडोशी सत्र अदालत ने सावंत को अस्थायी राहत दी है। अदालत ने राखी को राहत देते हुए कहा कि चूंकि गिरफ्तारी पूर्व जमानत याचिका पर सुनवाई उनके पति के आदेश पर स्थगित की जा रही है ताकि उन्हें अपनी बात कहने का मौका दिया जा सके, इसलिए उन्हें सुरक्षा देना उचित होगा।

अदालत ने पुलिस को सात दिसंबर तक सावंत के खिलाफ कोई भी कार्रवाई नहीं करने को कहा है। दुर्रानी की शिकायत पर उपनगरीय अंबोली पुलिस ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 67ए के तहत सावंत के खिलाफ मामला दर्ज किया है।



दुर्रानी ने राखी पर उन्हें बदनाम करने के लिए उनके निजी वीडियो कई जगहों पर दिखाने का आरोप लगाया है। राखी के वकील अली काशिफ खान देशमुख ने कहा कि आदिल का एकमात्र उद्देश्य अभिनेत्री को परेशान करना है।

# टी-सीरीज के मालिक भूषण कुमार को मिली बड़ी राहत, बलात्कार के हटे आरोप, अदालत ने पुलिस रिपोर्ट स्वीकार की

टी-सीरीज़ के मालिक भूषण कुमार को बड़ी राहत देते हुए मुंबई की एक मजिस्ट्रेट अदालत ने मुंबई पुलिस द्वारा दायर बी समरी रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया है, जिसके द्वारा वे उनके खिलाफ बलात्कार और धोखाधड़ी के लिए दर्ज एफआईआर को बंद करने की मांग कर रहे थे।

टी-सीरीज़ के मालिक भूषण कुमार को बड़ी राहत देते हुए मुंबई की एक मजिस्ट्रेट अदालत ने मुंबई पुलिस द्वारा दायर बी समरी रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया है, जिसके द्वारा वे उनके खिलाफ बलात्कार और धोखाधड़ी के लिए दर्ज एफआईआर को बंद करने की मांग कर रहे थे।

अंधेरी मजिस्ट्रेट अदालत ने 9 नवंबर, 2023 को रिपोर्ट स्वीकार कर ली, जिससे कुमार के खिलाफ एफआईआर समाप्त हो गई है। विशेष रूप से, बी समरी रिपोर्ट तब दायर की जाती है जब पुलिस मामले को दुर्भावनापूर्ण रूप से झूठा करार देती है या जब जांच के बाद आरोपी के खिलाफ कोई सबूत या प्रथम दृष्टया मामला नहीं होता है।

जुलाई 2021 में, डीएन नगर पुलिस ने कुमार के खिलाफ बलात्कार और धोखाधड़ी के लिए भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के प्रावधानों के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की थी। शिकायत के अनुसार, कुमार ने अपनी कंपनी में किसी प्रोजेक्ट पर नौकरी दिलाने के बहाने एक महिला से कथित तौर पर बलात्कार किया था। कुमार संगीत दिग्गज दिवंगत गुलशन कुमार के बेटे हैं। 2022 में, पुलिस ने एक बी सारांश रिपोर्ट दायर की थी जिसे शिकायतकर्ता के आचरण के आधार पर अंधेरी मजिस्ट्रेट अदालत ने खारिज कर दिया था। पीड़िता ने बाद में कहा था कि उसने परिस्थितिजन्य गलतफहमी के कारण कुमार के खिलाफ आरोप लगाए थे और वह उन्हें वापस ले रही है। उन्होंने बी-समरी रिपोर्ट के अनुमोदन पर भी अपनी अनापत्ति जताई थी।




हालांकि, मजिस्ट्रेट ने कहा था, जहां तक पीड़िता का सवाल है, उसने आपराधिक कानून लागू कर दिया है और कुछ समय बाद अंतिम रिपोर्ट की स्वीकृति के लिए उसे कोई शिकायत नहीं है। उसके आचरण से यह आश्वासन मिलता है कि उसने प्रावधानों का दुरुपयोग किया है।÷ कानून के जो जरूरतमंद वादियों के लिए हैं। अपने व्यक्तिगत लाभ और लाभ के लिए, उसने हर उस सीमा को पार कर लिया है जिसका सभी महिलाएं दशकों से पालन करती आ रही हैं और पुलिस को आगे की जांच करने का निर्देश दिया।

2023 में पुलिस ने फिर से बी समरी रिपोर्ट दाखिल की जिसे अब मजिस्ट्रेट ने स्वीकार कर लिया है। इस बीच, कुमार ने सहमति से एफआईआर को रद्द करने की मांग करते हुए बॉम्बे हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। सुनवाई के दौरान, गुरुवार को कुमार की ओर से पेश वकील निरंजन मुंदारगी और चंदन सिंह शेखावत ने बताया कि रिट याचिका की लंबित सुनवाई अनावश्यक हो जाती है, मुंबई पुलिस की बी सारांश रिपोर्ट स्वीकार कर ली गई है। जस्टिस पीडी नाइक और एमआर बोरकर की पीठ ने इसे स्वीकार कर लिया और रिट याचिका का निपटारा कर दिया।

# किरण रिजिजू ने रणदीप-लिन की मणिपुरी शादी का जारी किया वीडियो जारी, जोड़े को शुभकामनाएं दीं

केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने अब 29 नवंबर को इंफाल में एक अंतरंग समारोह में शादी करने वाले रणदीप हुडा और लिन लैशराम को बधाई दी है। उन्होंने खूबसूरत विवाह समारोह का एक अंदरूनी वीडियो भी साझा किया। केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने अब 29 नवंबर को इंफाल में एक अंतरंग समारोह में शादी करने वाले रणदीप हुडा और लिन लैशराम को बधाई दी है। उन्होंने खूबसूरत विवाह समारोह का एक अंदरूनी वीडियो भी साझा किया। कुछ दिन पहले अपनी शादी की घोषणा करके अपने रिश्ते की पुष्टि करने वाले इस जोड़े ने मणिपुर के इम्फाल में मैतेई परंपरा के अनुसार शादी की।

रणदीप हुडा और लिन लैशराम ने 29 नवंबर को अपनी शादी की आधिकारिक तस्वीरें पोस्ट कीं और यह सब बहुत खूबसूरत था। इस जोड़े ने अपने परिवार और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में मैतेई रीति-रिवाजों के अनुसार एक अंतरंग समारोह में शादी की।





किरण रिजिजू, जो आंध्र प्रदेश के एक राजनेता हैं, ने अब एक्स पर नवविवाहित जोड़े को बधाई दी है। उन्होंने एक वीडियो साझा किया जिसमें जोड़े की मणिपुरी शादी की झलकियाँ दिखाई गईं। इसके साथ उन्होंने लिखा, रणदीप हुडा (हरियाणा से) और लिन लैशराम (मणिपुर से) को बधाई! इस अद्भुत जोड़े ने इम्फाल, मणिपुर में एक बहुत ही सुंदर पारंपरिक मैतेई विवाह समारोह में अपनी शादी को संपन्न किया। आपका प्यार हर गुजरते समय के साथ मजबूत होता जाए।

अपनी शादी के दिन, रणदीप ने पीले रंग की हेडगियर (कोयेट) के साथ पारंपरिक सफेद कुर्ता पहना था। इस बीच, लिन एक भारी ब्लाउज और ढेर सारे सोने के आभूषणों के साथ शाही पोटलोई (जिसे पोलोई भी कहा जाता है) में बहुत सुंदर लग रही थी। उनकी शादी 29 नवंबर को इंफाल पश्चिम के लंगथाबल स्थित चुमथांग सनापुंग में हुई। वे 27 नवंबर को इंफाल पहुंचे। अपनी शादी से पहले मंदिरों में आशीर्वाद लेने के बाद, लिन और रणदीप ने मोइरांग और लोकतक झील में एक राहत शिविर का दौरा किया।

# पन्नू की हत्या के आरोपों पर भारत का यूएसको जवाब

**आतंकी**

**अमेरिका ने एक भारतीय व्यक्ति पर खालिस्तान समर्थक आतंकी गुरुपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया है।**




**नई दिल्ली।** कनाडा ने दो महीने पहले खालिस्तान समर्थक आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की मौत को लेकर भारत पर बड़ा आरोप लगाया था। कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने दावा किया था कि आतंकी निज्जर की हत्या के पीछे भारतीय एजेंसियों का हाथ है। इस आरोप के दो महीने बाद अमेरिका ने भारत के खिलाफ एक बड़ा दावा कर दिया है।

अमेरिका ने एक भारतीय व्यक्ति पर खालिस्तान समर्थक आतंकी गुरुपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया है। अमेरिका के इस आरोप पर भारत ने गुरुवार को चिंता जाहिर की है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा,÷जहां तक एक व्यक्ति के खिलाफ अमेरिकी अदालत में दायर मामले का संबंध है, उसे कथित तौर पर एक भारतीय अधिकारी से जोड़ा गया है, यह चिंता का विषय है। हमने कहा है कि यह सरकार की नीतियों के भी विपरीत है।

उन्होंने आगे कहा,अमेरिका के साथ द्विपक्षीय सुरक्षा सहयोग पर बातचीत के दौरान अमेरिकी पक्ष ने हमारे साथ कुछ इनपुट साझा किए हैं। इस इनपुट में संगठित अपराधियों, बंदूकधारियों, आतंकवादियों और अन्य चरमपंथियों के बीच सांठगांठ की बात कही गई है। हम ऐसे इनपुट को बहुत ही गंभीरता से लेते हैं और यही कारण है कि एक उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन किया गया है और हम करेंगे। कनाडा के मामले पर अरिंदम बागची ने कहा, जहां तक कनाडा का सवाल है, हमने कहा है कि उन्होंने लगातार भारत विरोधी चरमपंथियों को जगह दी है और वास्तव में यही मुद्दे की जड़ है।

उन्होंने आगे कहा,÷कनाडा में हमारे राजनयिक प्रतिनिधियों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ा है। इसलिए, हम उम्मीद करते हैं कि कनाडा सरकार राजनयिक संबंधों पर वियना कन्वेंशन के तहत अपने दायित्वों को पूरा करेगी। हमने अपने आंतरिक मामलों में कनाडाई राजनयिकों का हस्तक्षेप भी देखा है और यह अस्वीकार्य है।

बता दें कि बुधवार को अमेरिकी न्याय विभाग ने कहा है कि एक 52 साल के व्यक्ति निखिल गुप्ता ने भारतीय सरकारी कर्मचारी के साथ काम किया था, जिसकी जिम्मेदारियों में सुरक्षा और खुफिया जानकारी शामिल थी। उसने सिख संप्रभु राज्य की वकालत करने वाले शख्स की हत्या की साजिश रची थी। वह न्यूयॉर्क शहर का रहने वाला था।

अमेरिका ने साफ तौर पर यह नहीं कहा कि निखिल गुप्ता ने ही आतंकी पन्नू की हत्या की, लेकिन सारी कड़ियां उसी से जोड़ दी।

## एनडीए की महिला कैडेटों के पहले बैच ने पासिंग आउट परेड में लिया हिस्सा

**पुणे।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज पुणे में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) के 145वें कोर्स की पासिंग आउट परेड की समीक्षा की और मार्चिंग दल में महिला कैडेटों के पहले बैच की भागीदारी की सराहना की।


मुर्मु ने इसे ऐतिहासिक दिन बताते हुए महिला कैडेटों को शुभकामनाएं दीं, साथ ही कहा कि आज बेटियों को अपनी पसंद का करियर चुनने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। पासिंग आउट परेड में लगभग 15 महिला कैडेटों ने अपने पुरुष समकक्षों के साथ भाग लिया।

पिछले साल, 19 महिला कैडेटों का पहला बैच खडकवासला के एनडीए में शामिल हुआ था। एनडीन ने देश को कई बेहतरीन सैन्य अधिकारी दिए हैं। दूसरे और तीसरे वर्ष के कैडेट पासिंग आउट परेड में हिस्सा लेते हैं। सशस्त्र बलों के सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति मुर्मु ने अपना कोर्स पूरा करने वाले सभी कैडेटों को बधाई दी। उन्होंने मार्चिंग दल में शामिल महिला कैडेटों को भी बधाई दी।

मुर्मु ने कहा कि मुझे बताया गया कि 2022 से अकादमी में महिला कैडेटों का प्रशिक्षण शुरू कर दिया गया है।आज पहली बार महिला कैडेट मार्चिंग दल का हिस्सा थीं। उन्होंने कहा कि आज एक ऐतिहासिक दिन है और मुझे यकीन है कि महिला कैडेट एनडीए और देश का नाम नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगी।

## कन्नूर विश्वविद्यालय के वीसी को फिर से नियुक्त करने का फैसला रद्द

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को केरल के कन्नूर विश्वविद्यालय के वीसी को बड़ा झटका दिया। शीर्ष कोर्ट ने गोपीनाथ रवींद्रन को उनकी



सेवानिवृत्ति के बाद भी कन्नूर विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में फिर से नियुक्त करने के राज्य सरकार के फैसले को रद्द कर दिया। साथ ही कोर्ट ने इस मामले में रवींद्रन के अनुचित तरीके से हस्तक्षेप करने की आलोचना की। इस मामले की चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने सुनवाई की। पीठ ने गोपीनाथ रवींद्रन को वीसी के पद पर दोबारा नियुक्त करने के कुलाधिपति और राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के आदेश में गलती पाई। पीठ ने रवींद्रन की दोबारा नियुक्ति को बरकरार रखने वाले केरल हाई कोर्ट के फैसले को रद्द कर दिया। बता दें कि राज्यपाल किसी भी राज्य में विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति होते हैं। राज्यपाल कुलाधिपति के रूप में सभी विश्वविद्यालय के मामलों पर निर्णय लेने में मंत्रिपरिषद से स्वतंत्र रूप से कार्य करते हैं।

पीठ ने कहा, हम इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि अगर रवींद्रन को कुलपति के पद पर फिर से नियुक्त करने की अधिसूचना कुलाधिपति द्वारा जारी की गई थी, फिर भी दोबारा नियुक्ति का फैसला बाहरी विचारों से या दूसरे शब्दों में कहें तो राज्य सरकार के अनुचित हस्तक्षेप से प्रभावित था। पीठ में जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा भी शामिल थे। शीर्ष कोर्ट ने कहा, हाई कोर्ट के 23 फरवरी, 2022 को पारित किए गए आदेश को रद्द कर दिया गया है और इसके परिणामस्वरूप, 23 नवंबर, 2021 को रवींद्रन को कन्नूर विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में फिर से नियुक्त करने के फैसले को भी रद्द किया जाता है।

## शीतकालीन सत्र से पहले सरकार ने बुलाई सर्वदलीय बैठक



**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र शुरू होने से पहले केंद्र सरकार ने शनिवार को लोकसभा और राज्यसभा में राजनीतिक दलों के नेताओं की बैठक बुलाई है। संसद का शीतकालीन सत्र 4 दिसंबर से शुरू हो रहा है। सत्र 22 दिसंबर तक चलेगा, जिसमें 15 बैठकें आयोजित की जाएंगी। शीतकालीन सत्र के दौरान औपनिवेशिक युग के आपराधिक कानूनों को बदलने के लिए तीन विधेयकों सहित प्रमुख मसौदा कानूनों पर विचार करने की उम्मीद है। यह बैठक संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी की अध्यक्षता में होगी, जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल सहित वरिष्ठ नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है। बता दें कि वर्तमान समय में संसद में 37 विधेयक लंबित हैं, जिनमें से 12 विचार और पारित करने के लिए सूचीबद्ध किए गए हैं। वहीं, सात विधेयकों को संसद में पेश करने और उसे पारित करने के लिए सूचीबद्ध किया गया है। वहीं, तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ कैश-फॉर-क्वेरी के आरोपों पर आचार समिति की रिपोर्ट भी इसी सत्र के दौरान लोकसभा में पेश की जाएगी।

## सुप्रीम कोर्ट ने चंद्रबाबू नायडू को दिया जोर का झटका

# अग्रिम जमानत की मांग वाली याचिका स्थगित

**आदेश**

**फाइबरनेट केस आंध्र प्रदेश फाइबरनेट परियोजना के चरण - 1 के तहत कार्य आदेश आवंटित करने में कथित टेंडर में हेरफेर से संबंधित है।**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू को राहत देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने फाइबरनेट केस में अग्रिम जमानत की मांग करने वाली टीडीपी प्रमुख नायडू की याचिका पर सुनवाई 12 दिसंबर तक के लिए स्थगित कर दी। जस्टिस अनिरुद्ध बोस और बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने मामले की सुनवाई की। पीठ ने याचिका को यह कहते हुए टाल दिया कि 371 करोड़ रुपये के कौशल विकास घोटाला मामले में एफआईआर को रद्द करने की मांग करने वाली नायडू की एक अन्य याचिका पर फैसला जल्द ही आने की संभावना है। कोर्ट में आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री नायडू की ओर से पेश सीनियर एडवोकेट सिद्धार्थ लूथरा ने कहा कि राज्य पुलिस द्वारा नायडू की गिरफ्तारी के खिलाफ प्रारंभिक व्यवस्था जारी रहनी चाहिए। वहीं, आंध्र प्रदेश सरकार की ओर से वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने कोर्ट को आश्वासन दिया कि यह व्यवस्था जारी रहेगी। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने पहले आंध्र प्रदेश पुलिस से कहा था कि वह फाइबरनेट केस में नायडू को तब तक गिरफ्तार नहीं करे जब तक कि वह कौशल विकास घोटाला मामले में टीडीपी सुप्रीमो की याचिका पर अपना फैसला नहीं सुना देती। आंध्र प्रदेश पुलिस ने 13 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट को बताया था कि वे टीडीपी प्रमुख नायडू को हिरासत में नहीं लेंगे।

फाइबरनेट केस आंध्र प्रदेश फाइबरनेट परियोजना के चरण -1 के तहत कार्य आदेश आवंटित करने में कथित टेंडर में हेरफेर से संबंधित है। इसमें अपनी पसंदीदा कंपनी को 330 करोड़ रुपये का टेंडर देने का आरोप है। आंध्र प्रदेश पुलिस सीआईडी ने आरोप लगाया है कि टेंडर देने से लेकर काम पूरा होने तक परियोजना में अनियमितताएं की गई हैं, जिससे राज्य के खजाने को भारी नुकसान हुआ।

## अरुणाचल प्रदेश सरकार ने नौकरशाही में किया फेरबदल , 23 वरिष्ठ अधिकारियों को सौंपी गई नई पोस्टिंग

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश सरकार ने नौकरशाही में फेरबदल करते हुए 23 वरिष्ठ अधिकारियों को नई नियुक्तियां सौंपी हैं। कुल 23 अरुणाचल




प्रदेश सिविल सेवा (एपीसीएस) अधिकारियों को राज्य के विभिन्न जिलों और विभागों में स्थानांतरित और तैनात किया गया है। मुख्य सचिव धर्मेंद्र ने बुधवार को जारी एक आदेश में कहा कि यह फेरबदल भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) के निर्देशानुसार किया गया है। राज्य में लोकसभा और विधानसभा चुनाव अगले साल की शुरुआत में होने हैं। मुख्य सचिव ने नियंत्री पदाधिकारियों को स्थानांतरित किये गये लोगों को गुरुवार तक कार्यमुक्त करने का भी निर्देश दिया। आदेश के अनुसार, निचले सुबनसिरी के उपायुक्त बामिन निमे और पक्के केसांग के समकक्ष चीचुंग चुखू को यहां नागरिक सचिवालय में संयुक्त सचिव के रूप में तैनात किया गया था। आदेश में कहा गया है कि लोंगडिंग डीसी बानी लेगो को टी पाडो की जगह पक्के केसांग डीसी के रूप में नियुक्त किया गया है।

सेइजोसा के अतिरिक्त उपायुक्त (एडीसी) टोको बाबू को आईएएस अधिकारी पिगे लिगु से मुक्त करते हुए राज्य शिक्षा अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) के निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया। आदेश में कहा गया है कि किमिन एडीसी बेकिर न्योरक को लॉन्गडिंग डीसी के रूप में नियुक्त किया गया था।

## संयुक्त राष्ट्र के नेताओं ने की भारत की सराहना



**संयुक्त राष्ट्र/जिनेवा।** संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के शीर्ष नेताओं और दूतों ने वैश्विक चुनौतियों से निपटने और दक्षिण-दक्षिण सहयोग की शक्ति को दर्शाने के लिए भारत के नेतृत्व की सराहना की। इसके अलावा उन्होंने देश की जी-20 अध्यक्षता पर प्रकाश डाला तथा भारत और संयुक्त राष्ट्र के बीच स्थायी साझेदारी को वैश्विक दक्षिण के भीतर एक मार्गदर्शक करार दिया। यूएन की उप महासचिव अमीना मोहम्मद ने कहा कि भारत-संयुक्त राष्ट्र विकास कोष (आईयूएनडीपीएफ) जिसने 54 देशों में 76 परियोजनाओं को वित्तपोषित किया है, नई दिल्ली के वसुधैव कुटुंबकम (विश्व एक परिवार है) के दर्शन को साकार करता रहा है और दक्षिण-दक्षिण सहयोग की शक्ति को दर्शाता है। संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आईयूएनडीपीएफ के छठे वर्ष के उपलक्ष्य में बुधवार को एक कार्यक्रम हुआ। इस दौरान मोहम्मद ने कहा कि भारत लंबे समय से दक्षिण-दक्षिण सहयोग और संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) की वैश्विक खोज का चैंपियन रहा है। भारत ने पिछले साल दिसंबर में एक साल तक चलने वाले जी-20 की अध्यक्षता संभाली थी और अब वह ब्राजील को इसकी कमान सौंपने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, यह उन उल्लेखनीय उपलब्धियों को दिखाता है, जो संयुक्त राष्ट्र के देश विकासशील देशों के साथ मिलकर काम करके हासिल कर सकते हैं। आईयूएनडीपीएफ हमारे समुदायों के सबसे कमजोर लोगों में सकारात्मक बदलाव लाते हुए महत्वपूर्ण मील के पत्थर तक पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि हैती में स्वच्छ जल और कृषि सिंचाई में सुधार के लिए सौर जल पंपिंग प्रणाली स्थापित की गई है। वहीं, मोल्दोवा में इसने राष्ट्रीय सांख्यिकीय प्रणालियों को मजबूत किया और जिम्बाब्वे में इसने छोटे किसानों को सूखा प्रतिरोधी बीज, तकनीकी प्रशिक्षण और फसल के बाद सहायता प्रदान की। भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि भारत वैश्विक दक्षिण के लिए नेतृत्व और वकालत के स्तंभ के रूप में खड़ा है। बदलती वैश्विक गतिशीलता की दुनिया में, हमारा राष्ट्र न केवल एक आवाज के रूप में उभरा है, बल्कि विकासशील देशों की आशाओं और चुनौतियों के प्रतिनिधि के रूप में आशा और समर्थन के वैश्विक प्रतीक के रूप में उभर रहा है।

## पूर्व विदेश मंत्री किसिंजर का निधन

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के प्रसिद्ध राजनेता और डिप्लोमैट हेनरी किसिंजर का 100 साल की आयु में निधन हो गया है। बताया जा रहा है कि बुधवार को कनेक्टिकट में उनके घर पर ही निधन हुआ है। किसिंजर राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन और गेराल्ड फोर्ड के कार्यकाल के दौरान अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और विदेश मंत्री के तौर पर काम कर चुके हैं। इस साल 27 मई को उन्होंने अपना 100वां जन्मदिन मनाया था। हेनरी किसिंजर आधुनिक अमेरिकी इतिहास में सबसे महत्वपूर्ण व्यक्तियों में से एक हैं। उन्होंने ही वियतनाम युद्ध को खत्म करने और अमेरिकी सेना की वापसी में बड़ी भूमिका निभाई थी। वहीं, 1971 में भारत पाकिस्तान युद्ध के दौरान उनकी भूमिका काफी विवादास्पद रही थी। इसी युद्ध के कारण दुनिया के नक्शे पर एक स्वतंत्र देश बांग्लादेश का उदय हुआ था।

## लाहौर में भारतीय सिख परिवार से बंदूक की नोक पर लूट, पुलिस की वर्दी में थे अपराधी, जांच जारी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की राजधानी लाहौर में पुलिस की वर्दी पहने लुटेरों ने एक



भारतीय सिख परिवार के साथ लूटपाट की। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के प्रवक्ता एहतशाम हैदर ने बताया कि गुरु नानक देव की जयंती समारोह में शामिल होने के लिए भारत से यहां पहुंचे कंवलजीत सिंह और उनके परिवार के सदस्य बुधवार को गुरुद्वारा ननकाना साहिब से लौटने पर खरीदारी के लिए लाहौर के गुलबर्ग इलाके में लिबर्टी मार्केट गए थे। उन्होंने बताया कि सिख परिवार जब एक दुकान से बाहर आया तो पुलिस की वर्दी पहने दो लुटेरों ने उन्हें रोका और बंदूक की नोक पर नकदी और गहने लूट लिए।

उन्होंने बताया कि लुटेरों ने सिख परिवार से 250,000 भारतीय रुपये और 150,000 पाकिस्तानी रुपये के अलावा गहने लूट लिए। घटना के बाद वहां लोग जमा हो गए और फिर सिख परिवार के साथ स्थानीय पुलिस स्टेशन पहुंचे। गुलबर्ग पुलिस के स्टेशन हाउस ऑफिसर ने अपने वरिष्ठ अधिकारी को सूचित किया जो वहां पहुंचे।

हैदर ने कहा, पुलिस उप महानिरीक्षक ने भारतीय सिख परिवार से मुलाकात की और उन्हें आश्वासन दिया कि लुटेरों को गिरफ्तार किया जाएगा और उनके नुकसान की भरपाई की जाएगी। पंजाब के कार्यवाहक मुख्यमंत्री मोहसिन नकवी ने भी सिख तीर्थयात्री परिवार से की गई लूट की घटना का संज्ञान लिया है और लाहौर पुलिस प्रमुख से तुरंत रिपोर्ट मांगी है।

नकवी ने सीसीटीवी फुटेज के जरिए संदिग्धों की तत्काल पहचान पर जोर देते हुए डकैती में शामिल लोगों की जल्द गिरफ्तारी का निर्देश दिया है।

उन्होंने गुलबर्ग जैसे इलाके में सिख परिवार को लूट की घटना को सुरक्षा में गंभीर चूक करार दिया और दोषियों को 48 घंटे के भीतर न्याय के कटघरे में लाने का आह्वान किया।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए नकवी ने जोर देकर कहा कि इस मामले में किसी भी लापरवाही की पहचान की जानी चाहिए, और जिम्मेदार पुलिस कर्मियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सिख तीर्थयात्री सम्मानित अतिथि हैं और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना एक जिम्मेदारी है। बता दें कि ढाई हजार से ज्यादा भारतीय सिख अभी गुरु नानक देव की जयंती के सिलसिले में पाकिस्तान में हैं।

## बंधकों की रिहाई के लिए इस्राइल-हमास संघर्ष पर लगा रहेगा विराम

**समझौता**

**खबरों के अनुसार, 24 नवंबर से संघर्ष विराम समझौता प्रभावी हुआ।**



**यरुशलम।** पश्चिम एशिया के गाजा में युद्ध और 47 दिनों के हिंसक संघर्ष में अब तक 15 हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। हालांकि, बीते सात अक्तूबर से शुरू हुआ रक्तपात 24 नवंबर को कतर की प्रभावी मध्यस्थता और हस्तक्षेप के बाद बीते छह दिनों से थमा हुआ है। आज इस समझौते का आखिरी दिन था। ऐसे में सवाल उठ रहा था कि क्या फिर से जंग शुरू हो जाएगी। हालांकि, अब जानकारी सामने आई है कि थोड़े दिन और युद्ध नहीं होगा।

एक रिपोर्ट के अनुसार, समझौते की अवधि समाप्त होने से कुछ समय पहले ही दोनों पक्षों ने फैसला लिया कि इस्राइल और हमास के बीच युद्ध नहीं होगा। इस्राइली सेना ने कोई समय सीमा बताए बिना कहा कि कि बंधकों को रिहा कराने के लिए फिलहाल संघर्ष विराम जारी रहेगा। इस बीच, हमास ने कहा कि संघर्ष विराम को सातवें दिन के लिए बढ़ाने पर सहमति बनी है।

इस्राइल और हमास के युद्ध की शुरुआत के कई दिन बीतने के बाद यह जानना रोचक है कि युद्धविराम के प्रमुख कारक क्या हैं? किन देशों के प्रभावी दखल के कारण इस्राइल और हमास के बीच युद्धविराम हुआ? यह जानना भी बेहद दिलचस्प है। दरअसल, कतर के अलावा कई और देश भी फलस्तीन को अलग मान्यता देने की वकालत कर रहे हैं। टकराव खत्म कर शांति बहाली की अपील के बीच इस्राइल इसलिए भी कठघरे में है क्योंकि उस पर बड़े भूभाग पर कब्जा करने के आरोप हैं। इस्राइली आक्रामकता और फलस्तीन का विवाद काफी पेचीदा है। अत्याधुनिक हथियारों से लैस हमास गाजा पर नियंत्रण के साथ-साथ फलस्तीन का प्रतिनिधि होने का दावा भी करता है। हालांकि, फलस्तीन का प्रशासन हमास से जुड़ाव को सिरे से खारिज करता है।

खबरों के अनुसार, 24 नवंबर से संघर्ष विराम समझौता प्रभावी हुआ। इसके तहत हमास ने 50 से अधिक इस्राइली और विदेशी नागरिकों को बंधन से आजाद किया। बता दें कि हमास पर लगभग 250 लोगों को बंधक बनाने के आरोप हैं। हमास ने संघर्षविराम की शर्तों के तहत जब आम लोगों को कब्जे से मुक्त किया तो बदले में इस्राइल को भी जेलों में कैद 100 से ज्यादा फलस्तीनी कैदियों को रिहा करना पड़ा। बाद में 27 नवंबर की देर शाम संघर्ष विराम दो दिनों के लिए बढ़ाने जाने की खबर सामने आई। इसके अनुसार हमास 20 और इस्राइलियों को बंधन से आजाद करेगा। बदले में इस्राइल भी कैदियों को रिहा करेगा। युद्धविराम में कतर की भूमिका क्या रही? मिस्र और अमेरिका ने भी चार दिवसीय संघर्ष विराम को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। भारत ने भी शांति बहाली और %टू-स्टेट% समझौते का पक्ष लिया है।

युद्ध विराम के बाद यह जानना रोचक है कि हिंसक संघर्ष में शामिल दोनों पक्षों की क्या राय थी? राजनयिकों का मानना है कि इस्राइल के किसी भी बड़े फैसले में युद्ध कैबिनेट, प्रधानमंत्री कार्यालय और खुफिया एजेंसी- मोसाद की भूमिका होती है। सामरिक मामलों के जानकारों का मानना है कि तीनों में से मोसाद के युद्धविराम बढ़ाने के फैसले के समर्थन करने की सबसे अधिक संभावना है। युद्ध विराम पर हमास की भूमिका भी रोचक है। खबरों के अनुसार हमास भी इसके समर्थन में दिखता है। एक बयान के अनुसार हमास ने कहा, मानवीय युद्धविराम समझौते की चार दिन की अवधि बीतने के बाद भी हम सीजफायर का विस्तार चाहते हैं। हमास अधिक से अधिक फलस्तीनी कैदियों की रिहाई चाहता है।

खबरों के अनुसार चार दिवसीय युद्धविराम समझौते से इतर भी हमास ने विशेष हालात में एक इस्राइली-रूसी शख्स रोनी क्रिवॉय को भी बंधन मुक्त किया था। इसके

## जापान के तट पर क्रैश हुए अमेरिकी विमान के लिए सर्च ऑपरेशन जारी, कई लोग अभी भी लापता

**वॉशिंगटन।** जापान के तट पर क्रैश हुए अमेरिका के विशेष ऑपरेशन एयरक्राफ्ट के लिए सर्च अभियान अभी भी चल रहा है। बता दें कि अमेरिकी विमान जापान के याकुशिमा द्वीप पर बुधवार को दुर्घटनाग्रस्त हुआ था। यह विमान अमेरिका की 353वीं स्पेशल ऑपरेशंस विंग का एयर फोर्स सीवी-22बी ऑस्प्रे था।

यह विमान अपने रुटीन ट्रेनिंग मिशन पर था और हादसे के समय विमान में आठ लोग सवार थे। जापानी कोस्ट गार्ड के प्रवक्ता ने बताया कि अभी तक विमान में सवार लोगों में से एक का शव बरामद हो गया है। हालांकि अभी तक अमेरिकी अधिकारियों ने इसकी पुष्टि नहीं की है। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि क्रू के सदस्य लापता हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। हादसे का कारण भी अभी तक स्पष्ट नहीं है और लापता लोगों की तलाश के लिए आपातकालीन कर्मी मौके पर मौजूद हैं और सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं।

जापानी कोस्ट गार्ड ने बताया कि दुर्घटना स्थानीय समय के अनुसार



करीब 2.47 बजे हुई। हादसे के बाद सभी ओस्प्रे विमानों के उड़ान भरने पर रोक लगा दी गई थी। हालांकि अमेरिकी सेना के अधिकारियों ने इससे इनकार किया और कहा कि ऐसे कोई आदेश नहीं दिए गए हैं। बता दें कि हाल के सालों में कई ऑस्प्रे विमान हादसे के शिकार हो चुके हैं। ये एयरक्राफ्ट स्पेशल फोर्सेस द्वारा लंबी दूरी के लिए घुसपैठ और पुनः आपूर्ति मिशन के लिए इस्तेमाल किया जाता है। इससे कुछ महीने पहले ही ऑस्ट्रेलिया में भी अमेरिका का ऑस्प्रे विमान क्रैश हो गया था, जिसमें अमेरिकी सेना के तीन मरीन मारे गए थे।

इसके अलावा पिछले साल भी अमेरिका के कैलिफोर्निया में एक ट्रेनिंग मिशन के दौरान भी एमवी-22बी ओस्प्रे विमान क्रैश हुआ था, जिसमें पांच अमेरिकी मरीन्स की जान चली गई थी। 2022 में ही नॉर्वे में एक ट्रेनिंग अभ्यास के दौरान ओस्प्रे क्रैश में चार अमेरिकी सैनिकों की जान चली गई थी।

# नैक मूल्यांकन में करें उत्कृष्ट प्रदर्शनः डॉ. सुधीर बोबडे

अवधनामा संवाददाता

- शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी और छात्रों के साथ किया संवाद
- अपर मुख्य सचिव ने नैक तैयारियों का लिया जायजा



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में गुरुवार को माननीय राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ. सुधीर एम. बोबडे ने विश्वविद्यालय में नैक तैयारियों का जायजा लिया। कुलपति प्रो. वंदना सिंह के साथ विभागों के भ्रमण किया। प्रो. राजेंद्र सिंह रज्जू भैया भौतिकी अध्ययन एवं शोध संस्थान के आर्यभट्ट सभागार में शिक्षक, प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी और छात्रों के साथ संवाद किया।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के सभी राज्य विश्वविद्यालयों की नैक ग्रेडिंग अच्छी हो इसलिए राजभवन नैक को लेकर सक्रिय और गंभीर है। समय- समय पर विश्वविद्यालयों की तैयारियों के लिए दिशा निर्देश के साथ-साथ उसकी समीक्षा भी की जा रही है। इसी के तहत लखनऊ में नैक मंथन कार्यक्रम भी किया गया जिसके परिणामस्वरूप कई विश्वविद्यालय ++ की ग्रेडिंग में आ गए। राजभवन उत्तर प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे आशा है कि आपके अच्छे प्रदर्शन के चलते आपकी ग्रेडिंग उत्कृष्ट आएगी। इसके बाद विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के साथ संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि हमारे विश्वविद्यालय में हर सुविधा और संसाधन है। इसका प्रस्तुतीकरण भी हम अच्छे ढंग से कर रहे है। हम पूरी तरह से एकजुट होकर अपने विश्वविद्यालय का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने को तैयार हैं।

पूर्व कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि नैक प्रस्तुतीकरण में विश्वविद्यालय के सभी सदस्यों का योगदान रहता है। सबके प्रयास से ही अच्छी ग्रेडिंग तक हम पहुंच सकते हैं। बैठक का संचालन आईक्यूएसी के समन्वयक प्रो. मानस पांडेय और धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव महेंद्र कुमार ने दिया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कुलसचिव महेंद्र कुमार, परीक्षा नियंत्रक वीएन सिंह, उप कुलसचिव अमृतलाल, सहायक कुलसचिव दीपक सिंह, अजीत सिंह, प्रो. बीबी तिवारी, प्रो. मानस पांडेय, प्रो. वंदना राय, प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. देवराज सिंह, प्रो. अशोक कुमार श्रीवास्तव, प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, प्रो. संदीप सिंह, प्रो.रजनीश भास्कर, प्रो. प्रदीप कुमार, डॉ. मनोज मिश्र, डॉ. प्रमोद कुमार यादव, डॉ राजकुमार, डॉ. मनीष प्रताप सिंह, डॉ. मनीष गुप्ता, डॉ. संतोष कुमार, डॉ जाह्नवी श्रीवास्तव, डॉ. संजीव गंगवार, डॉ. रसिकेश, डॉ. गिरधर मिश्र, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. श्याम कन्हैया, डॉ पुनीत धवन, डॉ. शशिकांत यादव, डॉ. अमित वत्स, कर्मचारी संघ के अध्यक्ष नंदकिशोर सिंह, महामंत्री रमेश यादव, डॉ पीके कौशिक, आदि लोग उपस्थित थे।

# योगाभ्यास के माध्यम से होता है बच्चों का सर्वांगीण विकासः शिक्षाधिकारी



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर(खुटहन)।** स्थानीय क्षेत्र के कस्तुरबा गांव के बालिका विद्यालय में तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी शशांक सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए योगाभ्यास बहुत आवश्यक है। योग के माध्यम से रोगों का निदान भी होता है। बच्चों की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, इसलिए बच्चों को प्रतिदिन योगाभ्यास करना चाहिए। योग गुरु डॉ ध्रुवराज योगाचार्य ने बच्चों के करने वाले विशेष आसान ताडासन, वृक्ष आसान, ध्रुव आसान, गरुड़ आसान, त्रिकोण आसान, पाद हस्तासन, शीर्षासन, सर्वांग आसान, मयुर आसान, पश्चिमोतान आसान, प्राणायाम का अभ्यास कराया। साथ ही कहा कि बच्चों के याददास्त शक्ति को योग व प्राणायाम के माध्यम से बढ़ाया जा सकता है। कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय की वार्डन अन्जु खरवार ने कहा कि बच्चों की लम्बाई भी योग के माध्यम से बढ़ाया जा सकता है। इस अवसर पर नेहा यादव, कलावती यादव, पूनम श्रीवास्तव, दीपिका गुप्ता, रूकमीना यादव, प्रिया सिंह, तुलसी राम, आशीष वर्मा सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# भगवान को पाना है तो तर्क, वितर्क व ज्ञान का अभिमान त्याग देंः विद्यार्थी महाराज

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर (तेजीबाज़ार)** स्थानीय दिलशादपुर निवासी कमलाकर मिश्रा पूर्व प्रधान के आवास पर भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी महाराज के भात (प्रसाद) कार्यक्रम के उपलक्ष्य में सात दिवसीय संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा आयोजन के पांचवें दिन की कथा में कथावाचक पंडित श्रीप्रकाश चन्द्र ÷विद्यार्थी÷ महाराज जी ने आज की कथा में पूतना के उद्धार की कथा सुनाते हुए कहा कि जब तक कपट रहेगा भगवान की कृपा नही होगी और जब कोई कपट त्याग करके अनुराग प्रेम तथा निर्मल हृदय से भगवान की शरण में जाता है तो भगवान उसका उद्धार करते हैं उसका कल्याण भगवान अवश्य कर देते हैं, जब यशोदा माता कन्हैया को ओखली में बांधने लगी तो अपने ज्ञान विवेक व चतुराई की रस्सियों से उन्होंने बांधा, पर भगवान नहीं बधे, वहीं जब माता यशोदा भगवान श्री कृष्ण को ज्ञान, बुद्धि, चतुराई और विवेक की रस्सियों को त्याग कर प्रेम की रस्सियों से बांधने लगी तो भगवान प्रेम की रस्सी से बड़े ही शीघ्रता से बध गए, भगवान श्री कृष्ण ने संदेश दिया कि अगर भगवान को पाना है तो अपने जीवन से तर्क, वितर्क व ज्ञान का अभिमान त्याग दें क्योंकि भगवान प्रेम से प्राप्त होते हैं, उन्होंने कहा है ÷रामहिं केवल प्रेम पियारा जान लेहिं जो जानन हारा इस तरह के सकट बंधन, पूतना उद्धार, यमलारजन उद्धार तक की चर्चा किया। कथा के तत्पश्चात बड़े ही विधि-विधान से पूजन अर्चन किया गया। इस मौके पर जपाकर मिश्रा, अध्यापक उमेश चतुर्वेदी, कृष्णाकर, अच्छेलाल सिंह, रामभक्त मुकेश मिश्रा, बाबूल मिश्रा, बेदाकर, मोनू, राजेश, सन्तोष, फूलचन्द्र, सुभाष चन्द्र, सन्दीप पत्रकार, विनोद सेठ, गुड्डू, शशिकर, रविकर सहित सैकड़ों भक्तगण कथा का रसपान करने के लिए उपस्थित रहे।

## तीन पुलिसकर्मी सेवानिवृत्त, दी गयी विदाई

**जौनपुर।** अपर पुलिस अधीक्षक नगर बृजेश कुमार गौतम द्वारा अधिवर्षता आयु पूर्ण कर व ऐच्छिक सेवानिवृत्त होने वाले एक उपनिरीक्षक व दो मुख्य आरक्षी को शॉल व उपहार भेंट कर उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हे भावभीनी विदाई दी गई। जनपद से अपनी सम्पूर्ण सेवाकाल के दौरान पूर्ण निष्ठा, एवं लगन से कार्य करते हुए अधिवर्षता आयु पूर्ण कर व ऐच्छिक सेवानिवृत सहित तीन पुलिसकर्मी सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर पुलिस लाइन सम्मेलन कक्ष में पुलिस सेवा से सेवानिवृत हुए सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस कर्मियों में उप निरीक्षक प्रेम नारायण तिवारी प्रेमनारायण तिवारी, मुख्य आरक्षी बच्चालाल तिवारी व अमरजीत सिंह पुलिसकर्मियों हेतु विदाई समारोह आयोजित किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा विदाई समारोह में सम्मिलित होकर उपहार, स्मृति चिन्ह देकर उनके आगामी सुखमय व समृद्ध जीवन की कामना कर शुभकामनाओं सहित विदाई दी गई।

# ग्रामीण क्षेत्र में कबड्डी खेल को बढ़ावा देंः ज्ञान प्रकाश

- शुरू हुई नमो कबड्डी प्रतियोगिता

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** जिले में नमो कबड्डी प्रतियोगिता का आगज बी आर पी इंटर कॉलेज के प्रांगण में शुरू हुआ। भारतीय जनता पार्टी के द्वारा एक ओर जहां स्थानीय खेल को प्रमोट करने की कोशिश कर रही हैं वहीं युवाओं को भारतीय जनता पार्टी अपने ओर खींचने की कोशिश कर रही है। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा जौनपुर द्वारा बी आर पी इंटर कॉलेज के खेल मैदान में नमो कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र उपाध्याय ने की। मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी ज्ञान प्रकाश सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में नगरपालिका के चेयरमेन प्रतिनिधि डा रामसूरत मौर्य एवं बी आर पी इण्टर के प्राचार्य सुबास सिंह रहे। कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा मैदान पर फीता काटकर और खिलाडियों का माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में सोलह टीमों ने प्रतिभाग करते हुए अपना हुनर दिखाने की कोशिश की है। आज के मैच में बारिश के खलल के बाद थोड़ा लेट शुरू हुआ और बीच बीच में बारिश के वजह से खेल को रोकना पड़ा। और सिर्फ आज तीन मैच हीं हो पाया बाकी का लीग मैच और क्वाटर फाइनल का मैच कल होगा।

इस दौरान मुख्य अतिथि ने कहा कि भाजपा शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर पूरे देश में नमो कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। कबड्डी आपस मे जोड़ने का काम करती है। खेलो इंडिया योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों सहित पूरे देश में खेलों को बढ़ावा देते हैं। यह कार्यक्रम गांव की प्रतिभाओं को निखारने के लिए किया जा रहा है. अभी तक कबड्डी खेल को प्राथमिकता नहीं दी जा रही थी केवल क्रिकेट, बाली बाल, फुटबॉल को ही प्राथमिकता दी जा रही थी। ऐसे में गांवों में खेली जाने वाली कबड्डी का चयन किया गया है।

मैच के रेफरी जिला सचिव कबड्डी संघ के रवि यादव रहे और कमेंट्री जिला कार्यालय मंत्री विपिन द्विवेदी ने किया उक्त अवसर पर जिला पंचायत सदस्य द्वय सूबेदार सिंह, श्याम बाबू यादव ,जिला मीडिया प्रभारी आमोद सिंह जिला महामंत्री , इन्द्र्सेन सिंह ,प्रदीप यादव, जिला उपाध्यक्ष नीरज मौर्य, घनश्याम यादव ,संदीप सिंह, निखिल सोनकर ,शिवा सिंह आदि उपस्थित रहे।

## 450 रू. में गैस सिलेंडर और महंगाई को लेकर कांग्रेसियो का ज्ञापन



**प्रयागराज।** शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश में रसोई गैस सिलेंडर, महंगाई और किसानों के मुददों को लेकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन आज अपराह्न सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। शहर अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा अंशुमन के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने एडीएम सिटी कार्यालय कर मोदी और योगी की डबल इंजन सरकारों की गलत नीतियों को लेकर जमकर नारेबाजी की।

इस मौके पर हुई सभा में अध्यक्ष मिश्रा ने पीएम मोदी पर लालच देकर चुनाव जीतने का आरोप लगाते कहा कि पांच राज्यों के चुनावों में मोदी 450 रूपये में सिलेंडर देने का झूठा वायदा करते हैं तो उत्तर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार में 1170 रुपये में कयों। जमुनापार अध्यक्ष अरुण तिवारी ने कहा कि मोदी के कहने और करने में साफ अंतर है। यूपी कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता किशोर वार्ष्णेय ने भी दोहरे चरित्र का पर्दाफाश किया

इस दौरान यूपी कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता किशोर वार्ष्णेय, रघुनाथ द्विवेदी, डा.सत्या पांडेय , परवेज़ सिद्दीकी, लल्लन पटेल, भोले सिंह, अजेंद्र गौढ़, रजनीश विश्राम दास, राकेश श्रीवास्तव, डा. दिनेश सोनी, इरशाद उल्ला, संजय सिंह, सुभाष यादव, रचना पांडेय, आफरीन खान, अनूप त्रिपाठी, आशा देवी, पूनम यादव, काजी अरसी, चंद्र विशाल, इशतियाक अहमद, धर्मेंद्र द्विवेदी, अनुज सिंह, नफ़ीस कुरैशी , रमेश यादव, अभिमन्यु सिंह, समीर मिश्रा, अजय श्रीवास्तव , गुलशन मौजूद थे।

# नगरीय क्षेत्र में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' की हुई शुरुआत

**केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों का किया जा रहा प्रचार- प्रसार, योजनाओं और उपलब्धियों को लोगों तक पहुंचाने के लिए आईईसी वैन को किया गया रवाना**

अवधनामा संवाददाता

- 'मेरी कहानी, मेरी जुबानी' कार्यक्रम के जरिए लाभार्थियों ने बताई उन्नति की कहानी



**प्रयागराज।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर 15 नवंबर से 26 जनवरी तक पूरे राज्य में विकसित 'भारत संकल्प यात्रा' का आयोजन किया जा रहा है। इस यात्रा के माध्यम से सरकार द्वारा संचालित योजनाओं और उपलब्धियों का प्रचार- प्रसार किया जा रहा है। इसी क्रम में प्रयागराज में इस अभियान की शुरुआत की गई। आई सीसी वैन की शुरुआत के साथ इसमें विभिन्न योजनाओं का लाभ पाने वाली लाभार्थियों को सम्मानित भी किया गया।

प्रयागराज शहर के सिविल लाइंस स्थित पत्थर गिरिजा मैदान पर केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं और उपलब्धियों को लोगों तक पहुंचाने वाली आईसीसी वैन का गुरुवार को शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नगर निगम द्वारा एक शिविर का भी आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश और केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को लाभ पहुंचाने और जागरूक करने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारी और कर्मचारी तैनात किए गए। नगर आयुक्त चंद्रकांत गर्ग ने बताया कि सरकार की विभिन्न योजनाओं की ऑन स्पॉट जानकारी देने कर लिए इसका आयोजन किया गया। सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस अभियान की शुरुआत का सीधा प्रसारण एलसीडी में दिखाया गया। इसके उपरांत आईसीसी वैन को शहरी क्षेत्र के विभिन्न वार्डो के लिए यहां से रवाना किया गया। यह वन दो पालियों में शहर के सभी 100 वार्डो में जाएगी और केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी जनता को प्रदान करेगी। इसके साथ ही आयोजन स्थल में सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर ऑन स्पॉट देने के लिए कैम्प लगाया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा केंद्र और राज्य सरकार द्वारा विशेष रूप से स्वच्छता, रोजगार सृजन, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण व अन्य योजना से संबंधित कई कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई । इस संकल्प यात्रा का उद्देश्य इन योजनाओं के बारे में जनता के बीच जागरूकता बढ़ाना और अधिक से अधिक लोगों विशेष कर कमजोर वर्ग के लोगों को इन योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ दिलवाना है। इस अभियान के तहत प्रयागराज प्रथम दिवस पर पीएम स्वनिधि शिविर, स्वास्थ्य शिविर, आयुष्मान कार्ड शिविर, आधार अघतन शिविर, पीएम उज्जवला योजना जैसी योजनाओं की जानकारी ऑन स्पॉट दी गई। कार्यक्रम में 110 लाभार्थियों को आयोजन स्थल पर सम्मानित भी किया गया। अभियान के दूसरे चरण में मेरी कहानी, मेरी जुबानी कार्यक्रम में इन योजनाओं का लाभ पा रहे लाभार्थियों की आपबीती और उनकी उन्नति की कहानी को सबके सामने साझा किया गया। आज से शुरू हुई यह यात्रा जनपद में 26 जनवरी तक जन -जन के पास जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रयागराज में झमाझम बारिश ने बढ़ाई ठंड



**प्रयागराज।** 20 दिनों से दमघोंटू हवा में सांस ले रहे लोगों को बुधवार देर रात शुरू हुई बारिश ने राहत दिला दी। बारिश का क्रम गुरुवार सुबह तक चला, इससे हवा में लंबे समय से जमे प्रदूषक पानी के साथ बह गए। इससे आसमान साफ हो गया। दूसरी ओर इस बारिश ने ठंड के लिए भी रास्ता तैयार कर दिया है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार अब तापमान तेजी से गिरेगा और ठिठुरन भरी ठंड की शुरुआत होगी। मौसम विभाग ने बुधवार से अगले 4 दिनों तक बारिश की संभावना व्यक्त की थी। बुधवार को पूरे दिन धूप खिली रही, की वजह से अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया था। ऐसा लगा की बारिश की कोई संभावना नहीं है, देर रात बिजली कड़कने और बादलों के गरजने के साथ ही बारिश शुरू हो गई। रात भर रुक-रुककर बारिश हुई और सुबह भी बारिश होती रही। यह कम सुबह नौ बजे तक चला। मौसम विज्ञानियों के अनुसार यह बारिश पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण हुई है, इसके साथ ही अब उत्तर भारत में तेजी से ठंड बढ़ाना शुरू होगी। अभी बारिश अगले एक से दो दिन तक और हो सकती है।

### यातायात पुलिस के द्वारा सोशल एक्टिविस्ट गुफरान को मिला प्रशंसा पत्र



**प्रयागराज।** पुलिस लाइन में यातायात माह नवम्बर के सकुशल सम्पन्न के मोके पर विशाल कर्यक्रम यातायात पुलिस प्रयागराज के द्वारा किया गया। जिसमें एनसीसी गर्ल्स, बॉयज, पुलिस कर्मियों, समाजसेवियों को प्रयागराज पुलिस के आला अधिकारीयों द्वारा साम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे प्रयागराज के वरिष्ठ पत्रकार व सोशल एक्टिविस्ट्स मोहम्मद गुफरान खान को दुर्घटनाओं एवं सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में वाहन चालाकों, नागरिकों एवं सड़क यातायात जागरूकता लाने के उद्देष्य से किये गये उतकृष्ट कार्यो के वजह से प्रशंसा पत्र प्रदान किया है। यातायात पुलिस प्रयागराज के द्वारा प्रशंसा पत्र मिलने से मोहमद गुफरान खान के शुभचिन्तकों एवं पुलिस विभाग के तमाम उपनिरीक्षकों ने उन्हे बधाई दिया है।

### जनवरी में होगा एनआईटी में जनादेश यूथ कन्वेंशन

**प्रयागराज।** थिंक इंडिया एवं एमएनएनआईटी प्रयागराज के इनोवेशन हब काउंसिल के संयुक्त तत्वाधान में जनवरी के युवा सप्ताह में प्रयागराज के युवाओं द्वारा जनादेशः यूथ कन्वेंशन कार्यक्रम का आयोजित किया जाएगा। प्रयागराज में इस स्तर का आयोजन आज तक नही किया गया गया है तथा थिंक इंडिया जो कि वैश्विक ख्याति प्राप्त आकादमिक मंच है उसके अंतर्गत यह कार्यक्रम आयोजित होगा, इसमें 500 से अधिक विद्यार्थी भारत के विभिन्न राज्यों से प्रतिभाग करेंगे। प्रतिभाग करने हेतु पंजीकरण प्रक्रिया चालू की जा चुकी है। थिंक इंडिया प्रमुखता से देश के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानो में कार्यरत है तथा इसकी इंटर्नशिप के लिए प्रत्येक वर्ष लाखों की संख्या में छात्र आवेदन करते हैं। प्रयागराज में थिंक इंडिया द्वारा ऐसी अनोखी पहल पर विद्यार्थी वर्ग काफी उत्साहित है। इस ÷यूथ कन्वेंशन÷ को ÷यूथ पार्लियामेंट÷ का स्वरूप दिया गया है तथा इस कन्वेंशन की खास बात यह है कि जो भी छात्र इसमें विजयी होंगे उनके द्वारा बनाई गई नीतियों को बकायदा प्रकाशित कराया जाएगा। इस यूथ कन्वेंशन में सात कमेटियां रहेंगी जिनमें लोकसभा, राज्यसभा, जनमंच, एआईपीपीएम, विधि आयोग, यूएन-जीए तथा अंतरराष्ट्रीय प्रेस की रहेंगी तथा इनमें तात्कालीन मुद्दों जिन्हे किसी भी यूथ पार्लियामेंट में नहीं रखा गया है उनपर चर्चा की जाएगी। इस यूथ कन्वेंशन में भाग लेने हेतु न्यूनतम हाई स्कूल पास होना अनिवार्य है, उसके बाद किसी भी पाठ्यक्रम तथा कक्षा के छात्र इसमें प्रतिभाग कर सकते हैं।

# पुलिस आयुक्त को दिया ज्ञापन



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के नेता, शहर उत्तरी विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी संदीप यादव को गैंगेस्टर में निरुद्ध करने की चल रही कार्रवाई के विरोध में आज समाजवादी पार्टी के नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन देकर कार्रवाई को निरस्त करने की मांग की गई है। सपा का आरोप है कि भाजपा नेताओं के इसारे पर बारी बारी से समाजवादी पार्टी के नेताओं को परेशान करने, फर्जी मुकदमे में फ़साने, हतोत्साहित करने जैसी कार्रवाई की जा रहीहै। सपा शीघ्र ही इसके खिलाफ बड़ा आंदोलन चलाएगी। ज्ञापन देने वालों में अनिल यादव, पप्पूलाल निषाद, रविन्द्र यादव एडवोकेट, इंजी. जगदीश यादव, डॉ राजेश यादव, महबूब उस्मानी, राम अवध पाल, असगर अली अंसारी, नाटे चौधरी, दूध नाथ पटेल, कुलदीप यादव, मो गौस, डॉ आकाश, राकेश यादव, पवन, मेजर दिनेश यादव, सचिन श्रीवास्तव, शिव बाबू, विजय पटेल, ननकेश बाबू, करतार यादव, प्रभाकर, भगीरथी बिन्द, ओ पी यादव आदि रहे।

# सड़क चौड़ीकरण के नाम पर गरीबों के आशियाने ना उजाड़े जायः रेवती

- पीडीए के संरक्षण में धरल्ले से अवैध निर्माण

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** पूर्व सांसद पूर्व मंत्री कुंवर रेवती रमण सिंह ने कहा कि सड़क चौड़ीकरण के नाम पर गरीबों के मकान दुकान ना उजाड़े जाय जो जीवनभर की कमाई से बनें हैं, और बहुत से परिवार के जीविकोपार्जन का सहारा उनके घर के आगे छोटी सी दुकान ही होती हैं जो चौड़ीकरण के जद में आने पर सर से छत के साथ आय का साधन भी छीन लेता हैं।

पूर्व सांसद व पूर्व मंत्री से शहर उत्तरी, दक्षिणी और नैनी क्षेत्र के सैकडों लोगों ने शिकायत किया कि सड़क चौड़ीकरण के नाम पर उनके मकान में निशान लगाएं गये हैं। अब हम क्या करें कहा जाय कोई सुनने वाला नहीं है। इस पर पूर्व सांसद ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से वार्ता कर समस्या समाधान का रास्ता निकालने का भरोसा दिया और कहा कि सदियों से हर 12 साल में कुम्भ और 6 साल में अर्ध कुम्भ गंगा-जमुना के संगम पर लगते आये हैं जिसकों स्थानीय नागरिक हर्षोल्लास से मनाते थे क्योंकि इससे इनकी सड़क गली नाली नालों की साफ सफाई सौंदर्यीकरण के साथ कमाई भी होती थी लेकिन विगत एक -दो कुम्भ मेला के नाम पर स्थानीय नागरिकों में खासकर सड़क पर निवास करने वालों में दहशत का महौल बन जाता हैं कि मेरी दुकान मकान सड़क चौड़ीकरण में कितना जायेगा कि बचेगा ही नहीं। पूर्व सांसद ने कहा कि प्रयागराज इनर रिंगरोड पर तेजी से काम हो वहीं प्रयागराज के जाम की समस्या का समाधान है गरीबों के आशियाने को ना उजाड़ा जाय क्योंकि कुंभ के मुख्य पर्व पर वाहनों की आवाजाही पर वैसे ही वैन होता हैं।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ आयोजन

**सोनभद्र।** ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' कार्यक्रम का आयोजन दुद्धी ब्लॉक के ग्राम पंचायत नगवां व पिपरडीह गांव में किया गया, ग्राम पंचायत नगवां व पिपरडीह गांव में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस मौके पर एल0ई0डी0 वैन के माध्यम से केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपस्थित जन समुदाय को दी गयी।

# महापौर, महानगर अध्यक्ष, पार्षद का हुआ नागरिक अभिनंदन

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** संगम तट पर आज महापौर गणेश केसरवानी, भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा बक्सी खुर्द दारागंज वार्ड 89 की पार्षद अनुपमा पाण्डेय का माला साल पहनकर स्मृति चिन्ह देकर नागरिक अभिनंदन किया गया। सभी का स्वागत मिथिलेश निषाद ने किया।

उक्त अवसर पर संगम विश्व धरोहर महा अभियान के संयोजक भाजपा नेता तीर्थराज पाण्डेय ने कहा कि, त्रिवेणी संगम की पवित्र भूमि पर उपस्थित प्रयागवाल बंधु, निषाद समाज के द्वारा नागरिक अभिनंदन अनूठा है। सभी ने संगम के लिए समर्पण और संघर्ष का संकल्प लिया। महापौर गणेश केसरवानी ने कहा कि संगम क्षेत्र पूरी दुनिया में अनूठा है और इसका विकास इस बार और भी अच्छे तरीके से होगा। महानगर भाजपा अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने कहा कि आप सभी का स्वागत अभिनंदन बंदिनी है। पार्षद अनुपमा पाण्डेय ने कहा कि यह स्वागत और अभिनंदन हम सबको क्षेत्र के विकास के लिए और भी प्रेरित करेगा। उक्त अवसर पर डॉ शंभू नाथ त्रिपाठी अंशुल, पार्षद मनीष महरा, पार्षद राजेश निषाद, चौबे गुरु, पप्पू लाल निषाद, दुकान जी, दुर्गेश दुबे, ननका निषाद, गोरे महरा, संजू निषाद, विक्कू निषाद, रसिक तिवारी, अखिल पाण्डेय, विकास मिश्रा, झब्बू पाल, सुनीता अवस्थी, गुंजा निषाद, पूनम पाण्डेय, डॉक्टर अंजू पाण्डेय, पवन यादव, अनु दुबे, टोनी दुबे, एडवोकेट अविनाश तिवारी, इंस्पेक्टर दारागंज बृजकिशोर, बम्बी पाण्डेय, रिंकू पाण्डेय, प्रभु राजआदि उपस्थित रहे।

# वी ने 23000 से अधिक नोटबुक्स का इस्तेमाल कर दुनिया के सबसे बड़े नोटबुक सेंटेंस के साथ गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया

**ज़रूरतमंद**

**वी उत्तर प्रदेश के शिक्षा मंत्रालय के माध्यम से ज़रूरतमंद बच्चों को 23000 से अधिक नोटबुक्स दान में देगा**



**लखनऊ।** वर्तमान में चल रहे अपने कैंपेन 'बी समवन्स वी' जिसका उद्देश्य लोगों को प्यार एवं देखभाल का अहसास कराकर बेहतर आज एवं उज्जवल कल का निर्माण करना है, के मद्देनज़र जाने-माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने 23071 नोटबुक्स का उपयोग कर दुनिया के सबसे बड़े नोटबुक सेंटेंस के लिए गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है।

इस पहल का आयोजन उत्तर प्रदेश के लखनऊ स्थित जानेश्वर मिश्रा पार्क में किया गया, जहां वी के कर्मचारियों एवं उनके परिवारों, उम्मीद फाउन्डेशन, केयर एजुकेशन ट्रस्ट, आदिज्योति सेवा समिति और बाल शाश्वत फाउन्डेशन से 500 ज़रूरतमंद बच्चां सहित 700 से अधिक लोगों ने एक साथ मिलकर दुनिया का सबसे बड़ा नोटबुक सेंटेंस- 'बी समवन्स वी' बनाया और इसके माध्यम से समावेशन एवं एकजुटता का संदेश दिया।

वी वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने में इस्तेमाल हुई 23071 नोटबुक्स को उत्तर प्रदेश के शिक्षा मंत्रालय को दान में देगा। इस गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड को बनाने का मुख्य उद्देश्य इस बात पर रोशनी डालना है कि किस तरह एक नेटवर्क पूरे समुदाय को एकजुट करता है और मानवीय/सामजिक रिश्तों को जोड़ने वाले पुल की तरह काम करता है। इसके अलावा समावेशन एवं एकजुटता की भावना को बढ़ावा देना भी इसका मुख्य उद्देश्य है।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के माननीय उपमुख्यमंत्री श्री बृजेश पाठक जी भी वी की इस पहल को समर्थन प्रदान करने के लिए मौजूद रहे। उन्होंने एनजीओ के बच्चों और वी के कर्मचारियों के साथ कुछ समय बिताया और सभी को वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम में मौजूद अन्य दिग्गजों में श्रीमति बेबी रानी मौर्य, माननीय केबिनेट महिला एवं बाल विकास मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार, श्रीमति सुषमा खर्कवाल, माननीय मेयर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश भी मौजूद रहे।

इस उपलब्धि पर उत्साह व्यक्त करते हुए प्रवीण कुमार, ऑपेरशन्स डायरेक्टर, वोडाफोन आइडिया ने कहा, ''सबसे बड़े नोटबुक सेंटेंस के लिए गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड की इस उपलब्धि को हासिल करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है। भारत में अकेलापन बढ़ रहा है और इस विश्व रिकॉर्ड के माध्यम से हम देश को यह संदेश देना चाहते हैं कि आपका छोटा सा प्रयास किसी व्यक्ति को यह अहसास करा सकता है कि वह अकेला नही है। कोई है जो उसे प्यार देने और उसकी देखभाल करने के लिए मौजूद है। यह वर्ल्ड रिकॉर्ड लोगों को एक दूसरे के साथ जोड़कर एकजुटता और समावेशन को बढ़ावा देने की दिशा में एक और कदम है। मैं लखनऊ के बच्चों और लोगों के प्रति आभारी हूं जिन्होंने इस उपलब्धि को संभव करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज हम बच्चों के लिए 'वी' बन गए हैं और दूसरों के लिए भी एकजुटता की इस यात्रा को जारी रखना चाहते हैं।''

वर्ल्ड रिकॉर्ड पर बात करते हुए स्वप्निल डंगारिकर, आधिकारिक निर्णायक, गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड ने कहा, ''यह सबसे बड़ा नोटबुक सेंटेंस बनाने का रिकॉर्ड प्रयास था। इससे पहले यह रिकॉर्ड 2019 में 7674 नोटबुक्स के साथ बनाया गया, उस समय भी मैं निर्णायक था। आज एक बार फिर से मैंने देखा कि वोडाफोन आइडिया ने कितनी नोटबुक्स का इस्तेमाल कर यह रिकॉर्ड बनाया। नोटबुक्स और डिज़ाइन पहले से अनुमोदित थे। फाइनल जांच के बाद, मुझे यह घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है कि 23071 नोटबुक्स के साथ वोडाफोन आइडिया ने पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया है और सबसे बड़े नोटबुक सेंटेंस के साथ नया गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है।

## अहमदाबाद का मारेंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल आज बन चुका है पश्चिम भारत में हार्ट ट्रांसप्लांट का सर्वोत्तम केंद्र



**लखनऊ।** अहमदाबाद के मारेंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल ने हार्ट ट्रांसप्लांट के सर्वोत्तम केंद्र का दर्जा हासिल किया है, जहाँ पूरी दुनिया में अपनी पहचान बनाने वाली बेहतरीन चिकित्सकों की टीम मौजूद है। डॉक्टरों की टीम हर साल दोहरे अंकों में मरीजों का ट्रांसप्लांट करती है, और इसी वजह से उन्हें दुनिया भर में यह ख्याति अर्जित की है। अस्पताल में डॉक्टरों की टीम की कमान हार्ट ट्रांसप्लांट प्रोग्राम के डायरेक्टर, डॉ. धीरेन शाह संभाल रहे हैं।

पिछले चार से पांच दशकों में हार्ट फेल्योर के अंतिम चरण से जूझ रहे लोगों के इलाज के लिए हार्ट ट्रांसप्लांट सबसे बेहतर तरीके के रूप में उभर कर सामने आया है। बीते 10 सालों में पूरी दुनिया में हार्ट ट्रांसप्लांट कराने वाले मरीजों की संख्या में जबरदस्त बढ़ोतरी नज़र आई है, जिसके तहत दुनिया भर में 300% से अधिक की वृद्धि दर्द की गई जबकि केवल अमेरिका में बढ़ोतरी का आंकड़ा 400त्न को पार कर गया। विशेष रूप से 1980 के दशक के बाद से पश्चिमी दुनिया में, खास तौर पर उत्तरी अमेरिका में हार्ट ट्रांसप्लांट की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जहाँ हर साल ट्रांसप्लांट करने वाले मरीजों की संख्या 3000 से 4000 के बीच थी। हालाँकि फिलहाल यह प्रगति स्थिर हो चुकी है, जिसकी सबसे बड़ी वजह दान के लिए अंगों की उपलब्धता में कमी है।

भारत में हार्ट ट्रांसप्लांट की प्रक्रिया 1994 में ही शुरू हो चुकी थी, लेकिन इसके बावजूद 2010 से पहले तक हार्ट फेल्योर के अंतिम चरण से जूझ रहे मरीजों के इलाज के लिए उच्च-स्तरीय सर्जरी सबसे पसंदीदा विकल्प नहीं बन पाई थी। सच तो ये है कि, भारत सरकार द्वारा मानव अंग प्रत्यारोपण अधिनियम पारित किए जाने के लगभग 25 सालों के बाद भी वर्ष 2019 तक भारत में सिर्फ 1000 मरीजों का हार्ट ट्रांसप्लांट किया गया था। लेकिन अब भारत गुणवत्ता वाली और बेहद किफायती एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए पूरी दुनिया में बेहतर स्थिति में है और मेडिकल ट्रीटमेंट सॉल्यूशन उपलब्ध कराने के मामले में हम सबसे पसंदीदा डेस्टिनेशन के तौर पर उभर रहे हैं।

हार्ट ट्रांसप्लांट प्रोग्राम के डायरेक्टर, डॉ. धीरेन शाह कहते हैं, ÷हार्ट फेल्योर के अंतिम चरण से जूझ रहे मरीजों के लिए अब हार्ट ट्रांसप्लांट सबसे पसंदीदा विकल्प बन गया है, जिसके कई कारण हैं। अक्सर हार्ट ट्रांसप्लांट ऐसे मरीजों की जिंदगी बचाने का इकलौता सहारा होता है, जिन पर हर तरह का इलाज और दवाइयां बेअसर हो चुकी हैं।

## एमेज़ॉन इंडिया ने समावेशी भर्ती को मजबूत किया, अपने कार्यबल में लर्निंग डिसएबिलिटी के लोग शामिल किए

**नई दिल्ली।** एमेज़ॉन इंडिया ने एक विविध और समावेशी कार्यबल बनाने के अपने निरंतर प्रयास के साथ ऑरोरा के लॉन्च की घोषणा की है। यह प्रोग्राम लर्निंग डिसएबिलिटी वाले लोगों की अद्वितीय प्रतिभाओं का उपयोग करने और उन्हें उपयोगी व स्थायी रोजगार प्रदान करने के लिए डिज़ाईन किया गया है। यह घोषणा एमेज़ॉन इंडिया द्वारा मुंबई में स्थित नॉन-प्रॉफिट संगठन, Sol's ARC के साथ चलाए गए एक पायलट के बाद की गई, जो ऑटिस्टिक और इंटलैक्चुअल डिसएबिलिटी वाले लोगों को व्यवसायिक प्रशिक्षण प्रदान करता है। एमेज़ॉन इंडिया ने यह घोषणा मुंबई, दिल्ली, बैंगलोर, चेन्नई, हैदराबाद में कंपनी के डिलीवरी स्टेशन में युवा व्यस्कों की प्रतिभा का उपयोग करने के लिए की। हमारे फुलफिलमेंट सेंटर, सॉर्टेशन सेंटर और डिलीवरी स्टेशन के क्षेत्र में 35 से ज्यादा एसोसिएट काम कर रहे हैं। एमेज़ॉन इंडिया का उद्देश्य इस साल लर्निंग डिसएबिलिटी वाले कई लोगों को कंपनी के कार्यबल में शामिल करना है। इस प्रोग्राम के लॉन्च के बारे में लिजू थॉमस, डायरेक्टर - एचआर ऑपरेशंस, एमेज़ॉन इंडिया ने कहा, ''एमेज़ॉन में हम अपने ग्राहक आधार को प्रतिबिंबित करने के लिए एक विविध कार्यबल बनाने के लिए उत्साहित हैं, और उनके विस्तृत दृष्टिकोणों का लाभ उठाना चाहते हैं। हमारा मानना है कि कार्यस्थल पर विविधता से एक बेहतर और ज्यादा समावेशी वातावरण का निर्माण करने में मदद मिलती है। हम इन लोगों के लिए अवसरों का निर्माण करना चाहते हैं। एमेज़ॉन के लीडरशिप के नए सिद्धांत ''स्ट्राईव टू बी अर्थ्स बेस्ट एम्प्लॉयर'' की शुरुआत के साथ हमने एक ऐसी संस्कृति का निर्माण करने के अपने प्रयास मज़बूत किए हैं, जो समावेशी हो, सभी का स्वागत करती हो और कर्मचारियों में अपनेपन, नैतिक मूल्यों और अवसरों की भावना को बढ़ाए। ''ऑरोरा'' लर्निंग डिसएबिलिटी वाले लोगों को एक समावेशी और समानतापूर्ण कार्यस्थल प्रदान करने की ओर हमारा एक और अभियान है। मुंबई में एमेज़ॉन के डिलीवरी स्टेशन पर लर्निंग डिसएबिलिटी वाली एक एसोसिएट, खुशी ठक्कर Sol's ARC द्वारा एमेज़ॉन के इस पायलट प्रोग्राम में शामिल हुईं। इस प्रोग्राम ने उनका आत्मविश्वास और सामाजिक कौशल बढ़ा दिया और उन्होंने बताया, ''मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं कहीं नौकरी कर पाउंगी। एमेज़ॉन में मैं ग्राहकों के ऑर्डरों को स्कैन और सॉर्ट करना सीख रही हूँ। अपने सीनियर्स और साथियों की मदद से मैं यहाँ नई चीजें भी सीख रही हूँ। मुझे बहुत खुशी है कि मेरे पैरेंट्स और Sol's ARC में मेरे टीचर्स को मुझ पर गर्व है।''

## एंटोड फार्मास्यूटिकल्स ने लखनऊ में मनाया नेशनल मायोपिया वीक

**लखनऊ।** एंटोड फार्मास्यूटिकल्स ने इस साल नेशनल मायोपिया वीक के आयोजन के लिए मातानंद फाउंडेशन के साथ हाथ मिलाया है। इसका उद्देश्य दुनियाभर में आंखों से जुड़ी प्रमुख समस्याओं में से एक मायोपिया के प्रति जागरूकता फैलाना है। इस प्रभावी पहल में एंटोड फार्मास्यूटिकल्स भी सहयोगी है। डॉ. अमित यादव, अखंड ज्योति नेत्रालय, लखनऊ ने बताया ÷बच्चों और किशोरों के बीच स्मार्ट डिवाइसेज और कंप्यूटर के बढ़ते प्रयोग ने बड़ा खतरा पैदा कर दिया है। इससे मायोपिया का डर भी 80 प्रतिशत तक बढ़ गया है। चेतावनी देने वाले ये आंकड़े बताते हैं कि जरूरत से ज्यादा स्क्रीन टाइम के कितने गंभीर परिणाम हो सकते हैं। यह स्क्रीन टाइम सेल फोन्स से लेकर टैबलेट्स, कंप्यूटर, टीवी और दूसरे स्मार्ट उपकरणों से हो सकता है। इस मुद्दे की गंभीरता को समझना बहुत जरूरी है क्योंकि यदि बचपन में मायोपिया हो जाए तो यह बहुत तेजी से बढ़ता है और 20 साल की उम्र तक ही देखने की क्षमता पर काफी असर पड़ चुका होता है। ज्यादा लंबे स्क्रीन टाइम से जुड़ी इस समस्या से निपटने के लिए, मायोपिया की रोकथाम और इलाज के तरीके अपनाना जरूरी है, जैसे घर से बाहर खेलने को बढ़ावा देना, स्क्रीन टाइम कम करना और आंखों की नियमित जांच कराना आदि शामिल हैं। इस प्रकार की सावधानियां, तेजी से डिजिटल होती दुनिया में हमारी युवा पीढ़ी की देखने की क्षमता को सुरक्षित रखने के लिए महत्वपूर्ण हैं। एंटोड फार्मास्यूटिकल्स और मातानंद फाउंडेशन के मायोपिया जागरूकता अभियान का उद्देश्य लोगों को बच्चों में होने वाले मायोपिया, इसके कारणों, घर से बाहर खेलों और मायोपिया की रोकथाम के लिए स्क्रीन-टाइम कम करने के बारे में जागरूकता फैलाना है। इसके अलावा, यह भी बताया गया कि शीघ्र पहचान और प्रभावी इलाज के लिए विशेषज्ञ प्रोफेशनल्स से नियमित रूप से आंखों की जांच कराना भी जरूरी है। इस अभियान को #MoreGreenLessScreen का नाम दिया गया है। इसके माध्यम से एक करोड़ लोगों तक पहुंचने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। 20 नवंबर से शुरू किया गया यह अभियान 26 नवंबर तक चलाया गया। इस कार्यक्रम में हजारों ऑप्थेलमोलॉजिस्ट्स और पीडियाट्रिक ऑप्थेलमोलॉजिस्ट्स विभिन्न आयोजनों का हिस्सा रहे, जैसे - सीएमई/आरटीएम सत्र, मायोपिया पर वेबीनार, अस्पतालों और स्कूलों के सहयोग से कार्यक्रम और स्कूलों में आंखों की मुफ्त जांच। इसके अलावा, अस्पतालों और क्लीनिक्स में नेशनल मायोपिया वीक समारोह का आयोजन भी किया गया। इस दौरान, क्लीनिक्स को बंदनवार, पोस्टर और बैनरों से सजाया गया। आंखों की जांच के लिए आने वाले बच्चों ने कलरिंग की गतिविधियों में भाग लिया।



हीरो वर्ल्ड चैलेंज 2023 में VIDA V1 के साथ टाइगर वुड्स और डॉ. पवन मुंजाल

## हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव का शुभारंभ



**लखनऊ।** मां गायत्री सेवा संस्थान के तत्वाधान में आयोजित हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव 2023 आज से शुभारंभ हो गया मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा वर्तमान सांसद राज्यसभा, डॉक्टर राजेश्वर सिंह विधायक सरोजिनी नगर ,अपर्णा यादव समाज सेविका ,भाजपा नगर अध्यक्ष श्री आनंद द्विवेदी जी , पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया जी।

कार्यक्रम का शुभारंभ आरती वंदना नैमीषारण्य के द्वारा गंगा आरती से की गई। मुख्य अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान अंगवस्त्र एवं पुष्प गुच्छ से संस्था के आयोजन श्री अरुण प्रताप सिंह द्वारा किया गया एवं साथ में अति विशिष्ट लोगों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। बॉलीवुड एक्टर आशिकी फेम राहुल राय भी पधारे। अगले क्रम में कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से की गई तत्पश्चात 50 समाज सेवकों का भी सम्मान किया गया जो समाज के हित के लिए अपना सराहनीय योगदान दे रहे हैं ।

कार्यक्रम के अगले क्रम में अनूप जलोटा अकैडमी के नृत्य निर्देशन श्रीमती रोजी द्वारा किया गया प्रस्तुति में सानवी, अभव्या , अराध्या ,काव्या, खुशी, देवासी एवं गायन निर्देशन श्री हेमंत सिंह द्वारा किया गया प्रस्तुति विक्रांत एवं प्रशांत श्रीवास्तव द्वारा की गई । शिव तांडव गणेश वंदना से प्रस्तुति की गई ,लोगों का मन मोह लिया उसी क्रम में स्टार मेकर द्वारा संस्कृत कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।सांस्कृतिक सयोजिका शिप्रा चंद्रा। कार्यक्रम का संचालन राकी गिल एवं प्रदीप शुक्ला द्वारा किया गया।

## सोना 300 रुपये सस्ता हुआ, चांदी की कीमतों में 200 रुपये का इजाफा


**नई दिल्ली।** दिल्ली सर्राफा बाजार में गुरुवार को सोना 300 रुपये की गिरावट के साथ 63,200 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 63,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, इस दौरान चांदी 200 रुपये उछलकर 63,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा कि दिल्ली सर्राफा बाजार में सोने की हाजिर कीमत (24 कैरेट) 300 रुपये की गिरावट के साथ 63200 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। वैश्विक बाजार में सोना और चांदी के भाव क्रमशः 2,040 डॉलर प्रति औंस और चांदी 24.96 डॉलर प्रति औंस पर लगभग अपरिवर्तित रहे। गांधी ने कहा कि अमेरिकी वृहद आर्थिक आंकड़ों में तेजी तथा डॉलर में कई महीने के निचले स्तर से सुधार के बाद कारोबारियों की मुनाफावसूली से कॉमेक्स पर सोना छह महीने के उच्च स्तर से नीचे आ गया।

## पोकेमॉन गो ने जीता गूगल प्ले के 2023 के सर्वश्रेष्ठ पुरस्कारों में बेस्ट ऑनगोइंग गेम का पुरस्कार




**नई दिल्ली।** नियांटिक के सबसे बड़े ऑगमेंटेड रियलिटी मोबाइल गेम में से एक, पोकेमॉन गो को 2023 में भारत में गूगल प्ले के बेस्ट ऑनगोइंग गेम पुरस्कार दिया गया है। यह पुरुस्कार पोकमॉन गो के लॉन्च के बाद सात साल से खिलाड़ियों को जोड़े रखने के निरंतर प्रयासों और आकर्षक, बेहतरीन वास्तविक अनुभव, प्रौद्योगिकी और सामुदायिक संपर्क देने में गेम की स्पष्ट सफलता का प्रमाण है, जो भारत और दुनिया भर में लाखों ट्रेनर्स के साथ प्रतिध्वनित होता है। 2016 में पोकेमॉन गो के लॉन्च के बाद से, नियांटिक ने दुनिया भर में पोकेमॉन प्रशंसकों को खुद से जोड़ने और उन्हें अपने आस पड़ोस का पता लगाने के लिए प्रेरित कर अटूट समर्पण दिखाया है। लगातार रोमांचक फीचर्स, इवेंट, इन-गेम रिवाड्र्स और गेम और उसमें शामिल बेहतरीन टेक्नोलॉजी के इनोवेटिव अपडेट के साथ, कंपनी ने हमेशा पोकेमॉन गो एडवेंचर को समृद्ध बनाने को प्राथमिकता दी है और ट्रेनर्स के लिए सफलतापूर्वक लगातार विकसित होने वाला गहन अनुभव तैयार किया है। नियांटिक ने हाल ही में गेम में हिंदी भाषा को जोड़ा है ताकि भारत में मौजूद व्यापक उपभोक्ता खुद को पोकेमॉन गो का हिस्सा बना सकें। घोषणा पर नियांटिक के इमर्जिंग मार्केट्स के उपाध्यक्ष ओमार टेलेज़ ने कहा, भारत में गूगल प्ले पर बेस्ट ऑनगोइंग गेम के रूप में पोकेमॉन गो को मिला पुरुस्कार नियांटिक और हमारे अविश्वसनीय समुदाय की सहयोगात्मक भावना की एक नई परिभाषा है।

## चालू वित्तीय वर्ष की दूसरी तिमाही में 9.1 प्रतिशत रही जीडीपी




**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 9.1 प्रतिशत रही जो इससे पूर्व जून तिमाही में 7.8 प्रतिशत थी। तुलनात्मक रूप से, अर्थव्यवस्था ने पिछले वित्त वर्ष की आखिरी तिमाही में 6.1 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज की थी। पिछले वित्तीय वर्ष की दूसरी तिमाही में 17.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज दर्ज की गई थी। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) की ओर से गुरुवार को जारी आंकड़ों से पता चला है कि सितंबर 2023 को समाप्त तिमाही में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 9.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई। चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 9.1 प्रतिशत रही जो इससे पूर्व जून तिमाही में 7.8 प्रतिशत थी। तुलनात्मक रूप से, अर्थव्यवस्था ने पिछले वित्त वर्ष की आखिरी तिमाही में 6.1 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज की थी। पिछले वित्तीय वर्ष की दूसरी तिमाही में 17.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज दर्ज की गई थी। हालिया वृद्धि दर भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए केंद्रीय बैंक की भविष्यवाणियों को पार कर गई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने इस महीने की शुरुआत में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि की गति जारी रहने और चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 6.4 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि दर दर्ज करने का अनुमान लगाया था। बता दें कि बीएफएसआई इनसाइट शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए, गवर्नर ने कहा था कि आर्थिक गतिविधियों की गति को देखते हुए, कुछ शुरुआती संकेतकों में आए कुछ शुरुआती आंकड़ों को देखते हुए, मैं कह सकता हूं कि दूसरी तिमाही के जीडीपी आंकड़े जब भी नवंबर के अंत में जारी किए जाएंगे, पूरी संभावना है कि सभी को चौंका देंगे।

## सरसों के तेल में झांझ के प्रति जागरूकता सर्वेक्षण 2023 का खुलासा

**लखनऊ।** एनएफएक्स डिजिटल द्वारा सरसों के तेल का झांझ जागरूकता सर्वेक्षण 2023 झांझ की जांच नामक एक स्वतंत्र सर्वेक्षण उत्तर और पूर्वी भारत के प्रमुख सरसों तेल बाजारों में किया गया। सर्वेक्षण से उपभोक्ताओं के बीच सरसों के तेल की प्राथमिक विशेषता झांझ के स्तर के बारे में जानकारी की कमी का पता चलता है। आश्चर्यजनक रूप से, 85 प्रतिशत उत्तरदाता अपने खाने में नियमित रूप से शामिल होने के बावजूद सरसों के तेल के सबसे महत्वपूर्ण लाभ - झांझ के स्तर से अनजान थे। सर्वेक्षण के निष्कर्षों के आधार पर और सरसों के तेल के बारे में सही जानकारी दे कर उपभोक्ताओं को सशक्त बनाने के इरादे से, इमामी एग्रोटेक लिमिटेड ने तीन अलग-अलग झांझ स्तरों के अनूठे चयन में अपना इमामी हेल्दी एंड टेस्टी कच्ची घानी मस्टर्ड आयल माइल्ड, स्ट्रांग, और सुपर स्ट्रांग पेश किया है। व्यक्तिगत स्वाद के अनुरूप यह अभिनव अवधारणा, सरसों के तेल के परिदृश्य को फिर से परिभाषित करने के लिए तैयार है। यह पहली बार है कि कोई खाद्य तेल ब्रांड इस तरह की जानकारी दे रहा है।




एनएफएक्स डिजिटल द्वारा किए गए सर्वेक्षण का उद्देश्य सरसों के तेल के झांझ के स्तर के बारे में जागरूकता, धारणाओं और प्राथमिकताओं में अंतर्दृष्टि प्राप्त करना है। सर्वेक्षण से पता चला कि उपभोक्ता विशिष्ट स्वाद और सुगंध के लिए सरसों के तेल की खपत का प्राथमिक कारण झांझ मानते हैं। उत्तरदाताओं ने स्वीकार किया कि सरसों के तेल में झांझ एक बेहतर स्वाद और सुगंध प्रदान करता है, जिससे यह उनके खाना पकाने का एक अनिवार्य घटक बन जाता है।

उल्लेखनीय रूप से 75 प्रतिशत उपयोगकर्ताओं ने सरसों के तेल में झांझ के स्तर के बारे में जानने में गहरी रुचि व्यक्त की। इसके अतिरिक्त, सर्वेक्षण से पता चला है कि 91 प्रतिशत उपयोगकर्ता सरसों के तेल के ऐसे ब्रांड को आज़माने की अधिकाधिक संभावना रखते हैं जो पैकेजिंग पर इसके झांझ के स्तर के बारे में स्पष्ट जानकारी प्रदान करता है, जो खरीदारी के बारे में सोच-समझकर निर्णय लेने के लिए पारदर्शिता की तीव्र इच्छा को दर्शाता है। सर्वेक्षण के निष्कर्षों और एक नए उत्पाद को लॉन्च करने की आवश्यकता पर टिप्पणी करते हुए, श्री देबासिस भट्टाचार्य, प्रेसिडेंट, मार्केटिंग, इमामी एग्रोटेक लिमिटेड ने कहा, ÷इमामी एग्रोटेक में, हम न कि सिर्फ उत्पाद की गुणवत्ता, बल्कि अपने उपभोक्ताओं को पारदर्शिता और ईमानदारी प्रदान करने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। इसलिए, सरसों तेल जागरूकता झांझ की जांच सर्वेक्षण ने हमारे उपभोक्ताओं को सम्मान देने और उन्हें जानने के अधिकार के साथ सशक्त बनाने का सही अवसर प्रस्तुत किया है। ताकि वे सरसों के तेल की अपनी पसंद के बारे में सही विकल्प चुन सकें। जो उनकी रसोई में सबसे आवश्यक सामग्रियों में से एक है। हमें उम्मीद है कि इमामी हेल्दी एंड टेस्टी कच्ची घानी मस्टर्ड ऑयल अपने तीन अलग-अलग झांझ के स्तर के साथ हमारे उपभोक्ताओं को झांझ के अपने पसंदीदा स्तर का चयन करने की स्वतंत्रता प्रदान करेगा।

## आईआईएम उदयपुर और जेएम फाइनेंशियल नेजेएम फाइनेंशियल सेंटर फॉर फाइनेंशियल रिसर्च लॉन्च करने के लिए सहयोग किया

लखनऊ। इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट उदयपुर (आईआईएमयू)ने घोषणा की है कि वह एक प्रमुख समन्वित और विविधीकृत वित्तीयसेवा ग्रुप,जेएम फाइनेंशियल के सहयोगमेंजेएम फाइनेंशियल सेंटर फॉरफाइनेंशियल रिसर्च की स्थापना करेगी। यह सेंटर विद्यार्थियों को वित्त और संबंधित क्षेत्रोंमेंविश्व स्तरीय संसाधन तक पहुंच प्रदान करेगा। आईआईएमयू का जेएम फाइनेंशियल सेंटर फॉर फाइनेंशियल रिसर्चवित्त एवं संबंधित क्षेत्रों में शैक्षिक रिसर्च करेगा तथा वार्षिक वर्कशाप एवं उद्योग टॉक तथा एक्शन रिसर्च एवं सेमिनार के लिए बीएफएसआई सेक्टर एवं नियामक संस्थाओं के साथ सहयोग करेगा। सेंटर में परामर्शदाता बोर्ड होगा जिसमे बीएफएसआई, वित्त एवं टेक्नोलॉजी तथा शिक्षा क्षेत्रों के विशेषज्ञ होंगे।

सेंटर के ऑपरेशनल होने पर यह परस्पर सहमति के अनुसार एमएंडए और एमबीए प्रोग्राम के अन्य क्षेत्रों पर चुनिंदा पाठ्यक्रम ऑफर कर सकता है। आईआईएमयू ऐसे क्षेत्रों में भी अध्ययन का आयोजन करेगा जिस परआईआईएमयू और जेएम फाइनेंशियल के बीच परस्पर सहमति है। सेंटर कोजेएम फाइनेंशियल द्वारा उसकी सीएसआर पहल के भाग रूप में सपोर्ट किया गया है। यह सहयोग विशेष है क्योंकि यह जेएम फाइनेंशियल ग्रुप कीइस वर्ष 50वीं वर्षगांठ के साथ-साथ है।

सहयोग के भाग रूप में हर वर्ष 3 लाख का जेएम फाइनेंशियल मेरिट अवार्ड आईआईएमयू एमबीएप्रोग्राम के वित्त के श्रेष्ठ विद्यार्थी को प्रदान किया जाएगा।



सेंटर लॉन्च करने की योजना पर टिप्पणी करते हुए इंडियन इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट उदयपुर के डायरेक्टर, प्रोफेसर अशोक बनर्जी ने कहा, आईआईएम उदयपुर अत्याधुनिक, उच्च गुणवत्ता का रिसर्च करने के संस्था के प्रयास को सपोर्ट करने के लिए जेएम फाइनेंशियल काआभारी है। आईआईएम उदयपुर उद्योग से संबंधित रिसर्च और शिक्षा को बढ़ावा देने के लिएहमेशा से ही उद्योग- शैक्षिक भागीदारीमेंविश्वास रखताहै। रिसर्च के अतिरिक्त सेंटर ऐसे मामलों में प्रमुख प्रैक्टिशनर और शिक्षा शास्त्रियों के बीच विचार विमर्श के लिए एक मंच भी प्रदान करेगा,जोपरस्पर हित के हो। सेंटर वित्तीय बाजारों और प्रोडक्ट की गहरी समझ की सुविधा प्रदान करने के लिए एमबीए और पीएचडी के विद्यार्थियों को ताजा डेटाबेस भी प्रदान करेगा। सहयोग के बारे में बोलते हुए जेएम फाइनेंशियल लिमिटेड के नॉन एक्जीक्यूटिव वाइस चेयरमैन, विशाल कंपानी ने कहा, देश की एक प्रमुख मैनेजमेंट इंस्टिट्यूट, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट उदयपुर के साथ सहयोग करना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। हमें उम्मीद है कि आईआईएमयू में जेएम फाइनेंशियल सेंटर फॉर फाइनेंशियल रिसर्च शैक्षिक और उद्योग के बीच चौराहा के रूप में कार्य करेगा और एक्शनेबल रिसर्च चालित अंतरदृष्टि और संसाधन प्रदान करेगा।

## सरकार ने जोशीमठ की रिकवरी के लिए 1658 करोड़ रुपये की योजना को दी मंजूरी, होगा पुनर्निर्माण

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने उत्तराखंड के जोशीमठ के लिए 1658.17 करोड़ रुपये की रिकवरी और पुनर्निर्माण योजना को मंजूरी दे दी है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता वाली एक उच्च स्तरीय समिति ने यह निर्णय लिया। बयान में कहा गया है कि समिति ने जोशीमठ के लिए 1658.17 करोड़ रुपये की रिकवरी और पुनर्निर्माण (आरएंडआर) योजना को मंजूरी दी। इस योजना के तहत राष्ट्रीय आपदा मोचन कोष (एनडीआरएफ) की वसूली और पुनर्निर्माण विंडो से 1079.96 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता प्रदान की जाएगी।

उत्तराखंड सरकार राहत सहायता के लिए अपने राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (एसडीआरएफ) से 126.41 करोड़ रुपये और अपने राज्य के बजट से 451.80 करोड़ रुपये प्रदान करेगी, जिसमें 91.82 करोड़ रुपये के पुनर्वास के लिए भूमि अधिग्रहण लागत भी शामिल है।

बयान में कहा गया है कि जोशीमठ भूस्खलन और जमीन धंसने से प्रभावित हुआ है और केंद्र सरकार ने राज्य को सभी आवश्यक तकनीकी और रसद सहायता प्रदान की है। इसमें कहा गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के मार्गदर्शन में सभी तकनीकी एजेंसियों को कार्रवाई में लगाया गया और उन्होंने जोशीमठ के लिए तेजी से रिकवरी योजना तैयार करने में राज्य सरकार की मदद की।

जोशीमठ के लिए रिकवरी प्लान को तीन साल में लागू किया जाएगा, जिसमें सर्वोत्तम प्रथाओं जैसे बिल्ड बैक बेटर (बीबीबी) सिद्धांतों और स्थिरता पहलों का पालन किया जाएगा। बयान में कहा गया है कि इसके बाद जोशीमठ पारिस्थितिक स्थिरता के एक उत्कृष्ट उदाहरण के रूप में उभरेगा।

# नगर आयुक्त करेंगे भेड़ियागढ़ पोखरे पर अवैध कब्जे की जांच

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** महानगर के असुरन स्थित भेड़ियागढ़ तालाब के पाटे जाने के मामले को पर्यावरण क्रांति सेना ने अपर आयुक्त न्यायिक के समक्ष उठाया। अपर आयुक्त न्यायिक ने इस प्रकरण में नगर आयुक्त से जांच कर एक माह में आख्या मांगी है। पर्यावरण क्रांति सेना के मुख्य संरक्षक जमशेद जिद्दी ने मंगलवार को अपर आयुक्त न्यायिक से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौपा।

ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि महानगर के असुरन स्थित भेड़ियागढ़ तालाब जो लगभग 10 एकड़ में स्थित है। इस तालाब को पाट कर सैकड़ो लोगों ने इस पर स्थाई निर्माण करा लिया है जो सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि पूर्व में कई बार भेड़ियागढ़ तालाब के मामले की जांच हो चुकी है परंतु हर बार तहसील और राजस्व प्रशासन की मिली भगत से जांच पर पर्दा डाल दिया जाता रहा, इसी कारण भेड़ियागद तालाब को बहाल करने की दिशा में अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हो पाई। उन्होंने भेड़ियागढ तालाब को पाटे जाने के प्रकरण की जांच करा दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के साथ-साथ भेड़ियागढ़ तालाब को पुनः बहाल करने की मांग की जिस पर अपर आयुक्त न्यायिक ने नगर आयुक्त को जांच का आदेश दिया है साथ ही उप जिलाधिकारी सदर को निर्देशित किया है कि वह इस संबंध में राजस्व अभिलेख नगर आयुक्त से साझा कर जांच का कार्य पूर्ण करें। श्री जिद्दी के साथ प्रतिनिधिमंडल में राधेश्याम सहारा संतोष मणि त्रिपाठी प्रणय कुमार श्रीवास्तव धीरेंद्र प्रताप आदि शामिल थे।

# गोरखपुर में पहली बार चार दिनी ट्रेड शो, सीएम ने किया उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** साढ़े छह साल पहले तक बीमारू का दंश झेलने वाले गोरखपुर के लिए प्रगति मैदान में लगने वाले ट्रेड फेयर जैसा आयोजन सिर्फ कल्पना की बात लगती थी। पर, योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद माहौल ऐसा बदला है कि यह कल्पना हकीकत में बदल गई।

गीडा के संस्थागत क्षेत्र में पहली बार आयोजित चार दिवसीय गोरखपुर ट्रेड शो में आप मिनी प्रगति मैदान जैसे स्वरूप को निहार सकते हैं, स्थानीय से लेकर देश के बड़े उद्योगों में तैयार उत्पाद का अवलोकन कर औद्योगिक और व्यावसायिक प्रगति के साक्षी बन सकते हैं। यह आयोजन ब्रांड यूपी और ब्रांड गोरखपुर कोऔर मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप गोरखपुर ट्रेड शो का आयोजन गीडा के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में किया गया है। 3 दिसंबर तक चलने वाले इस ट्रेड शो का शुभारंभ गुरुवार को सीएम योगी ने किया। इस अवसर पर उन्होंने ट्रेड शो में लगे स्टालों पर प्रदर्शित उत्पादों का अवलोकन किया और वहां मौजूद प्रतिनिधियों से विविध जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने सभी स्टालों की सराहना की और सबकी उन्नति के लिए शुभकामनाएं दीं। गोरखपुर ट्रेड शो में ढाई सौ स्टाल लगाए गए हैं। हर स्टाल अपनी कंपनी या संस्था के उत्पाद या सेवा का कंप्लीट शो केस नजर आता है। यहां रसोई में प्रयोग होने वाले उत्पाद हैं तो नाश्ते के लिए कई तरह के स्नैक्स। कपड़ों, जूतों और अन्य तरह के अपैरल हैं तो स्पोर्ट्स आइटम्स भी। पेंट्स, प्लाई, पैकेजिंग आइटम्स के अलावा कई बड़े औद्योगिक समूहों के उत्पाद भी श्रृंखलाबद्ध तरीके से प्रदर्शित किए गए हैं। इन सबके बीच तमाम बैंकों और वित्तीय संस्थानों के स्टाल ऋण देने की जानकारी देने को तत्पर हैं। सूचना विभाग की तरफ से लगाई गई विकास प्रदर्शनी प्रदेश की प्रगति गाथा को खुबसूरती से संजोए हुए है।

### ट्रेड शो जरूर देखिए, यह गोरखपुर के लिए अवसर



गोरखपुर ट्रेड शो का उद्घाटन और अवलोकन करने के बाद मुख्यमंत्री योगी ने गोरखपुर और इस अंचल के सभी लोगों से इस चार दिवसीय आयोजन में आने की अपील की। उन्होंने कहा, यह गोरखपुर के लिए अवसर है। प्रदर्शनी (ट्रेड शो) जरूर देखिए। यहां आपको प्रदेश के उद्यम क्षेत्र का पोटेंशियल देखने को मिलेगा। गीडा के स्थापना दिवस समारोह के मुख्य मंच पर अपने संबोधन में सीएम योगी ने कहा कि सितंबर में ग्रेटर नोएडा में एक ट्रेड 1 प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था। इसमें 70 हजार बायर्स आए थे जिनमें से 500 विदेश के थे। गोरखपुर ट्रेड शो भी उसी पैटर्न का है। कहा कि गोरखपुर में पहले इस तरह का ट्रेड शो सपना था। बदलते गोरखपुर में यह सपना अब साकार हुआ है।

**स्थानीय से लेकर देश के बड़े उद्योगों की है सहभागिता, ब्रांड यूपी-गोरखपुर को मिलेगी मजबूती**

# सेंट जोसेफ स्कूल बड़हलगंज में संपन्न हुई वार्षिक एथलीट इण्टर हाउस खेल प्रतियोगिता



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** खेल से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। इसके साथ ही परस्पर प्रेम व सहयोग की भावना भी बढ़ती है। यह विचार इंडियन रेसलर टीम के कोच चंद्रविजय सिंह ने गुरुवार को सेंट जोसेफ स्कूल बड़हलगंज में आयोजित वार्षिक एथलीट इंटर हाउस खेल प्रतियोगिता में उपस्थित छात्रों व अभिभावकों को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हुए व्यक्त किया।

प्रतियोगिता में शामिल सभी खिलाड़ियों को चंद्रविजय सिंह ने अपनी शुभाकामनाएं देते हुए चंद्रविजय सिंह ने कहा कि इस प्रकार के खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन से शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ- साथ आपस में मेलजोल की भावना का विकास होता है। खेल ऐसा माध्यम है, जिसमें व्यक्ति के अंदर परस्पर प्रेम, सहयोग एवं सद्भावना का विकास होता है।

बिना इसके जीत हासिल करना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन होता है। अतः पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी रुचि लेनी चाहिए। आज हमारे देश का नाम सचिन तेंदुलकर एवं अन्य पुरुष खिलाड़ियों से है, तो साक्षी मलिक एवं पी.वी. सिंधू जैसी महिला खिलाड़ियों से भी है। उन्होंने सबको नशामुक्त जीवन जीने की सलाह दी।इसके पूर्व विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर थॉमस फिलिप द्वारा चंद्रविजय सिंह कोअंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

## सरकार की योजनाओं का लाभ लाभार्थियों को मिल रहा

**देवरिया।** विकास खण्ड लार के सहियागढ़ में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमित सिंह बबलू ने किया। कार्यक्रम का उद्देश्य भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का सपना है कि हमारा देश पूरी तरह से विकसित देश के रूप में जाना जाए। सन 2047 तक पूरे देश को विकसित देश के रूप में जाना जाए। उसी के क्रम में संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया है।विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत स्वास्थ्य विभाग,समाज कल्याण विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग, कृषि विभाग, जल जीवन मिशन, बैंक एवं स्वंय सहायता समूह, बाल विकास पुष्टाहार के स्टॉल लगाए गए।जिसमें ग्रामीणों को सम्बंधित विभागों द्वारा सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। लाभ के लिए सम्बंधित विभागों में रजिस्ट्रेशन भी किए गए। सहकारिता विभाग के द्वारा आधुनिक कृषि को बढ़ावा देने के लिए ड्रोन के माध्यम से खेतों में नैनो यूरिया का छिड़काव कर उसका डेमो दिखाया गया।

# अफसरों के आदेश को ठेंगा दिखा रहे ओवरलोडिंग गन्ना लदे ट्राला

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिले में अफसरों के आदेश को ठेंगा दिखा ओवरलोडिंग गन्ना लदे ट्राला फर्राटा मार रहे है। जिससे दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है। अभी कुछ ही दिनों पूर्व हाटाकप्तानगंन मार्ग पर स्थित सेमरा व लक्ष्मीपुर गांव के समीप ट्राला का एक्सल टूटने से पलट गया था जिससे बड़ी घटना होने से बच गई। बता दें कि अभी कुछ दिनों पहले लोगो की सुरक्षा के दृष्टिगत बैठक कर डीएम उमेश मिश्रा ने पूर्णतः रोक लगाने का आदेश दिया था। सुगर मिलो को कुशीनगर जिले के ए आर टी ओ मोहम्मद अजीम खान ने भी लिखित आदेश जारी कर प्रतिबंधित ट्रालो को बंद के आदेश दिए। बावजूद उसके मिलो से जुड़े गन्ना ढुलाई के माफियाओं और मिल प्रबंधन को कोई असर नही हैं। प्रतिबन्ध ट्रालों से हो रही ढुलाई से आम जनता परेशान हैं तो वही कृषि कार्यो में रजिस्ट्रेशन वाले ट्रैक्टरों को कमर्शियल प्रयोग कर सरकार के राजस्व को भी चुना लगाया जा रहा है। ट्राला प्रतिबन्ध होने के वावजूद भी इन ट्रालों पर मानक से अधिक गन्ना लादकर ले जा रहे है। कुछ दिन पूर्व पडरौना क्षेत्र में प्रतिबंधित ट्राले पर लदे गन्ने के टच में सड़क के ऊपर से जा रही लाइट आ गई। जिससे राहगीर बाल बल बचे। किसी ने डीएम को इस घटना की सूचना दी सूचना पाते डीएम ने अधिकारियों को मौके पर भेजा। जिसके बाद दो गन्ना लदे ट्राले और टैक्टर को सीज किया गया। यह कार्यवाही एसडीएम पडरौना ने की इस कार्रवाई से गन्ना किसानों की आड़ में सक्रिय माफियाओं में हड़कंप मच गया।



### अवैध ट्रालो के संचालन पर रोक लगाने के लिए दिया ज्ञापन

जिले में मिलों के संचालन शुरू होने बाद जिम्मेदारों की मनमानी से संचालित मानकों से बड़े ट्रालो के कारण आम लोग काफी परेशान है। अधिकारियों के कागजी आदेशो पर भी मिल प्रबन्धन अवैध ट्रालो का संचालन नही रोक रहा। जिससे आम लोगो की जिंदगी खतरे में है। जिसको लेकर किसान यूनियन की एक इकाई के जिलाध्यक्ष रामचंद्र सिंह ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप बन्द कराने की मांग किया है।

### मिल प्रबंधनों के ऊपर कोई प्रभाव नहीं

कहना न होगा कि कुशीनगर जिलाधिकारी उमेश मिश्रा के सख्त निर्देशों के बाद भी कुशीनगर जिले में मिल प्रबंधन के ऊपर कोई प्रभाव नहीं है। अवैध रूप से निर्मित ट्रालों से क्षमता से अधिक वजन का गन्ना लाद कर ढुलाई का कार्य जोरों पर चल रहा है। जिससे आम जीवन खतरे में है। बावजूद उसके जिम्मेदार आंखें मूंदे हुए हैं। यातायात विभाग मिल द्वारा दिए गए झूठे आश्वाशन और अपने कागजी कोरमपूर्ती की दुहाई दे रहा था।

# कोटेदार के खिलाफ महिलाओं ने खोला मोर्चा, जिलाधिकारी से किया शिकायत

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** पिपराइच ब्लाक के सरण्डा व मुडियारी बुजुर्ग के ग्रामवासियों ने वर्तमान कोटेदार सवेरा स्वयं सहायता समूह (पूजा विश्वकर्मा) के राशन वितरण की अनियमितता की शिकायत जिलाधिकारी से किया।

बड़ी संख्या में आयी महिलाओं ने आरोप लगया की अंगूठता लगाते समय खाद्यान वितरण न करके अंगूठा कई दिन लगवाते हैं लेकिन राशन केवल एक ही दिन देते हैं, उसके बाद कोई आता है तो नहीं देते है। जिसका छः यूनिट या पांच यूटिन है उसको एक यूनिट का राशन काट देते है, पूछने पर बोलते हैं कि ऊपर से कट गया है। दूसरे गांव से लेने पर पूरा यूनिट के हिसाब से राशन मिलता है तथा घटतौली भी करते हैं। जब भी पैसा वाला राशन मिलता है तो निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य वसूलते है। महिलाओं का यह भी कहना था कि मशीन से अंगूठा अपने घर पर बुलाकर लगवाते हैं तथा वितरण भी वहीं करते हैं। अपने मिली मददगारों को राशन देते हैं, बकिया को नहीं देते हैं। सूची से नाम गायब करवा देते हैं। काफी पात्र व्यक्ति छूटे हुए को राशन नहीं मिलता है। ग्रामवासियों द्वारा पूछ-ताछ करने पर गाली गुप्ता देकर भगा देते हैं, धमकाते रहते हैं, छेड़खानी का आरोप लगाकर पुलिस बुला देती हैं। इनका सामान्य आचार-व्यवहार ठीक नहीं है। आज तक अन्त्योदय कार्ड धारकों को दो से पांच किलो राशन कम देते हैं तथा चीनी केवल दो किलो दिए हैं और पैसा 55/- (पचपन रूपया) लिये हैं, जो कि अन्य गांव में तीन किलो चीनी मिलता है। वितरण सही ढंग से न करना तथा अधिक मूल्य लेकर वितरण करना और जरूरतमन्दो तक न करके ब्लैक कर देना इनकी आदत बन गयी है।

अपने शिकायती पत्र के माध्यम से ग्रामीणों ने मांग किया कि उनकी शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए कोटेदार की जांच कराकर उक्त कोटेदार सवेरा स्वयं सहायता समूह (पूजा विश्वकर्मा) के कोटे का लाइसेन्स निरस्त करके नये कोटेदार का चयन किया जाए।

# नगर पंचायत मथौली का वाटर टैंक ईंट भट्ठा को दे रही सेवा

अवधनामा संवाददाता



**लाखों रूपए खर्च कर नगर द्वारा मंगाया गया है वाटर टैंक**

**मथौली, कुशीनगर।** नगर पंचायत मथौली में जिम्मेदारों की मिली भगत से नगर का वाटर टैंक कस्बे में सेवा न देकर एक ईंट भट्ठा को सेवा दे रहा है। नगर प्रशासन के इस रवैए का खूब किरकिरी हो रही है, लेकिन जिम्मेदार चुप्पी साधे हुए है। हालांकि नगर का एक कर्मचारी ने बताया कि 24 घंटे के लिए किराए पर रसीद कटी है, लेकिन कस्बे के लोगों द्वारा बताया गया कि पिछले तीन दिनों से ईंट भट्ठा पर वाटर टैंक मौजूद था।

बता दें कि लाखों रूपए खर्च कर नगर पंचायत मथौली में वाटर टैंक मंगवाया गया है। यह वाटर टैंक इस गरज से मंगवाया गया है कि कस्बे में शादीविवाह हो या कोई सार्वजनिक कार्य में इस वाटर टैंक का उपयोग किया जा सके लेकिन नगर प्रशासन की लापरवाही से ये वाटर टैंक सार्वजनिक जगहों पर सेवा न देकर पिछले कई दिनों से कस्बे के वार्ड नंबर 9 में स्थित एक एक ईंट भट्ठा को सेवा दे रहा है, जो नगर प्रशासन पर सवाल खड़ा कर दिया है। कस्बे के पूर्व प्रत्याशी राकेश यादव उर्फ भोला, लक्ष्मण वर्मा, मोनू शर्मा, सोनू मद्धेशिया, राजू यादव, गोपी यादव, दीपक गुप्ता, रोहित वर्मा, अशोक यादव, घनश्याम शर्मा, आनंद जायसवाल आदि लोगों ने बताया कि नगर का वाटर टैंक मनमाने तरीके से निजी प्रयोग में लाया जा रहा है। जबकि मुख्य चौराहे पर पूरब दिशा में सुंदरीकरण का कार्य हो रहा है वहां ठिकेदार द्वारा उक्त दिशा में मिट्टी व बालू छोड़ दिया गया है, जो वाहनों के आने जाने से उड़कर व्यापारियों के दुकानों में धूल पट जा रहे है, लेकिन नगर प्रशासन इस टैंक से पानी यहां डलवाने के बजाए ईंट भट्ठे को टैंक से पानी दे रहे है। इस संबंध में अधिशाषी अधिकारी मथौली सीमा राय से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि किराया पर दिया गया है। नगर से इसकी रसीद कटी है, आमदनी के लिए किराया पर दिया जा सकता है।

# न्याय चला निर्धन के द्वारः न्यायाधीश देवेन्द्र




अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वाधान में माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया श्री देवेन्द्र सिंह ने राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार हेतु जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर दीवानी न्यायालय परिसर से रवाना किया।

इस अवसर पर माननीय जनपद न्यायाधीश ने कहा कि यह प्रचार वाहन लोक अदालत की सफलता में कारगर साबित होगा। उन्होंने कहा कि लोक अदालत सुलह समझौते का सशक्त माध्यम है जिसके लिए आमजनमानस अपने सुलहनीय वादों कों निस्तारित करावें। वही छोटे फौजदारी मामलों में अपने जुर्म स्वीकार करके अपना वाद समाप्त करा सकते है।

न्याय चला निर्धन के द्वार के उद्देश्य को अपनाकर प्रचार वाहन के द्वारा गरीबों को सुलभ व सस्ता न्याय दिलाने व विधिक जानकारी के साथ-साथ राष्ट्रीय लोक अदालत मे निस्तारित होने वाले वादों के संबंध में जानकारी दी जा रही है। इस अवसर पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री अशोक कुमार दूबें द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु समस्त न्यायिक अधिकारी व सम्बन्धित विभाग से एक साथ आगे आने का आह्वान किया। सचिव ने कहा कि प्रचार वाहन के द्वारा आम जनमानस को अपने मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में नियत कर उसे निस्तारित करने हेतु जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में धारा 138 एनआईएक्ट, बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, पारिवारिक वाद, श्रम, भूमि अधिग्रहण वाद, विद्युत, जल एवं सर्विस से संबंधित मामलें, राजस्व एवं सिविल वाद एवं प्री-लिटिगेशन मामलों का निस्तारण किया जाना हैं।

# सेवरही थाने में लावारिस 22 वाहनों की हुई नीलामी



अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** सेवरही थाने में लावारिस 22 वाहनों को नायब तहसीलदार तमकुहीराज की मौजूदगी में नीलामी कर दी गई। इस नीलामी राजस्व के रूप में दो लाख चौवन हजार तीन सौ रुपए प्राप्त हुए है।

बता दें कि पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल द्वारा आपरेशन क्लीन अभियान के तहत समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने मालखानों में लावारिस व मोटर अधिनियम के अन्तर्गत कई वर्षो से निरुद्ध वाहनों का यथाशीघ्र नियमानुसार निस्तारण कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके क्रम में गुरुवार को उपजिलाधिकारी तमकुहीराज के द्वारा नीलामी की तिथि निर्धारण के क्रम में नायब तहसीलदार सुनील सिंह तमकुहीराज एवं क्षेत्राधिकारी तमकुहीराज के नेतृत्व में थाना सेवरही के माल मुकदमाती से संबंधित 22 छोटे बड़े दाखिल वाहन माल मुकदमाती निस्तारण अभियान में वाहनों की नीलामी प्रभारी निरीक्षक दिग्विजय नरायण राय, अपराध निरीक्षक अनिल सिंह यादव, राजेन्द्र सिंह यादव, रामप्रीत गौड़ थाना सेवरही की उपस्थिति में नीलामी की गई। नीलामी से राजस्व के रूप में कुल 2,54,300 रुपए प्राप्त हुए।

# प्रशासन ने ग्राम पंचायत की पोखरी से हटवाया अतिक्रमण



अवधनामा संवाददाता

**अहिरौली, कुशीनगर।** हाटा तहसील क्षेत्र के सुकरौली विकासखंड के ग्राम बसंतपुर में गुरुवार को उच्च न्यायालय प्रयागराज तथा तहसीलदार न्यायिक हाटा से पारित बेदखली आदेश के क्रम में हाटा के तहसीलदार धर्मवीर सिंह के नेतृत्व में राजस्व टीम गांव में पहुंची और ग्राम पंचायत की पोखरी पर हुए अवैध अतिक्रमण की हटवा दिया।

पोखरी के आराजी नंबर 65/0.206 हेक्टेयर पर अवैध रूप से काबिज बसंतपुर गांव के ही अश्वनी पांडेय पुत्र रामजी पांडेय सहित तीन अन्य ग्रामीणों के द्वारा कटरैन डालकर अतिक्रमण किया गया था। तहसीलदार हाटा धर्मवीर सिंह आज राजस्व टीम के साथ जेसीबी के साथ गांव में पहुंचे तथा जेसीबी लगाकर अतिक्रमण हटा दिया गया और पोखरी को अतिक्रमण मुक्त कर दिया गया। तथा पुन अतिक्रमण न करने की चेतावनी भी प्रशासन द्वारा दी गई। इस अवसर पर तहसीलदार हाटा के साथ राजस्व निरीक्षक सुकरौली प्रद्युम्न राव, सजीवन मिश्रा, लेखपाल नीरज कांत, विश्व प्रकाश राजन, श्यामचंद सिंह वीरेंद्र सिंह तथा अहिरौली बाजार थाने के पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हो रही जनता

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत बैतालपुर ब्लाक के ग्राम विक्रम विशुनपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल संवाद कार्यक्रम में उपस्थित जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने प्रधानमंत्री की बातों को सुना तथा अपने उदबोधन में बताया कि सरकार गरीब किसान मजदूरों के हित में तथा महिलाओ के सम्मान में उज्वला गैस योजना, वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, नारी शक्ति वंदन और महिला आरक्षण सहित तमाम योजनाओ का लाभ आम जनता तक पहुंचा रही है। प्रदेश के विकास के लिए योगी सरकरार ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन वित्त वर्ष 2023-24 का पहला बजट पेश किया, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना की तरफ से सदन में 26760.67 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश किया गया इस अनुपूरक बजट में कई नई परियोजनाओं के लिए सरकार की तरफ से प्रावधान किया गया है जिससे प्रदेश की जनता को लाभ मिलेगा। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि कार्यकर्ता केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव गांव और घर घर तक पहुंचाने का कार्य करें। कार्यक्रम में डी.डी.ओ रविशंकर राय, बी.डि.ओ. बैतालपुर, कार्यक्रम के जिला संयोजक महामंत्री श्रीनिवास मणि, प्रमोद शाही, अंकुर, मनीष मल्ल, अभिषेक सिंह पूर्व ग्राम प्रधान एंव भारी संख्या में गाँव की महिलाएं और ग्रामीण उपस्थित रहे।

## एम्बुलेंस कर्मियों ने घायल बुजुर्ग की बचाई जान, मौके पर पहुंचे एम्बुलेंसकर्मी

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** बनकटा ब्लॉक के सलेमपुर -मैरवा रोड पर सोहनपुर गांव के पास बाइक सवार की ठोकरे से घायल 70 वर्षीय बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल बुजुर्ग को 102 एंबुलेंस ने समय पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भाटपाररानी अस्पताल पहुंचाया। जहाँ बुजुर्ग का इलाज कर जान बचाई गई। गुरुवार को करीब 12 बजे 70 वर्षीय बुजुर्ग भुलान यादव सड़क पार कर रहे थे। तभी सामने से आ रही एक बाइक सवार ने उन्हें ठोकर मार दिया। बाइक की ठोकर से भुलान गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने 102 एंबुलेंस को कॉल किया। एंबुलेंस महज 10 मिनट में मौके पर पहुंच गई। 102 एंबुलेंस के ईएमटी विवेक यादव और पायलट बृजेन्द्र कुमार ने घायल बुजुर्ग को प्राथमिक उपचार दिया।

# स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं के जीवन में आ रही खुशहाली

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** भाटपार रानी विकास खंड के ग्राम पंचायत रघुनाथपुर एवं नोनार पांडेय में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। उन लोगों ने अपने विभाग से संबंधित सरकारी योजनाओं से आमजन को अवगत कराया।

कार्यक्रम के दौरान 6 माह से ऊपर के बच्चों का अन्नप्राशन एवं गर्भवती महिलाओं का गोद भराई कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद प्रतिनिधि जयनाथ कुशवाहा गुड्डन ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम सरकार के द्वारा सरकारी योजनाओं का लाभ आम जन तक पहुंचने की दिशा में उठाया गया एक सार्थक कदम है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। सरकार के द्वारा जहां एक तरफ पूरे प्रदेश में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है वहीं हर घर नल जल योजना के माध्यम से घर-घर पीने का स्वच्छ पानी पहुंचाने का कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं के जीवन में खुशहाली आ रही है। भाजपा नेता सुशील कुमार शाही ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के माध्यम से लड़कियों को शिक्षा के प्रति बढ़ावा देने का कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम के विधानसभा संयोजक सुरेश तिवारी ने कहा कि सौभाग्य योजना के माध्यम से गरीबों को निशुल्क विद्युत कनेक्शन देने का कार्य सरकार के द्वारा किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान लक्ष्मण कुशवाहा संचालन संतोष पटेल ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से खंड विकास अधिकारी भाटपार रानी भइयन लाल पटेल, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लक्ष्मण खरवार, मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र पांडेय, सतीश चंद्र, राजेश कुमार, पुनीत कुमार, अमरनाथ राव, नित्यानंद, मांधाता सिंह, रतिनाथ तिवारी,अवध बिहारी पांडेय सहित ग्राम वासी उपस्थित थे।

# महाराज सिंह इण्टर कालेज में एनसीसी कैडेट्स को दिया तम्बाकू नियंत्रण प्रशिक्षण

**राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित हुआ इनकॉरपोरेटेड इन अदर ट्रेनिंग सेशन**

**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** जनपद के महाराज सिंह इण्टर कालेज में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत इनकॉरपोरेटेड इन अदर ट्रेनिंग सेशन के तहत कार्यशाला आयोजित कर एनसीसी कैडेट्स को तम्बाकू नियंत्रण प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला में विद्यालय के शिक्षकगण एवं कर्मचारियों समेत एनसीसी के लगभग 127 कैडेट्स ने प्रतिभाग किया। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में एनसीसी कैडेट्स को तंबाकू के सेवन से होने वाली बीमारियों और बचाव के बारे में जागरूक किया गया प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 राजेश कुमार ने कहा कि समाज के आम लोगों के बीच जाकर तंबाकू के सेवन के दुष्प्रभावों से अवगत करवाते हुए इसपर पूर्ण नियंत्रण लगाने के लिए कार्य करना होगा। तंबाकू का सेवन न करने के लिए लोगों को प्रेरित और जागरूक करना होगा।

कार्यक्रम का संचालन एनसीडी के डॉ0 परितोष तिवारी ने किया। उन्होंने तंबाकू के सेवन से होने वाली बीमारियों व उससे बचाव की विस्तार से जानकारी दी। डॉ0 तिवारी ने कहा कि तम्बाकू उत्पादों के सेवन से मुंह में गले में पेट में तथा फेफड़ों में छाले पड़ जाते हैं तथा टीवी होने की संभावना बढ़ जाती है। इसके साथ-साथ ही श्वास की बीमारियां एलर्जी की बीमारियां डायबिटीज ब्लड प्रेशर बढना, अनिद्रा इत्यादि प्रकार की बीमारियां भी इससे हो जाती है। जो लोग इसके आदी हो जाते हैं या जिनको लत लग जाती है वह चाहकर भी इसे नहीं छोड़ पाते हैं। उन्होंने बताया कि तंबाकू नियंत्रण के लिए कोटपा अधिनियम 2003 बनाया गया है, जिसमें धारा चार के तहत सभी सार्वजनिक स्थानों पर स्मोकिंग करना अपराध है। पकड़े जाने पर दो सौ रुपये जुर्माना हो सकता है। धारा 6बी के तहत विद्यालय के सौ गज के दायरे में कोई भी तंबाकू की दुकान नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि तंबाकू उत्पाद पर अगर चित्र के साथ चेतावनी नहीं होगी तो धारा 7 के तहत अपराध की श्रेणी में आता है।

## तंबाकू जनित रोगों से प्रतिवर्ष भारत में लगभग 12 लाख लोगों की हो जाती है मौतः बृजेश कुमार सिंह

**बहराइच।** तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला स्वास्थ्य शिक्षा सूचना अधिकारी बृजेश सिंह ने जिले में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम की उपलब्धियों व वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तंबाकू जनित रोगों से प्रतिवर्ष भारत में लगभग 12 लाख लोगों की मृत्यु हो जाती है। तंबाकू एवं सिगरेट से होने वाले हजारों प्रकार की घातक बीमारियों जैसे कैंसर, हृदय रोग एवं फेफड़ों आदि की बीमारी और असामयिक मृत्यु से संबंधित प्रचार-प्रसार को युक्तिसंगत तरीकों से लागू करने के लिए सरकारी कर्मियों के माध्यम से आम लोगों को जागरूक करना आवश्यक है। उन्होंने एनसीसी कैडेट्स को बताया कि तम्बाकू सेवन से मुंह का कैंसर होता है, दांत खराब होते है, आँखे कमजोर होती है, हृदय रोग का खतरा बढ़ जाता है तथा उच्च रक्तचाप की समस्या होती है। तम्बाकू व धुम्रपान के सेवन से इंसान का फेफड़ा खराब हो जाता है तथा नपुंसकता का खतरा बढ़ जाता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंत में डॉ0 परितोष तिवारी ने महाराज सिंह इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण, कर्मचारियों एवं मौजूद एनसीसी कैडेट्स को शपथ दिलाई कि हम कभी भी धूम्रपान या तंबाकू या अन्य प्रकार के तंबाकू उत्पादों का सेवन नहीं करेंगे साथ ही अपने परिजनों या परिचितों को धूम्रपान का या अन्य तंबाकू उत्पादों का सेवन नहीं करने के लिए प्रेरित करेंगे और अपने एवन सार्वजनिकपरिसर को तंबाकू मुक्त रखेगे। इस मौके पर महाराज सिंह इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य शिवेंद्र सिंह, प्राचार्य देव शरण, आर0 एस0 पांडेय, प्राचार्य अरविंद कुमार, संतोष चंद्र शुक्ला, श्रीप्रकाश, भीखू राम, अजय कुमार सिंह, अमरेश कुमार, एनसीडी सेल से विवेक श्रीवास्तव, मो0 हारून, फहीम अहमद, शरद श्रीवास्तव, एनसीडी क्लीनिक से डॉ0 रियाजुल हक, पुनीत शर्मा, संतोष सिंह, बृज प्रकाश, मनीष कुमार, राज कुमार महतो, सीमा कुमारी, अजय एवं मुकेश हंस आदि मौजूद रहे।




## पार्टी के राष्ट्रीय नेता ही कर रहे भाजपा को सत्ता से उतारने का जतन

**सुल्तानपुर।** पिछले कई महीनो से सत्तादारी दल भाजपा 2014 और 19 की अपनी सफलता को 2024 में फिर एक बार दोहराने को लेकर गंभीर नजर आ रही है। राष्ट्रीय नेतृत्व से जुड़े हुए पदाधिकारी इतने गंभीर हैं कि अपने स्थानीय कार्यकर्ताओं को सुस्ताने का एक मौका भी नहीं देना चाहते।देशव्यापी समस्याओं को छिपाने के लिए वे एक उत्सव के बाद दूसरा उत्सव जनता के सामने ला रहे हैं जिससे जनता को अपनी परेशानियों का अहसास तक ना हो।यह तो 2024 को सफल बनाने का एक पहलू है इसका दूसरा पहलू इनके अनुसांगिक संगठनों ने जो कार्य योजना बनाई है उसके तहत बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को तैयार कर बूथ सूची को चुस्त दुरुस्त करते हुए विपक्षियों के समर्थकों के वोट को किस प्रकार वोटर लिस्ट से गायब किया जाए और अपने लोगों का वोट किस तरीके से बढ़ाया जाए इस पर युद्ध स्तर तक कार्य किया जा रहा है।

# सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना प्राथमिकताः सौरभ



**विकसित भारत संकल्प यात्रा के बरई पहुंचते ही उमड़ पड़ा जन सैलाब**

**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** जनपद में आज उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा अनुसार विकास खण्ड चित्तौरा के अमीनपुर नगरौर तथा बरई बिलासा में विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन खंड विकास अधिकारी सौरभ कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में संपन्न हुआ कार्यक्रम का संचालन मंशाराम यादव ने किया।इस कार्यक्रम में अनेकों विभागो द्वारा सरकार द्वारा जनहित में चलाई जा रही योजनाओं के संबंध में लोगो को जागरूक करके योजना से छूटे रह गए पात्र लोगो का पंजीकरण कराया गया आज विकसित भारत संकल्प यात्रा एलईडी वैन विकास खण्ड चित्तौरा के ग्राम पंचायत अमीनपुर नगरौर और बरई बिलासा में पहुंचकर उपस्थित जन समूह को भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं का विस्तृत प्रसारण दिखाया गया विभिन्न विभागों की ओर से स्टाल लगाकर लोगों को योजनाओं से लाभान्वित किया गया। चित्तौरा के ग्राम पंचायत बरई बिलासा आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य कृषि पशुपालन आपूर्ति बाल विकास समाज कल्याण बेसिक शिक्षा परिषद बिजली विभाग, जल जीवन मिशन बैंको सहित सहित दर्जनों विभागों की ओर से लगाए गए स्टॉल पर पहुंचकर लोगों ने योजनाओं की जानकारी ली। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान समस्त लाभार्थियों को आवास के स्वीकृत पत्र आयुष्मान कार्ड गर्भवती महिलाओं की गोद भराई बच्चों का अन्नप्राशनआदि कार्यक्रम कराया गया।लोगों को भारत सरकार द्वारा एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित समस्त योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी राजकिशोर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चित्तौरा प्रभारी प्रताप गौतम सीडीपीओ चित्तौरा एडीओ आईएसबी महिला एडिओ ज्योति सिंह एडिओ सहकारिता अमर सिंह एडीओ समाज कल्याण सुलतान अहमद एपीओ संदीप कुमार त्रिपाठी एडीओ पंचायत अशोक कुमार श्रीवास्तव मंशाराम यादव ओम प्रकाश यादव स्वप्नमणि सोनकर सऊद इदरीसी विनय यादव कैलाश नाथ बीसीपीएम प्रजापति सहित अन्य ग्रामसभाओं के प्रधानों के साथ साथ भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## बेसिक शिक्षा विभाग ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

**मतदान से वंचित न रहे लोग शपथ दिलवाकर लिया संकल्प**

**बहराइच।** विकास खण्ड चित्तौरा के ग्राम सभा बरई बिलासा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी राजकिशोर के नेतृत्व में स्टाल लगाकर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया जिसके माध्यम से मौजूद लोगो को खंड शिक्षा अधिकारी राजकिशोर ने यह शपथ दिलाई की आज आपको यह प्रण लेना होगा की जो भी अट्ठारह वर्ष की आयु का हो गया है उसका जरूर रजिस्ट्रेशन कराया जाय जिससे कोई भी व्यक्ति मतदान करने से वंचित न रहने पाए।समाज और देश हित के लिए मतदान कितना आवश्यक है इसके महत्त्व को समझना होगा और ज्यादा से ज्यादा लोगो से संपर्क करके वोटर लिस्ट में नाम दर्ज करवाने के लिए प्रेरित करके एक बेहतर समाज बनाने में मदद करनी होगी। इस दौरान मोहम्मद असलम अमिताभ श्रीवास्तव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



## 1 किलो 100 ग्राम नाजायज गांजा सहित एक अभियुक्त गिरफ्तार

बहराइच। जनपद में पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा द्वारा अवैध मादक पदार्थो की विक्री तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु दिशा निर्देश के क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर कुँवर ज्ञानन्जय सिंह व क्षेत्राधिकारी कमलेश कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार राव द्वारा गठित टीम ने आज दिनांक रात्रि गश्त के दौरान मुखविर से मिली सूचना के आधार पर सुबह आरा मशीन रोड जरवल कस्बा के पास से आशिफ उर्फ मोथे पुत्र मो0 हनीफ निवासी मोहल्ला तकिया जरवल कस्बा थाना जरवलरोड को गिरफ्तार किया गया इसके पास से 01 किलो 100 ग्राम नाजायज गांजा बरामद किया गया जिसको माल सहित कब्जा में लेते हुए उक्त अपराध के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर अभियोग एनडीपीएस एक्ट सहित अन्य धाराओं में मामला पंजीकृत करके गिरफ्तार कर बाद विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए अभियुक्त आशिफ उर्फ मोथे उपरोक्त को माननीय न्यायालय बहराइच रवाना किया गया।

# तहसील बल्दीराय में प्रतिदिन होगा जनता दर्शन



**फरयादियों की हर समस्या का होगा निस्तारण उपास्थित रहेंगे सभी अधिकारी, कर्मचारी**

**अवधानामा संवाददाता**

**बल्दीराय,सुल्तानपुर।** तहसील बल्दीराय में जनता दर्शन प्रतिदिन आयोजित किया जा रहा है। फरयादियों की हर समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। उपजिलाधिकारी बल्दीराय विदुषी सिंह व क्षेत्राधिकारी सौरभ सामंत अध्यक्षता में जनता दर्शन का आयोजन हुआ। जिसमें तहसील व ब्लॉक स्तर के अधिकारी मौजूद रहे। उप जिलाधिकारी विदुषी सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश पर जनता दर्शन प्रतिदिन सुबह 10 बजे से 12 बजे तक लगाया जा रहा है। जनता दर्शन में सभी अधिकारी यहां मौजूद होंगे ताकि तहसील पर आने वाले फरियादी को तत्काल लाभ पहुंचाया जा सके। सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को इसमें उपस्थित रहने के निर्देश दे दिए गए हैं। फरियादियों की शिकायतों का निस्तारण यथाशीघ्र किया जाएगा। वृहस्पतिवार को तहसील सभागार में एसडीएम व क्षेत्राधिकारी की अध्यक्षता में जनता दर्शन की शुरुआत हुई। जिसमें बड़ी संख्या में शिकायत कर्ता शिकायत लेकर पहुंचे। इस अवसर पर तहसीलदार घनश्याम भारतीय,नायब तहसीलदार गुलाब सिंह, थानाध्यक्ष बल्दीराय अमरेंद्र बहादुर सिंह, सहित तहसील व ब्लाक कर्मचारी मौजूद रहे।

# यातायात माह नवम्बर-2023 का हुआ समापन

**सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा, ट्रैफिक पुलिस का यही संदेश जीवन नहीं तो क्या है शेष**

**अवधनामा संवाददाता**




**ललितपुर।** विगत वर्षो की भाँति इस वर्ष भी माह नवम्बर-2023 को यातायात माह के रूप में मनाया गया। यातायात माह के समापन समारोह का आयोजन श्रीवर्णी जैन इण्टर कॉलेज में किया गया। शुभारम्भ दीप प्रज्जवलित कर मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक द्वारा किया गया। इसके पश्चात देवेन्द्र राय ग्रुप द्वारा सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा पर नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। नुक्कड़ नाटक के मंचन के पश्चात स्कूल की छात्राओं द्वारा सड़क सुरक्षा पर वाद-विवाद प्रस्तुत किया गया। सभी कार्यक्रमों के सम्पन्न होने के पश्चात क्षेत्राधिकारी सदर/यातायात अभय नारायण राय द्वारा सड़क सुरक्षा पर स्कूल के छात्र-छात्राओं व मौजूद स्टाफ को यातायात नियमों के बारे में गहनता से जागरूक करते हुऐ सड़क सुरक्षा नियमों के अमल हेतु विशेष रूप से अपील की गयी। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक द्वारा सड़क सुरक्षा नियमों पर संबोधन प्रस्तुत किया गया। अन्त में पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रभारी यातायात एवं नुक्कड़ नाटक के कलाकारों को सराहनीय कार्य एवं सराहनीय मंचन के लिऐ शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान एआरटीओ मो.कय्यूम, प्रभारी यातायात आलोक कुमार तिवारी, श्रीवर्णी जैन इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य अजब सिंह, रमेश कुमार तिवारी व कॉलेज का समस्त स्टाफ एवं जनपद के प्रिन्ट/इलेक्ट्राक्निक मीडिया के पत्रकार, सम्मानित वरिष्ठ नागरिक गण मौजूद रहे। बताया गया है कि पूरे यातायात माह के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर वाहन चालकों पर एक करोड़ से अधिक धनराशि का जुर्माना आरोपित किया गया है।

# एसओ जीआरपी ने आग से बचाव का करवाया मॉकड्रिल

**अवधनामा संवाददाता**



**सुलतानपुर।** पुलिस महानिदेशक रेलवे व पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था उत्तर प्रदेश व पुलिस अधीक्षक रेलवे के आदेश की अनुपालन के अनुसार रेलवे स्टेशनो पर जीआरपी एवं आरपीएफ के जवानों के साथ-साथ यात्रियों को आग से सुरक्षा के संबंध में फायर डील करा कर जागरुक किए जाने हेतु निर्देशित किया गया था, उक्त आदेश के क्रम में दिनांक 30 नवंम्बर को रेलवे स्टेशन सुल्तानपुर पर जीआरपी थानाध्यक्ष अरविंद पांडेय की मौजूदगी में अग्निशन द्वितीय अधिकारी गिरिवर प्रसाद,फायर मैन संदीप वर्मा व फायर मैन प्रभाव शाह अग्नि समन टीम द्वारा फायर ड्रील/प्रशिक्षण का कार्यक्रम कराया गया।फायर के बारे में लोगों को बताया एवं एलपीजी सिलेंडर में आग लगाकर बुझाने का प्रेक्टिकल करके दिखाया गया। जिसमें थानाध्यक्ष जीआरपी अरविन्द कुमार पाण्डेय व उ.नि. राजकुमार व उ.नि. सिद्धार्थ सिंह व समस्त जीआरपी स्टाफ तथा आरपीएफ कर्मी मौजूद रहे, इस कार्यक्रम से रेलवे स्टेशन पर यात्रा कर रहे यात्री व रेलवे कर्मचारियों द्वारा जानकारी प्राप्त होने पर जीआरपी द्वारा कराए गए इस कार्यक्रम की प्रशंसा की गई।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ शुभारंभ



**ललितपुर।** जनपद के समस्त किसानों को सूचित किया गया है कि जनपद के सभी ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन 30 नवम्बर 2023 से 26 जनवरी 2024 तक चैन के माध्यम से इस उद्देश्य से आयोजित की जा रही है कि जनपद की समस्त विभागीय योजनाओं के संतृप्तिकरण के लिये आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से आम जनमानस में जागरूकता बढ़ाई जा सके। जिसका शुभारम्भ कलेक्ट्रेट परिसर से जिलाध्यक्ष राजकुमार जैन, श्रीकान्त कुशवाहा एवं मुख्य विकास अधिकारी कमलाकान्त पाण्डेय द्वारा वाहन को हरी झण्डी दिखाकर किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में जिला प्रभारी सुरेश अवस्थी, जिला कृषि अधिकारी राजीव कुमार भारती, उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी सोनू मंगल, विषय वस्तु विशेषज्ञ तरुण जामकर, सहायक लेखाकार शैलेन्द्र, राजेश लिटौरिया, धर्मेन्द्र गोस्वामी उपस्थित रहे।

# ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन का सदस्यता अभियान शुरू

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** जनपद ललितपुर की ग्रामीण पत्रकार एसोसियशन जिला कार्यकारणी की बैठक पूर्व सूचनानुसार कोरम पूर्ण के साथ होटल में जिलाध्यक्ष आनंद प्रकाश गुप्ता की अध्यक्षता एवं जिला संरक्षक सुदामा प्रसाद दुबे के आतिथ्य में संपन्न हुई। जिसमे सर्वसम्मति से अहम निर्णय लिए गए। दिसम्बर माह में संगठन की वार्षिक सदस्यता 2024 हेतु तहसीलवार सदस्यता प्रभारी बनाए गये। जिसमे सभी तहसीलों के अध्यक्ष, महामंत्री और मीडिया प्रभारी अपनी अपनी तहसीलों के सदस्यता प्रभारी होंगे। सदस्यता 01 दिसम्बर से 05 तक होगी। फार्म (आवेदन) के साथ पूर्व नियमानुसार आवश्यक आवेदन दस्तावेज के साथ अपनी तहसीलों में जमा करने होगे। इसके उपरांत किसी भी सदस्य को सदस्यता प्रदान नही की जायेगी। सभी तहसील सदस्यता प्रभारी सदस्यता फार्म जिला मुख्यालय पर 6 से 8 दिसम्बर तक जिला महामंत्री अभिषेक जैन अनौरा के प्रतिष्ठान पर पास जमा करेंगे। इस दौरान जिला महासचिव सम्राट सिंह बनाफर, प्रवेश कुमार श्रीवास्तव, अभिषेक जैन अनौरा, जिला कोषाध्यक्ष अरविंद गोस्वामी, जिला सचिव हरिओम चौरसिया, जिला संगठन मंत्री रमेश कुमार श्रीवास्तव, जिला मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र पुरोहित शैलू, सदर तहसील अध्यक्ष भीष्म प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेंडरिंग निविदा सूचना सं. 66/2023**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मण्डल रेल प्रबन्धक (इंजी.), पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाइन (ई-टेंडरिंग) के माध्यम से "**खुली**" निविदा आमंत्रित करते हैं :

**क्र. सं. : 1, कार्य का विवरण :** मेण्डू बैलास्ट डिपो में अद्यतन संशोधित पर्ची सहित, आर.डी. एस.ओ. के लेटेस्ट बैलास्ट स्पेसीफिकेशन के अनुसार मशीन से तोड़ी गई 65 एम.एम. साइज ट्रैक पत्थर गिट्टी (60666 घन मी.) की आपूर्ति एवं चट्टा लगाई तथा उपरोक्त को सभी तरह के रेलवे वैगनों में लदाई, **अनुमानित लागत :** रु. 7,47,31,412.10, **बयाना राशि :** रु. 5,23,700/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 06 माह।

1. ई-निविदा दिनांक 20.12.2023 को 15.00 बजे तक आनलाइन जमा कर सकेंगे।
2. ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

**मण्डल रेल प्रबन्धक (इंजी.)**
**मुजाधि/डब्ल्यू-431 इज्जतनगर**

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**उत्तर रेलवे**

**निविदा रद्द करने की सूचना**

निविदा सूचना सं. टीआरडी–14–सीनि०डी०ई०ई०–लखनऊ–23 दिनांक: 15.11.2023, कार्य का नाम "लखनऊ मंडल के विद्युतीकृत खंड में रेट्रो रेफ्लेक्टिव नंबर प्लेट की आपूर्ति एवं निर्माण का कार्य" को तकनीकी कारणों से रद्द किया जाता है।

**सं. टीआरडी–14–सीनि०डी०ई०ई०–लखनऊ–23 दिनांक: 15.11.2023**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3766/2023

## कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी इटवा, सिद्धार्थनगर

पत्रांक/521-24-/2023-24 दिनाँक 30/11/2023

**प्रेस विज्ञप्ति**

सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सिद्धार्थनगर के पत्रांक/एस0एस0ए0/ निमार्ण/4901-04/2022-23 दिनाँक 30 सितम्बर 2023 द्वारा विकास खण्ड इटवा के पू0मा0वि0 परसा मैना, पू0मा0वि0 बलुआ, प्रा0वि0 सकतपुर एवं प्रा0वि0 सेमरी खानकोट द्वितीय को जर्जर घोषित करते हुए निलामी हेतु ब्लाक स्तरीय निलामी समिति को निर्देशित किया गया है। जिसके क्रम में पू0मा0वि0 परसा मैना, (न्यूनमत दर 49616) पू0मा0वि0 बलुआ (न्यूनमत दर 15250), प्रा0वि0 सकतपुर (न्यूनमत दर 23107, एवं प्रा0वि0 सेमरी खानकोट द्वितीय (न्यूनमत दर 11088) का नीलामी दिनाँक 06/12/2023 को कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी इटवा में होगी। नीलामी प्रक्रिया में बोली लगाने के इच्छुक व्यक्ति/संस्था निर्धारित मूल्य का 25 प्रतिशत नगद रूप में नीलामी समिति के पास जमा कर नीलामी प्रक्रिया में प्रतिभाग कर सकते हैं। अधिकतम बोली लगाने वाले व्यक्ति या संस्था के पक्ष में भवन नीलामी के लिए अधिकृत होगा। शेष समस्त व्यक्ति/ संस्था को उनके द्वारा जमा धनराशि उसी दिन वापस कर दी जायेगी।

**हस्ताक्षर महेन्द्र प्रसाद,**
**खण्ड शिक्षा अधिकारी,**
**इटवा, सिद्धार्थनगर**

## न्यायालय सूचना

**वाद सं. 142/2022 ता.पेशी 12.12.2023**
**एफ0सी0जे0 फार्म नं0 33 भाग, 7**
**हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)**
**न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी लखीमपुर जिला खीरी**

वाद संख्या....सन् 200...वादी.. श्रीमती अमृत कौर बनाम प्रगट सिंह आदि प्रतिवादी

(1) प्रगट सिंह पुत्र त्रिलोक सिंह निवासी नकहा पिपरी परगना भूड़ तह0 लखीमपुर जिला-खीरी।
(2) सुनील कुमार पुत्र ननकूराम नि0 ग्राम- विटौरा पर. भूड़ जिला-खीरी।
(3) राज कुमार पुत्र, ननकूराम नि. ग्राम विटौरा पर. भूड़ जिला-खीरी।
(4) शिव भगवान वाजपेई पुत्र बाबूराम बाजपेई नि.ग्राम बावन चण्डीपुरम गढ़ी रोड शहर लखीमपुर जिला-खीरी।
(5) जरनैल सिंह पुत्र लाल सिंह नि. ग्राम वसलीपुर ग्रन्ट धलपता-नकहा पिपरी परगना भूड़ जिला-खीरी।
(6) रजिया बेगम पत्नी मासूम अली नि. ग्राम- नकहा पिपरी परगना भूड़ तह. लखीमपुर जिला-खीरी।
(7) अमरनाथ पुत्र चन्द्रभान नि. ग्राम वहेरवा पर. भूड़ तह. लखीमपुर जिला-खीरी।

**-न्यायाधीश**

## ट्रैफिक ब्लॉक के कारण रेलगाड़ियों का अस्थाई निरस्तीकरण एवं मार्ग परिवर्तन

**आधारिक अवसंरचना को और सुदृढ़ करने हेतु उत्तर रेलवे द्वारा लखनऊ मंडल में बाराबंकी-अयोध्या कैंट-शाहगंज-जफराबाद सेक्शन के पटरंगा-रोजागांव-रुदौली (14.5 किमी.) खंड पर प्री नॉन-इंटरलॉकिंग एवं नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य किया जायेगा। इस कार्य के संपादन हेतु रेलवे द्वारा दिनांक 10.12.2023 तक विभिन्न अवधियों के उपयुक्त ट्रैफिक ब्लॉक्स लिये जायेंगे। परिणामस्वरूप, ब्लॉक्स की अवधि के दौरान निम्नलिखित रेलगाड़ियाँ अस्थाई रूप से प्रभावित रहेंगी:-**

**रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण**

| रेलगाड़ी सं. एवं रेलगाड़ी का नाम | तिथि(यॉं) आरंभिक स्टेशन से |
|---|---|
| 04203/04204 अयोध्या कैंट – लखनऊ – अयोध्या कैंट एक्सप्रेस विशेष | 04.12.2023 से 10.12.2023 तक |

**रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन**

| रेलगाड़ी सं. एवं रेलगाड़ी का नाम | परिवर्तित मार्ग | तिथि(यॉं) (प्रारंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|
| 13009 हावड़ा–योगनगरी ऋषिकेश दून एक्सप्रेस | वाराणसी जं.–मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं.–लखनऊ | 03 से 09.12.2023 तक |
| 13010 योगनगरी ऋषिकेश–हावड़ा दून एक्सप्रेस | लखनऊ–मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं.–वाराणसी जं. | 03 से 09.12.2023 तक |
| 13307 धनबाद–फिरोजपुर गंगा सतलुज एक्सप्रेस | वाराणसी जं.–मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं.–लखनऊ | 03 से 09.12.2023 तक |
| 13308 फिरोजपुर–धनबाद गंगा सतलुज एक्सप्रेस | लखनऊ–मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं.–वाराणसी जं. | 03 से 09.12.2023 तक |
| 15934 अमृतसर–न्यू तिनसुकिया एक्सप्रेस | लखनऊ–मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं.–वाराणसी जं. | 08.12.2023 |
| 15623 भगत की कोठी–कामाख्या एक्सप्रेस | लखनऊ–मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़–वाराणसी जं. | 05.12.2023 |
| 13238 कोटा–पटना जं. एक्सप्रेस | लखनऊ–सुलतानपुर–जफराबाद | 03, 07 एवं 08.12.2023 |
| 13484 दिल्ली जं.–मालदा टाउन फरक्का एक्सप्रेस | लखनऊ–सुलतानपुर–जफराबाद | 03, 05, 07 एवं 08.12.2023 |
| 15636 गुवाहाटी–ओखा द्वारका एक्सप्रेस | जफराबाद–सुलतानपुर–लखनऊ | 04.12.2023 |
| 15668 कामाख्या–गांधीधाम बीजी एक्सप्रेस | जफराबाद–सुलतानपुर–लखनऊ | 06.12.2023 |
| 13151 कोलकाता–जम्मू तवी एक्सप्रेस | जफराबाद–सुलतानपुर–लखनऊ | 03 से 09.12.2023 तक |
| 14650 अमृतसर–जयनगर सरयू यमुना एक्सप्रेस | लखनऊ–बाराबंकी–गोंडा जं.–गोरखपुर जं.–छपरा | 04, 06 एवं 09.12.2023 |
| 15023 गोरखपुर–यशवंतपुर एक्सप्रेस | लखनऊ–गोंडा जं.–बाराबंकी–लखनऊ | 05.12.2023 |
| 15024 यशवंतपुर–गोरखपुर एक्सप्रेस | लखनऊ–गोंडा जं.–गोरखपुर जं. | 07.12.2023 |
| 05615 उदयपुर सिटी–गुवाहाटी समर स्पेशल | लखनऊ–गोंडा जं.–गोरखपुर जं. | 06.12.2023 |
| 19615 कवि गुरु एक्सप्रेस | गोरखपुर जं.–गोंडा जं.–बाराबंकी–लखनऊ | 04.12.2023 |
| 19053 सूरत–मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस | लखनऊ–गोंडा जं.–गोरखपुर जं.–छपरा | 08.12.2023 |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में पड़ने वाले स्टेशनों एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

हमें फॉलो करें

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**उत्तर रेलवे**
आपकी सुविधा – हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

3774/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# पुलिस मुठभेड़ में अपहरणकर्ता के पैर में लगी गोली, बच्ची सहीसलामत बरामद

अवधानामा संवाददाता

**पुलिस नें 10 घंटे के भीतर अपहरणकर्ता को किया गिरफ्तार**



**हमीरपुर।** पुलिस अधीक्षक हमीरपुर कार्यालय के सामने स्थित नगर पालिका के अंबेडकर पार्क से बुधवार की शाम 9 वर्ष की बच्ची का अपहरण करने वाले अपराधी को पुलिस ने 10 घंटे के अंदर गिरफ्तार किया.

पुलिस मुठभेड़ में अपहरण करता के बाएं पैर पर गोली लगी जिससे वह घायल हो गया जिसको अस्पताल पहुंचाया गया बच्ची सहीसलामत बरामद जिससे परिजनों के साथ-साथ पुलिस ने भी राहत की सांस ली। देर रात सैकड़ो की संख्या में पुलिस के साथ-साथ शहर के लोग भी सिटी फॉरेस्ट के जंगलों में बच्ची की खोज में लग रहे लेकिन जब रात में बारिश होने लगी तो भीड़ छठ गयी और लोग इधर उधर होने लगे लेकिन पुलिस अपने काम में मुस्तैदी से डटी रही और अपने उद्देश्य को पाने में सफल हुयी पुलिस नें अपहरण करता व बच्ची दोनों को बरामद कर लिया। अपहरणकर्ता ने पुलिस पर फायर किया जिससे पुलिस ने जवाबी हमले में फायर किया जिससे उसके पैर में गोली लगी और अपहरणकर्ता घायल हो गया। पार्क से जैसे बच्ची के गायब होने की खबर मिली पुलिस ने सीसीटीवी में देखना शुरू कर दिया तो बच्चों के इर्द-गिर्द मंडराता एक संदिग्ध दिखा जिस पर शक होने लगा. बताते चलें कि हमीरपुर के एक मोहल्ले की 9 साल की बच्ची बुधवार को अपनी हम उम्र बच्चियों के साथ खेलने के लिए नगर पालिका पार्क पहुंची थी जहां से अचानक गायब हो गई थी जब साथ गई बच्चियों से पूछा गया तो उन्होंने ने बताया कि कोई अंकल फिंगर खिलाने के बहाने उसे अपने साथ ले गए हैं इस घटना के बाद पुलिस ने सीसीटीवी खंगालाना शुरू किये जिससे एक संदिग्ध व्यक्ति बच्चियों के इर्द-गिर्द मंडराता दिखाई दिया यह व्यक्ति साइकिल से आया था पुलिस की टीमों ने पार्क से लेकर सिटी फॉरेस्ट तक करीब 2 किलोमीटर लंबाई में लगे सभी सीसीटीवी फुटेज को देखना शुरू किया तो कडिया आपस में जुड़ती चली गई देर शाम बच्ची के मामा की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध अपहरण की एफआईआर दर्ज की गई और देर रात तलाशने में सिटी फॉरेस्ट के जंगल से पुलिस को वह साइकिल भी बरामद हो गई जो साइकिल अपहरणकर्ता चला कर आता हुआ दिखाई दिया था सिटी फॉरेस्ट में बच्ची के परियों व शहर के सैकड़ो लोग उसकी खोजबीन में लगे हुए थे तथा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में भी बच्ची और संदिग्ध की तस्वीरें अपलोड कर अपील की भी कई गयी थी पहले बच्ची मिली बाद में अपहरणकर्ता से हुआ सामना। देर रात तेज बारिश होने लगी बारिश के कारण लोग इधर-उधर हो गए लेकिन पुलिस अपने काम में ड्यूटी रही पुलिस के साथ परिजन भी बारिश में अपनी बच्ची की खोज में डटे रहे। बारिश उनके हौसलों को पस्त ना कर सकी। पुलिस आखिरकार अपने सफल अंजाम तक पहुंच गई। पुलिस ने घेराबंदी कर तड़के आरोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया उस के बाएं पैर में गोली लगी। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर दीक्षा शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार अपहरणकर्ता जनपद जालौन के कदौरा कस्बे की पुरानी कोतवाली के निकट का निवासी 26 वर्षी सागर उर्फ सुरेंद्र पुत्र रामदीन है इसके पास से 312 बोर का तमंचा खाली खोखा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। गिरफ्तारी से पूर्व अपराधी नें पुलिस टीम पर फायरिंग की थी जिसके जवाब में पुलिस को भी गोली चलाना पड़ी फिलहाल उस को अस्पताल में भर्ती कराया गया है इसकी हालत ठीक है।

## मौदहा में हुई रिमझिम बारिश से किसानों के चेहरे खिले

**मौदहा, हमीरपुर।** मौदहा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में गुरुवार की सुबह हुई रिमझिम बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। हलाकि अभी भी यहाँ के किसानों में बारिश की उम्मीद बनी हुई है। बताते चलें कि गुरुवार की तड़के से ही मौदहा एवं आसपास के ग्राम क्षेत्र में अचानक मौसम ने करवट बदल लिया था।रात में लगभग दो बजे से बूंदाबांदी शुरु हो गई थी जोकि रुक रुक कर सुबह लगभग दस बजे तक जारी रही है।इस बारिश को लेकर किसानों का कहना है कि इससे सभी फसलों को फायदा पहुंचेगा। हलांकि गेहूँ की जिन फसलों की सिंचाई अभी हाल में ही हुई है उनमें नुकसान और फायदे का विषेश असर नहीं पड़ेगा बाकी जितनी भी फसलें हैं उन सभी के लिए यह बारिश फायदेमंद साबित होगी। यदि एक दो दिन तक ऐसा ही मौसम रहा और इसी तरह की बारिश हुई तो निश्चित रूप से फसलों की उपज बढ़ेगी।

# भाजपा सरकार में आम जन का हो रहा उत्पीड़नः रामराज

अवधानामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** कांग्रेस कमेटी के प्रदेश व्यापी कार्यक्रम के तहत गुरुवार को जिला/शहर कांग्रेस कमेटी सोनभद्र के संयुक्त नेतृत्व में महामहिम राज्यपाल को जिला अधिकारी के माध्यम से ज्ञापन पत्र सौपा गया। ज्ञापन के माध्यम से यह मांग की गई की उत्तर प्रदेश के आम जन को रसोई गैस सिलेंडर 450 रुपया में दिया जाए ज्ञापन सौंपने के बाद प्रेस को दिए गए बयान में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामराज सिंह गोंड ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार हम लोग ज्ञापन के माध्यम से उत्तर प्रदेश के आम जनों को 450 रुपया में सिलेंडर देने की महामहिम से मांग करते हैं क्योंकि केंद्र और राज्य दोनों में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है और इसी को डबल इंजन की सरकार करके पड़ोसी राज्यों के विधानसभा चुनाव में प्रचार प्रसार किया जा रहा है, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजीव त्रिपाठी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी राजस्थान और छत्तीसगढ़ के चुनाव के आमसभा में 450 और ?500 के सिलेंडर देने का वादा कर रहे हैं परंतु यूपी में डबल इंजन की सरकार होते हुए भी यूपी के लोग महंगे दामों पर सिलेंडर लेने के लिए मजबूर है यह भारतीय जनता पार्टी के दोहरे चरित्र को उजागर करता है। प्रदेश सचिव इंजीनियर जितेंद्र पासवान ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी किसी भी सूरत में चुनाव जीतने के लिए जुमलेबाजी और झूठा आश्वासन देकर जनता को लगातार ठगने का काम कर रही है जिसको जनता समझ चुकी है। कार्यवाहक अध्यक्ष हाजी फरीद अहमद ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की कथनी और करनी में जमीन आसमान का फर्क है। ज्ञापन पत्र देने वालों में जिला अध्यक्ष रामराज सिंह गौड़ , शहर अध्यक्ष राजीव कुमार त्रिपाठी प्रदेश सचिव इंजीनियर जितेंद्र पासवान, पीसीसी सदस्य हाजी फरीद अहमद, पीसीसी सदस्य राजबली पांडे, ब्लॉक अध्यक्ष अमरेश देव पांडे, पीसीसी सदस्य आशुतोष कुमार दुबे,गणेश विश्वकर्मा, विवेक सिंह पटेल, लल्लू राम पांडे, रविंद्र बैसवार, प्रदीप कुमार चौबे, श्रीकांत मिश्रा, बेचू चौबे आदि लोग उपस्थित रहे।

## पीएम आवास निर्माण में रोड़ा अटका रहा दबंग

**बांदा।** दबंग की दबंगई से आजिज आये पीएम आवास के लाभार्थी ने कोतवाल को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। शहर के खुटला मोहल्ले निवासी मनोज कुमार पुत्र मुन्नीलाल नामदेव ने दी अर्जी में बताया है कि 30 नवंबर की सुबह करीब सात बजे पडोसी शराब का लती है आया और दरवाजे में गाली गलौज करने लगा विरोध जताने पर बृद्ध पिता व पुत्र को जान माल की धमकी देने लगा। कोतवाली प्रभारी को दिये शिकायती पत्र में बताया कि पड़ोसी ने कहा कि अगर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माण कार्य बन्द नही किया तो अंजाम बुरा होगा। दोपहर को करीब डेढ़ बजे दोबारा धमकाया। पीड़ित ने न्याय की गुहार लगाई है, ताकि वह पीएम आवास योजना के तहत निर्माण कार्य करा सके।

# शिक्षक की मौत से शोक

अवधानामा संवाददाता



**मौदहा, हमीरपुर।** मौदहा कस्बा के नेशनल इंटर कालेज में शिक्षण कार्य कर रहे अध्यापक को अचानक चक्कर आने से पलटियां शुरू हो गयीं और वह अचेत होकर गिर पड़ा।उसे आननफानन में मौदहा के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया जहाँ डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया है। मौदहा कोतवाली क्षेत्र के गाँव रीवन निवासी विनय त्रिपाठी 59 पुत्र स्व.शिवदेव त्रिपाठी सन् 2018 से मौदहा स्थित नेशनल इंटर कालेज में अध्यापक थे।और मौदहा कस्बा के चर्च कंपाउंड स्थित शांति नगर में परिवार के साथ किराए के मकान में रहते थे। हमेशा की तरह वह आज कालेज में बच्चों को पढ़ा रहे थे कि तभी अचानक पल्टी शुरू हो गई और चक्कर आने से अचेत होकर जमीन पर गिर पड़े।यह देख छात्रों और अध्यापकों में हड़कंप मच गया। अध्यापकों ने अपने साथी को तत्काल सीएचसी में पहुंचाया जहाँ चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया है। मृतक अपने पीछे तेरह वर्षीय एक पुत्र तथा पत्नी को रोते बिलखते छोड़ गया है।अचानक हुई इस घटना से शिक्षकों में शोक की लहर व्याप्त है।हलांकि मौत का कारण शिक्षक की किडनी संक्रमित होना बताया गया है घटना की सूचना मिलते ही अस्पताल परिसर में कस्बे के तमाम कालेजों के शिक्षकों का तांता लगा रहा है।

# यातायात माह नवंबर 2023 का शानदार समापन

अवधानामा संवाददाता



**हमीरपुर।**यातायात माह नवंबर 2023 के समापन के अवसर पर अपर जिला अधिकारी हमीरपुर की अध्यक्षता में पुलिस लाइन सभागार हमीरपुर में समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राए सम्मलित हुए।

इस मौके पर कार्यक्रम में उपस्थिति छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी गई साथ ही उनसे यह अपील की गई कि अपने आसपास के लोगों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक करें, जीवन अनमोल है इसे सहज कर रखें एवं कार्यक्रम के अंत में सभी को यातायात नियमों के पालन करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी यातायात, हमीरपुर, प्रभारी यातायात, प्रतिसार निरीक्षक हमीरपुर व अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

उपस्थित छात्र-छात्राओं को बताया गया कि-दोपहिया वाहनों पर चलते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें, चार पहिया वाहनों में चलते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें, बिना ड्राइविंग लाइसेंस वाहन न चलाएं तथा जब तक आप निर्धारित आयु पूर्ण नहीं कर लेते हैं तथा वैध लाइसेंस प्राप्त नहीं कर लेते वाहन न चलाएं। नशे की हालत में वाहन न चलाएं, स्वयं यातायात नियमों का पालन करें तथा दूसरों को भी यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करें।

# दिलाजाक में सजी महफ़िल-ए-नात

**दुनिया की आरज़ू लिए भटके कहां-कहां**

अवधानामा संवाददाता



**शाहजहांपुर।** मोहल्ला दिलाजाक स्थित मोहम्मद सादिक ख़ां के आवास पर मशहूर शायर खलील अहमद खान खलील शाहजहांपुरी (शिकागो, अमेरिका) की अध्यक्षता में महफिल ए नात का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि अलीगढ़ से तशरीफ़ लाए शायर सईद अहमद तरब नियाजी और विशिष्ट अतिथि जामिया मिल्लिया इस्लामिया दिल्ली के मोहम्मद साबिर खां थे। महफिल का आगाज़ तिलावत ए कुरआन ए पाक से हुआ। इसके बाद शायरों व नात ख्वाँ ने बारगाह रिसालत मआब में नात का नजराना पेश किया। जिसमें खलील शाहजहांपुरी ने सुनायाः दुनिया की आरज़ू लिए भटके कहां कहां। बस एक तेरे दर का सहारा मिला हमें।। हम खुश नसीब इसलिए दोनों जहां में हैं। महबूब तेरा प्यारा दुलारा मिला हमें।। सईद अहमद तरब नियाजी ने नातिया कलाम सुनाते हुए कहा ¬ रम्ज़ ए वहदत के शनासा हैं रसूल ए अरबी। आप कुरआं का खुलासा हैं रसूल ए अरबी।। बेसहारों का सहारा हैं रसूल ए अरबी। दोनों आलम के मसीहा हैं रसूल ए अरबी।। राशिद हुसैन राही ने नातिया कलाम में कहा ¬ सरकार बेमिसाल हैं अपनी सिफात में। उनका जवाब कोई नहीं कायनात में।। दरबार ए मुस्तफा से बुलावा न आ सका। बे कैफियां हैं इसलिए राही हयात में। मोहम्मद साबिर खां व नात खवां आरिफ रजा कादरी ने भी तरन्नुमी अंदाज़ में नातिया कलाम पेश किया। जिसे हाज़रीन ने खूब पसंद किया। आखिर में मुल्क ओ मिल्लत की खुशहाली और सलामती के लिए दुआ की गई। संचालन राशिद हुसैन राही ने किया। इस मौके पर डॉक्टर नदीम खान, राशिद खान, साजिद खान, नासिर खान, आजम खान, आसिफ खान व जैन खान आदि मौजूद रहे। आखिर में मोहम्मद सादिक खां ने सभी का शुक्रिया अदा किया।

# एनसीएल से नवंबर माह में सेवानिवृत्त हुए 37 कर्मी

अवधानामा संवाददाता



**सोनभद्र/सिंगरौली।** सिंगरौली स्थित भारत सरकार की मिनिरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) से नवंबर माह में कुल 37 कर्मी सेवानिवृत्त हुए जिनमें 5 अधिकारी व 32 कर्मचारी शामिल हैं। इस अवसर पर एनसीएल मुख्यालय से सेवानिवृत्त हो रहे कर्मी तिहारू राम (पम्प ऑपरेटर) के सम्मान में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। मुख्यालय में आयोजित अभिनंदन समारोह के दौरान एनसीएल के उप महाप्रबंधक (कार्मिक) राजेश चौधरी, मुख्य प्रबंधक (कार्मिक) विक्टर कुजुर व मुख्यालय के अन्य अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित रहे। इस अवसर पर उप महाप्रबंधक (कार्मिक) राजेश चौधरी ने अपने उद्बोधन में सेवानिवृत्त हो रहे कर्मी के सुखद भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए एनसीएल में उनके कार्यकाल के दौरान ईमानदारीपूर्ण व्यवहार व कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की। इसके साथ ही चौधरी ने उन्हें अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने हेतु प्रेरित किया। इस क्रम में सेवानिवृत्त हो रहे कर्मी तिहारू राम ने एनसीएल के अपने लंबे कार्यालयीन जीवन की यात्रा से जुड़ी हुई भावपूर्ण यादों को साझा किया। गौरतलब है कि एनसीएल की सभी परियोजनाओं व इकाइयों में भी सेवानिवृत्त हुए कर्मियों के सम्मान में सेवानिवृत्त सह अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया

## संक्षिप्त समाचार

### हत्या के प्रयास के दो वांछित गिरफ्तार

**मौदहा हमीरपुर।** बीते पांच दिन पहले कस्बे के रागौल में बीएसएफ के जवान पर जानलेवा हमला करने के साथ ही बलवा के दो आरोपियों राजा उर्फ वारिस अली,फहीम उर्फ चुनका को कोतवाली पुलिस ने कस्बे के रेलवे स्टेशन के निकट अम्बेडकर तिराहे से गिरफ्तार किया है।पकड़े गए दोनों आरोपी मौका पाकर कस्बे से फरार होने की फिराक में थे जबकि उक्त मामले में वांछित आधे से अधिक आरोपी पहले ही फरार हो चुके हैं जिनके लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।दोनों आरोपियों को पुलिस ने जेल भेज दिया है।

### भगत बाबा के मेले में उमड़ी भीड़



**मौदहा हमीरपुर।** भगत बाबा के मेले में कबीरी भजनों, भण्डारे और दिवारी नृत्य के साथ अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए सभी प्रोग्रामों में क्षेत्र की भारी भीड़ उमड़ी रही। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चकदहा स्थित भगत बाबा के वार्षिक मेले में कबीरी भजनों, दिवारी नृत्य के साथ ही भण्डारे का आयोजन किया गया। जिसमें सभी आयोजनों में क्षेत्रीय लोगों के साथ समाज सेवियों की जमकर भीड़ उमड़ी रही। वहीं इस स्थान पर ही आगामी नौ दिसम्बर से सोलह दिसंबर तक रामकथा का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी केशव यादव, कमलेश यादव ने दी।

### भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने को लिया संकल्पः अजीत रावत

**सोनभद्र, अवधनामा ब्यूरो।** विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर गुरुवार को सदर ब्लाक अंतर्गत पंचायत पंचायत बहुअरा में आयोजित हुआ हमारा संकल्प विकसित भारत पीएम योजना कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ जिसमें दर्जनों पत्रों को आवास शौचालय आयुष्मान कार्ड पत्र वितरित किए गए। मुख्य अतिथि सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत ने बताया कि भारत को 20 47 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने को लेकर संकल्पित है सरकार वही रावत ने बताया कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश की समृद्धि विरासत पर गर्व करें जनता गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकने और भारत की एकता को सुधीर करेंगे और देश की रक्षा करने वालों का सम्मान होगा नागरिक होने का कर्तव्य आमजन निभाए जिस क्रम में हमारा संकल्प विकसित भारत मात्र एक उद्देश्य राष्ट्र के नाम को लेकर आज ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री जी द्वारा चलाए जा रहे योजना के तहत 137 पात्र व्यक्तियों को चाबी प्रमाण पत्र शाहिद पुरस्कृत किया गया जिनमें 51 पुरुष 86 महिलाएं शामिल रही जिम प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि लाभार्थी पीएम आवास लाभार्थी आयुष्मान कार्ड लाभार्थी और जिला योजना लाभार्थी शौचालय लाभार्थी सहित अन्य योजनाओं से जुड़े लाभार्थी मौजूद रहे।

# गृहस्थाश्रम के रोगों की औषधि चाहिये तो प्रभु श्रीराम की शरण जाओ

अवधानामा संवाददाता



**बांदा।** गृहस्थाश्रम में तीन रोग जटिल है चिंता, भय, क्षुब्धता। इनसे छुटकारा पाना शीघ्र किसी के वश की बात नही है। जब तक रघुवंशनाथ के श्री चरणो में शरण नहीं लोगे तब तक त्रय रोगों से बचना बमुश्किल होगा। बिना प्रभु श्रीराम के कृपा बिन संभव नही है। यह बात शहर के हार्पर क्लब में चल रही श्रीराम कथा के चौथे दिन कथावाचक यज्ञेश मिश्रा ने कही है। कथावाचक ने कथा में कहा कि चाहे जितने अमीर हो और चाहे जितनी अधिक संतान हो चाहे निःसंतान हो और किसी का एकाकी जीवन हो घर-परिवार में हो तो इन रोगो से ग्रसित होकर रहोगे इसमें तनिक दोराय नही है यह अकाट्य सत्य बात है अर्थात मानव रूपी अनमोल तन को व्यर्थ नही गंवाना चाहिये मर्यादा पुरूषोत्तम प्रभु श्रीराम करूणानिधान है जिस तरह सागर की थाह नहीं कोई ले सकता है ठीक उसी प्रकार रघुकुल के यह नाथ है इनकी शरण में यदि अनाथ भी पहुंच जाये तब उन्हे कभी घबराने की जरूरत नहीं है।

# जिला स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता संपन्न

**विज्ञान क्षेत्र में बच्चों के हुनर देखकर डीआईओएस ने बच्चों को किया प्रोत्साहित**

अवधानामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** गुरुवार को जिला विज्ञान क्लब, सोनभद्र के संयोजन में जिला स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन जिला अधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी, सोनभद्र की अध्यक्षता में किया गया। विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता की मेजबानी डीएवी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, रॉबर्ट्सगंज द्वारा की गई। उक्त प्रतियोगिता में जनपद के कुल 82 विद्यालयों के कक्षा 9वीं- 10वीं एवं 11वीं-12वीं के छात्र-छात्राओं ने अपने शिक्षकों के निर्देशन में विभिन्न विज्ञान मॉडलों के साथ प्रतिभाग किया। समग्र शिक्षा माध्यमिक के अंतर्गत जूनियर वर्ग के कुल विज्ञान मॉडलों की संख्या 51 एवं सीनियर वर्ग के मॉडल की संख्या 29 रही। जिला विज्ञान क्लब के अंतर्गत कक्षा 9वीं से 12वीं में विज्ञान मॉडलों की कुल संख्या 118 रही। जिलाधिकारी सोनभद्र द्वारा अनुमोदित अनुवीक्षण मंडल के सदस्यगण डी.के.सिंह, प्रधानाचार्य, रा.इ.कालेज कोन, हीरालाल प्रजापति, प्रवक्ता गणित एवं हरिवंश सिंह, प्रवक्ता सामाजिक विषय, डायट राबर्ट्सगंज, पूनम यादव, प्रवक्ता भौतिक विज्ञान, रा.इ.कालेज, डोहरी व नेहा जाटव, प्रवक्ता रसायन विज्ञान,रा.बालिका इ.कालेज, रॉबर्ट्सगंज द्वारा सभी मॉडलों की जाँच-परख करते हुए मॉडलों के विषय में जानकारी प्राप्त की गई। इस दौरान बच्चों ने बड़े धैर्य से अपने मॉडलों के विषय में जानकारी दी। जिलाधिकारी सोनभद्र द्वारा अनुमोदित निर्णायक मंडल के सदस्यगण राकेश कुमार सिंह, सहायक प्रोफेसर, राजकीय महाविद्यालय, पौनीकला, अभिषेक कुमार विश्वकर्मा, विवेक श्रीवास्तव एवं विकास सिंह, राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज, चोपन द्वारा महती भूमिका निभाई गई। जिला विद्यालय निरीक्षक, सोनभद्र के निर्देशन में निर्णायक मंडल द्वारा समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत जूनियर एवं सीनियर वर्ग से आठ-आठ प्रतिभागियों को तथा जिला विज्ञान क्लब, सोनभद्र से शीर्ष 15 प्रतिभागियों को चयनित किया गया।

# लेवर ठेकेदार से हुई लूट का खुलासा, तीन लुटेरे गिरफ्तार

अवधानामा संवाददाता

- लूटे गए 80 हजार रुपए में से 54 हजार 900 रुपए हुए बरामद
- लूट में इस्तेमाल दो तमंचे, चोरी की बाइक समेत दो बाइकें भी बरामद
- एसपी ने पुलिस टीम को 25 हजार रुपए का नगद पुरस्कार दिया

**बांदा।** मंगलवार की देर शाम लेवर ठेकेदार को गोली मारकर 80 हजार रुपए लूटने के मामले का पुलिस ने गुरुवार को खुलासा कर दिया। तीन लुटेरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही लूट में इस्तेमाल किए गए दो तमंचे, एक चोरी की बाइक समेत दो बाइकें और 45900 रुपए बरामद किए गए हैं। एसपी ने पुलिस टीम को 25 हजार रुपए का पुरस्कार दिया है। कमासिन थाना क्षेत्र के कोर्रा बुजुर्ग गांव निवासी लेवर ठेकेदार मोतीलाल पुत्र खेल्ला 28 नवंबर की शाम को बदौसा थाना क्षेत्र के नादनमऊ गांव लेवर लेने के लिए गया था। वह जेब में 80 हजार रुपए लिए हुए था। इसी दौरान उसे गोली मारकर नगदी लूट ली गई थी। बदौसा थाने में रिपोर्ट दर्ज करते हुए लुटेरों की तलाश की जा रही थी। एसपी ने थाना बदौसा, एसओजी व सर्विलांस की टीमों को लूट का खुलासा करने के लिए लगाया था। बुधवार की रात को लूट के दो अभियुक्तों के बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के किनारे चकला पुल के पास चंदौर जाने वाले मार्ग पर खड़े होने की सूचना पुलिस को मिली। पुलिस ने घेराबंदी की। खुद को घिरता देख अभियुक्तों द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग शुरु कर दी गई। पुलिस ने आत्मरक्षार्थ फायरिंग की जिसमें अभियुक्त जीतू को पैर में गोली लगी और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। जबकि एक अन्य अभियुक्त अरुण मौका पाकर वहां से भाग निकला। घायल अभियुक्त को अस्पताल में भर्ती कराया गया। लुटेरों की तलाश में पुलिस जुटी हुई थी। गुरुवार को पुलिस को सूचना मिली कि दो अभियुक्त मप्र भागने की फिराक में हैं। पुलिस ने घेराबंदी कर अभियुक्त अरुण व राजबहादुर को दतौरा मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया। लुटेरों ने बताया कि मोतीलाल हरियाणा में ईंट भट्ठे पर लेबर कान्ट्रैक्टर का काम करता है। बांदा से वहां मजदूर ले जाता है। बीते मंगलवार को वह अपने भतीजे राजेन्द्र के साथ लेबर की तलाश में जा रहा था। ओरन में उससे राजबहादुर मिला और लेवर के लिए नगला पुरवा जाने की बात कही। राजबहादुर को पता चला कि मोतीलाल 80 हजार रुपया लिए है। इस पर उसने योजना बनाई और अपने साथियों जीतू व अरूण को इसकी सूचना दी। जीतू व अरुण नादनमऊ के पास पहले से खड़े थे, जैसे ही मोतीलाल उसका भतीजा राजेन्द्र व राजबहादुर वहां पहुंचे, तभी जीतू व अरुण ने मोतीलाल के पैर में गोली मारकर रुपये लूट लिए। अभियुक्तों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा, कारतूस, घटना में प्रयुक्त चोरी की मोटरसाइकिल व लूटे गये रुपये बरामद किए गये हैं। गिरफ्तार लुटेरों में जीतू पुत्र चंदी प्रसाद निवासी ओरन ग्रामीण, अरुण वर्मा पुत्र ब्रजमोहन निवासी कोरारी थाना बिसंडा और राजबहादुर पुत्र कल्लू निवासी ताबेदार का पुरवा बिसंडा शामिल हैं।

# यातायात जागरुकता माह का किया गया समापन

अवधानामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** यातायात माह- नवम्बर 2023 के समापन के अवसर पर आज दिनांक 30.11.2023 को रामलीला मैदान डाला में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) सोनभद्र कालू सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर समापन समारोह का शुभारम्भ किया गया जहां कार्यक्रम में उपस्थित सभी आमजनों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गयी। कार्यक्रम में यातायात माह के दौरान सराहनीय कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों/ डॉयल-108 के कर्मियों व सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को अस्पताल पहुचाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले आम जनता के गुड सेमेरिटन ( नेक आदमी ) को कुल 30 हेलमेट व प्रशस्ति पत्र देकर भविष्य में भी इसी प्रकार जनसहयोग की भावना से काम करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इसके अतिरिक्त यातायात माह के दौरान जनपद के विभिन्न स्कूलों/कॉलेजों में आयोजित यातायात जागरुकता सम्बन्धित क्विज /निबन्ध प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व सांत्वना पुरस्कार वितरित कर उन्हे अपने आस-पास के लोगों को भी यातायात के नियमों के बारे में जानकारी देकर जागरुक करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्राधिकारी यातायात विनोद कुमार सिंह, एआरटीओ सोनभद्र, प्रभारी यातायात निरीक्षक अमित सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना चोपन विश्वनाथ प्रताप सिंह, चौकी प्रभारी डाला संजय कुमार सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष डाला फूलमती देवी, अल्ट्राटेक कम्पनी के अधिकारी सहित छात्र/छात्राएं व सम्भांत व्यक्ति मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशानुसार यातायात माह नवम्बर-2023 के दौरान जनपद के समस्त थाना प्रभारियों/प्रभारी यातायात द्वारा पूरे माह स्कूलों/ कॉलेजों/ बस स्टैण्ड/ चौराहा व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर लाउडहेलर/ पोस्टर/ बैनर/पम्पलेट वितरीत कर यातायात नियमों के बारे में जागरुक करते हुए यातायात नियम का पालन करने हेतु अपील की गयी तथा यातायात नियमों का उल्लघंन करने वाले दुपहिया/ चारपहिया वाहन चालकों के विरूद्ध सघन अभियान चलाया गया।

# सीएम योगी की पहल, गोंडा में निराश्रित गोवंशों को मिलेगा एक 'नया घर'

## गोवंश सहभागिता योजना के तहत शस्त्र रखने वाले हर व्यक्ति को गोवंश गोद लेने के लिए किया जाएगा प्रोत्साहित

- शस्त्र रखने वालों को किया जाएगा प्रोत्साहित
- अधिकतम 4 गोवंश को लिया जा सकता है गोद




योजना के तहत अधिकतम 04 गोवंश को गोद लेने की हुई है व्यवस्था, प्रति माह 1500 रुपए का किया जाएगा भुगतान

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ/गोंडा।** निराश्रित गोवंश के पोषण और उनकी देखभाल के लिए समर्पित योगी सरकार ने उनकी सुरक्षा और संरक्षा के लिए अब एक और कदम उठाया है। इसके तहत जनपद गोंडा में शस्त्र रखने वाले हर व्यक्ति के लिए एक-एक गोवंश को गोद लेने की व्यवस्था लागू की गई है। इस पहल को जनपद में निराश्रित गोवंशों की समस्या के समाधान के रूप में देखा जा रहा है। साथ ही निराश्रित गोवंश के लिए नए घर का रास्ता भी साफ हो गया है। उल्लेखनीय है कि जनपद के सभी 12 हजार 42 शस्त्र अनुज्ञापियों को जिला प्रशासन की ओर से कम से कम एक-एक गोवंश सहभागिता योजना में लेने के निर्देश दिए गए हैं। गोद लेने पर गोवंश के पोषण और देखभाल हेतु पशुपालन विभाग गोद लेने वाले को प्रति गोवंश प्रति माह 1500 रुपए का भुगतान भी करेगा।

डीएम नेहा शर्मा ने सभी एडीएम को इस संबंध में कार्यवाही सुनिश्चित करने के संबंध में निर्देश दिए हैं। उन्हें निर्देशित किया गया है कि वह अपने सबडिवीजन क्षेत्र में प्रभारी निरीक्षक, थाना प्रभारी के माध्यम से सहभागिता योजना में शस्त्र अनुज्ञापियों की भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बताया कि इस संबंध में थाना स्तर पर शस्त्र अनुज्ञापियों की बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक में उन्हें निकटवर्ती गो-आश्रय स्थल से कम से कम एक गोवंश लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। बैठक में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी तथा उनके सहयोगी अधिकारी के अतिरिक्त खण्ड विकास अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। बैठक में ही अनुज्ञापियों को गोवंश दिलाए जाने की औपचारिकताएं पूर्ण कराएंगे। सहभागिता योजना में कोई भी व्यक्ति अधिकतम 4 निराश्रित गोवंश को गोद ले सकता है। इसके एवज में प्रति गोवंश प्रति माह 1500 रुपए का भुगतान पशुपालन विभाग द्वारा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, सहभागिता योजना में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए शस्त्र अनुज्ञापियों के लाइसेंस नवीनीकरण पर तथा नए शस्त्र लाइसेंस के आवेदन पत्र पर थाना एवं तहसील स्तर से आख्य प्रेषण के पूर्व आवेदक से सहभागिता योजना में गोवंश लेने संबंधी प्रमाण पत्र लेना अनिवार्य किया जा सकता है। इससे योजना का व्यापक प्रचार प्रसार होगा तथा अधिक से अधिक लोगों द्वारा भागीदारी करने पर निराश्रित गोवंश की समस्या का प्रभावी समस्या का प्रभावी समाधान हो सकेगा।

# आलू की बीमारी पिछेता झुलसा से सतर्क रहें किसान

- केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान ने जताई बीमारी आने की संभावना

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान, मोदीपुरम, मेरठ द्वारा विकसित इन्डो-ब्लाइटकास्ट (पैन इंडिया मॉडल) से पिछेता-झुलसा बीमारी का पूर्वानुमान लगाया गया है, जिसके अनुसार मौसम की अनुकूलतना के आधार पर आलू की फसल में पिछेता झुलसा बीमारी निकट भविष्य में आने की सम्भावना है।

इस बीमारी की पूर्वानुमान के सम्बन्ध में निदेशक उद्यान तथा खाद्य प्रसंस्करण अतुल कुमार सिंह की ओर से किसानों को सलाह जारी की गई है कि यदि उन्होंने अभी तक आलू की फसल में फफूंदनाशक दवा का पर्णीय छिड़काव नहीं किया है वे किसान मैन्कोजेब/ प्रोपीनेब/ क्लोरोथेलोंनील युक्त फफूंदनाशक दवा का रोग सुग्राही किस्मों पर 0.2-0.25 प्रतिशत की दर से अर्थात् 2.0- 2.5 किलोग्राम दवा 1000 लीटर पानी में घोलकर प्रति हैक्टेयर छिड़काव तुरन्त करें।

साथ ही साथ यह भी सलाह दी जाती है कि जिन खेतों में बीमारी प्रकट हो चुकी हो उनमें किसी भी फफूंदनाशक-साईमोक्सेनिल. मैन्कोजेब का 3.0 किलोग्राम प्रति हैक्टेयर (1000 लीटर पानी) की दर से अथवा फेनोमिडोनमैन्कोजेब का 3.0 किलोग्राम प्रति हैक्टेयर (1000 लीटर पानी) की दर से अथवा डाईमेथोमार्फ 1.0 किलोग्राममैन्कोजेब का 2.0 किलोग्राम (कुल मिश्रण 3.0 किग्रा0) प्रति हैक्टेयर (1000 लीटर पानी) की दर से छिड़काव करें। फफूंदनाशक को दस दिन के अन्तराल पर दोहराया जा सकता है।

## रेल कर्मियों के सेवानिवृत्त होने पर दी गई भावभीनि विदाई

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय के बहुद्देशीय हॉल में गुरुवार को मण्डल कार्मिक अधिकारी बसन्त लाल की ओर से रेल कर्मियों के सेवानिवृत्त होने पर प्रमाण पत्र आदि प्रदान किया गया। मण्डल वित्त प्रबंधक उमेश कुमार की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में 23 रेल कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति पर उन्हें भावभीनी विदाई देते हुए समापक भुगतान के रूप में समापक राशि का प्रपत्र और सेवानिवृत्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त होने वाले रेल कर्मियों के रेलवे के प्रति निष्ठा, समर्पण और अतुलनीय योगदान के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सेवानिवृत्त होने वाले रेलकर्मियों के स्वस्थ रहने और दीर्घायु होने की कामना की गई। इस मौके पर नरमू मण्डल मंत्री व अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# 450 और 500 रुपये में गैस सिलेण्डर के वादे को लेकर कांग्रेस किया प्रदर्शन

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** राजस्थान और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी के घोषणा पत्र में जनता को 450 और 500 रुपये में गैस सिलेण्डर के वादे पर कांग्रेस ने गुरुवार को प्रदेश के विभिन्न जनपदों में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसियों ने राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन अधिकारियों को सौंपा, जिसमें कहा गया कि प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन सरकार है तो प्रदेश की जनता को 500 रुपये में गैस सिलेण्डर कब मिलेगा। प्रदेश में 2017 से योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार शासन कर रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर प्रदेश के जनपद मुख्यालयों में जिलाध्यक्षों के नेतृत्व में प्रदर्शन कर राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा गया। राजधानी लखनऊ में जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में कांग्रेसी बेगम हजरत महल पार्क के पास एकत्रित होकर जिलाधिकारी कार्यालय की ओर निकले। स्वास्थ्य भवन चौराहे के पास पुलिस ने कांग्रेसियों को रोक लिया। यहा कांग्रेसियों ने जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में सहायक पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। वेद प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राजस्थान और छत्तीसगढ़ में 450 और 500 रुपये में गैस सिलेण्डर का वादा किया, जबकि प्रदेश में डबल इंजन सरकार के बावजूद 500 रुपये में गैस सिलेण्डर उपलब्ध नहीं करा रहे हैं। क्या मोदी सरकार ने महंगाई को राज्यवार चुनावी वोट हासिल करने के लिए बांट रखा है। जिस राज्य में चुनाव होता है वहां महंगाई दिखती है अन्य राज्यों में नहीं। प्रदर्शन के दौरान पूर्व विधायक श्यामकिशोर शुक्ल, इन्दल रावत, मुकेश सिंह चौहान, रमेश मिश्रा, अनीस अंसारी, संजय शर्मा, डॉ. शहजाद आलम, रुद्रदमन सिंह, अमित श्रीवास्तव त्यागी, शहाना सिद्दीकी, प्रज्ञा सिंह, गोविन्द सिंह, मेहताब जायसी, जीनत, दीपक पाण्डेय, रईस अहमद, मोहम्मद शानू, विपिन द्विवेदी, शिफा कादिर, हबीबुर्रहमान सिद्दीकी सहित अन्य कांग्रेसी शामिल थे।

## सतीश महाना ने दी शुभकामनाएं



**लखनऊ।** अध्यक्ष सतीश महाना ने उप्र खेल निदेशालय द्वारा प्रदेश के फुटबॉल पुरुष टीम में वर्ष 2023-24 के लिए वि.स. सचिवालय के दो कर्मियों, श्रीकांत कन्नौजिया एवं संजय कुमार को चयनित किए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# टास्क फोर्स की संरचना में किया गया आंशिक संशोधन

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा अवैध खनन एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण लगायें जाने हेतु गठित टास्क फोर्स (कार्य बल) में आंशिक संशोधन करते हुये सभी जिलों में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 8 सदस्यीय टास्क फोर्स गठित करने का निर्णय लिया गया है। इस सम्बन्ध में आवश्यक शासनादेश उत्तर प्रदेश शासन भूतत्व एवं खनिकर्म अनुभाग द्वारा जारी कर दिया गया है। जारी शासनादेश में कहा गया है कि जिला अधिकारी की अध्यक्षता में गठित टास्क फोर्स में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक/ पुलिस कमिश्नर द्वारा नामित पुलिस उपायुक्त,अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व)/ प्रभारी खनन, प्रभागीय वनाधिकारी, उप जिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी/सहायक पुलिस आयुक्त, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी सदस्य होंगे और जनपदीय ज्येष्ठ खान अधिकारी/ खान अधिकारी/खनन निरीक्षण ( खान अधिकारी नियुक्त न होने की दशा में) सदस्य/सचिव होंगे।

जारी शासनादेश की प्रति समस्त जिलाधिकारियों को भेजते हुए प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश शासन, (भूतत्व एवं खनिकर्म अनुभाग) अनिल कुमार (तृतीय) द्वारा निर्देश दिए गये हैं कि गठित 08 सदस्यीय कार्य बल द्वारा प्रदेश में अवैध खनन व परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु प्रत्येक माह 02औचक निरीक्षण के साथ-साथ नियमित रूप से प्रवर्तन कार्य किया जाए।

## बंटवारा और विरासत नाटक का मंचन

**लखनऊ।** अमुक आर्टिस्ट ग्रुप की ओर से गुरुवार को संगीत नाटक अकादमी की रसमंच योजना के तहत बंटवारा और विरासत नाटक का मंचन किया गया। अनिल मिश्रा गुरुजी के रंग आलेख, परिकल्पना और निर्देशन में हुए नाटक का मंचन बाल्मीकि सभागार में किया गया। बंटवारा की कहानी नोएडा की सिनीवाली और विरासत की लेखिका आशा पाण्डेय हैं। सिनीवाली की बंटवारा आज के मौजूदा हालात में वृद्ध दम्पत्ति बालकृष्ण और सुभाषिनी की आपबीती है। इसमें पीड़ा, दर्द और एक ही घर में रहकर बंटवारे का दंश है। दूसरी कहानी विरासत में गांव की परम्परा, विरासतत और संस्कृति को बचाए रखने की जद्दोजहद है। विरासत की कहानी में मुख्य किरदार सुग्गन मुम्बई से गांव वापस आता है, जहां गांव नहीं बचा और जो बचा है वह शहर में तब्दील होता जा रहा है।

# पान मसाला एवं तम्बाकू का निर्माण एवं ट्रेडिंग फर्म की वि.अनु.शा. जांच

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** कमिश्नर राज्य कर विभाग, लखनऊ द्वारा पान मसाला एवं तम्बाकू निर्माणकर्ता फर्मों पर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश के कम में डी.पी. सिंह, अपर आयुक्त ग्रेड-1 जोन प्रथम राज्य कर विभाग, जोन प्रथम, लखनऊ द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए पान मसाला एवं तम्बाकू का निर्माण एवं ट्रेडिंग की दो फर्मों के द्वारा दाखिल विवरणों का विभागीय आई.टी. टूल एवं पोर्टल के डाटा का प्रयोग करते हुए परिशीलन किया गया। फर्म के जी.एस.टीआर-2ए/2बी एवं ई-वे बिल इनवर्ड का परिशीलन करने पर यह परिलक्षित हुआ कि फर्म द्वारा इनवर्ड रॉ मेटेरियल, सुपाड़ी एवं पैकिंग मैटेरियल की तुलना में उत्पादन को कम करके प्रदर्शित किया गया है। जिसके द्वारा टर्नओवर को कम प्रदर्शित करते हुए कर भुगतान से बचा जा रहा है। उक्त के आधार पर अपर आयुक्त महोदय द्वारा प्रकाश यादव, संयुक्त आयुक्त, (वि.अनु.शा.) सम्भाग बी लखनऊ तथा अरूण शंकर राय, संयुक्त आयुक्त (वि.अनु.शा.) सम्भाग ए. लखनऊ को फर्म के दाखिल रिटर्न एवं उत्पादन का विस्तृत परीक्षण करतें हुए जांच के निर्देश दिये गये है। संयुक्त आयुक्त द्वारा व्यापक परीक्षण कर फर्म के उत्पादन एवं टर्नओवर में व्यापक कमियां पायी गयीं. जिसके आधार पर फर्म के मुख्य व्यापार स्थल व लखनऊ में स्थित ब्रांच स्थलों की जांच वि.अनु.शा. रेन्ज-बी जोन प्रथम, लखनऊ द्वारा 29 नवम्बर को किया गया है। जांच के दौरान अजीत कुमार सिंह वि.अनु.शा. रेन्ज-बी, लखनऊ, उपायुक्त विजय पाल सिंह, सत्येन्द्र सिंह, उत्तम तिवारी, अखिलेश दुबे, सहायक आयुक्त विशाल सिंह, प्रदीप कुमार, रवि पवार, राज्य कर अधिकारी हर्षित श्रीवास्तव, दिवाकर दुबे, बैजनाथ, भावेश तिवारी आदि अधिकारियों ने 5 टीमों ने जांच कार्यवाही पूर्ण की जांच के दौरान पाया गया कि फर्म द्वारा विभिन्न कम्पनियों से सुपाडी, कत्था, पैकिंग मेटेरियल, मेंथा आयल आदि की खरीद की जाती है।

# वित्तीय वर्ष 2023-24 में किसानों को बिजली बिलों में मिल रही 100 प्रतिशत छूट

- विपक्ष ने किसानों को गुमराह करने, भरोसा तोड़ने का किया कार्यः ए.के. शर्मा
- नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ने विधान सभा में अनुपूरक बजट पर की चर्चा
- निजी नलकूपों से मुफ्त सिंचाई हेतु छूट के लिए 900 करोड़ रुपये का प्राविधान
- ऊर्जा विभाग को 10095.53 करोड़ रुपये, नगर विकास विभाग को 1028 करोड़ रुपये का बजट प्राविधान



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश की योगी सरकार ने किसानों, गरीबों, पिछड़ों, दलितों, युवाओं को विकास की मुख्यधारा में लाने तथा राज्य के सर्वस्पर्शी एवं समावेशी विकास को गति देने के लिए 28760.67 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट का प्राविधान किया है। इस बजट में से 10095.53 करोड़ रुपये ऊर्जा विभाग तथा 1028 करोड़ रुपये नगर विकास विभाग को मिला है। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने आज विधान सभा में अनुपूरक बजट पर चर्चा कर रहे थे। उन्होंने मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री जी को प्रदेश के लिए समावेशी एवं विकासोन्मुखी बजट देने हेतु बधाई दी तथा प्रदेश की जनता को बजट के लिए शुभकामनाएं भी दी। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ने अनुपूरक बजट में चर्चा के दौरान कहा कि प्रदेश सरकार ने किसानों के बिजली बिलों में 01 अप्रैल, 2023 से शतप्रतिशत छूट दे रही। इसके लिए किसानों को दी गई छूट में सब्सिडी हेतु 900 करोड़ रुपये दिए गए हैं। पिछले वित्तीय वर्ष में भी 50 प्रतिशत की छूट बिजली बिलों में दी गई थी। विपक्षी जब सत्ता में थे उन्होंने किसानों को गुमराह करने एवं उनका भरोसा तोड़ने का ही कार्य किया। प्रदेश सरकार किसानों की आमदनी को दोगुनी करने के लिए कार्य कर रही है। ए.के. शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी जी के नेतृत्व में प्रदेश वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की ओर अग्रसर है। इसी प्रकार प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में भारत देश एक विकसित राष्ट्र बनने की ओर बढ़ रहा। योगी सरकार का यह अनुपूरक बजट देश को विकसित राष्ट्र बनाने में सहयोग करेगा। ए.के. शर्मा ने विपक्ष के सदस्यों द्वारा किए गए कटाक्ष कि संघर्ष के बल पर मंत्री बने हैं, का जवाब देते हुए कहा कि गांव में रहकर प्राइमरी की पढ़ाई से लेकर यूपीएससी की परीक्षा पास करने तक एक लम्बा संघर्ष किया है। लेकिन विपक्ष ने भी सत्ता के दौरान बहुत संघर्ष किया है, जिसको परीक्षा पास कराना होता था, उसे पहले से ही चिन्हित कर लेते थे। इसी प्रकार विपक्ष द्वारा की गई टिप्पणी कि राजनीति में अभी कच्चे और नये होने की बात पर उन्होंने कहा कि बेशक मैं राजनीति में नया हूँ, कच्चा हूँ, पर अपने सदन के पुराने सदस्यों से बड़ी सहृदयता व विनम्रता से मिलता हूँ और सीखने का प्रयास भी करता हूँ। लेकिन राजनीति में पुख्ता होने की परिभाषा यह नहीं है कि आपको एक राजनीतिक परिवार से होना चाहिए, परिवाद से आना चाहिए, चार-चार पीढ़ियां राजनीति में रहीं हों। लेकिन आपको बता दूँ कि मोदी जी ने राजनीति में परिवाद को खत्म करने का बीड़ा उठाया हुआ है।

# रोजगार मेले में 355 अभ्यर्थियों को मिला रोजगार

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** राजकीय आईटीआई, अलीगंज, लखनऊ एवं क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय आईटीआई लखनऊ में आयोजित बृहद रोजगार मेले का उद्घाटन प्रधानाचार्य राज कुमार यादव एवं सहायक निदेशक, क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय लखनऊ द्वारा किया गया। उन्होंने अभ्यर्थियों को कम्पनियों में मेहनत एवं लगन से काम करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर हिमांशु, जिला सेवायोजन अधिकारी ने अभ्यर्थियों की काउंसलिंग की। एम.ए. खाँ ट्रेनिंग काउंसिलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट आफिसर ने बताया कि रोजगार मेले आईटीआई एवं क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय लखनऊ के द्वारा बुलाई गयी कुल 33 कम्पनियों में कुल 355 अभ्यर्थियों को रूपये 7000 से 35,000 प्रतिमाह के वेतन एवं अन्य सुविधाएं जैसे उपस्थिति पुरस्कार, फ्री कैन्टीन एवं फ्री ट्रांसपोर्ट की सुविधा के साथ जॉब के आफर दिये गये। रोजगार से वंचित रह गये।

# बृजेश पाठक के बयान पर मुस्लिम धर्मगुरुओं की नाराजगी

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के द्वारा विधानसभा में विपक्ष पर कटाक्ष के दौरान इमाम हुसैन अस के नाम को लेकर दिए गए बयान पर मुस्लिम धर्मगुरुओं ने आपत्ति जताई है। सोशल मीडिया पर भी हिन्दू मुस्लिम धर्म के लोगों ने श्री पाठक के बयान की निंदा की है। आल इंडिया शिया परसनल लॉ बोर्ड के महासचिव मौलाना यासूब अब्बास ने कहा इमाम हुसैन पूरी दुनिया में आस्था का केंद्र है उन्होने मानवता के लिए अपनी कुरबानी दी। हर धर्म के लोग इमाम हुसैन अस की कुरबानी का सम्मान करते हैं, बृजेश पाठक को अपनी राजनीती में ऐसे निंदनीय जुमले नहीं इस्तेमाल करना चाहिए। वहीं मजलिसे उलेमा हिन्द के जनरल सेक्रेटरी और इमामे जुमा असिफी मस्जिद मौलाना कल्बे जवाद ने भी बृजेश पाठक के बयान की निंदा की है। उन्होने कहा कि बृजेश पाठक को अपने अल्फ़ाज़ वापस लेने चाहिए, कहा सियासी जलसों और तक़रीर में ऐसी भाषा का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए, उन्होंने कहा कि इमाम हुसैन अस कि अज़ादारी हर धर्म और फ़िरक़े के लोग करते हैं।

# श्रम एवं सेवायोजन मंत्री ने किया उपकर संग्रहण के लिए बनाए गए पोर्टल का उद्घाटन

अवधनामा ब्यूरो



- पोर्टल से श्रमिकों के कल्याण हेतु वसूले जाने वाले उपकर का डिजिटल संग्रह संभव हो सकेगा
- देश के निर्माण में श्रमिकों की महत्वपूर्ण भूमिकाः राजभर

**लखनऊ।** प्रदेश के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने इंडियन बैंक द्वारा उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण द्वारा श्रमिकों के कल्याण हेतु वसूले जाने वाले उपकर संग्रहण के लिए बनाए गए पोर्टल का उद्घाटन आज यहां विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस पोर्टल से श्रमिकों के कल्याण हेतु वसूले जाने वाले उपकर का डिजिटल संग्रह संभव हो सकेगा, जिससे संबंधित इस संबंध में डेटा का अपडेटेड रख-रखाव किया जाना आसान हो जाएगा।

श्रम मंत्री ने कहा कि देश के निर्माण और अर्थव्यवस्था को गतिशील बनाने में श्रमिकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से 'श्रमेव जयते' के नारे के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार श्रमिकों के लिए पूरी तरह समर्पित हैं। प्राथमिकता पर किसानों और मजदूरों के हितलाभ की योजनायें चलाते हुए उनके जीवन शैली को बेहतर से बेहतर बनाने का कार्य किया जा रहा है और निश्चित ही यह पोर्टल श्रमिकों के बहुमुखी विकास की कड़ी में अभूतपूर्व भूमिका निभायेगा। उन्होंने कहा कि प्रभावी तरह से उपकर संग्रह के निरन्तर प्रयास से ही सार्थक परिणाम आयेंगे।

श्रम मंत्री ने कहा कि देश के विकास में श्रमिकों का बहुत बड़ा योगदान है। श्रमिकों के कल्याण के लिए सामूहिक प्रयास किये जा रहे हैं, ताकि उनके और उनके परिवार, बच्चों के जीवन को बेहतर बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश बहुत बड़ा प्रदेश है, इसलिए यहाँ चुनौतियां भी कम नहीं है। उन्होंने कहा कि उपकर संग्रह एक बहुत बड़ी चुनौती है, जिसे सभी के प्रयास से ही सरल, सुगम और पारदर्शी भी बनाया जा सकेगा। उन्होंने कहा इस पोर्टल को सफल बनाने के लिए लोगों को जागरूक करें। तभी इसकी सार्थकता सिद्ध होगी।

श्रम एवं सेवायोजन राज्यमंत्री मन्नू कोरी ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता श्रमिकों का विकास करना हैं। यह पोर्टल प्रदेश को डिजिटल बनाने के साथ-साथ प्रदेश के श्रमिकों के ÷श्रम को सम्मान'' देना भी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को डिजिटल बनाने की दिशा में यह पोर्टल इंडियन बैंक का एक महत्वपूर्ण प्रयास सिद्ध होगा।

प्रमुख सचिव श्रम, अनिल कुमार ने कहा कि इस पोर्टल के माध्यम से सेस कलेक्शन सुगमतापूर्वक प्राप्त किया जा सकेगा और इसकी सतत् निगरानी भी की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए आवश्यक है कि समस्त प्रक्रिया ऑनलाइन हो, तभी वास्तविकता में इसका लाभ लिया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि उपकर संग्रह पोर्टल के माध्यम से उपकर जमा करने की प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाया जा रहा है, जिससे श्रमिकों को अधिक से अधिक लाभ पहुँचाया जा सकेगा।

बी0ओ0सी0डबल्यू0 सचिव, सुनिशा अनंत ने कहा कि सरकार श्रमिकों के कल्याण के लिए निर्माण कार्य से जुड़ी संस्थाओं और कंपनियों से 01 प्रतिशत का उपकर वसूल करती है, जिसे श्रमिकों के कल्याण में लगाया जाता है।

# स्व. जय करण शर्मा की जीवन पर आधारित पुस्तक का विमोचन

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** उप मुख्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने चेतक समूह के संस्थापक स्व. जय करण शर्मा जी की जीवनी पर आधारित एक पुस्तक जेकेएस-द लॉजिस्टिक्स मैन ऑफ इंडिया का विमोचन कर उनका सम्मान किया। श्री शर्मा ग्रामीण परिवेश के एक ऐसे उद्यमी थे जिन्होंने बिना पूंजी के अपना उद्यम खड़ा किया।

कम्युनिकेशन के क्षेत्र में कई दशकों से काम कर रहे अरुण अरोड़ा ने जय करण शर्मा की जीवन यात्रा को शब्दों में पिरोया है। अंग्रेजी में लिखी गई इस पुस्तक का विमोचन उत्तर प्रदेश के उप मुख्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने किया। इस अवसर पर चेतक समूह के निदेशक और जय करण शर्मा के छोटे बेटे सचिन हरितश के अलावा अरुण अरोड़ा, प्रभात समूह के चेयरमैन प्रभात कुमार, हिन्दी जीवनी के लेखक और पत्रकार मधुरेन्द्र सिन्हा भी उपस्थित थे।

जय करण शर्मा हरियाणा के एक छोटे से गांव झिंझर के एक किसान परिवार में पैदा हुए थे। उन्होंने अपने बूते अपना उद्यम खड़ा किया। उन्होंने कॉलेज की पढ़ाई छोड़कर ट्रांसपोर्ट के व्यवसाय में कदम रखा और 1979 में अपनी कंपनी चेतक ट्रांसपोर्ट शुरू की। उनकी मेहनत, कर्मठता और दूरदर्शिता से चेतक लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में अग्रणी हो गया और एक विशाल समूह में बदल गया उन्होंने नई टेक्नोलॉजी और मैनेजमेंट के गुर अपनाये जिससे वे इंडस्ट्री में अगली पंक्ति में जा पहुंचे।

इस अवसर पर श्री पाठक ने कहा कि मिट्टी के लाल जय करण शर्मा जी की जीवनी पर आधारित पुस्तक का विमोचन करते हुए मुझे हर्ष हो रहा है। ग्रामीण परिवेश के शर्मा जी के काम शुरू करने के लिए पूंजी नहीं थी फिर भी उन्होंने अपना भाग्य खुद लिखा और अपने दम पर संघर्ष करके भारत की अग्रणी लॉजिस्टिक्स कंपनी चेतक समूह खड़ी कर दी। उन जैसे लोग खुद नौकरी न करके दूसरों को रोजगार देते हैं और सरकार के विजन सबका विकास, सबका साथ का कार्यान्वयन करते हैं। मैं आशा करता हूं कि यह पुस्तक जिसमें उनकी जीवन के संघर्षों और सफलता का लेखा-जोखा है, आने वाली पीढ़ियों को ऐसा ही कुछ करने को प्रेरित करेगी और रोजगार की तलाश करने की बजाय वे उद्यमी बनेंगे तथा सरकार की विभिन्न नीतियों का लाभ उठायेंगे जिससे रोजगार बढ़ेगा।

जेकेएस-द लॉजिस्टिक्स मैन शीर्षक से प्रकाशित यह पुस्तक शर्मा की उपलब्धियों से भरी जीवन यात्रा पर प्रकाश डालती है। इसमें उनके प्रोफेशनल तथा उत्कृष्ट सामाजिक जीवन का संपूर्ण वृतांत है।